रचनानुवाद-कौमुदी

(नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत-व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की पुस्तक)

(संशोधित और परिवर्द्धित संस्करण)

लेखक—

डॉ० कपिलदेव द्विवेदी आचार्य,

एम ए. (संस्कृत, हिन्दी), एम ओ एल, डी फिल् (प्रयाग), पी ई. एस.,

विद्याभास्कर, साहित्यरत्न, व्याकरणाचार्य,

संस्कृत-प्रोफेसर,

गवर्नमेण्ट कॉलेज, नैनीताल ।

प्रणेता—'अर्थविज्ञान और व्याकरणदर्शन'

(उ० प्र० सरकार द्वारा सम्मानित पुस्तक), प्रौढ-रचनानुवादकौमुदी आदि ।

पोस्ट बाक्स नं. ६९, वाराणसी.

विश्वविद्यालय प्रकाशन

मूल्य—तीन रुपया पचीस नये पैसे

तृतीय संस्करण ५००० प्रति

सन् १९६० ई०

प्रकाशक—विश्वविद्यालय प्रकाशन, नखास चौक, गोरखपुर

मुद्रक—ओम्‌प्रकाश कपूर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी (बनारस) ५५८५-१६

समर्पण

संस्कृत-भाषा के अनन्य भक्त, विद्वन्मूर्धन्य,

महामान्य

डॉ० कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी,

राज्यपाल, उत्तरप्रदेश

की सेवा में

सादर सविनय समर्पित ।

कपिलदेव द्विवेदी

विषय-सूची

विवरण

परिशिष्ट

आत्मनिवेदन

(१) पुस्तक-लेखन का उद्देश्य —पुस्तक को पढने के साथ ही पाठको के हृदय मे प्रश्न होगा कि अनेको अनुवाद और व्याकरण की पुस्तको के होते हुए इस पुस्तक की क्या आवश्यकता है। प्रश्न का सक्षेप मे उत्तर यही दिया जा सकता है कि यह पुस्तक उस आवश्यकता की पूर्ति के लिए लिखी गई है, जिसकी पूर्ति अबतक प्रकाशित पुस्तको से नही हो सकी है। पुस्तक-लेखन का उद्देश्य है —

(१) सस्कृत भाषा को सरल, सुबोध और सर्वप्रिय बनाना। (२) सस्कृत-व्याकरण की कठिनाइयो को दूर कर सुगम मार्ग-प्रदर्शन करना। (३) 'सस्कृत भाषा अतिक्लिष्ट भाषा है' इस लोकापवाद का समूल खडन करना। (४) किस प्रकार से सस्कृत-भाषा से अपरिचित एक हिन्दी-भाषा जाननेवाला व्यक्ति ४ या ६ मास मे सुन्दर, स्पष्ट और शुद्ध सस्कृत लिख और बोल सकता है। (५) सस्कृत भाषा के व्याकरण और अनुवाद-सम्बन्धी सभी अत्यावश्यक बातो को एक स्थान पर सग्रह करना तथा अनावश्यक सभी बातो का परित्याग करना। (६) अनुवाद और वाक्य-रचना द्वारा सभी व्याकरण के नियमो का पूर्ण अभ्यास करना। व्याकरण को रटने की क्रिया को न्यूनतम करना। (७) सस्कृत के प्रत्ययो के द्वारा सैकडो शब्दो का स्वय निमाण करना सीखना, जिनका प्रयोग हिन्दी आदि भाषाओ मे प्रचलित है।

इस पुस्तक के लेखन मे लेखक का उद्देश्य यह भी है कि यह पुस्तक तीन भागो मे पूर्ण हो। यह द्वितीय भाग है, जो कि सस्कृत भाषा के ज्ञान के लिए प्रारम्भिक सस्कृत-प्रेमियो को लक्ष्य मे रखकर लिखा गया है। इसमे अत्यावश्यक विषयो का ही सग्रह किया गया है। सरल और शुद्ध सस्कृत किस प्रकार सरलतापूर्वक निःसकोच लिखी और बोली जा सकती है, इसका ही इसमे ध्यान रखा गया है। अत्यावश्यक व्याकरण का ही इसमे सग्रह है जो कि प्रारम्भकर्ताओ के लिए जानना अनिवार्य है। तृतीय भाग मे उच्च व्याकरण तथा प्रौढ सस्कृत के लेखन के प्रकार का सग्रह रहेगा। अभीतक बी० ए०, एम० ए० तथा शास्त्री और आचार्य के छात्रो के लिए अनुवाद और निबन्ध की उत्तम पुस्तके नही है। तृतीय भाग के द्वारा इस आवश्यकता की पूर्ति करना लेखक का लक्ष्य है।

(**विशेष**—इस पुस्तक का प्रथम भाग 'प्रारम्भिक रचनानुवादकौमुदी नाम से और तृतीय भाग 'प्रौढ-रचनानुवादकौमुदी' नाम से प्रकाशित हो चुका है।)

(२) पुस्तक की शैली.—पुस्तक कतिपय नवीनतम विशेषताओ के साथ प्रस्तुत की गई है। हिन्दी, सस्कृत, इग्लिश्, फारसी और अरबी मे

अभी तक इस पद्धति पर लिखी गई कोई पुस्तक नही है। जर्मन और फ्रेंच भाषाओ मे इस शैली पर कुछ पुस्तके जर्मन और फ्रेंच भाषाएँ सिखाने के लिए लिखी गई है, विशेषरूप से प्रो० ओटो जीपमान (Otto Siepmann) की जर्मन और फ्रेन्च भाषा की पुस्तके। मुझे विशेष प्रेरणा प्रो० जीपमान की मनोरम शैली से मिली है। मैने कतिपय और नवीनताओ का इसमे समावेश किया है, जैसे प्रत्येक अभ्यास मे नवीन शब्दो की सख्या समान ही हो। इस पुस्तक म प्रत्येक अभ्यास मे गिनकर २५ नए शब्द दिए गये है। हिन्दी और संस्कृत के अतिरिक्त इंग्लिश और रूसी भाषा मे अनुवाद और निबन्ध के विषय मे जो नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति अपनाई गई है, उसका भी मेने यथासभव और यथाशक्ति पूर्ण उपयोग किया है।

(३) अभ्यास :—पुस्तक मे केवल ६० अभ्यास दिए है। प्रत्येक अभ्यास दो भागो मे विभक्त है। बाई ओर प्रारम्भ मे शब्दकोष है, जिसमे २५ नए शब्द है। तत्पश्चात् शब्दरूप, धातुरूप, कारक, समास, कृत् प्रत्यय आदि व्याकरण सबन्धी अश दिया गया है। नियमो के उदाहरण आदि भी साथ ही दिए गए है। दाई ओर प्रारम्भ मे सस्कृत मे उदाहरण-वाक्य है। तत्पश्चात् सस्कृत मे अनुवाद के लिए हिन्दी के वाक्य है। बाद मे अनुवाद मे होनेवाली विशेष त्रुटियो का निर्देश करके उनका शुद्धरूप दे दिया गया है। तत्पश्चात् अभ्यास के लिए कार्य दिया गया है, जैसे एकवचन को बहु-वचन बनाना, वर्तमानकाल को अन्य कालो मे परिवर्तित करना आदि। वाक्य-रचना, रिक्त-स्थानो की पूर्ति आदि का उसके बाद अभ्यास कराया गया है। प्रत्येक अभ्यास मे दोनो ओर की पक्तियाँ गिनकर रक्खी गई है। प्रत्येक अभ्यास उसी पृष्ठ पर समाप्त होता है। किसी अभ्यास की १ भी पक्ति दूसरे पृष्ठ पर नही जाती है।

(४) शब्दकोष :—विद्यार्थियो की सुविधा के लिए शब्दकोष को ४ भागो मे बाँटा गया है। शब्दकोश के अन्तर्गत (क) सकेत का अर्थ है कि ये 'सज्ञा या सर्वनाम शब्द' है। सर्वनाम शब्दो के अन्त मे (सर्वनाम) यह सकेत भी किया गया है। (ख) चिह्न का अर्थ है कि ये 'धातु या क्रिया शब्द' है। (ग) का अर्थ है कि ये 'अव्यय' हैं, इनका रूप नही चलता है। (घ) का अर्थ है कि ये 'विशेषण' शब्द है, इनका रूप विशेष्य के तुल्य चलेगा। इन शब्दो के तीनो लिगो मे रूप चलेगे। सुविधा के लिए प्रत्येक विभाग के अन्त मे शब्दो की सख्या गिनकर रख दी गई है, अर्थात् इस अभ्यास मे इतने सज्ञा शब्दो का प्रयोग सिखाया गया है, इतनी धातुओ का, इतने अव्ययो या विशेषणो का।

शब्दकोष के विषय मे यह भी ध्यान रक्खे कि प्रयत्न किया गया है कि जिस शब्द या धातु का प्रयोग उस अभ्यास मे सिखाया गया है, उस प्रकार के अन्य शब्द या धातु भी उसी पाठ मे रक्खे जाएँ और उनका भी अभ्यास कराया जाय। शब्दकोष के ऊपर स्पष्टरूप से निर्देश किया गया है कि विद्यार्थी अबतक कितने शब्द सीख चुका है तथा उसका शब्दकोष कितना हो गया है। शब्दकोप के अन्त मे सूचना दी गई है कि इस शब्द से लेकर इस शब्द तक के रूप इस प्रकार चलेगे या इतनी धातुओ के रूप इस प्रकार चलेगे। सक्षेप के लिए सर्वत्र यह नही लिखा गया है कि इस शब्द से इस शब्द तक के रूप ऐसे चलेगे, अपितु —(डैश) चिह्न का प्रयोग किया गया है। 'तुल्य रूप चलेगे' के लिए 'वत्' का प्रयोग किया है। जैसे—(क) राम–विद्यालय, रामवत्। इसका अर्थ हुआ कि (क) भाग मे दिए हुए राम शब्द से विद्यालय शब्द तक के सारे शब्दो के रूप राम शब्द के तुल्य चलेगे। इसी प्रकार (ख) भाग के लिए सकेत है।

कई स्थानो पर शब्दकोप मे (क) (ख) (ग) (घ) मे से (क) (ख) (ग) या (घ) नही मिलेगा। इसका अभिप्राय यह है कि उस विभाग या उस श्रेणी का शब्द उस शब्दकोष मे नही है। जैसे—अभ्यास ४ का शब्दकोप (ख) से प्रारम्भ होता है, इसका अर्थ है कि यहाँ पर (क) अर्थात् कोई सज्ञा शब्द नही है। (ख) न होने का अर्थ है, क्रिया शब्द नही है। (ग) नही का अर्थ है कि 'अव्यय' नही है। (घ) नही का अर्थ है कि कोई विशेषण शब्द इस शब्दकोप मे नही है। यह भी स्मरण रक्खे कि (क) भाग मे दो-तीन अभ्यासो मे कुछ विशेषण शब्द है, जिनका प्रयोग सज्ञा शब्द और विशेषण शब्द दोनो के तुल्य होता है। उनका उल्लेख (क) भाग मे इसलिए किया गया है कि उनके रूप उस भाग के मुख्य शब्द के तुल्य चलते है।

प्रत्येक अभ्यास मे २५ नए शब्द है, अत. ६० अभ्यासो मे १५०० शब्दो का शब्द-कोष हो जाता है। प्राय: इतने ही शब्द कृत् प्रत्ययो आदि के द्वारा विद्यार्थी स्वय भी बना लेता है, अत प्राय. ३००० शब्दो का ज्ञान छात्र को हो जाता है। शब्दकोष के शब्दो का वर्गीकरण निम्न प्रकार से है :—

(क) अर्थात् संज्ञा या सर्वनाम शब्द	८२८
(ख) अर्थात् धातु या क्रिया शब्द	३५४
(ग) अव्यय शब्द	१४५
(घ) विशेषण शब्द	१७३
पठित एव अभ्यस्त शब्दो का योग	१५०० (शब्दकोष)

५. पुस्तक की विशेषताएँ

सक्षेप मे पुस्तक की विशेषताएँ निम्नलिखित है :—

(१) इग्लिश, जर्मन, फ्रेच और रूसी भाषाओ मे अपनाई गई नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति इस पुस्तक मे अपनाई गई है।

(२) सस्कृत भाषा के ज्ञान के लिए अनिवार्य सम्पूर्ण व्याकरण अनुवाद और अभ्यासो के द्वारा अति सरल और सुबोध रूप मे समझाया गया है।

(३) ६० अभ्यासो मे सम्पूर्ण आवश्यक व्याकरण समाप्त किया गया है। प्रत्येक अभ्यास मे व्याकरण के कुछ विशेष नियमो का अभ्यास कराया गया है। नियमो को पूर्णरूप से स्पष्ट करने के लिए उदाहरण-वाक्य दिए गए है। प्रत्येक अभ्यास मे छात्रो से जो त्रुटियाँ सम्भव है, उनका निर्देश करके शुद्ध वाक्य बताया गया है। साथ ही नियम भी बताया गया है।

(४) अभ्यास-प्रश्नो द्वारा सैकडो नए वाक्य स्वय बनाने का अभ्यास कराया गया है। रिक्त-स्थलो की पूर्ति का अभ्यास, नए शब्दो से वाक्य-रचना का अभ्यास, अशुद्ध वाक्यो को शुद्ध करने का अभ्यास, सन्धि, समास तथा कृत् प्रत्ययो से रूप बनाने आदि का विशेष अभ्यास कराया गया है।

(५) प्रत्येक अभ्यास की विशेषता यह है कि एक अभ्यास के लिए केवल दो पृष्ठ दिए गए है। प्रत्येक अभ्यास की पक्तियाँ गिनकर रक्खी गई है। एक भी पक्ति एक अभ्यास की दूसरे पृष्ठ पर नही जाती है। प्रत्येक अभ्यास दो भागो मे विभक्त है। बाई ओर :—(१) शब्दकोष, (२) व्याकरण के नियम, (३) शब्दरूप, (४) धातुरूप, (५) सन्धि या समास आदि, (६) कृत् प्रत्ययो से शब्द बनाने के नियम आदि है। दाई ओर —(१) उदाहरण-वाक्य, (२) अनुवादार्थ हिन्दी वाक्य, (३) अशुद्ध-वाक्यो के शुद्ध-वाक्य, (४) अभ्यास (वचन-परिवर्तन, काल परिवर्तन आदि), (५) वाक्य-रचना, (६) रिक्त-स्थलो की पूर्ति का अभ्यास आदि।

(६) प्रत्येक अभ्यास मे गिनकर २५ नए शब्द दिए गए है। उनका विशेषरूप से प्रयोग सिखाया गया है।

(७) अभ्यासो के पश्चात् (१) सभी आवश्यक शब्दो तथा धातुओ के रूप दिए गए है। (२) १ से १०० तक की पूरी गिनती तथा महाशख तक की सख्याएँ है। (३) सक्षिप्त धातुकोष है, इसमे पुस्तक मे प्रयुक्त सभी धातुओ के ५ लकारो के रूप हैं। (४) कृत् प्रत्ययो से बने हुए रूपो का सग्रह। (५) आवश्यक सधि नियमो का सग्रह।

(८) संस्कृत में पत्र लिखना, प्रस्ताव, अनुमोदन आदि करना, व्याख्यान का प्रारम्भ करना, इसका प्रकार उदाहरणों द्वारा बताया गया है।

(९) पुस्तक के अन्त में संस्कृत में निबन्ध लिखने के लिए आवश्यक-निर्देश तथा उदाहरणरूप में २० निबन्ध अत्युपयोगी विषयों पर लिखे गए हैं। अन्त में २८ विषयों पर अनुवादार्थ हिन्दी-सन्दर्भ भी दिए गए हैं।

(१०) पुस्तक बी० ए० और मध्यमा कक्षा तक के छात्रों के लिए संस्कृत-अनुवाद, व्याकरण और निबन्ध के लिए सर्वथा पर्याप्त है।

६ अध्यापकों से

(१) प्रत्येक अभ्यास में दिए शब्दकोष और व्याकरण के अंश को छात्रों को अच्छे प्रकार से स्पष्ट कर दें और छात्रों को निर्देश दें कि वे उसको ठीक स्मरण कर लें। दूसरे दिन उदाहरण-वाक्यों का हिन्दी में अर्थ करावें और नियमों के प्रयोग को स्पष्ट कर दें। तत्पश्चात् कक्षा में ही प्रत्येक छात्र से मौखिक संस्कृत में अनुवाद करावें। एक छात्र की त्रुटि को दूसरे छात्र से शुद्ध करावें। छात्रों को अपनी त्रुटि स्वयं शुद्ध करने का अधिक अवकाश दें।

(२) संस्कृत में मौखिक अनुवाद या संस्कृत-भाषण के प्रति छात्रों के संकोच को सर्वथा दूर करें। छात्र निर्भीक होकर अनुवाद करें और संस्कृत बोलें।

(३) छात्रों के उच्चारण की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें और उच्चारण की त्रुटि को प्रारम्भ से ही दूर करें।

(४) प्रत्येक अभ्यास को एक या दो बार में समाप्त करें। प्रत्येक पाठ के अन्त में दिए गए अभ्यास को मौखिक और लिखित दोनों प्रकार से करावें। छात्रों की लेख-सम्बन्धी त्रुटि को भी दूर करें।

(५) प्रत्येक अभ्यास में दिए गए नए शब्दों और धातुओं के द्वारा स्वयं भी वाक्य बनाकर उनका संस्कृत में अनुवाद करावें। छात्रों को संस्कृत-संभाषण के लिए विशेषरूप से प्रेरित करें। कक्षा में भी अधिक वार्तालाप संस्कृत में करें।

(६) पूर्व-पठित शब्दों, धातुओं और व्याकरण के नियमों को छात्र न भूलें, अतः उनका भी अभ्यास बार-बार कराते रहें। निबन्ध-लेखन का भी अभ्यास करावें।

(७) छात्रों के हृदय में संस्कृत भाषा के प्रति विशेष अनुराग उत्पन्न करें। उनके हृदय से यह भाव निकाल दें कि संस्कृत भाषा कठिन भाषा है। छात्रों से अनुवाद आदि का अभ्यास कराकर सिद्ध करें कि संस्कृत भाषा अन्य भाषाओं की अपेक्षा अधिक सरलता से सीखी जा सकती है और सरलता से लिखी या बोली जा सकती है।

७. विद्यार्थियो से

(१) सस्कृत भाषा को अति सरल, सुबोध और सुगम बनाने के लिए यह पुस्तक प्रस्तुत की गई है। अतः अदम्य उत्साह के साथ पुस्तक के पठन मे प्रवृत्त हो। प्रत्येक भाषा मे शुद्ध बोलना या लिखना निरन्तर अभ्यास के बाद ही आता है। मातृभाषा हिन्दी मे शुद्ध बोलना या लिखना वर्षो के निरन्तर अभ्यास के बाद ही आता है। यह स्मरण रक्खे कि बिना अभ्यास के कोई विद्या नही आती है। अत. सकोच छोडकर सस्कृत मे बोलने और लिखने का अभ्यास करे।

(२) पुस्तक मे ६० अभ्यास है। सस्कृत-भाषा से अपरिचित भी कोई हिन्दी जाननेवाला व्यक्ति १ अभ्यास को १ या २ घटा प्रतिदिन समय देने पर सरलता से २ दिन मे पूरा कर सकता है। इस प्रकार ४ मास मे यह पुस्तक सरलता से समाप्त हो सकती है। बहुत अल्प आयुवाले छात्र ४ दिन मे एक अभ्यास समाप्त कर सकते है, इस प्रकार वे भी ८ मास मे पुस्तक पूरी पढ सकते है।

(३) सस्कृत भाषा के ज्ञान के लिए जितने शब्दो, धातुओ और नियमो के जानने की अत्यन्त आवश्यकता होती है, वे सभी बाते इस पुस्तक मे है। इस पुस्तक का ठीक अभ्यास हो जाने पर छात्र नि सकोच शुद्ध सस्कृत लिख और बोल सकता है। बी० ए० कक्षा तक के लिए इतने व्याकरण का ज्ञान पर्याप्त है।

(४) **शब्दकोष :—** शब्दकोष मे एक प्रकार से रूप चलनेवाले शब्द या धातु प्राय. एक ही स्थान पर दिए गए है। अति प्रसिद्ध शब्द या धातु ही प्रायः दिए गए है, कठिन शब्दो को छोड दिया गया है। किस शब्द या धातु के रूप किस प्रकार चलेगे, यह भी अन्त मे सूचना द्वारा स्पष्ट कर दिया है। (क) (ख) (ग) (घ) सकेतो का अर्थ सज्ञा, क्रिया आदि स्मरण रक्खे। आगे के अभ्यासो मे पूर्व पठित शब्दावली का नि सकोच प्रयोग किया गया है, अतः प्रत्येक पाठ की शब्दावली को ठीक स्मरण करे।

(५) **व्याकरण :—** (क) व्याकरण मे कुछ विशेष शब्दो या धातुओ का प्रयोग सिखाया गया है। उस अभ्यास मे उस शब्द और धातु को ठीक स्मरण कर ले। उसी प्रकार मे रूप चलनेवाले शब्द या धातु भी उसी पाठ मे दिए गए है। उनके रूप भी उसी प्रकार चलावे। शब्दो और धातुओ के 'सक्षिप्तरूप' भी दिए गए हैं, उस प्रकार से चलनेवाले सभी शब्दों या धातुओ के अन्त मे वह अश रहेगा।

(ख) नियमो के साथ पाणिनि के प्रामाणिक सूत्र भी कोष्ठ मे दिए है। उन्हे न स्मरण करना चाहे तो छोड सकते है। हिन्दी मे दिए पूरे नियम की अपेक्षा सस्कृत का छोटा सूत्र स्मरण करना सरल है। केवल २०० नियम पूरी पुस्तक मे है।

(ग) व्याकरण के नियमो के उदाहरण भी साथ ही दिये गये है। कुछ नियमो के उदाहरण उदाहरण-वाक्यो मे मिलेगे। उन्हे ध्यानपूर्वक समझ ले।

(घ) सक्षेप के लिए कतिपय सकेतो का उपयोग किया गया है। उनका यथा-स्थान निर्देश किया गया है। जैसे—प्रथमा, द्वितीया आदि के लिए प्र०, द्वि० आदि। चिन्ह > का प्रयोग 'का रूप बनता है' इस अर्थ मे किया गया है, स्मरण रक्खे। जैसे—भू > भवति, अर्थात् भू धातु का भवति रूप बनता है। इस पुस्तक मे ह्रस्व ऋ और दीर्घ ॠ इस प्रकार मे छपे है, स्मरण रक्खे। ह्रस्व ऋ, दीर्घ ॠ।

(६) **उदाहरण-वाक्य** :—व्याकरण के जो नियम उस अभ्यास मे दिये गए है तथा जो नये शब्द दिए गए है, उनका प्रयोग उदाहरण वाक्यो मे किया गया है। उदाहरण वाक्यो को बहुत ध्यानपूर्वक समझ ले। प्रत्येक वाक्य मे किसी विशेष नियम या शब्द का प्रयोग सिखाया गया है। उदाहरण-वाक्यो को ठीक समझ लेने से अनु-वाद मे कोई कठिनाई नही होगी।

(७) **अनुवाद** :—जो व्याकरण के नियम या नए शब्द उस अभ्यास मे दिए गए है, उनका विशेषरूप से अभ्यास कराया गया है। अनुवाद बनाने मे जहाँ भी कठिनाई हो, वहाँ उदाहरण वाक्यो को देखे। उनसे आपकी कठिनाई दूर होगी। अशुद्ध वाक्यो के शुद्ध वाक्य जो दिए गए है, उनसे भी सहायता लीजिए।

(८) **शुद्धवाक्य** :—अशुद्ध-वाक्यो के जो शुद्ध-वाक्य या शुद्ध रूप दिये गए है, उनको ध्यानपूर्वक स्मरण कर ले। प्रयत्न करे कि वह त्रुटि आगे न हो। जो त्रुटियाँ एक बार बता दी है, उनका बार-बार निर्देश नही किया गया है। शुद्ध-वाक्य के आगे नियम की सख्या दी है, उस नियम को व्याकरणवाले अश मे देखे।

(९) **अभ्यास**:—अभ्यासो मे काल-परिवर्तन, वचन-परिवर्तन आदि का अभ्यास कराया गया है। अभ्यास मे जितने प्रश्न दिए गए है, उनको पूरा करने का पूर्ण यत्न करे। तभी अनुवाद और व्याकरण का अभ्यास परिपक्व होगा। वाक्य-रचना आदि के कार्य को भी न छोडे। कही कठिनाई प्रतीत हो तो अध्यापक की सहायता ले।

(१०) अभ्यासो के अन्त मे १२२ पृष्ठ से सभी आवश्यक शब्दो और धातुओ के रूप दिए गए है। उनको शुद्ध रूप मे स्मरण करे और उनका प्रयोग करे।

(११) पुस्तक मे जितनी धातुओं का प्रयोग हुआ है, उन सबके पाँचो लकारो के रूप सक्षिप्त धातुकोष मे है। उन्हे वहाँ देखे।

(१२) पत्र लिखने का प्रकार भी दिया गया है। अन्त मे निबन्ध लिखने का प्रकार तथा उदाहरण-रूप मे २० निबन्ध है, तदनुसार अन्य निबन्ध स्वय लिखे।

८ कृतज्ञता-प्रकाशन

इस पुस्तक के लेखन मे मुझे जिन महानुभावो से विशेष आवश्यक परामर्श, प्रेरणा और प्रोत्साहन मिला है, उनमे विशेष उल्लेखनीय निम्नलिखित है। परामर्शो, सुझावो आदि के लिए इन सभी का कृतज्ञ हूँ।

सर्वश्री माननीय डा० कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी (राज्यपाल उ० प्र०), डा० सम्पूर्णानन्द (मुख्य मन्त्री, उ० प्र०), डा० सुनीतिकुमार चटर्जी (कलकत्ता), डा० मगलदेव शास्त्री (बनारस), डा० बाबूराम सक्सेना (प्रयाग), डा० वासुदेवशरण अग्रवाल (बनारस), आचार्य हरिदत्त शास्त्री (कानपुर), श्री रूपनारायण शास्त्री (हि० सा० सम्मेलन, प्रयाग), श्री पुरुषोत्तमदास मोदी एम० ए०।

अन्त मे विद्वज्जन से निवेदन है कि वे पुस्तक के विषय मे जो भी सशोधन, परिवर्तन, परिवर्धन का विचार भेजेगे, वह बहुत कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया जाएगा।

सेंट एन्ड्रयूज कालेज, गोरखपुर
दीपावली, २००९ वि०

कपिलदेव द्विवेदी

द्वितीय संस्करण की भूमिका

सस्कृत-प्रेमी अध्यापको, विद्यार्थियो और जनता ने इस पुस्तक का हार्दिक स्वागत किया है, तदर्थ मै उन सबका अत्यन्त कृतज्ञ हूँ। जिन विद्वानो ने आवश्यक सशोधनादि के विचार भेजे है, उनको विशेष धन्यवाद देता हूँ। उनके सशोधनादि के विचारो का यथासभव पूर्ण पालन किया गया है। पुस्तक को और उपयोगी बनाने के लिए उच्च कक्षाओ मे निर्धारित व्याकरण के अश सन्धि-नियम, शब्दरूप, धातुओ के पूरे १० लकारो के रूप आदि इस सस्करण मे बढाए गए है। अनुवादार्थ गद्य सग्रह भी अन्त मे बढाया गया है। आशा है प्रस्तुत सस्करण विद्यार्थियो के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगा।

गवर्नमेंट कालेज, नैनीताल
ता० २०-१२-५५ ई०

कपिलदेव द्विवेदी

तृतीय संस्करण की भूमिका

सस्कृत-प्रेमी अध्यापको, छात्रो और जनता ने इस पुस्तक का हार्दिक स्वागत किया है, तदर्थ उन सबका विशेष कृतज्ञ हूँ। इस सस्करण मे धातुरूप सग्रह के ५० पृष्ठ नए ढग से लिखे गए है। सभी धातुओ के १० लकारो के रूप एकत्र दिए गए है। पुस्तक मे यथास्थान अन्य आवश्यक परिवर्तन भी किए गए है। आशा है प्रस्तुत सस्करण जनता को विशेष उपयोगी सिद्ध होगा।

गवर्नमेंट कालेज, नैनीताल
ता० २०-९-५९ ई०

कपिलदेव द्विवेदी

१. 'सस्कृत'—शब्द का अर्थ है—शुद्ध, परिमार्जित, परिष्कृत। अत सस्कृत भाषा का अर्थ है—शुद्ध एव परिमार्जित भाषा।

२. सस्कृत मे ३ वचन होते है—एकवचन (एक०), द्विवचन (द्वि०), बहुवचन (बहु०)। तीन पुरुष होते है—प्रथम या अन्य पुरुष (प्र० पु०), मध्यमपुरुष (म० पु०), उत्तमपुरुष (उ० पु०)। सबोधन को लेकर आठ कारक (विभक्तियाँ) होते है। (विवरण के लिए देखे पृष्ठ ४)।

३ सस्कृत मे क्रिया के १० लकार (वृत्तियाँ) होते है। ये दसो लकार इस पुस्तक मे दिए गए है। इनके नाम तथा अर्थ ये है:—(१) लट् (वर्तमानकाल), (२) लोट् (आज्ञा अर्थ), (३) लृट् (भविष्यत् काल), (४) लङ् (अनद्यतनभूत), (५) विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ), (६) लिट् (परोक्षभूत), (७) लुट् (अनद्यतन भविष्यत्), (८) आशीलिङ् (आशीर्वाद), (९) लुङ् (सामान्यभूत), (१०) लृङ् (हेतुहेतुमद् भविष्यत्)।

४ धातुओ के तीन प्रकार से रूप चलते है, अत. धातुएँ ३ प्रकार की है.—परस्मैपदी (प० , ति, त., अन्ति)। आत्मनेपदी (आ० , ते एते अन्ते)। उभयपदी (उ० , दोनो प्रकार के रूप)।

५ सस्कृत मे १० गण (धातुओ के विभाग) होते है। प्रत्येक धातु किसी एक गण मे आती है। इनके लिए कोष्ठगत सकेत है। भ्वादिगण (१), अदादि० (२), जुहोत्यादि० (३), दिवादि० (४), स्वादि० (५), तुदादि० (६), रुधादि० (७), तनादि० (८), क्र्यादि० (९), चुरादि० (१०)।

६. इग्लिश् के Tenses (लकारो) का अनुवाद कोष्ठ मे दी विधि से कीजिए। १. Present Ind. (लट्), २. Pres. Cont (लट् या धातु से शतृ प्रत्यय + अस्, लट्), ३. Pres Perfect (लङ् या धातु से क्त प्रत्यय + अस्, लट्), ४. Pres. Per. Cont (२ के तुल्य)। ५ Past Ind (लङ्), ६. Past Cont (लङ् या धातु से शतृ प्रत्यय + अस्, लङ्), ७ Past Perfect (लङ् या धातु से क्त प्रत्यय + अस्, लङ्), ८ Past Per Cont. (६ के तुल्य)। ९ Future Ind (लृट्), १० Future Con (लृट् या धातु से स्य, शतृ + अस्, लृट्), ११ Future Perfect (धातु से क्त प्रत्यय + अस्, लृट्), १२ Future Per. Cont. (१० के तुल्य)।

७. प्रत्येक अभ्यास को प्रारम्भ करने से पूर्व बाई ओर के शब्दकोष और व्याकरण को ठीक स्मरण कर ले। उनका ही अभ्यास कराया गया है। * चिन्ह वाले नियम अत्यावश्यक है। शब्दकोष मे (क) मे सर्वनाम शब्दो का सकेत कर दिया गया है, शेष सज्ञाशब्द है।

८. शब्दो ओर धातुओ के पूरे रूप, सक्षिप्त धातुकोष, सन्धि-नियम, प्रत्ययो का विवरण, निबन्ध आदि परिशिष्ट मे दिए गए है, वहाँ देखे।

शब्दकोष—२५] **अभ्यास १** (व्याकरण)

(क) स (वह), तौ (वे दोनों), ते (वे सब), भवान् (आप, पुरुष), भवती (आप, स्त्री) (सर्वनाम शब्द)। रामः (राम), ईश्वर (ईश्वर या स्वामी), बालक. (बालक), मनुष्य (मनुष्य), नर (मनुष्य), ग्राम (गाँव), नृप (राजा), विद्यालय. (विद्यालय)। (१३)। (ख) भू (होना), पठ् (पढ़ना), लिख् (लिखना), हस् (हँसना), गम् (जाना), आगम् (आना)। (६)। (ग) अत्र (यहाँ), इह (यहाँ), यत्र (जहाँ), तत्र (वहाँ), कुत्र (कहाँ), क्व (कहाँ)। (६)

सूचना—१. शब्दकोष के लिए ये संकेत स्मरण कर लें :—

(क) = संज्ञा या सर्वनाम शब्द। (ख) = धातु या क्रिया शब्द।
(ग) = अव्यय या क्रिया विशेषण। (घ) = विशेषण शब्द।

२. (क) चिह्न—(अर्थात् लकीर) 'तक' अर्थ का बोधक है। जैसे, १—१० अर्थात् १ से १० तक। राम—विद्यालय, राम से विद्यालय तक के शब्द। (ख) 'वत्' अर्थात् तुल्य, सदृश। जैसे—'रामवत्' अर्थात् राम के तुल्य रूप चलेंगे। 'भवतिवत्' भवति के तुल्य रूप चलेंगे।

३. (क) राम—विद्यालय, रामवत् अर्थात् राम शब्द से विद्यालय शब्द तक के रूप राम शब्द के तुल्य चलेंगे। (ख) भू—आगम्, भवतिवत्।

व्याकरण (लट्, परस्मैपद, कर्तृवाच्य)

					संक्षिप्तरूप			
१ रामः	रामौ	रामाः	प्रथमा (कर्ता)			अः	औ	आः प्र०
रामम्	रामौ	रामान्	द्वितीया (कर्म)		(अकारान्त पुं.)	अम्	औ	आन् द्वि०

संक्षिप्तरूप शब्द के अन्त में रहेगा। जैसे, बालकः बालकौ बालकाः बालकम् आदि।

२. 'भू' धातु 'लट्' लकार (वर्तमानकाल)				**संक्षिप्तरूप**		
भवति	भवतः	भवन्ति	प्रथमपुरुष	अति	अतः	अन्ति प्र० पु०

संक्षिप्त रूप अन्त में लगाकर अन्य धातुओं के रूप बनाइए, जैसे पठति, लिखति, हसति, गच्छति, आगच्छति आदि। लट् आदि में गम् को गच्छ् हो जाता है। लट् = वर्तमानकाल।

*** नियम १—कर्ता के अनुसार क्रिया का वचन और पुरुष होता है। जैसे, स पठति, कर्ता प्रथमपुरुष एकवचन है तो क्रिया भी प्रथमपुरुष एकवचन होगी।**

नियम २—'भवत्' (आप) शब्द के साथ सदा प्रथमपुरुष आता है।

नियम ३—तीनों लिंगों में धातु का रूप वही रहता है।

*** नियम ४—कर्ता में प्रथमा आती है और कर्म में द्वितीया आती है।**

*** नियम ५—(अपदं न प्रयुञ्जीत) बिना प्रत्यय लगाये शब्द या धातु का प्रयोग न करें।**

नियम ६—एक अर्थवाले (पर्यायवाची) शब्दों में से एक शब्द का ही प्रयोग करें।

अभ्यास १

१ **उदाहरण-वाक्य :**—१. वह पढता है—सः पठति। २. वे दो पढ रहे है—तौ पठतः। ३. वे सब पढते है—ते पठन्ति। ४. आप यहाँ आते है—भवान् अत्र आगच्छति। ५. आप दो हँसते है—भवन्तौ हसत.। ६. आप सब जाते है—भवन्तः गच्छन्ति। ७ आप लिखती है—भवती लिखति। ८. बालक होता है (या है)—बालक. भवति।

२ **संस्कृत बनाओ :**—(क) १. वह लिखता है। २ वह गॉव को जाता है। ३ वह आता है। ४ बालक पढता है। ५. राम लिखता है। ६. मनुष्य हॅसता है। ७. राजा यहॉ आता है। ८ राम विद्यालय को जाता है। ९ आप वहॉ जाते है। १०. वह मनुष्य कहॉ जाता है?

(ख) ११. वे दो हॅसते ह। १२. वे दो कहॉ जाते है? १३ दो आदमी यहॉ आ रहे है। १४. दो राजा वहॉ जा रहे है। १५ वे दोनो जहॉ जाते है, वहॉ हॅसते है। १६ आप दोनो आते है।

(ग) १७ वे सब यहॉ आते है। १८ सब बालक विद्यालय को जा रहे है। १९. वे मनुष्य कहॉ जा रहे है? २० आप सब पढ रहे है।

३ अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम सख्या (देखिए)
(१) राम विद्यालय गच्छति।	रामः विद्यालय गच्छति।	४
(२) भवान् तत्र गच्छन्ति।	भवान् तत्र गच्छति।	१
(३) मनुष्यौ आगच्छन्ति।	मनुष्यौ आगच्छत.।	१
(४) यत्र गच्छत तत्र हसन्ति।	यत्र गच्छत. तत्र हसतः।	१
(५) बालकाः विद्यालय गच्छति।	बालकाः विद्यालय गच्छन्ति।	५, १

४ **शुद्ध करो तथा नियम बताओ** —स. पठन्ति। तौ लिखति। ते आगच्छति। भवान् पठन्ति। भवती हसतः। ईश्वर· भवन्ति। नरा. पठति। नरौ आगच्छन्ति। विद्यालयः गच्छति। नृप गच्छति। नृप गच्छन्ति। बालक हसत.। नरा. हसति।

५ **अभ्यास (संस्कृत मे)**—(क) २ (क) के वाक्यो को द्विवचन और बहुवचन मे बनाओ। (ख) २ (ख) के वाक्यो को एकवचन और बहुवचन मे बनाओ। (ग) पठ्, लिख्, गम्, आगम् के प्रथमपुरुष के रूप बताओ। (घ) बालक, नर, नृप, विद्यालय के प्रथमा (कर्ता) और द्वितीया (कर्म) विभक्ति के रूप बताओ।

शब्दकोष—२५ + २५ = ५०] अभ्यास २ (व्याकरण)

(क) त्वम् (तू), युवाम् (तुम दोनों), यूयम् (तुम सब) (सर्वनाम)। फलम् (फल), पुस्तकम् (पुस्तक), पुष्पम् (फूल), पत्रम् (चिट्ठी, पत्ता), भोजनम् (भोजन), जलम् (जल), राज्यम् (राज्य), सत्यम् (सत्य), गृहम् (घर), वनम् (वन) (१३)। (ख) रक्ष् (रक्षा करना), वद् (बोलना), पच् (पकाना), पत् (गिरना), नम् (नमस्कार करना)। (५)। (ग) अद्य (आज), सम्प्रति, इदानीम्, अधुना (तीनों का अर्थ है 'अब'), यदा (जब), तदा (तब), कदा (कब)। (७)

सूचना—(क) फल—वन, फलवत्। (ख) रक्ष्—नम्, भवतिवत्।

व्याकरण (लट्, मध्यमपुरुष, कारक-परिचय)

१ फलम्	फले	फलानि	प्रथमा (कर्ता)	संक्षिप्तरूप अम्	ए	आनि प्र०
फलम्	,,	,,	द्वितीया (कर्म)	(अकारान्त नपुं०),,	,,	,, द्वि०

पुस्तक आदि के रूप ऐसे ही चलेंगे। यथा—पुस्तकम् पुस्तके पुस्तकानि। परन्तु पुष्प और पत्र मे आनि के स्थान पर 'आणि' लगेगा—पुष्पाणि, पत्राणि।

२ 'भू' (लट्, मध्यमपुरुष)	संक्षिप्तरूप—असि अथः अथ म० पु०
भवसि भवथः भवथ	म० पु० एक० मे असि, द्वि० मे अथः, बहु० मे अथ लगेगा।

रक्ष् आदि के रूप इसी प्रकार चलेंगे। जैसे—रक्षसि, वदसि, पचसि, पतसि, नमसि आदि।

३. संस्कृत मे तीन वचन होते है—एकवचन, द्विवचन, बहुवचन। एक के लिए एकवचन (एक०), दो के लिए द्विवचन (द्वि०), तीन या अधिक के लिए बहुवचन (बहु०)।

४ तीन पुरुष होते है—(१) प्रथम (या अन्य) पुरुष (प्र० पु०) अर्थात् वह, वे दोनों, वे सब, किसी व्यक्ति या वस्तु का नाम। (२) मध्यम पुरुष (म० पु०) अर्थात् तू, तुम दोनों, तुम सब। (३) उत्तम पुरुष (उ० पु०) अर्थात् मैं, हम दोनों, हम सब। ये नाम स्मरण कर लें।

५ संस्कृत मे संबोधनसहित ८ विभक्तियाँ (कारक) होती है। उनके नाम और चिह्न ये है—

विभक्ति	कारक	चिन्ह	विभक्ति	कारक	चिन्ह
(१) प्रथमा (प्र०)	कर्ता	–, ने	(५) पंचमी (पं०)	अपादान	से
(२) द्वितीया (द्वि०)	कर्म	को	(६) षष्ठी (ष०)	संबन्ध	का,के,की
(३) तृतीया (तृ०)	करण	ने,से,द्वारा	(७) सप्तमी (स०)	अधिकरण	में, पर
(४) चतुर्थी (च०)	सम्प्रदान	के लिए	(८) संबोधन (सं०)	संबोधन	हे,अये,भो.

नियम ७—(अच्हीनं परेण संयोज्यम्) हल् व्यंजन आगे के स्वर से मिल जाता है। (यह नियम ऐच्छिक है)। जैसे—त्वम् + अद्य = त्वमद्य। यूयम् + इदानीम् = यूयमिदानीम्।

अभ्यास २

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ तू बोलता है—त्व वदसि। २ तुम दोनो बोलते हो—युना वदथ। ३. तुम लोग बोलते हो—यूय वदथ। ४. त्वम् ईश्वर नमसि। ५. युवा भोजन पचथः। ६ यूय पुस्तकानि पठथ। ७ त्वमत्र पुस्तक पठसि। ८ यदा यूय गच्छथ, तदा स पत्र लिखति। ९. त्व राज्य रक्षसि। १० यूय पुष्पाणि रक्षथ। ११. त्व गृह गच्छसि।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) १. तू पढता है। २. तू पत्र लिखता है। ३. तू भोजन पकाता है। ४ तू राज्य की रक्षा करता है। ५. तू फल की रक्षा करता है। ६ तू सत्य बोल्ता है। ७ तू घर को जाता है। ८. तू असत्य बोल्ता है। ९ तू राजा को प्रणाम करता है।

(ख) १०. तुम दोनो यहाँ आते हो। ११. तुम दोनो कब भोजन बनाते हो? १२ तुम दोनो अब गाँव को जाते हो। १३. आप दोनो अब बोलते है। १४ दो पत्ते गिरते है।

(ग) १५. तुम लोग राज्य की रक्षा करते हो। १६ तुम लोग ईश्वर को प्रणाम करते हो। १७ तुम लोग पुस्तक पढते हो। १८. तुम लोग अब हँसते हो। १९. तुम लोग पुस्तके पढते हो। २० तुम लोग पत्र लिखते हो।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) त्व राज्यस्य रक्षसि।	त्व राज्य रक्षसि।	४
	(२) युवाम् आगच्छथ।	युवामागच्छथः।	१, ७
	(३) भवन्तौ वदथः।	भवन्तौ वदत।	२
	(४) पत्रानि पतथ।	पत्राणि पतन्ति।	शब्दरूप, १

४. **शुद्ध करो तथा नियम बताओ** —त्व पठति। युवा गच्छतः। यूय लिखन्ति। यूय वदसि। युवा पतथ। त्व भोजन पचति। भवान् सत्यः वदति। भवान् रक्षसि। यूय राज्य. रक्षथः। त्व राज्यस्य रक्षसि।

५. **अभ्यास (संस्कृत मे)** —(क) २ (क) के वाक्यो को द्विवचन और बहुवचन मे बनाओ। (ख) २ (ख) के वाक्यो को एकवचन और द्विवचन मे बनाओ। (ग) रक्ष्, वद्, पच्, पत्, गम्, लिख्, के म० पु० के रूप बताओ। (घ) पुस्तक, पुष्प, पत्र, जल, राज्य के प्रथमा और द्वितीया मे रूप बताओ।

६. **वाक्य बनाओ** —सत्यम्, राज्यम्, इदानीम, कदा, तदा, यदा।

शब्दकोष—५० + २५ = ७५] अभ्यास ३ (व्याकरण)

(क) अहम् (मैं), आवाम् (हम दोनों), वयम् (हम सब) (सर्वनाम)। रमा (लक्ष्मी), बाला (लड़की), कन्या (लड़की), लता (लता), कथा (कथा, कहानी), क्रीडा (खेल), पाठशाला (पाठशाला), विद्या (विद्या)। (११)। (ख) दृश् (देखना), स्था (रुकना), सद् (बैठना), पा (पीना), घ्रा (सूंघना), स्मृ (स्मरण करना), जि (जीतना)। (७)। (ग) इतः (यहाँ से), ततः (वहाँ से), यतः (जहाँ से), कुतः (कहाँ से), किम् (क्या), कथम् (क्यों, कैसे), न (नहीं), (७)।

सूचना—(क) रमा—विद्या, रमावत्। (ख) दृश्—जि, भवतिवत्।

व्याकरण (लट्, उत्तमपुरुष, वर्णमाला)

१. रमा रमे रमाः प्रथमा (कर्ता) | संक्षिप्तरूप आ ए आः प्र०
रमाम् ,, ,, द्वितीया (कर्म) | आकारान्त स्त्री. आम् ,, ,, द्वि०

बाला आदि के रूप संक्षिप्तरूप लगाकर बनाइए, जैसे—बाला बाले बालाः, बालाम् आदि।

२. 'भू' (लट्, उत्तमपुरुष)
भवामि भवावः भवामः

| संक्षिप्तरूप—आमि आवः आमः उ० पु० उ० पु० एक० मे आमि, द्वि० मे आवः, बहु० मे आमः लगेगा।

सूचना—(विशेष) लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे इन धातुओ का यह रूप होता है—दृश्>पश्य्, पश्यति पश्यामि। स्था>तिष्ठ्, तिष्ठति। सद्>सीद्, सीदति। पा>पिब्, पिबति। घ्रा>जिघ्र्, जिघ्रति आदि। गम्>गच्छ्, आगम्>आगच्छ्। स्मृ का स्मरति आदि। जि का जयति।

३. वर्णमाला—कोष्ठ मे पारिभाषिक नाम है, इन्हे शुद्ध स्मरण कर ले।

(क) स्वर—अ, इ, उ, ऋ, ऌ, (ह्रस्व) ए, ऐ, ओ, औ (मिश्रित)
आ, ई, ऊ, ॠ, (दीर्घ)

(ख) व्यंजन—क, ख, ग, घ, ङ (कवर्ग) च, छ, ज, झ, ञ (चवर्ग)
ट, ठ, ड, ढ, ण (टवर्ग) त, थ, द, ध, न (तवर्ग)
प, फ, ब, भ, म (पवर्ग) य, र, ल, व (अन्तःस्थ)
श, ष, स, ह (ऊष्म), ं (अनुस्वार) ँ (अनुनासिक) ः (विसर्ग)

सूचना—वर्ग के प्रथम अक्षर का अर्थ है—क च ट त प। द्वितीय—ख छ ठ थ फ। तृतीय—ग ज ड द ब। चतुर्थ—घ झ ढ ध भ। पंचम—ङ ञ ण न म। सन्धि-नियमो मे प्रथम आदि के स्थान पर क्रमशः १, २, ३, ४, ५, गिनती दी जायेगी।

नियम ८—'स्मृ' धातु के साथ साधारण स्मरण अर्थ में द्वितीया होती है। विशेष स्मरण में षष्ठी। (देखो अभ्यास १४)। जैसे—पाठं स्मरति, ईश्वरं स्मरति।

अभ्यास ३

१ उदाहरण-वाक्य—१. मैं पढता हूँ—अहं पठामि। २. हम दोनो पढते हैं—आवां पठावः। ३. हम लोग पढते हैं—वयं पठामः। ४. वयं विद्यां पठामः। ५. अहं कन्यां पश्यामि। ६ आवां क्रीडां पश्याव। ७ अहं पुष्पं जिघ्रामि। ८ वयं जलं पिबामः। ९ वयमत्र तिष्ठामः। १० अहं कथां स्मरामि।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ मैं लिखता हूँ। २ मैं यहाँ बैठता हूँ। ३. मैं वहाँ से आता हूँ। ४ मैं जहाँ से आता हूँ, वहीं जाता हूँ। ५ मैं खेल देखता हूँ। ६ मैं विद्या पढता हूँ। ७. मैं क्या देखता हूँ? ८. मैं लडकी को देखता हूँ। ९ मैं पुस्तक स्मरण करता हूँ। १०. मैं राज्य को जीतता हूँ। ११ मैं जल पीता हूँ। १२. मैं फूल सूँघता हूँ।

(ख) १३ हम दोनो पाठशाला जाते है। १४. हम दोनो लता देखते है। १५. हम लोग सत्य बोलते है। १६ हम लोग यहाँ क्यो बैठे है?

(ग) १७ वह क्या स्मरण करता है। १८ वे लोग जल क्यो नही पीते है? १९. तुम कहाँ से आ रहे हो? २० हम वहाँ से नही आ रहे है।

३.	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) अहं स्थामि।	अहं तिष्ठामि।	धातुरूप
	(२) वयं दृश्यामः।	वयं पश्यामः।	,,
	(३) वयं घ्रावः।	वयं जिघ्रामः।	,, , १
	(४) अहं जलं पामि।	अहं जलं पिबामि।	,,
	(५) वयं सदामः।	वयं सीदामः।	,,

४ शुद्ध करो तथा नियम बताओ—अहं दृशामि। आवां स्थावः। वयं पामः। अहं सदामि। पाठशालायां गच्छामि। वयं पुष्पं घ्रामः। वयं जलं पामि।

५ अभ्यास—(क) २ (क) के वाक्यों को बहुवचन में बनाओ। (ख) २ (ख) को एकवचन में बनाओ। (ग) दृश्, सद्, स्था, पा, घ्रा के लट् के तीनों पुरुष के पूरे रूप बताओ। (घ) बाला, लता, विद्या, कथा, क्रीडा के प्र० और द्वि० के रूप बताओ।

६ वाक्य बनाओ—पश्यामि, तिष्ठामि, सीदामि, पिबामि, जिघ्रामि, इतः, ततः, कुतः।

७ रिक्त स्थानों में लट् उ० पु० का रूप रक्खो—१. अहं फलं (दृश्)। २. आवामत्र (सद्)। ३. वयं जलं (पा)। ४. आवां पुष्पाणि (घ्रा)। ५ वयमीश्वरं (स्मृ)।

शब्दकोष—७५ + २५=१००] अभ्यास ४ (व्याकरण)

(ख) कृ (करना), अस् (होना)। चुर् (चुराना), चिन्त् (चिन्तन करना, सोचना), कथ् (कहना), भक्ष् (खाना)। (६)। (ग) इत्थम् (ऐसे), तथा (वैसे), यथा (जैसे), कथम् (कैसे), अपि (भी), एव (ही), च (और), किन्तु, (किंतु), परन्तु (परन्तु)। (९)। (घ) एक (एक), द्वौ (दो), त्रय (तीन), चत्वार (चार), पञ्च (पाँच), षट् (छ), सप्त (सात), अष्ट (आठ), नव (नौ), दश (दस) (१०)।

व्याकरण (कृ, अस् , लट् , प्रत्याहार बनाना)

१ कृ (करना) लट्

करोति	कुरुत	कुर्वन्ति	प्र० पु०
करोषि	कुरुथ·	कुरुथ	म० पु०
करोमि	कुर्वः	कुर्म	उ० पु०

२ अस् (होना) लट्

अस्ति	स्त	सन्ति	प्र० पु०
असि	स्थ	स्थ	म० पु०
अस्मि	स्व	स्म.	उ० पु०

३ चुर् आदि धातुओ के निम्नलिखित रूप बनाकर 'भवति' के तुल्य रूप चलेंगे—
चुर्>चोरयति, चिन्त्>चिन्तयति, कथ्>कथयति, भक्ष्>भक्षयति।

४ प्रत्याहार बनाने के लिए इन १४ माहेश्वर सूत्रो को शुद्ध स्मरण कर लें—

१ अइउण्। २ ऋलृक्। ३ एओङ्। ४ ऐऔच्। ५ हयवरट्। ६ लण्। ७ ञमङणनम्। ८ झभञ्। ९ घढधष्। १० जबगडदश्। ११ खफछठथचटतव्। १२ कपय्। १३ शषसर्। १४ हल्।

इन सूत्रो मे पूरी वर्णमाला इस प्रकार रक्खी हुई है—पहले स्वर, फिर अन्त.स्थ, फिर क्रमश. वर्ग के पचम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय, प्रथम अक्षर, फिर अन्त में ऊष्म है।

५ 'प्रत्याहार' सक्षेप मे कथन को कहते हैं। इन सूत्रो से प्रत्याहार बनाने के नियम ये है—(क) सूत्रो के अन्तिम अक्षर (ण् , क् आदि) प्रत्याहार म नहा गिने जाते है। अन्तिम अक्षर प्रत्याहार बनाने के साधन है। (ख) जो प्रत्याहार बनाना हो, उसके लिए प्रथम अक्षर सूत्र मे जहाँ हो, वहाँ ढूँढना चाहिए। अन्तिम अक्षर सूत्र के अन्तिम अक्षरो मे ढूँढिए। बीच के सारे अक्षर उस प्रत्याहार मे माने जाएँगे। जैसे—'अल्' प्रत्याहार—अ से लेकर अन्त तक। प्रारम्भ मे अ है, अन्तिम सूत्र म ल् है। अल्= पूरी वर्णमाला। अच्=अ से ऐऔच् के च् तक, अर्थात् सारे स्वर। हल्=ह से हल् के ल् तक, अर्थात् सारे व्यजन। अक्=अ इ उ ऋ लृ। इक्=इ उ ऋ लृ। यण्= य व र ल। शर्=श ष स।

नियम ९—'च' (और) का प्रयोग उससे एक शब्द के बाद कीजिए। जैसे—फल और फूल—फलं पुष्पं च। फलं च पुष्पम् , अशुद्ध है।

अभ्यास ४

१ उदाहरण-वाक्य —१ एक मनुष्य अस्ति। २ द्वौ बालकौ स्त. । ३. त्रयः नृपा सन्ति । ४ चत्वार' ग्रामा. । ५. पञ्च पुष्पाणि। ६. षट् फलानि। ७ सप्त पुस्तकानि। ८ अष्ट बाला । ९. नव कथा. करोति । १० दश ग्रामा एव सन्ति । ११. वय कथा क्रीडा च कुर्म । १२ स दश पुस्तकानि चोरयति। १३ ईश्वर चिन्तयति। १४. पुस्तक फल च स्त ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १. ईश्वर एक ही है। २. दो बालक फूल सूँघते है। ३. तीन आदमी खाना खाते है। ४. चार बालक क्रीडा करते है। ५ वे पाँच पुस्तके चुराते है। ६ रमा छ' कहानियाँ कहती है। ७. वे सातों बालक ईश्वर का चिन्तन करते हैं। ८ यहाँ आठ लताएँ है।९. नौ आदमी भोजन करते है।१० वहाँ दस पुस्तके है।

(ख) ११. वह है। १२ तू कैसे है? १३ मैं इस प्रकार खाता हूँ। १४ वह वैसे सोचता है। १५. जैसी कथा है वह वैसी ही कहता है। १६ तू कैसे खाता है?

(ग) १७ वे ऐसे सोचते है। १८ हम कथा कहते है। १९. हम खेल भी करते है और भोजन भी करते है। २० तुम सब कथा ही कहते हो, परन्तु वे सोचते भी है।

३	अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
(१)	द्वौ बालका ।	द्वौ बालकौ।	१
(२)	चत्वार नर ।	चत्वार. नरा ।	१
(३)	अष्ट लता अस्ति।	अष्ट लता सन्ति।	१
(४)	दश पुस्तकम् अस्ति।	दश पुस्तकानि सन्ति।	१
(५)	च भोजनम् अपि०।	भोजन च अपि०।	९

४ शुद्ध करो तथा नियम बताओ —ईश्वर. सन्ति। वयम् अस्मि। अहम् स्म.। त्व स्थ। यूयम् असि। त्व करोति। स कुर्वन्ति। अह कुर्म । वय करोमि। राम. च कृष्ण पठति। पुष्प च फलम्। स करोषि। आवा कुरुत.। यूय कुरुथ ।

५ अभ्यास —(क) १ से १० तक गिनती के १० वाक्य बनाओ। (ख) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ग) २ (ग) को एकवचन बनाओ। (घ) अस् और कृ के लट् के रूप बताओ। (ङ) ये प्रत्याहार बनाओ—अक् , अच् , अट् , एट् , एच् , ऐच् , यण् , हश् , झश् , झल् , जश् , छव् , चर् , शर् ।

६ वाक्य बनाओ —त्रय., चत्वार , दश, अस्ति, सन्ति, अस्मि, स्थ', करोति, करोमि।

७ रिक्त स्थान भरो —(लट् लकार)—१ अहमत्र (अस्)। २ ते तत्र (अस्)। ३. यूयमिह (अस्)। ४ ते किं (कृ)। ५. अह भोजन (कृ)। ६ त्व तत्र किं (कृ)। ७. यूय किं (कृ)।

शब्दकोष—१०० + २५ = १२५]　अभ्यास ५　(व्याकरण)

(क) जनक (पिता), पुत्र (पुत्र), सूर्य (सूर्य), चन्द्र (चन्द्रमा), सज्जन (सज्जन), दुर्जन (दुर्जन), प्राज्ञ (विद्वान्), लोक (संसार, लोग), उपाध्याय (गुरु), शिष्य (शिष्य), प्रश्न (प्रश्न), क्रोश (कोस), धर्म (धर्म), सागर (समुद्र)। (१४)। (ख) तुद् (दुःख देना), इष् (चाहना), स्पृश् (छूना), प्रच्छ् (पूछना)। (४)। (ग) अभितः (दोनों ओर), परितः (चारों ओर), समया (समीप), निकषा (समीप), हा (दुःख, खेद), प्रति (ओर), अनु (ओर, पीछे) (७)।

सूचना—(क) जनक—सागर, रामवत्। (ख) तुद्—प्रच्छ्, भवतिवत्।

व्याकरण (राम, लट्, प्रथमा, संबोधन, द्वितीया)

१ शब्दरूप—राम शब्द के पूरे रूप ठीक स्मरण कर ले। (देखो शब्दरूप सं० १)। जनक आदि शब्दों मे सक्षिप्त रूप लगाकर रूप बनावे। नियम १६ इन शब्दों में लगेगा-राम, पुत्र, सूर्य, चन्द्र, शिष्य, धर्म, सागर। सभी अकारान्त पुंलिंग शब्द राम के तुल्य चलेंगे।

२. धातुरूप—'भू'—लट् (वर्तमान)				संक्षिप्तरूप एक०	द्वि०	बहु०	
भवति	भवतः	भवन्ति	प्र० पु०	अति	अतः	अन्ति	प्र० पु०
भवसि	भवथः	भवथ	म० पु०	असि	अथः	अथ	म० पु०
भवामि	भवावः	भवामः	उ० पु०	आमि	आवः	आमः	उ० पु०

सूचना—तुद् आदि के रूप भवति के तुल्य चलेंगे। जैसे—तुदति, इच्छति, स्पृशति, पृच्छति। लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में इष्>इच्छ्, प्रच्छ्>पृच्छ् हो जाता है।

कारक (प्रथमा, संबोधन, द्वितीया)

*नियम १०—कर्ता (व्यक्तिनाम, वस्तुनाम आदि) में प्रथमा होती है। जैसे—रामः पठति।

नियम ११—किसी को संबोधन करने में 'संबोधन' विभक्ति होती है। जैसे—हे राम! हे कृष्ण!

नियम १२—(कर्तुरीप्सिततमं कर्म) कर्ता जिसको (व्यक्ति, वस्तु या क्रिया को) बहुत चाहता है, उसे कर्म कहते हैं।

*नियम १३—(कर्मणि द्वितीया) कर्म में द्वितीया होती है। जैसे—रामः विद्यालयं गच्छति। सः पुस्तकं पठति। सः रामं पश्यति। सः फलम् इच्छति। ते प्रश्नं पृच्छन्ति।

*नियम १४—अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति, अनु के साथ द्वितीया होती है। जैसे—ग्रामम् अभितः (गाँव के दोनों ओर)। वनं निकषा समया वा (वन के समीप)।

*नियम १५—गति (चलना, हिलना, जाना) अर्थवाली धातुओं के साथ द्वितीया होती है। जैसे—ग्रामं गच्छति। वनं विचरति। तृप्तिं गच्छति। स्मृतिं गच्छति।

अभ्यास ५

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ राम गॉव को जाता है—रामः ग्राम गच्छति । २. ग्रामम् अभित. (गॉव के दोनो ओर) जलम् अस्ति । ३. ग्राम परित. (गॉव के चारो ओर) वनम् अस्ति । ४ ग्राम समया (गॉव के पास) पाठशाला अस्ति । ५. विद्यालय निकषा (विद्यालय के पास) वनम् अस्ति । ६ दुर्जन के लिए खेद है—हा दुर्जनम् । ७. विद्यालय प्रति (विद्यालय की ओर) गच्छति । ८. रामम् अनु (राम के पीछे) गच्छति । ९ गृह गच्छति । १०. क्रोश गच्छति । ११. जल पिबति । १२ पुस्तक पठति ।

२ **सस्कृत बनाओ** —१ बालक विद्यालय को जाता है। २ बालिका विद्यालय की ओर (प्रति) जाती है। ३ कन्या फल चाहती है। ४ गुरु प्रश्न पूछता है। ५. पुत्र फूल छूता है। ६ पिता सूर्य को देखता है। ७ पुत्र चन्द्रमा को चाहता है। ८. दुर्जन सज्जन को दु:ख देता है। ९ पुत्र गॉव के पास बैठा है। १०. विद्वान् धर्म की ओर (अनु) जाता है। ११. गुरु के पास शिष्य बैठा है। १२ शिष्य समुद्र को (के विषय मे) पूछता है। १३. ससार ईश्वर को नमस्कार करता है। १४. हे पुत्र ! पिता कहॉ है ? १५. हे दुर्जन ! धर्म को क्यों नही स्मरण करता । १६ राम घर कब जाता है ? १७. फूल के चारो ओर जल है। १८ विद्या धर्म की ओर जाती है। १९ विद्यालय के दोनो ओर फल और फूल है। २० राजा दुर्जन को दु:ख देता है।

३	अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
(१)	विद्यालये गच्छति ।	विद्यालय गच्छति ।	१९
(२)	विद्यालयस्य प्रति० ।	विद्यालय प्रति ।	१४
(३)	ग्रामस्य निकषा (समया)० ।	ग्राम निकषा (समया)० ।	१४
(४)	धर्मस्य अनुगच्छति ।	धर्मम् अनुगच्छति ।	१४
(५)	पुष्पस्य परित:० ।	पुष्प परित.०	१४

४ **अभ्यास** .—(क) २ के वाक्यों का बहुवचन बनाओ । (ख) तुद्, इष् , स्पृश् , प्रच्छ् , पठ् , लिख् , गम् , आगम् के लट् के पूरे रूप लिखो । (ग) राम के तुल्य १० नये शब्दो के रूप बनाओ ।

५ **वाक्य बनाओ**.—अभित , परित:, समया, निकषा, प्रति, अनु, इच्छति, पृच्छति ।

६ **रिक्त स्थान भरो** —१ ग्रामम् जलमस्ति । २. विद्यालय वनमस्ति । ३ जनकः सत्यम् गच्छति । ४ त्व धनम् । ५. वय प्रश्न । ६. ईश्वरः लोक ।

शब्दकोष—१२५ + २५ = १५०] अभ्यास ६ (व्याकरण)

(क) धनम् (धन), नगरम् (नगर), आसनम् (आसन), अध्ययनम् (पढना), ज्ञानम् (ज्ञान), कार्यम् (कार्य), ओदनम् (चावल), वर्षम् (वर्ष), दिनम् (दिन)। (९)। (ख) खाद् (खाना), धाव् (दौड़ना), क्रीड् (खेलना), चल् (चलना)। अधिशी (सोना), अधिस्था (बैठना), अध्यास् (बैठना)। (७)। (ग) उभयत (दोनो ओर), सर्वत (चारो ओर), धिक् (धिक्कार), उपरि (ऊपर), अध (नीचे), अधि (अन्दर), अन्तरा (बीचमे), अन्तरेण (बिना), विना (बिना)। (९)।

सूचना—(क) धन—दिन, गृहवत्। (ख) खाद्—चल्, भवतिवत्।

व्याकरण (गृह, लोट्, द्वितीया)

१ शब्दरूप—'गृह' शब्द के पूरे रूप स्मरण कर ले। (देखो शब्दरूप स० २०)। सक्षिप्त रूप लगाकर धन आदि के रूप बनावे। सभी अकारान्त नपुसक शब्द गृह के तुल्य चलेगे।

❀ **नियम १६—र् और ष् के बाद न को ण हो जाता है, यदि अट् (स्वर, ह, य, व, र), कवर्ग, पवर्ग, आ, न्, बीच मे हो तो भी। जैसे—इन शब्दो मे यह नियम लगेगा—गृह, नगर, कार्य, वर्ष, पुष्प, पत्र। अत इनमे प्र० द्वि० बहु० में 'आणि' तृ० एक० मे 'एण', ष० बहु० मे 'आणाम्' लगेगा।**

१. धातुरूप—'भू' लोट् (आज्ञा अर्थ)				सक्षिप्तरूप एक०	द्वि०	बहु०	
भवतु	भवताम्	भवन्तु	प्र० पु०	अतु	अताम्	अन्तु	प्र० पु०
भव	भवतम्	भवत	म० पु०	अ	अतम्	अत	म० पु०
भवानि	भवाव	भवाम	उ० पु०	आनि	आव	आम	उ० पु०

सूचना—खाद् आदि के रूप भवतु के तुल्य चलेगे। जैसे, खादतु, धावतु, क्रीडतु, चलतु, कथयतु, भक्षयतु। लट् मे अधिशी>अधिशेते, अधिस्था>अधितिष्ठति, अध्यास्>अध्यास्ते।

कारक (द्वितीया)

❀ **नियम १७—उभयत, सर्वत, धिक्, उपर्युपरि, अधोऽध, अध्यधि के साथ द्वितीया होती है। जैसे—ग्रामम् उभयत। ग्राम सर्वत। धिक् नास्तिकम्।**

❀ **नियम १८—(अन्तरान्तरेणयुक्ते) अन्तरा, अन्तरेण, विना के साथ द्वितीया होती है।** जैसे—गङ्गा यमुनां च अन्तरा प्रयाग अस्ति (गंगा-यमुना के बीच से प्रयाग है।) ज्ञानमन्तरेण न सुखम्।

❀ **नियम १९—(अधिशीङ्स्थासां कर्म) अधिशी, अधिस्था, अध्यास् धातु के साथ द्वितीया होती है।** जैसे—आसनम् अधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा।

❀ **नियम २०—(कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे) समय और स्थान की दूरीवाची शब्दो में द्वितीया होती है।** जैसे—दश दिनानि (१० दिन तक) लिखति। पञ्च वर्षाणि (५ वर्ष तक) पठति। क्रोशं (कोसभर) गच्छति।

अभ्यास ६

१ **उदाहरण-वाक्य**—१ वह पुस्तक पढे—स. पुस्तक पठतु। २ तू गॉव को जा—त्व ग्राम गच्छ। ३ मै भोजन खाऊँ—अह भोजन खादानि। ४. आसन पर बैठता है—आसनम् अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा। ५ घर मे सोता है—गृहम् अधिशेते। ६. ग्रामम् उभयत. (गॉव के दोनो ओर) जलम् अस्ति। ७ विद्यालय सर्वत (विद्यालय के चारो ओर) पुष्पाणि सन्ति। ८. धिक् दुर्जनम्। ९. लोकम् उपर्युपरि (ससार के ऊपर-ऊपर), अधोऽध. (नीचे नीचे), अध्यधि (अन्दर अन्दर), ईश्वर· अस्ति। १० क्रोश चलतु।

२ **सस्कृत बनाओ—(क)** १ वह पुस्तक पढे। २ वह खाना खावे। ३ वह दौडे। ४ वह खेले। ५. वह यहॉ से चले। **(ख)** ६ तू धन की इच्छा कर। ७. तू नगर को जा। ८. तू फलो को देख। ९ तू ज्ञान की इच्छा कर। १० तू घर के कार्य को ही देख। **(ग)** ११ मै चावल पकाऊँ। १२. मै दौडूँ। १३ मे खेलूँ। १४ मै चलूँ। १५. मै फल खाऊँ। **(घ)** १६ नगर के दोनो ओर वन है। १७. घर के चारो ओर फल हे। १८. दुर्जन को धिक्कार। १९. ससार के ऊपर सूर्य है। २० गॉव के नीचे-नीचे जल है। २१ लोक के अन्दर अन्दर राम है। २२ गॉव और विद्यालय के बीच मे (अन्तरा) जल है। २३ धर्म के बिना (अन्तरेण, विना) सुख नही। २४ बालक आसन पर बैठता है। २५ पुत्र घर मे सोता है। २६ वह दश वर्ष तक अध्ययन करता है। २७ वह पॉच दिन तक लिखता है। २८ वह कोस भर चलता है।

३ अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
(१) त्व पुष्पानि पश्यतु।	त्व पुष्पाणि पश्य।	१६, १
(२) नगरस्य उभयत.०।	नगरम् उभयत·०।	१७
(३) लोकस्य उपर्युपरि०।	लोकम् उपर्युपरि०।	१७
(४) धमस्य अन्तरेण (विना)०।	धर्मम् अन्तरेण (विना)०।	१८
(५) आसने अधितिष्ठति।	आसनम् अधितिष्ठति।	१९

४ **अभ्यास**—(क) २ (क) (ख) (ग) को बहुवचन बनाओ। (ख) पूरे रूप बताओ—ज्ञान, धन, कार्य, आसन, वर्ष, दिन, फल, पुस्तक, गृह। (ग) लोट् के पूरे रूप बताओ—पठ्, लिख्, गम्, वद्, दृश्, स्था, पा, कथ्, भक्ष्, खाद्, धाव्, क्रीड्, चल्।

५ **वाक्य बनाओ**—उभयतः, सर्वत·, अन्तरा, अन्तरेण, अधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते।

६. **रिक्त स्थलों को भरो**—१ ... उभयतः जलम्। २. ... सर्वतः पुष्पाणि सन्ति। ३. ... अन्तरेण न सुखम्। ४ ... च अन्तरा प्रयाग.। ५. ... अधिशेते। ६ ... अध्यास्ते।

शब्दकोष—१५० + २५ = १७५] **अभ्यास ७** (व्याकरण)

(क) अजा (बकरी), वसुधा (भूमि), सुधा (अमृत), जटा (जटा), क्षमा (क्षमा)। तण्डुल (चावल)। दुग्धम् (दूध), शतम् (सौ, या सौ रु०)। (८)। (ख) भ्रम् (घूमना), रुह् (चढ़ना, उगना), त्यज् (छोड़ना), वस् (रहना), नी (ले जाना), हृ (ले जाना), कृष् (खोदना, खींचना), वह् (ले जाना, ढोना)। दुह् (दुहना), याच् (माँगना), दण्ड् (दंड देना), रुध् (रोकना), चि (चुनना), ब्रू (बोलना), शास् (बताना), मथ् (मथना), मुष् (चुराना)। (१७)।

सूचना—(क) अजा—क्षमा, रमावत्। तण्डुल—रामवत्। (ख) भ्रम्—वह् , भवतिवत्।

व्याकरण (रमा, लृट् , द्वितीया द्विकर्मक)

१. शब्दरूप—'रमा' के पूरे रूप स्मरण कर ले। (देखो शब्दरूप सं० १३)। संक्षिप्तरूप लगाकर अजा आदि के रूप बनाओ। नियम १६ इन शब्दों में लगेगा—रमा, क्षमा। सभी आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द रमा के तुल्य चलेंगे।

२. धातुरूप—'भू'—लृट् (भविष्यत्)

भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति	प्र पु
भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ	म पु
भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः	उ पु.

संक्षिप्तरूप	एक०	द्वि०	बहु०	
	(इ) स्यति	(इ) स्यतः	(इ) स्यन्ति	प्र पु.
	(इ) स्यसि	(इ) स्यथः	(इ) स्यथ	म पु.
	(इ) स्यामि	(इ) स्यावः	(इ) स्यामः	उ.पु.

⊛ सूचना—१. (क) इन पूर्वोक्त धातुओं में 'इष्यति' ही लगाकर रूप बनावें—पठिष्यति, लेखिष्यति, गमिष्यति, हसिष्यति, आगमिष्यति, रक्षिष्यति, वदिष्यति, पतिष्यति, स्मृ>स्मरिष्यति, कृ>करिष्यति, अस्>भविष्यति, चुर्>चोरयिष्यति, चिन्त्>चिन्तयिष्यति, कथ्>कथयिष्यति, भक्ष्>भक्षयिष्यति, इष्>एषिष्यति, खाद्>खादिष्यति, धाविष्यति, क्रीडिष्यति, चलिष्यति, भ्रमिष्यति, हृ>हरिष्यति, ज्वलिष्यति, चरिष्यति, वृष्>वर्षिष्यति।

(ख) इनमें 'स्यति' लगेगा—पच्>पक्ष्यति, नम्>नंस्यति, दृश्>द्रक्ष्यति, सद्>सत्स्यति, स्था>स्थास्यति, पा>पास्यति, घ्रा>घ्रास्यति, जि>जेष्यति, तुद्>तोत्स्यति, स्पृश्>स्प्रक्ष्यति, प्रच्छ्>प्रक्ष्यति, रुह्>रोक्ष्यति, त्यज्>त्यक्ष्यति, वस्>वत्स्यति, नी>नेष्यति, कृष्>कर्क्ष्यति, वह्>वक्ष्यति, दह्>धक्ष्यति, तप्>तप्स्यति, गै>गास्यति।

२ 'नी' आदि के क्रमशः लट् में ऐसे रूप चलेंगे—नयति, हरति, कर्षति, वहति (भवतिवत्)। दोग्धि, याचते, दण्डयति, रुणद्धि, चिनोति, ब्रवीति, शास्ति, मथ्नाति मुष्णाति।

नियम २१—ये धातुएँ द्विकर्मक हैं। (इन अर्थों की अन्य धातुएँ भी)। इनके साथ दो कर्म होते हैं—दुह् , याच् , पच् , दण्ड् , रुध् , प्रच्छ् , चि, ब्रू , शास् , जि, मथ् मुष् , नी, हृ कृष् वह्।

अभ्यास ७

१ उदाहरण-वाक्य —१. वह पढेगा—स॰ पठिष्यति। २. तू जाएगा—त्व गमिष्यसि। ३ मै आऊँगा—अहम आगमिष्यामि। ४ स. द्रक्ष्यति। ५. बकरी से दूध दुहता है—अजा दुग्ध दोग्धि। ६ राजा से क्षमा माँगता है—नृप क्षमा याचते। ७. चावलो से भात पकाता है—तण्डुलान् ओदन पचति। ८. राजा दुर्जन पर सौ रुपए दण्ड लगाता है—नृप॰ दुर्जन शत दण्डयति। ९ घर मे बकरी को रोकता है—गृहम् अजा रुणद्धि। १०. गुरु से धर्म पूछता है—उपाध्याय धर्म पृच्छति। ११. लता से फूलो को चुनता है—लता पुष्पाणि चिनोति। १२ पुत्र को धर्म बताता है—पुत्र धर्म ब्रवीति, शास्ति वा। १३. राम से सौ रुपए जीतता है—राम शत जयति। १४. समुद्र से अमृत को मथता है—सागर सुधा मथ्नाति। १५. राम के सौ रुपए चुराता है—राम शत मुष्णाति। १६. बकरी को गाँव मे ले जाता है—अजा ग्राम नयति, हरति, कर्षति, वहति वा।

२ संस्कृत बनाओ .—(क) १ वह लिखेगा। २. वह पढेगा। ३. वह हँसेगा। ४. वह ऊपर जाएगा। ५ वह नीचे आएगा। ६. वह रक्षा करेगा। ७. वह बोलेगा। ८. वह पकाएगा। (ख) ९ तू गिरेगा। १० तू नमस्कार करेगा। ११. तू देखेगा। १२. तू बैठेगा (स्था, सद्)। १३. तू जल पीएगा। १४ तू फूल सूँघेगा। १५. तू स्मरण करेगा। १६ तू जीतेगा। (ग) १७ मै धन नही चुराऊँगा। १८. मै सोचूँगा। १९. मै कथा कहूँगा (कथ्)। २०. मै खाना खाऊँगा (भक्ष्)। २१. मै धन चाहूँगा। २२. मै फूल छूऊँगा। २३. मै प्रश्न पूछूँगा। २४ मै यहाँ रहूगा। (घ) २५. वह राजा से भूमि माँगता है। २६ वह चावलो से भात पकाएगा। २७ वह पुत्र से प्रश्न पूछेगा। २८ वह शिष्य को सत्य बताएगा (वद्)। २९ वह दुर्जन से सौ रुपए जीतेगा। ३०. वह नगर मे बकरी को लाएगा (नी, हृ कृष्, वह्)।

३	अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
	(१) त्व तिष्ठिष्यसि।	त्व स्थास्यसि।	धातुरूप
	(२) नृपात् वसुधा याचते।	नृप वसुधा याचते।	२१
	(३) नगरे अजा नेष्यति।	नगरम् अजा नेष्यति।	,,

४ अभ्यास —(क) २ (क) (ख) (ग) को बहुवचन बनाओ। (ख) पूरे रूप लिखो—रमा, अजा, वसुधा, सुधा, गङ्गा, यमुना। (ग) लृट् के पूरे रूप लिखो—पठ्, लिख्, गम्, वद्, कृ, अस्, कथ्, भक्ष्, पच्, दृश्, स्था, पा, घ्रा, जि, प्रच्छ्, त्यज्, वस्, नी, वह्।

५ वाक्य बनाओ।—पास्यामि, द्रक्ष्यामि, स्थास्यामि, स्प्रक्ष्यति, प्रक्ष्यति, वत्स्यति, धारयति, जेष्यसि, याचते, पचति, ब्रवीति, नयति।

शब्दकोष—१७५ + २५ = २००] **अभ्यास ८** (व्याकरण)

(क) हरि (विष्णु, सूर्य, किरण, सिंह, बन्दर), कवि (कवि), यति (सन्यासी), भूपति (राजा), सेनापति (सेनापति), प्रजापति (प्रजापति, ब्रह्मा), रवि (सूर्य), कपि (बन्दर), मुनि (मुनि), अग्नि (आग), गिरि (पहाड), मरीचि (किरण)। मेघ (बादल), दण्ड (डडा)। कन्दुकम् (गेंद)। (१५)। (ख) दह् (जलाना), ज्वल् (जलना), तप् (तपना, तपस्या करना), चर् (चलना, घूमना), वृष् (बरसना), गै (गाना)। (६)। (ग) सह, साकम्, सार्धम्, समम् (चारो का अर्थ है, साथ) (४)।

सूचना—(क) हरि—मरीचि, हरिवत्। मेघ—दण्ड, रामवत्। कन्दुक, ज्ञानवत्। (ख) दह्—गै, भवतिवत्।

व्याकरण (हरि, लङ्, तृतीया)

१. शब्दरूप—हरि शब्द के पूरे रूप स्मरण कर ले। (देखो शब्द स० २)। सक्षिप्त रूप लगाकर कवि आदि के रूप बनाओ। सभी इकारान्त पुंलिंग शब्द हरिवत्। नियम १६ इन शब्दो मे लगेगा—हरि, रवि, गिरि। जैसे—हरिणा, हरीणाम्।

***नियम २२–(पति समास एव) पति शब्द किसी शब्द के अन्त में समस्त होगा तो उसका रूप हरि के तुल्य चलेगा। जैसे—भूपतिना, भूपतये, भूपते आदि।**

२. धातुरूप—'भू' लङ् (भूतकाल)।

अभवत्	अभवताम्	अभवन्	प्र० पु०
अभवः	अभवतम्	अभवत	म० पु०
अभवम्	अभवाव	अभवाम	उ० पु०

सक्षिप्तरूप	**एक०**	**द्वि०**	**बहु०**	
(धातु से	अत्	अताम्	अन्	प्र० पु०
पहले अ +)	अः	अतम्	अत	म० पु०
	अम्	आव	आम	उ० पु०

सूचना—लङ् मे धातु के पहले 'अ' लगेगा, बाद मे सक्षिप्तरूप। जैसे—अपठत्, अलिखत्, अदहत्, अज्वलत्, अतपत्, अचरत्, अवर्षत्, अगायत्। यदि धातु का प्रथम अक्षर स्वर हो तो 'आ' लगेगा और वृद्धि होगी। जैसे इष् > ऐच्छत्, आगम् > आगच्छत्, अस् > आसीत्।

कारक, (तृतीया, करण)

नियम २३–(साधकतम करणम्) क्रिया की सिद्धि मे सहायक को करण कहते है।

***नियम २४–(कर्तृकरणयोस्तृतीया)** करण मे तृतीया होती है और कर्मवाच्य या भाववाच्य मे कर्ता मे। जैसे—कन्दुकेन क्रीडति। दण्डेन चलति। रामेण गृहं गम्यते, रामेण भूयते।

***नियम २५–(सहयुक्तेऽप्रधाने)** सह, साकम्, सार्धम्, समम् (साथ अर्थ मे) के साथ तृतीया ही होती है। जैसे—जनकेन सह, साकं सार्धं समं वा गृहं गच्छति।

***नियम २६–(इत्थंभूतलक्षणे)** जिस चिह्न से किसी व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसमे तृतीया होती है। जैसे–जटाभिः यतिः (जटा से सन्यासी ज्ञात होता है)।

***नियम २७–(हेतौ)** कारणबोधक शब्दो मे तृतीया होती है। अध्ययनेन वसति।

अभ्यास ८

१ **उदाहरण-वाक्य** —१. उसने पढा—सः अपठत्। २ तूने लिखा—त्वम् अलिखः। ३ मैने कहा—अहम् अवदम्। ४ भूपतिना सह सेनापतिः चरति। ५ यतिना सार्धं कविः गायति। ६ मुनिः सत्येन लोकं जयति। ७ रविः मरीचिभिः अतपत्। ८ अग्निः ग्रामम् अदहत्। ९ अग्निः ज्वलति। १० गिरिं निकषा कपयः चरन्ति। ११. मेघः वर्षति। १२ प्रजापतिः (हरिः) लोकं करोति। १३. अध्ययनेन (अध्ययन के उद्देश्य से) वसति। १४ विद्यया ज्ञानं भवति। १५ धर्मेण हरिमपश्यत्।

२ **संस्कृत बनाओ** —१ राम गेंद से खेला। २ हरि डंडे से चला। ३ कवि ने गाया। ४ आग ने नगर को जलाया। ५ सूर्य ने किरणों से लोक को तपाया। ६ आग कब जली? ७ सन्यासी ने वहाँ तप किया। ८ राजा कवि के साथ घूमा। ९ राजा (भूपति) के साथ सेनापति यहाँ आया। १० जटा से सन्यासी ज्ञात होता है। ११ कवि ने किस प्रकार गाया? १२ यति मुनि के साथ हरि के पास गया। १३ पहाड के ऊपर-ऊपर सूर्य तपा। १४ बालक बन्दरों के साथ खेला। १५ मुनि राजा के साथ बैठा। १६ मेघ बरसा। १७ कवि और मुनि ने पुस्तकें लिखीं। १८ राजा और सेनापति ने लोक की रक्षा की। १९ यति ने सूर्य को नमस्कार किया। २०. बन्दर बालकों के साथ खेला।

३	अशुद्धवाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
	(१) कविना अगायत्।	कविः अगायत्।	१०
	(२) अग्निना नगरम् अदहत्।	अग्निः नगरम् अदहत्।	१०
	(३) भूपत्युः सह अगच्छत्।	भूपतिना सह अगच्छत्।	२२,२५
	(४) यतिः मुनेः सह०।	यतिः मुनिना सह०।	२५
	(५) ०सेनापतिना च लोकस्य अरक्षत्।	०सेनापतिः च लोकम् अरक्षताम्।	१०,१३,१

४ **अभ्यास** —(क) २ के वाक्यों को लट्, लोट् और लट् में परिवर्तित करो। (ख) पूरे रूप लिखो—हरि, कवि, रवि, अग्नि, मुनि, भूपति, प्रजापति। (ग) लङ् के पूरे रूप लिखो—पठ्, लिख्, गम्, वद्, दृश्, स्था, पा, प्रच्छ्, दह्, ज्वल्, चर्।

५ **वाक्य बनाओ** —सह, साकम्, सार्धम्, समम्। अदहत्, अतपत्, अचरत्, अगायत्।

६ **रिक्त स्थान भरो** —(लङ् लकार) १ रामः कन्दुकेन (क्रीड्)। २ यतिः सूर्यम् (नम्)। ३. कविः कथम् (गै)। ४. गिरिं निकषा कपिः (भ्रम्)। ५ कपिभिः सह बालः (क्रीड्)।

शब्दकोष—२०० + २५ = २२५] अभ्यास ९ (व्याकरण)

(क) गुरु (गुरु, वि० भारी, बडा), भानु (सूर्य), इन्दु (चन्द्रमा), शत्रु (शत्रु), शिशु (बालक), वायु (वायु), पशु (पशु), तरु (वृक्ष), साधु (सज्जन, सरल, अच्छा, निपुण)। काण (काना), कर्ण (कान), बधिर (बहरा), पाद (पैर) खञ्ज (लगडा), शब्द (शब्द), अर्थ (१ अर्थ, २ धन, ३ प्रयोजन), विवाद (विवाद)। नेत्रम् (ऑख), तृणम् (तिनका), सुखम् (सुख), दुःखम् (दुःख), प्रयोजनम् (प्रयोजन), हसितम् (हँसना)। प्रकृति (स्वभाव)। (२८) (ग) अलम् (१ बस, २ पर्याप्त, समर्थ, शक्त)। (१)

सूचना—(क) गुरु—साधु, गुरुवत्। काण—विवाद, रामवत्। नेत्र—हसित, गृहवत्। प्रकृति, मतिवत्।

व्याकरण (गुरु, विधिलिङ्, तृतीया, अनुस्वारसंधि)

१. शब्दरूप—गुरु शब्द के पूरे रूप स्मरण कर ले। (देखो शब्द० स० ४) संक्षिप्त-रूप लगाकर भानु आदि के रूप गुरुवत् बनावे। सभी उकारान्त पुलिंग शब्द गुरु के तुल्य चलेंगे। नियम १६ इन शब्दों मे लगेगा—गुरु, शत्रु, तरु। जैसे—गुरुणा, गुरूणाम्, शत्रुणा, शत्रूणाम्।

२. धातुरूप—'भू' विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ)

				संक्षिप्त रूप	एक०	द्वि०	बहु०	
भवेत्	भवेताम्	भवेयुः	प्र० पु०		एत्	एताम्	एयुः	प्र पु.
भवेः	भवेतम्	भवेत	म० पु०		ए	एतम्	एत	म. पु.
भवेयम्	भवेव	भवेम	उ० पु०		एयम्	एव	एम	उ पु.

संक्षिप्तरूप लगाकर पठ् आदि के रूप बनावे। जैसे पठेत्, लिखेत्, गच्छेत्, पश्येत्।

कारक (तृतीया, अनुस्वार सन्धि)

*नियम २८—किम्, कार्यम्, अर्थ, प्रयोजनम् (चारो प्रयोजन अर्थ मे हो तो) के साथ तृतीया होती है। जैसे मूर्खेण पुत्रेण किम्, किं कार्यम्, कोऽर्थ, किं प्रयोजनम् (मूर्ख पुत्र से क्या लाभ या क्या प्रयोजन)। तृणेन अपि कार्यं भवति।

*नियम २९—अलम् (बस, मत) के साथ तृतीया होती है। जैसे—अलं हसितेन (मत हँसो), अलं विवादेन (विवाद मत करो)।

*नियम ३०—(येनाङ्गविकारः) शरीर के जिस अंग मे विकार से विकृत दिखाई पडे, उसमें तृतीया होती है। जैसे—नेत्रेण काणः (एक आँख से काणा), कर्णेन बधिरः।

*नियम ३१—(प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्) प्रकृति (स्वभाव) आदि क्रियाविशेषण शब्दों में तृतीया होती है। प्रकृत्या साधु (स्वभाव से सरल)। सुखेन जीवति। दुःखेन जीवति। सरलतया लिखति।

*नियम ३२—(संधि)—(मोऽनुस्वारः) पदान्त (शब्द के अन्तिम) म् के बाद कोई हल् (व्यंजन) हो तो म् को अनुस्वार (ं) हो जाता है, स्वर बाद मे हो तो नहीं। रामम् + पश्यति = रामं पश्यति। रामम् + अपश्यत = राममपश्यत्।

अभ्यास ९

१ **उदाहरण-वाक्य**—१. उसे पढना चाहिए (वह पढे)—स. पठेत्। २. तुझे लिखना चाहिए—त्व लिखे.। ३ मै गुरु को नमस्कार करूँ—अह गुरु नमेयम्। ४. दुर्जनेन कोऽर्थ, कि प्रयोजनम्, कि कार्यम् (दुर्जन से क्या लाभ)। ५ अल भोजनेन (भोजन मत करो)। ६ पादेन खञ्ज। ७ गुरु. शिशु प्रश्न पृच्छेत्। ८. सूर्यः मरीचिभि. तपेत्। ९ इन्दु. सुधा वर्षेत्। १० भूपति. शत्रून् जयेत्। ११. साधु पशुभिः सह चरेत्। १२ तरुः फलै. नमेत्। १३ सज्जना विद्यया सह नमेयु। १४ प्रकृत्या साधुः।

२ **संस्कृत बनाओ**—(क) १ दुर्जन शिष्य से क्या लाभ? २ मत हँसो। ३ मत खाओ। ४ शत्रु आँख से काना है। ५ शिशु कान का बहरा है। ६. पशु पैर से लगडा है। ७ गुरु स्वभाव से सज्जन है। ८ वायु सुख से बहती है। **(ख)** (विधिलिङ्) ९ शिशु गुरु को नमस्कार करे। १०. तू सूर्य को देख। ११ मै चन्द्रमा को देखूँ। १२ वे शत्रुओ को जीते। १३ हवा बहे (वह्)। १४ शिशु पशुओ के साथ पहाड पर जावे। १५. साधु वृक्षो के पास बसे। १६. तू घर को जा। १७. मै वृक्षो को देखूँ। १८. हम सूर्य को देख। १९ साधु चावल पकावे। २०. शिशु दूध पीए।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	अल हसितस्य।	अल हसितेन।	२९
(२)	नेत्रस्य काण.।	नेत्रेण काण।	३०
(३)	सुखात् वहति।	सुखेन वहति।	३१
(४)	गिरौ गच्छेत्।	गिरि गच्छेत्।	१५
(५)	दुग्धम् पिबेत्।	दुग्ध पिबेत्।	३२

४ **अभ्यास**—(क) २ (ख) को लोट्, लट् और लट् मे बदलो। (ख) पूरे रूप लिखो—गुरु, भानु, इन्दु, शिशु, शत्रु, वायु, साधु। (ग) विधिलिङ् के पूरे रूप लिखो—पठ्, लिख्, गम्, वद्, दृश्, स्था, पा, प्रच्छ्, चर्, त्यज्, खाद्, धाव्।

५ **वाक्य बनाओ**—कोऽर्थ, कि प्रयोजनम्, अलम्, प्रकृत्या, काण, खञ्ज। पठेत्, लिखेत्, गच्छेः, वदे., पश्येत्, तिष्ठेत्, पिबेत्, पृच्छेत्, त्यजेयम्, खादेम।

६. **रिक्त स्थान भरो**—१. अल .। २. प्रकृत्या..। ३. बधिरः। ४... कोऽर्थ.। ५ .पश्येत्। ६ ..पठेम। ७ गच्छेम। ८ नमेयम्।

७. **संधि करो**—किम् + कार्यम् + करोति। अहम् + गृहम् + गच्छामि। पुस्तकम् + पठति। गुरुम् + नमति। शिशुम् + प्रश्नम् + पृच्छति। जलम् + पिबति। त्वम् + पठसि। अहम् + लिखामि।

शब्दकोष—२२५ + २५ = २५०] अभ्यास १०　　(व्याकरण)

(क) तत् (वह), यत् (जो), एतत् (यह), किम् (कौन), सर्व (सब), पूर्व (पहला), विश्व (१ सब, २ संसार), अन्य (और), इतर (और) (सर्वनाम)। विप्र (ब्राह्मण), इन्द्र (इन्द्र), दैत्य (राक्षस)। प्रभु (१ स्वामी, २ समर्थ), पितृ (१ पिता, २ पितर लोग)। (१४)। (ख) दा (यच्छ्) (देना), वितृ (देना), दा (देना)। (३)। (ग) नम (नमस्कार, प्रणाम), स्वस्ति (आशीर्वाद), स्वाहा (देवताओं के लिए अग्नि में आहुति), स्वधा (पितरों के लिए अन्नादि), अलम् (पर्याप्त, समर्थ), वषट् (आहुति, साधुवाद), (६)। (घ) शक्त (समर्थ), समर्थ (समर्थ)। (२)

सूचना—(क) तत्—इतर, सर्ववत्। (ख) दा—वितृ, भवतिवत्।

व्याकरण (सर्वनाम पुलिंग, चतुर्थी, यण्सन्धि)

१ सर्व शब्द के रूप पुलिंग में स्मरण करो। (देखो शब्द० सं० २९ क)। नियम १६ इन शब्दों में लगेगा—सर्व, पूर्व, विप्र, इन्द्र, प्रभु, पितृ।

❀ **सूचना**—(क) अकारान्त सर्वनाम शब्दों में 'राम' शब्द के रूप से ये ५ अन्तर होते हैं—१ प्र बहु में 'ए'। २ च एक में 'स्मै'। ३ प. एक. में 'स्मात्'। ४ ष बहु में 'एषाम्'। ५ स. एक में 'स्मिन्' लगेगा। शेष रामवत्। (ख) तत्, यत्, एतत्, किम् को पुलिंग में क्रमश त, य, एत, क रूप हो जाता है, इनके ही रूप चलते हैं। केवल तत् और एतत् को प्र एक. में क्रमशः सः, एष हो जाता है। जैसे, तत् > स. तौ ते।

२ धातुरूप—लट् में यच्छ् > यच्छति। वितृ > वितरति। दा > ददाति।

❀ **नियम ३३**—सर्वनाम शब्दों और विशेषण शब्दों का वही लिंग, विभक्ति और वचन होता है, जो विशेष्य का होता है। जैसे, क नर, कं नरम्, केन नरेण। का बाला।

नियम ३४—(कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्) दान आदि क्रिया जिसके लिए की जाती है, उसे संप्रदान कहते हैं।

❀ **नियम ३५**—(चतुर्थी सम्प्रदाने) सम्प्रदान कारक में चतुर्थी होती है। विप्राय धनं ददाति।

❀ **नियम ३६**—(नमःस्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड्योगाच्च) नम, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् (तथा पर्याप्त अर्थवाले अन्य शब्द), वषट् के साथ चतुर्थी होती है। जैसे, गुरवे नम। शिष्याय स्वस्ति। अग्नये स्वाहा। पितृभ्य स्वधा। इन्द्राय वषट्। हरि दैत्येभ्य अलम्, प्रभु, समर्थ।

❀ **नियम ३७**—(सधि) (इको यणचि) इ, ई, को य्, उ, ऊ, को व्, ऋ ॠ को र्, ऌ को ल् हो जाता है, यदि बाद में कोई स्वर हो तो। सवर्ण (वैसा ही) स्वर हो तो नहीं। जैसे, प्रति + एक = प्रत्येक, इ को य्। पठतु + एक = पठत्वेक, उ को व। पितृ + आ = पित्रा। ऌ + आकृति = लाकृति।

अभ्यास १०

१ उदाहरण-वाक्य —१ वह उस ब्राह्मण को धन देता है—स तस्मै विप्राय धन ददाति, यच्छति, वितरति वा। २ गुरु को नमस्कार—गुरवे नम.। ३ पुत्राय स्वस्ति। ४. राम शत्रुओ के लिए पर्याप्त है—राम. शत्रुभ्य. अलम्, समर्थ., शक्त., प्रभुः वा। ५ एतस्मै बालकाय फल यच्छ, वितर वा। ६ कस्मै शिष्याय ज्ञान वितरसि। ७. सर्वेभ्य. (विश्वेभ्य.) शिशुभ्य भोजन वितर, इतरेभ्य. (अन्येभ्य.) फलानि यच्छ। ८. तिष्ठत्यत्र क. ? ९ लिखत्वेक, पठत्वन्यः। १० आगच्छत्विह राम.।

२ संस्कृत बनाओ —(क)१. उस बालक को दूध दो (यच्छ्, वितृ)। २ इस मुनि को धन दो। ३ सूर्य को जल दो। ४ किस राजा को धन देते हो ? ५ उस कवि को भोजन दो। ६. जिस बालक को फल देते हो, उसी को फूल भी दो। ७ पिता को नमस्कार। ८ शिष्य को आशीर्वाद। ९ दुर्जन के लिए राजा पर्याप्त है। १० ज्ञान के लिए गुरु के पास जाओ। ११ अग्नि के लिए स्वाहा। १२ पितरो के लिए स्वधा। (ख) १३ इन कवियो को फल और फूल दो। १४ जो बालक विद्यालय नही जाता, उसको पिता दण्ड देता है। १५ इन फलो के लिए उन वृक्षो को देखो। १६ इस प्रश्न को उस शिष्य से पूछो। १७ सारे (सर्व, विश्व) विद्वानो को वहॉ ले जाओ। १८ किस बालक को पूछते हो ? १९ किस विद्यालय मे पढते हो ? २०. इन बालको को पुस्तक दो और उन बालको को गेद दो।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	त बालक दुग्ध वितर।	तस्मै बालकाय दुग्ध वितर।	३३, ३५
(२)	एत मुनिं धन यच्छ।	एतस्मै मुनये धन यच्छ।	३३, ३५
(३)	जनक नम।	जनकाय नमः।	३६
(४)	एत प्रश्न तस्मात् शिष्यात् पृच्छ।	एत प्रश्न त शिष्य पृच्छ।	२१, ३३

४ अभ्यास —(क) २ (क) को बहुवचन मे परिवर्तित करो। (ख) तत्, यत्, एतत्, किम्, सर्व, विश्व के पुलिग मे पूरे रूप लिखो। (ग) यच्छ्, वितृ के लट्, लोट्, विधिलिङ् के पूरे रूप लिखो।

५ वाक्य बनाओ —नम., स्वस्ति, अलम्, प्रभुः, कस्मै, तस्मै, एतस्मै, यस्मै, सर्वेभ्य.।

६ संधि करो —प्रति + एक। इति + उवाच। इति + आह। इति + अवदत्। आगच्छतु + अत्र। पठतु + एष.। सुधी + उपास्य। मधु + अरि.। धातृ + अशः। ऌ + आकृतिः।

७ संधि-विच्छेद करो —यद्यपि, प्रत्युपकारः, इत्येतत्, इत्युवाच, पठत्वत्र, गच्छत्वन्यः।

शब्दकोष—२५० + २५ = २७५] **अभ्यास ११** (व्याकरण)

(क) ब्राह्मण (ब्राह्मण), क्षत्रिय (क्षत्रिय), वैश्य (वैश्य), शूद्र (शूद्र), वर्ण (वर्ण), मोक्ष (मोक्ष, मुक्ति), मूर्ख (मूर्ख), चोर (चोर), अश्व (घोडा)। मोदकम् (लड्डू), पापम् (पाप)। (११)। (ख) क्रुध् (क्रोध करना), कुप् (क्रोध करना), द्रुह् (द्रोह करना), ईर्ष्य् (ईर्ष्या करना), असूय (बुराई निकालना), धारि (धारण करना, किसी का ऋणी होना), स्पृह् (चाहना), निवेदि (कहना, निवेदन करना), उपदिश् (उपदेश देना), भज् (सेवा या भजन करना), क्रन्द् (रोना)। रुच् (१. अच्छा लगना, २ चमकना)। (१२) (ग) अर्थम् (लिए), कृते (लिए) (२)।

सूचना —(क) ब्राह्मण—अश्व, रामवत्। मोदक—पाप, गृहवत्।

व्याकरण (सर्वनाम नपुं०, चतुर्थी, अयादिसंधि)

१ **शब्दरूप** —सर्व के नपु० के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० २९ ख)। संक्षिप्तरूप लगाकर तत् आदि (अभ्यास १०) के पूरे रूप बनाओ। **सूचना**—सर्व आदि के तृतीया से सप्तमी तक पुलिंग के तुल्य रूप होंगे। प्र द्वि मे अम्, ए, आनि लगेगा। तत् आदि के प्र द्वि एक मे ये रूप होते है—तत्, यत्, एतत्, किम्, अन्यत्, इतरत्।

२ **धातुरूप** —क्रुध् आदि के ये रूप बनाकर लट् आदि मे 'भवति' के तुल्य रूप चलेंगे। क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति, धारयति, स्पृहयति, निवेदयति, उपदिशति, भजति, क्रन्दति। रुच् का लट् मे रोचते (देखो अभ्यास १६)।

*नियम ३८–(रुच्यर्थानां प्रीयमाण) रुच् (अच्छा लगना) अर्थ की धातुओं के साथ चतुर्थी होती है। जैसे, बालकाय मोदकं रोचते। पुत्राय दुग्धं रोचते।

*नियम ३९–(क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोप) क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय अर्थ की धातुओं के साथ जिस पर क्रोध किया जाय, उसमे चतुर्थी होती है। राम. मूर्खाय (राम मूर्ख पर) क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति।

*नियम ४०–कथ्, निवेदय, उपदिश्, धारय (ऋणी होना), स्पृह्, कल्पते (होना), संपद्यते (होना) तथा हितम् (हित), सुखम् के साथ चतुर्थी होती है। जैसे—शिष्याय (शिष्य को) कथयति। राम देवदत्ताय शत (राम देवदत्त का सौ रु०) धारयति। विद्या ज्ञानाय कल्पते, संपद्यते।

*नियम ४१–(तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या) जिस प्रयोजन के लिए जो वस्तु या क्रिया होती है, उसमे चतुर्थी होती है। जैसे मोक्षाय हरिं भजति। शिशु दुग्धाय क्रन्दति।

नियम ४२–चतुर्थी के अर्थ मे 'अर्थम्' और 'कृते' अव्ययों का प्रयोग होता है। कृते के साथ षष्ठी होती है। भोजनार्थम्, भोजनस्य कृते (खाने के लिए)।

*नियम ४३–(संधि) (एचोऽयवायाव) ए को अय्, ओ को अव्, ऐ का आय्, औ को आव् हो जाता है, बाद मे कोई स्वर हो तो। जैसे ने+अनम् = नयनम्। हरे + ए = हरये। गुरो + ए = गुरवे। गै + अक = गायक। द्वौ + अत्र = द्वावत्र।

अभ्यास ११

१ उदाहरण-वाक्य —१ बालक को लड्डू अच्छा लगता है—बालकाय मोदक रोचते। २ नृप. दुर्जनेभ्य (राजा दुर्जनों पर) क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति। ३ गुरुः शिष्याय (शिष्य को) कथयति, निवेदयति, उपदिशति। ४ हरिः पुष्पेभ्यः (फूलों को) स्पृहयति। ५ विद्या अर्थाय कल्पते, सपद्यते, भवति (धन के लिए है)। ६ ब्राह्मणाय (ब्राह्मण का) हितम्, सुख वा भवेत्। ७ शिशु दुग्धाय (दुग्धार्थम्, दुग्धस्य कृते) क्रन्दति। ८ तत् पुस्तक पठ। ९ एतत् राज्य रक्ष। १०. किं कार्यं करोषि? ११ सर्वाणि पुस्तकानि शिष्येभ्य. सन्ति। १२ अन्यत् (इतरत्) पुस्तक पठ। १३ द्वावत्र आगच्छत। १४ बालकावद्य क्रीडत.।

२ संस्कृत बनाओ —१ इस लडकी को यह फूल अच्छा लगता है। २ उस बालक को यह पुस्तक अच्छी लगती है। ३ गुरु शिष्य पर क्रोध करता है। ४. यह दुर्जन उस सज्जन से द्रोह करता है। ५ वह मूर्ख इस विद्वान् से ईर्ष्या करता है (ईर्ष्य, असूय)। ६ वह गुरु इन शिष्यो को उपदेश देता है। ७ राजा सेनापति से कहता है। ८ शिष्य गुरु से भोजन के लिए (अर्थम्, कृते) निवेदन करता है। ९ वह मुनि मोक्ष के लिए ईश्वर को भजता है। १० चार वर्ण है, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। ११. वह गुरु इन शिष्यो को विद्या देता है। १२ राम ये फल चाहता है (स्पृह्)। १३. सारे पापो को छोडो। १४. ये क्षत्रिय उन वैश्यो और शूद्रो की रक्षा करे। १५ यह दूसरी (अन्य, इतर) पुस्तक है। १६. वह मनुष्य राम का सौ रु० का ऋणी है। १७. शिष्य का हित हो (हितम्, सुखम्)।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	बालक पुस्तक रोचते।	बालकाय पुस्तक रोचते।	३८
(२)	शिष्ये क्रुध्यति।	शिष्याय क्रुध्यति।	३९
(३)	शिष्य कथयति, उपदिशति।	शिष्याय कथयति, उपदिशति।	४०

४ अभ्यास —(क) यत्, तत्, एतत्, किम्, सर्व, विश्व के नपु० के पूरे रूप लिखो। (ख) इनके लट्, लोट्, विधिलिङ् के रूप लिखो—क्रुध्, उपदिश्, भज्, निवेदय, धारय।

५ वाक्य बनाओ —रोचते, क्रुध्यति, द्रुह्यति, धारयति, स्पृहयति, कथयति, भजति, अर्थम्।

६. संधि करो —मुने + ए, कवे + ए, जे + अति, जे + अ, शे + अनम्, गुरो + ए, पो + अन, भो + अति, नै + अक, कै + अ, पौ + अकः, प्रभौ + अ, द्रौ + अकः।

७ सधि-विच्छेद करो —सज्जनावत्र, बालावद्य, ब्राह्मणाविदानीम्, द्वावेतौ, भावक, परिचायक, यतये, कवये, शिशवे, साधवे, गुरवे।

शब्दकोष—२७५+२५=३००] अभ्यास १२ (व्याकरण)

(क) वृक्षः (वृक्ष), प्रासाद (महल)। शैशवम् (बाल्यकाल), उपवनम् (वाटिका)। प्रजा (प्रजा), वेला (समय)। (६)। (ख) भी (डरना), त्रै (रक्षा करना), अधि+इ (पढना), आनी (लाना)। (४)। (ग) ऋते (बिना), आरात् (१ समीप, २ दूर), प्रभृति (उक्त समय से लेकर), आरभ्य (आरम्भ करके), बहि (बाहर)। (५)। (घ) पूर्व (१ पूर्वदिशा, २ पहले), पश्चिम (पश्चिम दिशा), उत्तर (उत्तर दिशा), दक्षिण (१ दक्षिण दिशा, २ चतुर) प्राक् (१ पूर्व की ओर, २ पहले), प्रत्यक् (पश्चिम की ओर), उदक् (उत्तर की ओर), दक्षिणा (दक्षिण की ओर), भिन्न (अतिरिक्त, अलावा), अतिरिक्त (भिन्न)। (१०)।

सूचना—(क) वृक्ष—प्रासाद, रामवत्। शैशव—उपवन, गृहवत्। प्रजा—वेला, रमावत्।

व्याकरण (सर्वनाम स्त्रीलिंग, पचमी, गुणसंधि)

१ सर्व शब्द के स्त्रीलिंग के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स २९ ग)। सक्षिप्तरूप लगाकर विश्व आदि (अभ्यास १०) के रूप बनाओ। सूचना—रमा शब्द से सर्व आदि के स्त्रीलिंग मे ५ स्थानो पर अन्तर होगे। १ च एक अस्यै। २ ३ प और ष. एक. अस्या। ४ ष बहु आसाम्। ५ स एक अस्याम्। तत् आदि का प्रथमा एक मे सा, या, एषा, का होता है। आगे ता, या, एता, का, का रूप रमावत् चलावे।

२ भी आदि के लट् मे क्रमश ये रूप होगे—बिभेति, त्रायते (सेवतेवत्), अधीते, आनयति (भवतिवत्)।

नियम ४४–(ध्रुवमपायेऽपादानम्) जिससे कोई वस्तु आदि अलग हो, उसे अपादान कहते हैं।

*नियम ४५–(अपादाने पञ्चमी) अपादानमे पचमी होती है। जैसे, वृक्षात् पत्र पतति।

*नियम ४६–(अन्यारादितरर्ते०) अन्य, आरात्, इतर (तथा अन्य अर्थवाले और भी शब्द), ऋते, पूर्व आदि दिशावाची शब्द (इनका देश, काल अर्थ हो तो भी), प्रभृति, बहि, शब्दो के साथ पचमी होती है। जैसे—ज्ञानाद् ऋते न मोक्ष.। ग्रामात् पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण प्राक् आदि (गाँव से पूर्व आदि की ओर)। शैशवात् प्रभृति (बचपन से लेकर)। ग्रामाद् बहि।

*नियम ४७–(भीत्रार्थाना भयहेतु) भय और रक्षा अर्थ की धातुओ के साथ भय के कारण में पंचमी होती है। चोराद् बिभेति। चोरात् त्रायते।

नियम ४८–(आख्यातोपयोगे) जिससे विद्या आदि पढी जाए, उसमें पंचमी होती है। उपाध्यायादधीते। गुरो पठति।

नियम ४९–(अदेङ् गुण)। अ, ए, ओ को गुण कहते है।

*नियम ५०–(सधि) (आद्गुण) अ या आ के बाद इ या ई को ए, उ या ऊ को ओ, ऋ या ॠ को अर्, ऌ को अल् होता है। जैसे, रमा+ईश =रमेशः, पर+उपकारः=परोपकार, महा+ऋषि =महर्षि., तव+ऌकार,=तवल्कार।

अभ्यास १२

१ उदाहरण-वाक्य — १ उस वृक्ष से यह पत्ता गिरता है—तस्माद् वृक्षाद् एतत् पत्र पतति। २. तस्माद् अश्वात् स नर पतति। ३ प्रासादाद् बाल. अपतत्। ४ तस्माद् गुरो. अधीते, पठति वा। ५ चोराद् बिभेति। ६ चोरात् त्रायते। ७ रामाद् अन्यः (इतर, भिन्न, अतिरिक्त) क सत्य वदेत्। ८ धनाद् ऋते न सुखम्। ९ एषा बालिकेच्छति लतामेताम्। १० एता सर्वा. (विश्वा) प्रजा. धर्म रक्षन्ति। ११ प्रजेच्छति नृपम्। १२ पश्येदानीम्। १३. नेदानी गच्छ। १४ पश्योपरि। १५ केदानीं वेला।

२ सस्कृत बनाओ —१. इस वृक्ष से ये फूल गिरे। २. उस महल से वह लडकी गिरी। ३ किस घोडे से वह सेनापति गिरा? ४ जिस नगर से वह राजा इस गॉव मे आया, उसी नगर को अब गया है। ५ उस पाठशाला से वह लडकी यहॉ आई। ६ उस गुरु से वह शिष्य पढता है (अधि+इ)। ७ उसने गुरु से पढा। ८ यह लडकी चोर से डरती है। ९ वह ब्राह्मण इस कन्या को उस राक्षस से बचाता है। १० प्रजा से राजा के लिए धन लाओ। ११ क्षत्रिय के अतिरिक्त (अन्य, इतर, भिन्न, अतिरिक्त) कौन इस प्रजा को दु ख से बचाता है? १२ धर्म के बिना (ऋते) सुख नहीं। १३ गॉव के पास (आरात्) सारी प्रजा है। १४ गॉव के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण की ओर कौन लोग रहते हे? १५ बाल्यकाल से लेकर यहॉ ही रहता हूँ। १६ गॉव के बाहर जाओ। १७ अब क्या समय है? १८ वाटिका से फूल लाओ। १९. वृक्ष से फल गिरे। २० उस गुरु से विद्या पढो।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) इद वृक्षात् एते फलानि०।	एतस्माद् वृक्षाद् एतानि फलानि०	३३
(२) त नगरम् अगच्छत्।	तद् नगरम् अगच्छत्।	३३
(३) तेन गुरुणा अधीते।	तस्माद् गुरो अधीते।	४८
(४) चोरेण बिभेति।	चोरात् बिभेति।	४७
(५) ग्रामस्य पूर्व, प्राक्०।	ग्रामात् पूर्व, प्राक्०।	४६

४ अभ्यास —यत्, तत्, एतत्, किम्, सर्व, पूर्व के स्त्रीलिंग के पूरे रूप लिखो।

५ वाक्य बनाओ —बिभेति, त्रायते, अधीते, आनयति, ऋते, आरात्, प्रभृति, बहिः, पूर्व, भिन्न।

६ सन्धि करो —का+इदानीम्। एषा+इच्छति। न+इदम्। पर+उपकार। महा+उदय। महा+उत्सव। वीर+इन्द्र.। महा+ऋषि। राजा+ऋषि.। पश्य+उपरि।

७ सन्धि-विच्छेद करो.—नेच्छति, गच्छोपरि, ब्रह्मर्षि., सप्तर्षि, केह, तस्योपरि, सूर्योदय।

शब्दकोष—३०० + २५ = ३२५] अभ्यास १३ (व्याकरण)

(क) इदम् (यह), अदस् (वह) (सर्वनाम)। अङ्कुर (अंकुर), तिल (तिल), माष (उड़द), यव (जौ)। बीजम् (बीज)। (७)। (ख) विरम् (रुकना), प्रमद् (प्रमाद करना), निवृ (हटाना), प्रभू (१ उत्पन्न होना, २ समर्थ होना), उद्भू (निकलना), प्रतिदा (बदले मे देना)। जुगुप्स (घृणा करना), जन् (उत्पन्न होना), निली (छिपना)। (९)। (ग) पृथक् (अलग)। (१)। (घ) दूर (दूर), अन्तिक, समीप, निकट, पार्श्व, सकाश (इन ५ का अर्थ है, समीप)। पटु (पटुतर) (१ चतुर, २. उससे चतुर), गुरु (गुरुतर) (१ भारी या श्रेष्ठ, २ उससे भारी या अच्छा)। (८)।

सूचना—(क) अंकुर—यव, रामवत्। बीज, गृहवत्।

व्याकरण (इदम्, अदस् (पु०), पञ्चमी, वृद्धिसन्धि)

१ इदम्, अदस के पुंलिंग के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स ३७, ३८, क)।

२ 'विरम्' आदि धातुओ के लट् मे क्रमश ये रूप होंगे, विरमति, प्रमाद्यति, निवारयति, प्रभवति, उद्भवति, प्रतियच्छति, (उक्त रूप बनाकर भवतिवत्)। जुगुप्सते, जायते, निलीयते, (उक्त रूप बनाकर सेवतेवत्, देखो अभ्यास १६)।

नियम ५१—(जुगुप्साविराम०) जुगुप्सते, विरमति, प्रमाद्यति के साथ पंचमी होती है। पापात् जुगुप्सते, विरमति। धर्मात् प्रमाद्यति।

❀ **नियम ५२**—(वारणार्थानामीप्सित) जिस वस्तु से किसी को हटाया जाए, उसमे पचमी होती है। यवेभ्य पशु वारयति। पुत्र पापाद् वारयति, निवारयति वा।

❀ **नियम ५३**—जायते, उद्भवति, प्रभवति, उद्गच्छति, (उत्पन्न या निकलना अर्थ मे), निलीयते, प्रतियच्छति के साथ पचमी होती है। प्रजापते लोक जायते। हिमालयाद् गङ्गा प्रभवति, उद्भवति। नृपात् चोर निलीयते। तिलेभ्य माषान् प्रतियच्छति।

❀ **नियम ५४**—तुलना मे जिससे तुलना की जाती है, उसमे पंचमी होती है। रामात् कृष्ण पटुतर। धनात् ज्ञान गुरुतरम्।

नियम ५५—(पृथग्विना०) पृथक् और विना के साथ पचमी, द्वितीया और तृतीया तीनो होती है। रामात्, रामेण, रामं विना पृथक् वा।

नियम ५६—(दूरान्तिकार्थेभ्यो०) दूर और निकटवाची शब्दो मे पचमी, द्वितीया और तृतीया तीनो होती है। ग्रामस्य दूरात्, दूरेण, दूरम्।

नियम ५७—(वृद्धिरादैच्) आ, ऐ, औ को वृद्धि कहते है।

❀ **नियम ५८**—(वृद्धिरेचि) अ या आ के बाद ए या ऐ हो तो 'ऐ', ओ या औ हो तो 'औ' होता है। तदा + एक = तदैक। तस्य + ऐश्वर्यम् = तस्यैश्वर्यम्। तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम्। महा + औषधि = महौषधि।

अभ्यास १३

१ **उदाहरण-वाक्य**—१ यह बालक पाप से घृणा करता है—अयं बालः पापाद् जुगुप्सते, विरमति वा । २ यवेभ्य॰ इमान् पशून् निवारयति । ३ असु पुत्र पापाद् निवारय । ४ एभ्य॰ तिलेभ्य माषान् प्रतियच्छति । ५ अमुष्माद् बालकाद् अयं बालकः पटुतर । ६ विद्याया॰ (विद्या, विद्यया) विना न ज्ञानम् । ७ अस्माद् ग्रामात् पृथक् वस । ८ जनकस्य समीपात् (अन्तिकात्, पार्श्वात्, निकटात्, सकाशात्) आगच्छामि । ९ बालिकैषा आगच्छति । १० तदैकः नरः आगच्छत् । ११ पश्यैता लताम् । १२. निवारयैतस्मात् पापात् पुत्रम् ।

२ **संस्कृत बनाओ**—(इदम्, अदस् का प्रयोग करो) १ यह बालक धर्म से प्रमाद करता है । २ वह शिष्य इस पाप से रुकता है । ३ मेरा पुत्र पाप से घृणा करता है । ४ यह गुरु उस शिष्य को इस पाप से हटाता है । ५ जौ से इन पशुओ को हटाओ । ६ प्रजापति से यह लोक उत्पन्न होता है । ७ गङ्गा हिमालय से निकलती है । ८ बीजो से अकुर उत्पन्न होते है । ९ वह बालक पिता से छिपता है । १० वह वैश्य इन चावलो से उडद को बदलता है । ११ उस यति से यह कवि अधिक चतुर है । १२ धन से ज्ञान अधिक बडा है । १३ इस कवि के बिना कौन कथा कहेगा । १४. उस गुरु के पास से इस ग्राम मे आया हूँ । १५ नगर से दूर वह विद्यालय है । १६. उस गुरु से विद्या पढो ।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	अनेन पापेन निवारयति ।	अस्मात् पापाद् निवारयति ।	५२
(२)	एभि तण्डुलै॰ प्रतियच्छति ।	एभ्य तण्डुलेभ्य॰ ।	५३
(३)	धनेन ज्ञान गुरुतर ।	धनात् ज्ञान गुरुतरम् ।	५४,३३
(४)	अस्मिन् ग्रामे आगच्छम् ।	इम ग्रामम् आगच्छम् ।	१५

४ **अभ्यास**—(क) इदम् और अदस् के पुलिंग के पूरे रूप लिखो । (ख) पचमी किन किन स्थानो पर होती है, उदाहरण सहित बताओ ।

५ **वाक्य बनाओ**—जुगुप्सते, विरमति, प्रमाद्यति, जायते, उद्भवति, प्रभवति, प्रतियच्छति, निलीयते, पटुतर॰, गुरुतर, पृथक्, विना, दूरात्, अन्तिकात् ।

६ **सधि करो**—विद्या + एषा । पश्य + एतम् । देव + ऐश्वर्यम् । यदा + एक॰ । कदा + एकेन । तस्य + एव । सर्वदा + एव । अत्र + एक॰ । सा + एव । महा + औषधम् । महा + ओषधि॰ । सदा + एषा । न + एष । का + एषा । अद्य + एव । अथ + एक ।

७ **सन्धि-विच्छेद करो**—पश्यैताम् । आनयैतस्या । निवारयैतस्मात् । सैषा । नैतत् । नैव ।

शब्दकोष—३२५+२५ = ३५०] अभ्यास १४ (व्याकरण)

(क) छात्र (विद्यार्थी), अन्नम् (अन्न)। (२)। (ख) निन्द् (निन्दा करना), अर्च् (पूजा करना), शुच् (शोक करना), जप् (जप करना), आलप् (बात करना), आह्वे (बुलाना), तॄ (तैरना), ध्यै (ध्यान करना), अभिलष् (चाहना), जीव् (जीना), खन् (खोदना)। (११)। (ग) निमित्तम्, कारणम्, हेतु (तीनों का अर्थ है 'कारण'), उत्तरत (उत्तर की ओर), दक्षिणत (१ दक्षिण की ओर, २ दाहिनी ओर), पुर. (सामने), पुरस्तात् (सामने), उपरिष्टात् (ऊपर की ओर), अवस्तात् (नीचे की ओर), पश्चात् (पीछे), अग्रे (आगे)। (११)। (घ) श्रेष्ठ (श्रेष्ठ), [पटुतम (सबसे अधिक चतुर)] (१)।

सूचना—(क) छात्र, रामवत्। अन्न, गृहवत्। (ख) निन्द्—खन्, भवतिवत।

व्याकरण (इदम्, अदस् (नपु०), षष्ठी, पूर्वरूपसन्धि)

१ इदम्, अदस् के नपुसक लिंग के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द ३७, ३८ख)।

२ संक्षिप्त रूप लगाकर भवतिवत् निन्द् आदि के दसों लकारों में रूप चलाओ। जैसे, निन्दति, शोचति, आह्वयति, तरति, ध्यायति, अभिलषति, जीवति, खनति।

सूचना—षष्ठी दो या अधिक शब्दों का केवल सम्बन्ध बताती है, उसका क्रिया से साक्षात् सम्बन्ध नहीं है, अत. संस्कृत में षष्ठी को कारक नहीं मानते हैं।

*नियम ५९—(षष्ठी शेषे) सम्बन्ध का बोध कराने के लिए षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे, गङ्गाया जलम्। रामस्य पुस्तकम्। देवदत्तस्य धनम्। रामायणस्य कथा।

*नियम ६०—(षष्ठी हेतुप्रयोगे) हेतु शब्द के साथ षष्ठी होती है। अन्नस्य हेतो· वसति।

*नियम ६१—(निमित्तपर्यायप्रयोगे सर्वासां प्रायदर्शनम्) निमित्त अर्थवाले शब्दों (निमित्त, कारण, हेतु, प्रयोजन) के साथ प्राय सभी विभक्तियाँ होती हैं। किं निमित्तं वसति, केन निमित्तेन, कस्मै निमित्ताय। कस्य हेतो, कस्मात् कारणात्, केन प्रयोजनेन।

*नियम ६२—(अधीगर्थदयेशां कर्मणि) स्मरण अर्थ की धातुओं के साथ कर्म में षष्ठी होती है। मातु स्मरति (खेदपूर्वक माता का स्मरण करता है)।

*नियम ६३—(षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन) उपरि, उपरिष्टात्, अध, अवस्तात्, पुर, पुरस्तात्, पश्चात्, अग्रे, दक्षिणत, उत्तरत के साथ षष्ठी होती है। ग्रामस्य दक्षिणत, उत्तरत आदि।

*नियम ६४—(यतश्च निर्धारणम्) बहुतों में से एक छाँटने अर्थ में जिसमें से छाँटा जाए, उसमें षष्ठी और सप्तमी दोनों होती हैं। छात्राणां छात्रेषु राम श्रेष्ठ, पटुतम·।

*नियम ६५—(एङ पदान्तादति) पद (सुबन्त या तिङन्त) के अन्तिम ए या ओ के बाद अ हो तो, अ को पूर्वरूप (ए या ओ जैसा रूप) हो जाता है। (इस सन्धि के निर्देश के लिए ए ओ के बाद ऽ चिह्न लगता है)। हरे+अव=हरेऽव। विष्णो + अव = विष्णोऽव।

अभ्यास १४

१ उदाहरण-वाक्य—१ यह देवदत्त की पुस्तक है—इदं देवदत्तस्य पुस्तकम् अस्ति। २ रामस्य पुत्रम् आह्वय। ३ स गृहस्य कार्यं ध्यायति। ४ अजाया दुग्धम् अभिलषति। ५ अध्ययनस्य हेतोः (पढाई के लिए) जीवति। ६ त्वं कस्य हेतोः (कस्मात् कारणात्) शोचसि। ७ मातुः स्मरति। ८ ग्रामस्य पुरः, पुरस्तात्, अग्रे, पश्चात् वनम् अस्ति। ९ गृहस्याग्रे वसुधा खनति। १० शिष्याणां शिष्येषु वा कृष्णः श्रेष्ठः, पटुतमः। ११ नराणां नरेषु वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः। १२ अधीतेऽत्र शिष्यः। १३. त्रायतेऽधुना नृपः। १४ दुर्जनः ब्राह्मणं निन्दति। १५ प्राज्ञः ईश्वरमर्चति, जपति वा। १६ छात्रः गुरुमालपति। १७ बालः गङ्गां तरति (गङ्गाया जले वा तरति)।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ यह गंगा का जल है। २ इस वृक्ष के ये फूल है। ३ बालक की यह पुस्तक है। ४ यह धन किसका है? ५ तुम यहाँपर किसलिए रहते हो? ६ राम पिता को स्मरण करता है। ७ मै धन के निमित्त जीता हूँ। ८ इस नगर के उत्तर और दक्षिण की ओर वृक्ष है। ९ घर के ऊपर, नीचे, आगे और पीछे की ओर आग जल रही है। १० पुस्तकों में गीता श्रेष्ठ है। (ख) ११ मूर्ख गुरु की निन्दा करता है। १२ राम सज्जन की पूजा करता है। १३ कृष्ण शोक करता है। १४. यति प्रभु को जपता है। १५ यह बालक बालिका से बात करता है। १६ राम श्याम को बुलाता है। १७ यह फूल जमुना के जल में तैर रहा है। १८ तू ईश्वर का ध्यान करता है। १९ वह धन चाहता है (अभिलष्)। २० मूर्ख धन के निमित्त ही जीते हैं।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) जनकं स्मरति।	जनकस्य स्मरति।	६२
	(२) वृक्षस्य एते पुष्पानि।	वृक्षस्य एतानि पुष्पाणि।	३३,१६
	(३) गुरोः निन्दति।	गुरुं निन्दति।	१३

४ अभ्यास—(क) २ (ख) को लोट्, लट्, विधिलिङ् मे परिवर्तित करो। (ख) इदम्, अदस् के नपुसक लिंग के पूरे रूप लिखो। (ग) इन धातुओं के लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् के पूरे रूप लिखो—निन्द्, जप्, अर्च्, आह्वे, तॄ, जीव्, खन्, शुच्।

५ वाक्य बनाओ—हेतोः, निमित्तेन, स्मरति, श्रेष्ठ, पुरः, अग्रे, पश्चात्, दक्षिणतः।

६ सन्धि करो—याचते+अधुना। हरे+अव। विष्णो+अव। अधीते+अधुना। रोचते+अग्निः। पुस्तके+अस्मिन्। निनाल्ये+अस्मिन्। याचते+अमुम्।

७ सन्धि-विच्छेद करो—अधीतेऽत्र। त्रायतेऽधुना। लोकेऽस्मिन्। केऽत्र। तेऽस्मिन्।

शब्दकोष—३५०+२५ = ३७५] **अभ्यास १५** (व्याकरण)

(क) पाक (पचना), उपदेश (उपदेश)। शयनम् (सोना), गमनम् (जाना), पठनम् (पढ़ना), दानम् (दान), वस्त्रम् (वस्त्र)। (७)। (ख) गर्ज् (गरजना), मूर्छ् (मूर्छित होना), श्रि (१ आश्रय लेना, २ सेवा करना), भृ (पालन करना), सृ (चलना), वे (बुनना), भूयात् (होवे, आशीर्वाद)। (७)। (ग) समक्षम् (सामने), मध्ये (बीचमें), अन्तः (अन्दर), अन्तरे (अन्दर), तुल्यः, सदृशः, समः (तीनों का अर्थ है, समान), आयुष्यम्, कुशलम्, भद्रम्, शम् (चारों आशीर्वाद अर्थ में आते हैं, कुशल हो)। (११)

सूचना—(क) पाक—उपदेश, रामवत्। शयन—वस्त्र, गृहवत्। (ख) गर्ज्—वे, भवतिवत्।

व्याकरण (इदम् अदस् (स्त्री०), षष्ठी, दीर्घसंधि)

१ इदम्, अदस् के स्त्रीलिंग के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३७, ३८ ग)

२ गर्ज् आदि के रूप भवतिवत्। जैसे, गर्जति, श्रयति, भरति, सरति, वयति।

*नियम ६६–(कर्तृकर्मणो कृति) कृदन्त शब्द [जिनके अन्त में कृत् प्रत्यय अर्थात् तृच् (तृ), क्तिन् (ति), अच् (अ), घञ् (अ), ल्युट् (अन) आदि हों] के कर्ता और कर्म में षष्ठी होती है। जैसे—शिशोः शयनम् (बच्चे का सोना), रामस्य गमनम्। सूचना—पुस्तक पढ़ता है, इस प्रकार के वाक्यों का दो प्रकार से अनुवाद होता है, पुस्तकं पठति या पुस्तकस्य पठनं करोति। स्मरण रक्खे कि धातु का कृदन्तरूप बनने पर उसके साथ षष्ठी होगी और शुद्ध धातु के साथ द्वितीया।

*नियम ६७–कृते (लिए), समक्षम्, मध्ये, अन्तः, अन्तरे के साथ षष्ठी होती है। भोजनस्य कृते। गुरोः समक्षम्। छात्राणां मध्ये। गृहस्य अन्तः, अन्तरे वा।

*नियम ६८–(दूरान्तिकार्थैः षष्ठी०) दूर और समीपवाची शब्दों के साथ षष्ठी और पञ्चमी दोनों होती हैं। ग्रामस्य ग्रामाद् वा दूरं, समीपं, पार्श्वं, सकाशम्।

*नियम ६९–(तुल्यार्थैः०) तुल्यवाची शब्दों (तुल्य, सदृश, सम) के साथ षष्ठी और तृतीया दोनों होती हैं। कृष्णस्य कृष्णेन वा तुल्यः, सदृशः, समः।

*नियम ७०–(चतुर्थी चाशिष्यायुष्य०) आशीर्वादसूचक शब्दों (आयुष्यम्, भद्रम्, कुशलम्, सुखम्, हितम्, अर्थः, प्रयोजनम्, शम्, पथ्यम् आदि) के साथ षष्ठी और चतुर्थी दोनों होती हैं। कृष्णस्य कृष्णाय वा भद्रम्, कुशलम्, शम्, भूयात्।

*नियम ७१–(अकः सवर्णे दीर्घः) अक् (अ इ उ ऋ) के बाद सवर्ण अक्षर हो तो दोनों के स्थान पर दीर्घ अक्षर हो जाता है। अ या आ+अ या आ = आ। इ या ई+इ या ई = ई। उ या ऊ + उ या ऊ = ऊ। ऋ या ॠ + ऋ या ॠ = ॠ। विद्या + आलयः = विद्यालयः। करोति + इदम् = करोतीदम्। गुरु+उपदेशः= गुरूपदेशः।

अभ्यास १५

१ उदाहरण-वाक्य —१. बच्चे का सोना—शिशो. शयनम्। २ पुस्तकस्य पठनम्। ३. धनस्य दानम्। ४ भोजनस्य कृते (लिए)। ५ गृहस्य मध्ये, अन्त., अन्तरे वा। ६ अस्या. समक्षम्। ७ ग्रामस्य दूरात्। ८ जनकस्य समीपात्, पार्श्वात्, सकाशाद् वा। ९ शिष्यस्य आयुष्य भद्र कुशल श वा भूयात्। १०. पठतीय बाला। ११. पठतूपदेशम्। १२ वसतीहासौ बाला (यह लडकी यहाँ रहती है)। १३ मेघाः गर्जन्ति। १४ वस्त्र वयति। १५ शिशु मूर्छति। १६. शिष्य. गुरु श्रयति। १७ जनकः पुत्र भरति। १८ वायु सरति।

२ सस्कृत बनाओ —(क) १ इस लडकी का पढना उसे अच्छा लगता है। २ उस कन्या का खाना पकाना इसे अच्छा लगता है। ३. इस लडकी का जाना देखो। ४ उस बालिका का सोना देखो। ५. इस गुरु का उपदेश कैसा है? ६. यह कन्या धन का दान करना चाहती है। ७ अध्ययन के लिए (कृते) गुरु के सामने जाओ। ८. भोजन के लिए घर के अन्दर आओ। ९. गॉव के समीप दूर से इस लडकी के लिए फूल लाओ। १० राम के तुल्य कोई नही है। ११ इस बालक का कुशल हो। १२. इस लडकी की पुस्तके है। (ख) १३ यह बादल गरजता है। १४. वह पुत्र मूर्छित होता है। १५ यह बालक पिता का आश्रय लेता है। १६. राजा प्रजा का पालन करता है। १७ हवा चलती है। १८. वह वस्त्र बुनता है। १९. तू खाता है, पीता है, बात करता है और जीता है। २० मै ध्यान करता हूँ, तैरता हूँ, आता हूँ और जाता हूँ।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) अस्य बालिका पठनम्०।	अस्या. बालिकाया. पठनम्०।	६६,३३
	(२) भोजनस्य पाक. अमु रोचते।	भोजनस्य पाक. अस्मै रोचते।	३८
	(३) इमे पुस्तकानि०।	इमानि पुस्तकानि०।	३३

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को लोट् और लङ् मे बदलो। (ख) इदम्, अदस् के स्त्रीलिंग के पूरे रूप लिखो। (ग) इन धातुओं के लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् के पूरे रूप लिखो—गर्ज्, मूर्छ्, श्रि, भृ, सृ, वे। (घ) षष्ठी विभक्ति किन-किन स्थानो पर होती है। सोदाहरण लिखो।

५. वाक्य बनाओ —गमनम्, पाकः, उपदेश., समक्षम्, मध्ये, अन्तः, कुशलम्, शम्।

६ संधि करो —हिम+आलय.। दैत्य+अरि.। शिष्ट+आचार। तदा+अगच्छत्। रत्न+आकर.। श्री+ईश.। पठति+इदम्। गच्छति+इयम्। विष्णु+उदय.। होतृ+ऋकार.।

७. सधि-विच्छेद करो —लिखतीदम्। वसतीहासौ। हसतीयम्। इतीह। भानूदय.। इहायम्।

शब्दकोष—३७५ + २५ = ४००] **अभ्यास १६** (व्याकरण)

(क) युष्मद् (तू) (सर्वनाम)। सिंह (सिंह), प्रातःकाल (प्रातःकाल), मध्याह्न (दोपहर), सायंकाल (सायंकाल), मार्ग (मार्ग)। निशा (रात्रि)। (७)। (ख) सेव् (सेवा करना), लभ् (पाना), वृध् (बढना), मुद् (प्रसन्न होना), सह् (सहना), [याच् (माँगना)], वृत् (होना), ईक्ष् (देखना), निरीक्ष् (१ देखना, २ निरीक्षण), वन्द् (प्रणाम करना), भाष् (कहना), कूर्द् (कूदना), यत् (यत्न करना), शिक्ष् (सीखना), कम्प् (काँपना), भिक्ष् (माँगना), ईह् (चाहना), शुभ् (शोभित होना), रम् (१ लगना, २ रमण करना)। (१८)।

सूचना—(क) सिंह—मार्ग, रामवत्। (ख) सेव्—रम्, सेवतेवत्।

व्याकरण (युष्मद्, लट् (आ०), सप्तमी, श्चुत्वसंधि)

१. युष्मद् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० सं० ३५)।

२	सेव्, लट् (आत्मनेपद)			सक्षिप्त	एक०	द्वि०	बहु०	
सेवते	सेवेते	सेवन्ते	प्र०पु०	रूप	अते	एते	अन्ते	प्र०पु०
सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे	म०पु०		असे	एथे	अध्वे	म०पु०
सेवे	सेवामहे	सेवामहे	उ०पु०		ए	आवहे	आमहे	उ०पु०

सक्षिप्तरूप लगाकर लभ् आदि के रूप बनाओ। जैसे, लभते, वर्धते, मोदते, वर्तते ईक्षते, वन्दते, भाषते, कूर्दते, यतते, शिक्षते, भिक्षते, ईहते, शोभते, रमते। सूचना—भ्वादिगण (१) की सभी आत्मनेपदी धातुओं के रूप सेव् के तुल्य चलेंगे। पूर्वोक्त रुच्, त्रै आदि आत्मनेपदी धातुओं के भी रूप सेव् के तुल्य चलेंगे।

नियम ७२–(आधारोऽधिकरणम्) किसी क्रिया के आधार को अधिकरण कहते हैं, जहाँ पर या जिसमें वह कार्य किया जाता है।

*नियम ७३–(सप्तम्यधिकरणे च) अधिकरण कारक में सप्तमी होती है। विद्यालये पठति। पाठशालायाम् उपाध्यायाः सन्ति। (नियम ६४ भी देखो)।

*नियम ७४–'विषय में, बारे में' अर्थ में तथा समय-बोधक शब्दों में सप्तमी होती है। मोक्षे इच्छास्ति (मोक्ष के विषय में इच्छा है)। दिने, दिवसे, प्रातःकाले, मध्याह्ने, सायंकाले कार्यं करोति। शैशवे, यौवने, वार्धके (बाल्य, यौवन, वृद्धत्व समय में)।

*नियम ७५–(स्तोः श्चुना श्चुः) स् या तवर्ग से पहले या बाद में श् या चवर्ग कोई भी हो तो स् और तवर्ग को क्रमशः श् और चवर्ग हो जाता है। जैसे, रामस् + च = रामश्च। कस् + चित् = कश्चित्। सत् + चित् = सच्चित्। शार्ङ्गिन् + जय = शार्ङ्गिञ्जय। याच् + ना = याच्ञा। सूचना—स्मरण रक्खें कि रामः, बालः, कः आदि पुंलिंग एकवचन में विसर्ग स् के स्थान पर ही रहता है, अतः सन्धि के कार्यों में स् रक्खा जाता है। आगे भी स् = ः ही सन्धिनियमों में समझें।

अभ्यास १६

१ **उदाहरण-वाक्य**—१ घर मे बालक है—गृहे बालकः वर्तते। २. विद्यालये छात्राः बालिकाश्च वर्तन्ते। ३ स बाल. तच्च फलम् आसने वर्तेते। ४ विद्या धर्मेण शोभते। ५ सिंह वने निशाया भ्रमति। ६ यति. धर्मे रमते। ७ सायकाले मार्गे बालाः कूर्दन्ते। ८ त्व गुरु सेवसे, सुख लभसे, मोदसे, वर्धसे च। ९ कवि नृप धन याचते, त भाषते वन्दते च। १०. य. दु ख सहते, विद्या शिक्षते, अन्न भिक्षते, ज्ञानमीहते, स लोके मोदते। ११ त्वया सहाय क अस्ति? १२. तुभ्य कि रोचते? १३. तव पुस्तकमहमीक्षे। १४ त्वयि सत्य वर्तते। १५ वन्दे मातरम्।

२ **सस्कृत बनाओ**—(क) १. तू राजा की सेवा करता है, सुख पाता है और सुखपूर्वक रहता है। २ नगर मे मनुष्य है। ३ बालक मार्ग मे सन्यासी को देखता है (ईक्ष्)। ४. मोक्ष के विषय मे तुम यत्न करते हो। ५ तुम दु.ख सहते हो, गुरु की सेवा करते हो और ससार मे शोभित होते हो। ६ वह धन मे रमता है। ७ वृक्ष हिलता है (कम्प्)। ८ साधु राजा से अन्न मॉगता है (भिक्ष्)। ९ बालक पिता को प्रणाम करता है, घर मे कूदता है और सत्य ही बोलता है (भाष्)। १० विद्या सत्य से शोभित होती है। ११ तुम क्या चाहते हो (ईह्)? १२ पशुओ मे सिंह श्रेष्ठ है। (ख) १३. मध्याह्न मे तू यहॉ आना। १४ मै तुमको बुलाता हूँ। १५ तेरे साथ कौन है? १६. तुझे फल अच्छा लगता है। १७ तेरी पुस्तक कहॉ है? १८ तुझमे ज्ञान है। १९. तू बाल्यकाल मे विद्या सीखता है। २०. तू धन, सुख और ज्ञान पाता है।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) त्व नृपस्य सेवसे।	त्व नृप सेवसे।	१३
	(२) साधुः नृपात् अन्न भिक्षते।	साधु नृपम् अन्न भिक्षते।	२१
	(३) विद्या सत्यात् शोभते।	विद्या सत्येन शोभते।	२४

४ **अभ्यास**—(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) युष्मद् शब्द के पूरे रूप लिखो। (ग) इनके लट् के पूरे रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, मुद्, सह्, याच्, वृत्, ईक्ष्, भाष्, यत्, शिक्ष्, भिक्ष्, शुभ्, रम्। (घ) परस्मैपद और आत्मनेपद की पहचान बताओ।

५ **वाक्य बनाओ**—श्रेष्ठः, दिने, शैशवे, सायकाले, सेवते, लभते, वर्तते, ईक्षे, यतसे।

६ **सधि करो**—रामस् + च। हरिस् + च। बालस् + चलति। सिंहास् + चरन्ति। तत् + च। उत् + चय। सन् + जयः। हरिस् + शेते। सत् + जन। उत् + चारणम्। तत् + चरित्रम्। कस् + चन।

७ **सधि-विच्छेद करो**—बालिकाश्च। हरिश्च। तच्च। इतश्च। उच्चरति। सच्चरित्रः। दुश्चरित्रः।

शब्दकोष—४०० + २५ = ४२५] अभ्यास १७ (व्याकरण)

(क) अस्मद् (मैं) (सर्वनाम)। स्नेह (स्नेह), विश्वास (विश्वास), अभिलाष (इच्छा), मृग (हरिण), शर (बाण)। शास्त्रम् (शास्त्र)। श्रद्धा (श्रद्धा), निष्ठा (विश्वास), रति (१ प्रेम, २ कामदेव की स्त्री)। (१०)। (ख) स्निह् (स्नेह करना), क्षिप् (फेंकना), मुच् (छोड़ना), अस् (फेंकना), विश्वस् (विश्वास करना), आदृ (आदर करना), कृत (क्रिया), सति (होने पर)। (८)। (ग) आसक्त (१ अनुरक्त, २. लगा हुआ), युक्त (लगा हुआ), लग्न (लगा हुआ), अनुरक्त (प्रेमयुक्त), प्रवीण, कुशल, निपुण (तीनों का अर्थ है चतुर)। (७)

सूचना—(क) स्नेह—शर, रामवत्। शास्त्र, गृहवत्।

व्याकरण (अस्मद्, लोट् (आ०), सप्तमी, ष्टुत्वसन्धि)

१ अस्मद् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० सं० ३६)

२ सेव्—लोट् (आत्मनेपद)

सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्	प्र०पु०
सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्	म०पु०
सेवै	सेवावहै	सेवामहै	उ०पु०

संक्षिप्त रूप

एक०	द्वि०	बहु०	
अताम्	एताम्	अन्ताम्	प्र०पु०
अस्व	एथाम्	अध्वम्	म०पु०
ऐ	आवहै	आमहै	उ०पु०

संक्षिप्तरूप लगाकर पूर्वोक्त (अभ्यास १६) लभ् आदि के रूप बनाओ।

३ स्निह् आदि के लट् में क्रमश ये रूप होंगे—स्निह्यति, क्षिपति, मुञ्चति, अस्यति, विश्वसिति, आद्रियते। उपर्युक्त रूप बनाकर प्रथम चार के रूप भवतिवत्।

※नियम ७६–प्रेम, आसक्ति या आदरसूचक धातुओं और शब्दों (स्निह्, अभिलष्, अनुरञ्ज्, आदृ, रति, आसक्त आदि) के साथ सप्तमी होती है। मयि स्नेह ।

※नियम ७७–(यस्य च भावेन भावलक्षणम्) एक क्रिया के बाद दूसरी क्रिया होने पर पहली क्रिया में सप्तमी होती है। रामे वनं गते दशरथः मृत.।

※नियम ७८–(आयुक्तकुशलाभ्याम्०, साधुनिपुणाभ्याम्०) संलग्न अर्थवाले शब्दों (व्यापृत., लग्न, आसक्त., युक्त, व्यग्र, तत्पर.) और चतुर अर्थवाले शब्दों (कुशलः, निपुण, साधु, पटु, प्रवीण, दक्ष., चतुर) के साथ सप्तमी होती है। कार्ये लग्न., तत्पर,। शास्त्रे कुशल, निपुण., दक्ष ।

※नियम ७९–क्षिप्, मुच, अस् (फेंकना अर्थ की) धातुओं के साथ तथा विश्वास और श्रद्धा अर्थ वाली धातुओं और शब्दों (विश्वसिति, विश्वास, श्रद्धा, निष्ठा, आस्था) के साथ सप्तमी होती है। मृगे बाणं क्षिपति। न विश्वसेदविश्वस्ते।

※नियम ८०–(ष्टुना ष्टु) स् या तवर्ग के बाद में या पहले ष् या टवर्ग कोई भी हो तो स् और तवर्ग को क्रमश ष् और टवर्ग हो जाते हैं। जैसे—रामस् + षष्ठ.= रामष्षष्ठः। तत् + टीका=तट्टीका। इष् + तम्=इष्टम्। राष् + त्रम्=राष्ट्रम्।

अभ्यास १७

१. उदाहरण-वाक्य :—१. वह बालक से स्नेह करता है—सः बालके स्निह्यति। २. तस्य मम पुत्रे स्नेहः वर्तते। ३. अस्माक धर्मेऽभिलाषः वर्तताम्। ४. नृपः प्रजासु आद्रियते। ५. धर्मे रति. वर्तताम्। ६. सत्ये मम श्रद्धा, निष्ठा, विश्वास. वा वर्तते। ७. जनकः पुत्रे विश्वसिति। ८. कार्ये कृते सति अह वनमागच्छम्। ९. भोजने कृते सति सः विद्यालयमगच्छत्। १०. राम· तस्या कन्यायाम् अनुरक्त अस्ति। ११ कृष्णः शास्त्रेषु निपुणः, कुशल., प्रवीणः अस्ति। १२ अह कार्ये लग्न., युक्तः, आसक्त. अस्मि। १३ सेनापतिः मृगे शरान् मुञ्चति, क्षिपति, अस्यति वा। १४. छात्र. गुरु सेवताम्, विद्या लभताम्, दु·ख सहताम्, ज्ञानेन वर्धता मोदता च। १५ त्व मोदस्व, अह शिक्षै।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १. पिता पुत्र से स्नेह करता है। २. वह सत्य मे विश्वास करता है। ३ गुरु शिष्यो मे आदर पाता है। ४ हरि रमा पर अनुरक्त है। ५. हमारी धर्म मे रति है। ६ मेरी ईश्वर मे श्रद्धा और निष्ठा है। ७. मेरी सत्य मे अभिलाषा बढे। ८ मेरे भोजन कर लेने पर बालक आया। ९ बालक के सोने पर पिता घर से बाहर आया। १०. मै इस समय अध्ययन मे लगा हुआ हूँ। ११ हरि शास्त्रो मे निपुण और कुशल है। १२ राजा ने मृगो पर बाण चलाए (मुच्, क्षिप्)। **(ख)** १३. साधु भिक्षा माँगे (भिक्ष)। १४. वृक्ष काँपे। १५. मै सत्य मे रमण करूँ (रम्)। १६. तू प्रसन्न हो (मुद्)। १७. तू बूढे। १८. मै कूदूँ। १९ मै सेवा करूँ। २० मै देखूँ (ईक्ष्)।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) मम भोजन कृते सति०।	मयि भोजने कृते सति।	७७, ३३
	(२) पुत्रस्य शयन कृते सति०।	पुत्रे शयने कृते सति।	७७, ३३
	(३) नृपेण मृगेषु शराः अक्षिपत्।	नृप. मृगेषु शरान् अक्षिपत्।	४

४ अभ्यास .—(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) अस्मद् शब्द के पूरे रूप लिखो (ग) सप्तमी किन स्थानो पर होती है, सोदाहरण लिखो। (घ) लोट् (आ०) के सक्षिप्तरूप बताओ।

५. वाक्य बनाओ :—स्निह्यति, आद्रियते, विश्वसिति, क्षिपति, मुञ्चति, अस्यति, आसक्त., लग्न·, निपुणः, साधुः, मह्यम्, अस्माकम्, मयि, सेवस्व, वर्तताम्।

६ सन्धि करो .—हरिस् + षष्ठः। एतत् + टीका। इष् + तः। आकृष् + तः। इष् + तिः। उत् + डीनः। उत् + टकनम्। पृष् + तम्। सृष् + तिः। सृष् + ता। कृष् + नः। विष् + नुः।

७ सन्धि-विच्छेद करोः—रामष्षष्ठः। उड्डयनम्। तट्टीका। विसृष्टि.। विष्णु·।

८. शुद्ध करो .—अह सेवताम्। त्व मोदै। सः रमतु। सः लभतु। त्वम् ईक्षताम्। ते वर्तताम्। त्व लभताम्। अह यतताम्। ते सहन्तु। त्व भापै। अह वर्धताम्।

शब्दकोष—४२५ + २५ = ४५०] अभ्यास १८ (व्याकरण)

(क) पात्रम्, भाजनम् (दोनो का अर्थ है १ स्थान, २ बर्तन), आस्पदम्, स्थानम्, पदम् (तीनो का अर्थ है, स्थान), प्रमाणम् (प्रमाण)। एकदेश (एक स्थान)। एकता (एकत्व)। (८)। (ख) स्पर्ध् (स्पर्धा करना), शङ्क् (शंका करना), चेष्ट् (चेष्टा करना), कृप् (होना), परा + अय् (भागना), द्युत् (चमकना), वेप् (काँपना), त्रप् (लज्जित होना)। (८)। (ग) एकदा (एकबार), सदा (सर्वदा), एकत (एक ओर से), एकधा (एक प्रकार से), एकमात्रम् (एकमात्र), एकवारम्,–रे (एकबार, एकबार मे)। (६)। (घ) एकाकिन् (अकेला), एकान्त (एकान्त), एकविध (एक प्रकार का)। (३)

सूचना—(क) पात्र—प्रमाण, नित्य एकवचन, नपु०। (ख) स्पर्ध्—त्रप् सेवतेवत्।

व्याकरण (एक शब्द, एकवचनान्त शब्द, लट्, जश्त्वसधि)

१. एक शब्द के तीनो लिगो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स० २९)। एक शब्द का सख्या अर्थ मे केवल एकवचन मे ही रूप चलेगा, 'अन्य' अर्थ मे बहुवचन मे भी।

२. सेव्—लट् (आत्मनेपद) सक्षिप्त रूप एक० द्वि० बहु०

सेविष्यते	सेविष्येते	सेविष्यन्ते	प्र. पु.	(इ) स्यते	(इ) स्येते	(इ) स्यन्ते	प्र पु.
सेविष्यसे	सेविष्येथे	सेविष्यध्वे	म. पु	(इ) स्यसे	(इ) स्येथे	(इ) स्यध्वे	म. पु
सेविष्ये	सेविष्यावहे	सेविष्यामहे	उ पु	(इ) स्ये	(इ) स्यावहे	(इ) स्यामहे	उ. पु

सक्षिप्तरूप लगाकर स्पर्ध् आदि के लट् मे रूप बनाओ। लट् मे स्पर्धते, कल्पते।

*सूचना—(क) इन धातुओ मे 'इष्यते' आदि लगेगा :—सेविष्यते, वर्धिष्यते, मोदिष्यते, सहिष्यते, याचिष्यते, वर्तिष्यते, ईक्षिष्यते, वन्दिष्यते, भाषिष्यते, कूर्दिष्यते, यतिष्यते, शिक्षिष्यते, कम्पिष्यते, भिक्षिष्यते, शोभिष्यते, स्पर्धिष्यते, शङ्किष्यते, चेष्टिष्यते, कल्पिष्यते, पलायिष्यते, द्योतिष्यते, वेपिष्यते, त्रपिष्यते, शयिष्यते, रोचिष्यते। (ख) इनमे 'स्यते' आदि लगेगा—लप्स्यते, रस्यते, त्रास्यते, अध्येष्यते।

***नियम ८१–पात्र, आस्पद, स्थान, पद, भाजन, प्रमाण शब्द जब विधेय के रूप मे प्रयुक्त होगे तो इनमे नपुसक लिग एक० ही रहेगा। उद्देश्यरूप में होंगे तो अन्य वचन भी होगे। जैसे, गुणा पूजास्थान सन्ति। यूयं मम कृपापात्रं स्थ। भवन्त प्रमाणं सन्ति। अत्र सप्त पात्राणि सन्ति।**

***नियम ८२–(संख्याया विधार्थे धा) सभी संख्यावाचक शब्दो से 'प्रकार से' अर्थ मे 'धा' लगता है। 'प्रकार का' अर्थ मे 'विध', 'गुना' अर्थ में 'गुण' तथा 'बार' अर्थ मे 'वारम्' लगता है। जैसे, एकधा, द्विधा, त्रिधा, बहुधा। एकविधः, द्विविध।**

***नियम ८३–(झला जशोऽन्ते) झलों (१, २, ३, ४, ऊष्म) को जश् (३, अपने वर्ग के तृतीय अक्षर) होते हैं, झल् यदि पद के अन्त मे हो तो। (पद अर्थात् सुबन्त और तिङन्त)। जगत् + ईश = जगदीशः। षट् + दर्शनम् = षड्दर्शनम्।**

अभ्यास १८

१. उदाहरण-वाक्य—१. एक बालक—एकः बालकः। २. एका बालिका। ३ एक फलम्। ४. एक बालकम्, एका बालिकाम्, एक फल चात्रानय। ५ एकस्मै बालकाय, एकस्यै बालायै च फलानि वितर। ६ त्व धनाना पात्रम्, आस्पद, स्थान, पद, भाजन वा असि। ७ पात्रेषु भाजनेषु वा जल वर्तते। ८. आस्पदेषु स्थानेषु वा ते तिष्ठन्ति। ९ भवन्तः प्रमाण सन्ति। १० सः एकाकी अध्ययनात् पलायिष्यते। ११. सूर्यः प्रातःकाले द्योतिष्यते। १२ स. गुरु सेविष्यते, दु.ख सहिष्यते, मोदिष्यते, वर्धिष्यते च। १३. एके एव वदन्ति, अन्ये एव कथयन्ति।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ यहाँ एक बालक है। २. वहाँ एक बालिका है। ३ वहाँ एक बर्तन है। ४ एक शिष्य और एक लडकी को ये पुस्तके दो। ५. एक बालक और एक बालिका की पुस्तके यहाँ है। ६. एक विद्यालय मे मै पढता हूँ और एक पाठशाला मे वह पढती है। **(ख)** ७ तुम सारी विद्याओ के एकमात्र पात्र हो। (पात्र, आस्पद, स्थान पद, भाजन)। ८ तुम सारे ज्ञानो के स्थान हो। ९ आप विद्या मे प्रमाण है। १० यहाँ पर दस बर्तन है। **(ग)** ११ वह स्पर्धा करेगा। १२ वह शका करेगा। १३ तू चेष्टा करेगा। १४ विद्या धर्म के लिए होगी (क्लृप्)। १५ चोर भाग जाएगा। १६ सूर्य एक बार फिर चमकेगा। १७. शिष्य काँपेगा। १८ लडकी लज्जित होगी। १९. वह सेवा करेगा, विद्या सीखेगा, वन्दना करेगा, यत्न करेगा, भिक्षा माँगेगा, प्रसन्न रहेगा और बढेगा। २० मै धन पाऊँगा (लभ्), पढूँगा (अधि+इ) और आनन्द करूँगा (रम्)। (घ) २१. इन छात्रो मे एकता है, ये एक प्रकार से ही सब कार्य करते है। २२ एक स्थान पर एक बार मै अकेला एकान्त मे बैठा था, वहाँ एक ओर से एक सिह आ पहुँचा।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	(१) सर्वेषा विद्याना पात्राणि०।	सर्वासा विद्याना पात्रम्।	८१,३३
	(२) भवन्त विद्याया प्रमाणा. सन्ति।	भवन्त विद्याया प्रमाण सन्ति।	८१

४ अभ्यास—(क) २ (ग) को बहुवचन बनाओ। (ख) एक शब्द के तीनो लिगो के पूरे रूप लिखो। (ग) इन धातुओ के लट् के पूरे रूप लिखो—सेव्, लभ्, वृध्, मुद्, सह्, याच्, वृत्, भाप्, यत्, शिक्ष्, शुभ्, शी, त्रै, रम्, अधि + इ, क्लृप्, ईक्ष्।

५ वाक्य बनाओ—पात्रम्, आस्पदम्, स्थानम्, पदम्, भाजनम्, प्रमाणम्, एकस्यै, एकस्मात्, एकस्या, एकस्मिन्, सेविष्यते, लप्स्यसे, वर्धिष्ये, अध्येष्ये, रस्ये।

६ सन्धि करो—अच् + अन्त.। इक् + अन्तः। दिक् + अम्बर.। वाक् + ईश.। दिक् + ईश.। सत् + आचार·। सत् + उपदेश.। षट् + दर्शनम्। उत् + देश्यम्।

७ सन्धि-विच्छेद करो—सच्चिदानन्द·। सदानन्द·। जगदीशः। दिगन्त.। तदेकम्। दिग्गज.।

शब्दकोष—४५० + २५=४७५] अभ्यास १९ (व्याकरण)

(क) द्वि (दो), उभ (दोनों), उभय (दोनों) (सर्वनाम)। द्विज (१ ब्राह्मण, २ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, ३ पक्षी, ४ दाँत), द्विरेफ (भौंरा)। बलम् (बल)। दम्पती (पति-पत्नी), पितरौ (माता-पिता), अश्विनौ (दोनों अश्विनीकुमार) । (९) । (ख) दीक्ष् (दीक्षा देना), भास् (चमकना), आ + लम्ब् (१ सहारा देना, २ सहारा लेना), स्रंस् (गिरना), ध्वंस् (नष्ट होना), व्यथ् (दुःखित होना) (८)। (ग) द्विधा (दो प्रकार से), द्विवारम् (दो बार) । (२) । (घ) द्वयम् (द्वयी) (दो), द्विविध (दो प्रकार का), द्विगुण (दुगुना), युगल, युग, द्वन्द्व (जोड़ा) । (६) ।

सूचना—(क) दम्पती-अश्विनौ, नित्य द्विवचनान्त । (ख) दीक्ष्–व्यथ्, सेवतेवत् ।

व्याकरण (द्विशब्द, द्विवचनान्तशब्द, लङ् (आ०), जश्त्वसंधि)

१. द्विशब्द के तीनों लिंगों के रूप (केवल द्विवचन में) स्मरण करो। (देखो शब्द० सं ४०)।

२. सेव्—लङ् (आत्मनेपद)

				संक्षिप्तरूप	एक	द्वि०	बहु०
असेवत	असेवेताम्	असेवन्त	प्र पु.	धातुसे पहले	अत	एताम्	अन्त
असेवथाः	असेवेथाम्	असेवध्वम्	म पु	अ +	अथाः	एथाम्	अध्वम्
असेवे	असेवावहि	असेवामहि	उ पु		ए	आवहि	आमहि

संक्षिप्तरूप लगाकर दीक्ष् आदि के रूप चलाओ। अदीक्षत, अभासत, आलम्बत, अक्षमत।

❀ नियम ८४–द्वि और उभ शब्द सदा द्विवचन में ही आते हैं। उभय (दोनों) शब्द तीनों वचनों में आता है। (उभ और उभय के रूप तीनों लिंगों में सर्ववत् चलेंगे)

❀ नियम ८५–(क) दम्पती, पितरौ, अश्विनौ, इनके रूप द्विवचन में ही चलते हैं। इनके साथ क्रिया द्विवचन में आती है। दम्पती, पितरौ, अश्विनौ वा गच्छतः, हसतः, मोदेते। (ख) द्वय, युगल, युग, द्वन्द्व, ये चारों 'दो' अर्थ के बोधक हैं। ये शब्द के अन्त में जुड़ते हैं और नपुंसक लिंग एकवचन रहते हैं। इसके साथ क्रिया एक० में रहती है। जैसे—छात्रद्वयम्, छात्रयुगलम्, छात्रयुगं पुस्तकानि पठति।

❀ नियम ८६–(सापेक्ष सर्वनाम) यत् और तत् शब्द सापेक्ष सर्वनाम हैं (जो वह)। अतः यत् शब्द में जो लिंग, विभक्ति और वचन होगा, वही तत् शब्द में भी होगा। बुद्धिर्यस्य बलं तस्य।

❀ नियम ८७–'यत्' शब्द 'कि' अर्थ में भी आता है, तब वह नपुंसकलिंग एक० ही रहता है। उसने कहा कि मैं अब जाऊँगा–स अभाषत यत् अहमधुना गमिष्यामि।

❀ नियम ८८–(झलां जश् झशि) झलों (१, २,३,४,ऊष्म) को जश् (३, अपने वर्ग का तृतीय अक्षर) होता है, बाद में झश् (३, ४) हो तो। (यह नियम पद के बीच में लगता है।) जैसे, सिध् + धिः = सिद्धिः, ध् को द्। दघ् + धः = दग्धः। क्षुभ् + धः = क्षुब्धः। ऋध् + धः = ऋद्धः।

अभ्यास १९

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ दो बालक—द्वौ बालकौ। २. द्वे बालिके। ३. द्वे पुस्तके। ४ द्वाभ्या बालकाभ्या, द्वाभ्या बालिकाभ्या च पुस्तकानि वितर। ५. एतयो. द्वयो छात्रयो. रामः पटुतर.। ६ दम्पती भ्रमत । ७ पितरौ आगच्छत.। ८ अश्विनो बल वितरताम्। ९ उभौ बालकौ उभय पुस्तक (उभयानि पुस्तकानि) पठत॰। १० पशुयुगल, पशुयुग, पशुद्वन्द्व, पशुद्वय, पशुद्वयी वा अत्र चरति। ११. द्विजः शिष्यम् अदीक्षत, आलम्बत, शिष्यश्च अवर्धत, अमोदत च। १२. नगरम् अध्वसत. नरा. अव्यथन्त च। १३ सिंह वन गाहते, छात्रश्च जल गाहते।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) १ दो शिष्य दो बार दो पुस्तक पढते है। २ दो कन्याएँ दो प्रकार से दो पत्र लिखती है। ३ दोनो (उभ, उभय) बालक दुगुना खाना खाते है। ४ दो छात्र (युगल, युग, द्वयम्, द्वयी) वहाँ खेलते है। ५. दो प्रकार से भोरे घूम रहे है। ६ दम्पती ने पुत्र को अवलम्बन दिया। ७. अश्विनीकुमार ज्ञान दे। ८. जो लडकी यहाँ आई थी, वह गई। ९ जिस मनुष्य मे विद्या है, उसमे बल है। १० माता-पिता ने बालक से कहा कि जल लाओ। (ख) ११. गुरुने दीक्षा दी। १२ सूर्य चमका। १३ भोरे ने वृक्ष का सहारा लिया। १४ राजा ने चोर को क्षमा कर दिया। १५ बालक जल मे घुसा (गाह्)। १६ बालिका का वस्त्र पैर से हटा (स्रस्)। १७. घर गिर गया और बालक दु.खित हुआ (व्यथ्)। १८ चोर को शका हुई (शक्), वह डरा, काँपा और भागा। १९ मैने गुरु की सेवा की, सुख पाया (लभ्), बढा और प्रसन्न हुआ। २० बालक ने सीखा, यत्न किया, भिक्षा माँगी, खेला, कूदा और सुखपूर्वक रमा (रम्)।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) छात्रद्वय क्रीडत ।	छात्रद्वय क्रीडति।	८५ (ख)
(२) दम्पती पुत्रम् अभाषत।	दम्पती पुत्रम् अभाषेताम्।	८५ (क)
(३) या बाला आगच्छत्, स ०।	या बाला आगच्छत्, सा०।	८६

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) द्वि और उभ शब्द के तीनो लिंगो के पूरे रूप लिखो। (ग) नित्य द्विवचनान्त शब्द कौनसे है? लिखो। (घ) इनके लङ् के पूरे रूप लिखो .—सेव्, लभ्, वृध्, मुद्, सह्, याच्, वृत्, भाष्, यत्, शिक्ष्, रम्, स्पर्ध्, चेष्ट्।

५ **वाक्य बनाओ** —द्वौ, द्वे, उभौ, उभयम्, दम्पती, पितरौ, द्वयम्, यत्, अवर्धत, अमोदत, अयाचत, अशिक्षत, अचेष्टत, अद्योतत, आलम्बत, अक्षमत, अगाहत।

६ **सन्धि करो** —सिध्+धि.। बुध्+धि। शुध्+धि। रुध्+ध.। लुभ्+ध.। लभ्+धः। आरभ्+धः। बध्+ध.। वृध्+धि॰। बुध्+धः। विध्+धः। दुघ्+धम्। युध्+ध॰।

७ **सन्धि-विच्छेद करो**.—शुद्धः। समृद्ध.। वृद्ध। क्रुद्ध॰। लुब्धः। प्रारब्ध.। सिद्धः। बुद्धि॰। दग्धः।

शब्दकोष—४७५+२५ = ५००] अभ्यास २० (व्याकरण)

(क) त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम, तीनों), त्र्यम्बक (शिव), त्रिपुरारि (शिव)। त्रिपथगा (गगा), त्रिवेणी (गगा-यमुना का सगमस्थान), त्रिभुवनम् (तीनों लोक)। दार (स्त्री), अक्षत (अक्षत चावल), लाज (खील), असु (प्राण), प्राण (प्राण)। वर्षा (वर्षा), सिकता (रेत), समा (वर्ष), अप् (जल), अप्सरस् (अप्सरा), सुमनस् (फूल)। (१७)। (ग) त्रिधा (तीन प्रकार से), त्रिवारम् (तीन बार)। (२)। (घ) त्रि (तीन), कति (कितने), त्रयम् (तीन), त्रयी (१ तीन, २ तीन वेद ऋक्, यजु, साम), त्रिगुण (तिगुना), त्रिविध (तीन प्रकार का)। (६)

व्याकरण (त्रि, बहुवचनान्तशब्द, विधिलिङ्, चर्त्वसंधि)

१. त्रिशब्द के तीनो लिंगो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ४१)।

२ सेव्—विधिलिङ् (आत्मनेपद)				संक्षिप्त	एक०	द्वि०	बहु०	
सेवेत	सेवेयाताम्	सेवेरन्	प्र०पु०	रूप	एत	एयाताम्	एरन्	प्र०पु०
सेवेथा.	सेवेयाथाम्	सेवेध्वम्	म०पु०		एथा.	एयाथाम्	एध्वम्	म०पु०
सेवेय	सेवेवहि	सेवेमहि	उ०पु०		एय	एवहि	एमहि	उ०पु०

संक्षिप्तरूप लगाकर लभ्, स्पर्ध्, दीक्ष् आदि पूर्वोक्त के रूप चलाओ।

*नियम ८९-(क) दार, अक्षत, लाज (लाजा), असु, प्राण, इनके रूप पुंलिग में और बहुवचन में ही चलते हैं। (ख) अप्, अप्सरस्, वर्षा, सिकता, समा, सुमनस्, इनके रूप स्त्रीलिंग में और बहुवचन में ही चलते हैं। (अप्सरस्, वर्षा, समा, सुमनस् इनका कहीं-कहीं एकवचन मे भी प्रयोग मिलता है)। दारा·, अक्षता, लाजा, असव, प्राणा, आप, अप, अप्सरस, वर्षा आदि।

*नियम ९०-त्रि से अष्टादशन् (३ से १८) तक के सारे शब्द तथा कति शब्द सदा बहुवचन मे ही आते हैं। कति के रूप हैं —कति, कति, कतिभि, कतिभ्य., कतिभ्य, कतीनाम्, कतिषु।

*नियम ९१-(क) (आदरार्थे बहुवचनम्) आदर प्रकट करने में एक के लिए भी बहु० हो जाता है। गुरव पूज्या। (ख) (अस्मदो द्वयोश्च) अहम् और आवाम् के स्थान पर 'वयम्' का प्रयोग होता है, यदि वक्ता विशिष्ट व्यक्ति हो तो। (ग) (जात्याख्यायाम्०) जातिवाचक शब्दों में एक० और बहु० दोनों होते हैं। ब्राह्मण पूज्यः, ब्राह्मणा पूज्या। (घ) देशवाचक शब्दों में बहु० का प्रयोग होता है। नगरनाम या 'देश' अन्त में होने पर एक० होगा। अहम् अङ्गान् बङ्गान् कलिंगान् विदर्भान् गौडान् अगच्छम्। पाटलिपुत्रम्, अङ्गदेशं वा अगच्छम्।

नियम ९२-(खरि च) झलो (१, २, ३, ४, ऊष्म) को चर् (१, उसी वर्ग का प्रथम अक्षर) होता है, बाद में खर् (१, २, श, ष, स) हो तो। सद् + कार = सत्कार। उद् + पन्न = उत्पन्न।

अभ्यास २०

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ त्रयः छात्राः, तिस्रः कन्याः, त्रीणि पुस्तकानि चात्र सन्ति। २ त्रयाणां छात्राणां, तिसृणां कन्यानाम् एतानि त्रीणि वस्त्राणि सन्ति। ३ कति छात्राः अत्र क्रीडन्ति? ४ छात्रत्रयमत्र क्रीडति। ५ छात्रत्रयी वेदत्रयीं पठति। ६. त्र्यम्बकः त्रिपुरारिः वा त्रिभुवनं भयात् त्रायते। ७ त्रिवर्गः मनुष्यस्य धनमस्ति। ८ त्रिवेण्याः त्रिपथगायाः अपः शिष्यः पिबति। ९ सः प्राणान् असून् वा अत्यजत्। १०. इमे दाराः, अमी अक्षताः, एते लाजाः सुखाय भवन्तु। ११ वर्षासु सिकतासु अप्सु च सुमनसः तरन्ति।। १२ एताः अप्सरसः त्रिभुवने मोदेरन्, वर्धेरन्। १३. एताः पञ्च समाः स गुरुं सेवेत, मोदेत च।

२ **संस्कृत बनाओ** —(क) १ तीन गुरु, तीन लडकियाँ, तीन वस्त्र वहाँ हैं। २ तीन छात्रों को, तीन छात्राओं को, तीन पुस्तकें तीन बार दो। ३ ये तीन छात्र त्रिवर्ग के लिए त्र्यम्बक की सेवा करें। ४ त्रिवेणी में त्रिपथगा का जल शोभित होता है। ५ तीन कन्याएँ वेदत्रयी को तीन बार तीन प्रकार से पढ़ें। ६ न दुगुना खाओ और न तिगुना काम करो। ७ कितने वर्ष (समा) हुए जब उसने प्राण छोड़े थे? ८ उस स्त्री (दार), इस अक्षत और इन खील को यहाँ लाओ। ९ वर्षा में रेतपर जल (अप्) और फूलों (सुमनस्) को देखो। १०. ये अप्सराएँ हैं। **(ख)** (विधिलिङ्) ११ वह गुरु की सेवा करे। १२ मैं धन पाऊँ (लभ्)। १३. वह बढ़े और प्रसन्न हो। १४ यहाँ सुख होवे (वृत्)। १५ बालक खेले और कूदे। १६ मैं देखूँ (ईक्ष्), बोलूँ (भाष्), यत्न करूँ, सीखूँ, दुःख सहूँ और आनन्द करूँ (रम्)। १७ चोर तिगुनी चेष्टा करे और भाग जाए। १८ वह तीन बार स्पर्धा करे। १९ वह तीन प्रकार से शंका करे। २० वह भिक्षा माँगे।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) तं दारम्, इमम् अक्षतम्, इमं लाजम्०।	तान् दारान्, इमान् अक्षतान्, एतान् लाजान्०।	८९, ३३
(२) वर्षायां सिकतायाम् आपम्०।	वर्षासु सिकतासु अपः सुमनसश्च०।	८९(ख)
(३) कति समाः अगच्छत्, स प्राणम्०।	कति समाः अगच्छन्, स प्राणान्०	८९, ९०

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) २ (ख) को लट्, लोट्, लङ् में बदलो। (ग) त्रिशब्द के तीनों लिंगों के रूप लिखो। (घ) नित्य बहुवचनान्त शब्दों के नाम और उनके लिंग बताओ। (ङ) किन स्थानों में एक० के स्थान पर बहु० होता है, सोदाहरण लिखो।

५ **वाक्य बनाओ** —त्रयः, तिस्रः, त्रीणि, कति, दाराः, असून्, प्राणान्, अपः, वर्षासु।

६ **संधि करो** —सद् + कमं। उद् + पथः। तद् + परं। उद् + साहः।

७. **संधि-विच्छेद करो** —सत्क्रिया। सत्पथः। सत्कर्म। उत्कृष्टम्। उत्पन्नः।

शब्दकोष—५०० + २५ = ५२५] अभ्यास २१ (व्याकरण)

(क) गुण (१ गुण, २ रस्सी, धागा, ३ गुना), चतुर्वर्ग (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, चारो), चतुर्भुज (विष्णु) । (३) । (ख) [नी, हृ (ले जाना), आनी (लाना)], अनुनी (मनाना), अभिनी (अभिनय करना), अपनी (हटाना), उपनी (यज्ञोपवीत देना), परिणी (विवाह करना), प्रणी (ग्रन्थ लिखना), निर्णी (निर्णय करना) । प्रहृ (प्रहार करना), आहृ (१ लाना, २ सग्रह करना), सहृ (१ नष्ट करना, २ रोकना) विहृ (विहार करना), परिहृ (छोडना), अपहृ (चुराना), उपहृ (भेंट मे देना), उद्धृ (उद्धार करना), उदाहृ (बोलना), व्यवहृ (व्यवहार करना), व्याहृ (बोलना) । (१८) । (ग) चतुर्धा (चार प्रकार से), चतुर्वारम् (चार बार) । (२) । (घ) चतुर् (चार), चतुर्गुण (चौगुना) । (२) ।

सूचना—(क) गुण—चतुर्भुज, रामवत् । (ख) नी—व्याहृ, भवतिवत् ।

व्याकरण (चतुर्, नी, हृ, (उभय०), उपसर्ग, भ्वादिगण, विसर्गसंधि)

१ चतुर् शब्द के तीनो लिगो के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द स० ४२) ।

२. नी और हृ धातु के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो धातु० स० २४, २५) ।

*नियम ९३—(उपसर्ग-परिचय) (उपसर्गाः क्रियायोगे) (क) धातु से पहले लगने वाले प्र, परा आदि को उपसर्ग कहते है । ये धातुओं और कृदन्त शब्दों के पहले ही लगते है । इनके लगाने स धातु का अर्थ प्राय बदल जाता है । (देखो ऊपर शब्दकोष ख) । उपसर्गों के साथ धातुओं के अर्थ जहाँ दिये गये है, वहाँ उन्हे शुद्ध स्मरण कर ले। कहा भी है—उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते । प्रहाराहारसहारविहारपरिहारवत् ॥ (ख) ये २२ उपसर्ग है —प्र, परा, अप, सम् , अनु, अव, निस् , निर् , दुस् , दुर् , वि, आङ् , नि, अधि, अपि, अति, सु, उत्, अभि, प्रति, परि, उप । इसके लिए यह श्लोक स्मरण कर ले— प्रपरापसमन्ववनिर्निसो, दुरतिदुष्यातिसूदभिपर्यपि । (तदनु) व्याङधिनी उप विंशतिर्द्विसहितेत्युपसर्गसमाह्वया ॥

*नियम ९४—(गण-परिचय, भ्वादिगण) भ्वादिगण की धातुओं की ये विशेषताएँ है । इनसे गण पहचाने । (१) (कर्तरि शप्) धातु ओर प्रत्यय (ति, त आदि) के बीच मे लट् , लोट् , लङ् , विधिलिङ् मे 'अ' लगता है । जैसे, अति, अन्ति आदि । (सूचना—धातु और प्रत्यय के बीच मे आनेवाले को 'विकरण' कहते हैं ।) (२) धातु को गुण होता है, अर्थात् अन्तिम स्वर या अन्तिम स्वर से पूर्व इ, उ, ऋ, को क्रमश ए, ओ, अर् हो जाता है । (भ्वादि० की धातुएँ अभ्यास १,२,३,६,७,८, मे है ।) (३) लट् मे गण के कारण कोई अन्तर नही होता ।

*नियम ९५—(विसर्जनीयस्य स) विसर्ग के बाद खर् (१, २, श, ष, स) हो तो विसर्ग को स् हो जाता है । (चवर्ग बाद मे हो तो श्चुत्वसंधि भी) । जैसे, हरिः+ त्रायते=हरिस्त्रायते । रामः + तरति=रामस्तरति । निः + चल =निश्चल ।

अभ्यास २१

१ **उदाहरण-वाक्य** —१. चत्वार: छात्रा:, चतस्र: कन्या:, चत्वारि पुस्तकानि अत्र वर्तन्ते। २ चतुर्णां छात्राणां, चतसृणां कन्यानाम् एतानि चत्वारि वस्त्राणि सन्ति। ३. चतुर्भुजं चतुर्वर्गार्थं सेवते। ४ स: अजां हरति, शत्रुषु प्रहरति, जलम् आहरति, शत्रुं संहरिष्यति, वने विहरिष्यति, असत्यं परिहरति, धनम् अपहरति, देवेभ्य: बलिमुपहरति, वेदम् उद्धरति, वचनम् उदाहरति, धर्मं व्यवहरति, सत्यं च व्याहरति। ५ स: गुरुम् अनुनयति, कृष्णम् अभिनयति, जलम् आनयति, शत्रून् अपनयति, शिष्यम् उपनयति, कन्यां च परिणेष्यति, पुस्तकं प्रणेष्यति, विवादस्य कारणं निर्णेष्यति।

२ **संस्कृत बनाओ** —(क) १ चार शिष्य, चार कन्याएँ, चार फल और चार पुस्तकें यहाँ है। २ चार बालकों को और चार बालिकाओं को ये चार फल दो। ३. चार शिष्य चतुर्वर्ग के लिए चतुर्भुज की चार बार वन्दना करते है। ४. चार छात्रों को ये फल चार बार चार प्रकार से दो। (ख) ५ राजा शत्रुपर प्रहार करता है। ६. वह धन संग्रह करता है। ७ वह धन चुराता है। ८. मै शत्रुओं का संहार करूँगा। ९ मै जलमें विहार करूँगा। १० मै दु:खो का परिहार करूँगा। ११ दुर्जन कन्या का अपहरण करता है। १२ वह कन्या को फूल उपहार देता है। १३. वह धर्म का उद्धार करे। १४ वह कथा कहे (उदाहृ)। १५ वह सत्य व्यवहार करे। १६ वह असत्य न बोले (व्याहृ)। १७ वह पिता को मनाता है। १८ वह राम का अभिनय करता है। १९ तू दु:खों को दूर करता है (अपनी)। २० तू फल ला। २१. गुरु शिष्य का उपनयन करे (उपनी)। २२. राम सीता से विवाह करे। २३ कवि पुस्तक रचे (प्रणी)। २४ राजा विवाद का निर्णय करेगा।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) चत्वार: कन्या: चत्वार फलानि०।	चतस्र: कन्या:, चत्वारि फलानि०	३३
(२) दुर्जन कन्यायां अपहरति।	दुर्जन: कन्याम् अपहरति।	१३

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) चतुर् शब्द के तीनों लिंगो के पूरे रूप लिखो। (ग) नी और हृ धातु के दोनों पदों मे दसों लकारों मे पूरे रूप लिखो। (घ) उपसर्गों के पूरे नाम बताओ। (ङ) भ्वादिगण की मुख्य विशेषतायें बताओ। (च) उपसर्ग लगने से अर्थ-परिवर्तन के १० उदाहरण बताओ।

५ **वाक्य बनाओ** —चत्वार, चतस्र:, चत्वारि, प्रहरति, आहरेत्, उपाहरत्, परिणेष्यति, प्रणयेत्।

६ **संधि करो** —क: + तत्र। बाल: + चलति। बाला: + तरन्ति। गुरु: + तिष्ठति। राम: + तत्र। हरि: + तथा। राम: + त्रायते। नि: + सार:।

७ **संधि-विच्छेद करो** —कस्तिष्ठति। शिवस्त्रायते। हरिश्चलति। रामस्तिष्ठति। रामस्तथा।

शब्दकोष—५२५+२५=५५०] अभ्यास २२ (व्याकरण)

(क) शरीरम् (शरीर), मुखम् (मुँह), विमानम् (विमान), धूम्रयानम् (रेलगाडी)। (४)। (ख) [कृ (करना)], अनुकृ (अनुकरण करना), अधिकृ (अधिकार करना), अपकृ (बुराई करना), अलकृ (सजाना), आविष्कृ (आविष्कार करना), उपकृ (उपकार करना), तिरस्कृ (अपमान करना), नमस्कृ (नमस्कार करना), सस्कृ (शुद्ध करना), स्वीकृ (स्वीकार करना), प्रतिकृ (प्रतिकार करना)। (११)। (घ) (पञ्चन्, षष्, सप्तन्, अष्टन्, नवन्, दशन्) प्रथम (पहला), द्वितीय (दूसरा), तृतीय (तीसरा), चतुर्थ (चौथा), पञ्चम (पाँचवाँ), षष्ठ (छठा), सप्तम (सातवाँ), अष्टम (आठवाँ), नवम (नवाँ), दशम (दसवाँ)। (१०)

व्याकरण (पंचन् से दशन्, कृ, अदादिगण, उत्वसन्धि)

१ पञ्चन् से दशन् शब्द तक के पूरे रूप (बहुवचन मे) स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ४३ से ४८)। सूचना—पञ्चन् से अष्टादशन् (५ से १८) तक सख्याओ के रूप केवल बहु० मे चलते है। तीनो लिगो मे वही रूप होगे। अभ्यास ४ मे दिए हुए 'पञ्च' आदि के मूल शब्द पञ्चन्, षष्, सप्तन्, अष्टन्, नवन्, दशन् है। एक से दश तक की सख्याओ के सख्येय (व्यक्ति या वस्तु-बोधक क्रमवाचक विशेषण) शब्द क्रमश प्रथम आदि ऊपर दिए गए है। जैसे एक का प्रथम, द्वि का द्वितीय आदि। ३ प्रथम आदि के रूप पु० मे रामवत्, स्त्री० मे रमा या नदीवत्, नपु० मे गृहवत् चलेगे। द्वितीय आदि से स्त्रीलिग प्रत्यय (आ या ई) लगने पर इनका तिथि अर्थ भी हो जाता है। ४ कृ धातु के दोनो पदो मे रूप स्मरण करो। (देखो धातु स० ५९)।

*नियम ९६–लङ् लकार मे 'अ' शुद्ध धातु से ही पहले लगता है, उपसर्ग से पहले कभी नहीं। अत उपसर्गयुक्त धातुओ मे लङ् में धातु से पहले 'अ' लगाकर उपसर्ग मिलावे। (सधिकार्य प्राप्त हो तो उसे भी करें)। जैसे—हृ>अहरत्। सहृ>समहरत्। व्यहरत्, प्राहरत्। उपानयत्। अन्वकरोत्।

नियम ९७–(अदादिगण) अदादिगण की धातुओ मे लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे कोई विकरण धातु और प्रत्यय के बीच में नहीं लगता है। केवल ति, तः आदि लगते है। धातु मे लट् आदि मे एक० मे गुण होता है, अन्यत्र नही।

*नियम ९८–(ससजुषो रु) पद के अन्तिम स् और सजुष् को रु (र् या) होता है।

*नियम ९९–(अतो रोरप्लुतादप्लुते) ह्रस्व अ के बाद रु को उ हो जाता है, बाद मे ह्रस्व अ हो तो। [इस उ को पहले अ के साथ गुण करके ओ हो जाता है और बाद के अ को पूर्वरूपसधि। अर्थात् अस् (अ) + अ=ओऽ]। जैसे राम + अस्ति = रामोऽस्ति। क + अत्र=कोऽत्र। स + अयम्=सोऽयम्। (स्मरण रखें कि राम क आदि मे स् का ही विसर्ग है। जहाँ अन्य नियम नहीं लगेगा, वहाँ नियम ९८ से र् रह जाएगा। हरि + अवदत्=हरिरवदत्।

अभ्यास २२

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ पञ्च बालका., षड् बालिका , सप्त पुस्तकानि, अष्ट जना', नव वस्त्राणि, दश फलानि चात्र सन्ति । २. प्रथम छात्र , द्वितीया बाला, तृतीय पुस्तक, चतुर्थ पुस्तक, पञ्चम. पुत्र., षष्ठ कवि , सप्तम दिनम् , अष्टम वर्ष, नवमी तिथि., दशम कोश' । ३ शिष्य गुरु गुरो वा अनुकरोति । ४ नृप. राज्यम् अधि-करोति । ५. दुर्जन. सज्जनस्य अपकरोति । ६. नृप. चोर तिरस्करोति । ७ शिष्य मुनि-त्रय नमस्करोति । ८. नर दु'ख प्रतिकुर्यात् । ९. नृप सज्जनस्य उपकरिष्यति । १०. विद्या ज्ञान सस्करोति । ११ कन्या शरीरम् अलकरोति । १२ प्राज्ञ. विमान धूम्रयान चाविष्करोति । १३. यतिरेतद् धन स्वीकरोति । १४. स गुरम् अन्वकरोत् । १५. गुरुः शिष्यस्य उपाकरोत्, उपकार वाऽकरोत् ।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) १ पॉच पुस्तके, छ. छात्र, सात लडकियॉ, आठ आसन, नौ गुरु, दस राजा यहॉ है । २ पॉचवी पुस्तक, छठा छात्र, सातवी लडकी, आठवॉ आसन, नवे गुरु, दसवे राजा भी यहॉ पर ही है । (ख) ३ वह पिता का अनु-करण करता है । ४ शत्रु नगर पर अधिकार करता है । ५ चोर मेरा अपकार करता है । ६ विद्वान् मूर्ख का तिरस्कार करता है । ७ मै गुरु को नमस्कार करता हूँ (नमस्कृ) । ८. तूने शत्रुओ का प्रतिकार किया (प्रतिकृ) । ९ मैने छात्रो का उपकार किया (उपकृ) । १० बालिका ने अपने शरीर और मुख को अलकृत किया । ११ गुरु आसन को अलकृत करता है । १२ विद्वान् विमान और रेलगाडी का आविष्कार करते है । १३ शिष्य इस पुस्तक को स्वीकार करता है । १४ मै शरीर को शुद्ध करता हूँ । १५ सस्कृत भाषा ज्ञान को सस्कृत करती है (सस्कृ) ।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१)	नगरेऽधिकरोति ।	नगरमधिकरोति ।	१३
(२)	अप्रतिकरोः । ओपकरवम् ।	प्रत्यकरो. । उपाकरवम् ।	९६
	आलकरोत् ।	अलमकरोत् ।	

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को लोट्, विधिलिङ् और लट् मे बदलो । (ख) पञ्चन् से दशन् तक के पूरे रूप लिखो । (ग) कृ धातु के दोनो पदो मे दसो लकारो मे रूप लिखो । (घ) उपसर्गयुक्त धातुओ के लङ् मे 'अ' प्रारम्भ मे किस प्रकार लगता है, नी, हृ, कृ के १० उदाहरण देकर बताओ । (ङ) अदादिगण की धातुओ की विशेषता बताओ ।

५ **वाक्य बनाओ** —प्रथम , षष्ठ., अनुकरोति, सस्करोति, उपकरिष्यति ।

६ **सन्धि करो** —स + अगच्छत् । एषः + अत्र । कः + अयम् । राम. + अवदत् । देव. + अधुना । नृप + अकरोत् । छात्र. + अपठत् । स' + अयम् । हरिः + असौ । भानु + अस्ति । कविः + अत्र ।

७ **सन्धि-विच्छेद करो** —कोऽत्रास्ति । रामोऽहसत् । देवोऽयम् । सोऽपि । कोऽपि ।

शब्दकोष—५५० + २५ = ५७५] **अभ्यास २३** (व्याकरण)

(क) राहु (राहु), केतु (१ केतु ग्रह, २ ध्वजा), कक्षा (श्रेणी)। (३)। (ख) अद् (खाना)। ग्रस् (निगलना), राज् (शोभित होना), बाध् (दुःख देना), लंघ् (लाँघना)। (५)। (घ) एकादशन् (ग्यारह), द्वादशन् (बारह), त्रयोदशन् (तेरह), चतुर्दशन् (चौदह), पञ्चदशन् (पन्द्रह), षोडशन् (सोलह), सप्तदशन् (सतरह), अष्टादशन् (अठारह), एकोनविंशति (उन्नीस), विंशति (बीस), त्रिंशत् (तीस), चत्वारिंशत् (चालीस), पञ्चाशत् (पचास), षष्टि (साठ), सप्तति (सत्तर), अशीति (अस्सी), नवति (नब्बे), [शतम् (सौ)]। (१७)।

सूचना—(क) राहु—केतु, भानुवत्। कक्षा, रमावत्। (ख) ग्रस्—लघ्, सेवतेवत्।

व्याकरण (संख्या ११ से १००, अद्, जुहोत्यादि०, उत्वसंधि)

१ अद् धातु के दसों लकारों के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० सं० २६)।

※ नियम १००-(क) विंशति (२०) से बाद के सभी संख्यावाची शब्द केवल एकवचन में आते हैं—विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येयसंख्ययोः। (ख) एकादशन् से अष्टादशन् (११ से १८) तक के रूप दशन् के तुल्य बहु० में ही चलेंगे। (ग) एकोनविंशति (१९) से नवनवति (९९) तक सारे शब्दों के रूप स्त्रीलिंग एक० में ही चलते हैं। जिनके अन्त में 'इ' है (जैसे, विंशति, षष्टि आदि), उनके रूप एक० में ही मति (देखो शब्द० सं० १४) के तुल्य चलेंगे। जिनके अन्त में 'त्' है (जैसे, त्रिंशत् आदि), उनके रूप स्त्रीलिंग एक० में सरित् (देखो शब्द० सं० १९) के तुल्य चलेंगे। (घ) संख्येय (क्रमवाचकविशेषण) बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर लें—(१) एक से दश तक के संख्येय प्रथम, द्वितीय आदि हैं। (देखो अभ्यास २२)। (२) ११ से १८ तक के संख्येय शब्दों में अन्त में 'अ' लग जाता है। जैसे, एकादश (११ वाँ)। (३) १९ से आगे संख्येय शब्दों में अन्त में 'तम' लगता है। जैसे, विंशतितम (२० वाँ)। (४) संख्येय शब्दों के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं—पुंलिंग में रामवत्, नपुंसक० में गृहवत्। स्त्रीलिंग में अन्त में 'ई' लगाकर 'नदीवत्'। स्त्रीलिंग में केवल प्रथमा, द्वितीया, तृतीया रमावत् होते हैं।

नियम १०१—(जुहोत्यादिगण) जुहोत्यादिगण की विशेषता यह है कि इसमें धातु और प्रत्यय के बीच में विकरण नहीं लगता है, जैसे अदादि० में। परन्तु धातु को द्वित्व (दो बार पढ़ना) होता है। एक० में धातु को गुण होता है। (देखो अभ्यास ३८-४०)। हु>जुहोति, दा>ददाति, धा>दधाति।

※ नियम १०२—(हशि च) ह्रस्व अ के बाद रु (स् या :) (नियम ९८) को 'उ' हो जाता है, बाद में हश् (३, ४, ५, ह, य, व, र, ल) हो तो। (नियम ९९ बाद में अ हो तब लगता है, यह बाद में हश् हो तो) :उ करने पर अ + उ को ओ गुण हो जाता है। अर्थात् अः (अस्) + हश् = ओ + हश्। जैसे, रामः + वदति= रामो वदति। ऐसे ही रामो वन्द्यः, मेघो वर्षति, नरो हसति, बालो लिखति।

अभ्यास २३

१ उदाहरण-वाक्य —१. एकादश छात्रा., द्वादश बालिका., त्रयोदश पुस्तकानि, चतुर्दश फलानि, एकोनविंशति: पुष्पाणि चात्र सन्ति। २. प्रथमाया कक्षाया विंशतिः, द्वितीयाया त्रिंशत्, तृतीयाया चत्वारिंशत्, चतुर्थ्या पञ्चाशच्च छात्रा. सन्ति। ३ बालो भोजनम् अत्ति, अत्तु, अत्स्यति, अद्यात्, आदत् वा। ४ राहु सूर्य ग्रसते। ५. दु.ख मा बाधते। ६. सूर्य मरीचिभि राजते। ७ शिष्य. गिरि लघते। ८ तृतीयायाः कक्षायाः एकादश, चतुर्थ्या. द्वादशश्च छात्र। ९ नवम्या कक्षाया विंशतितमो दश-म्याश्च त्रिंशत्तमोऽत्र छात्रोऽस्ति। १० काऽत्र तिथिरस्ति? पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी वा।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १. प्रथम कक्षा मे १९, द्वितीय मे २०, तृतीय मे ३०, चतुर्थ मे ४०. पञ्चम मे ५०, षष्ठ मे ६०, सप्तम मे ७०, अष्टम मे ८०, नवम मे ९० और दशम मे १०० छात्र है। २. प्रथम कक्षा के ११ वे, द्वितीय के १५ वे, तृतीय के १६ वे, चतुर्थ के २० वे. पंचम के ४० वे, षष्ठ के ५० वे, सप्तम के ६० वे, अष्टम के ७० वे नवम के ८० वे और दशम के ९० वे छात्र को गुरु जी (गुरव.) बुला रहे है। (ख) ३ पुत्र खाना खाता है (अद्)। ४ बालक फल खावे। ५. बालिका भात खाएगी। ६ शिष्य ने खाना खाया। ७ राम को फल खाना चाहिए। (ग) ८ राहु सूर्य को निगलता है (ग्रस्)। ९. केतु चन्द्रमा को ग्रसता है। १० राजा शोभित होता है (राज्)। ११. पाप मुझको दु ख देता है (बाध्)। १२. सेनापति पर्वत को लॉघता है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) दशमे कक्षाया शतानि छात्रा.।	दशम्या कक्षाया शत छात्राः।	३३,१०० (क)
(२) सप्तमस्य कक्षायाः षष्टि. ०।	सप्तम्याः कक्षायाः षष्टितम०।	३३,१०० (घ)
(३) बालक: फलम् अदतु, अदेत् वा।	बालक: फलम् अत्तु, अद्यात् वा।	९७, धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) २ (ग) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो। (ग) इनके संख्या और संख्येय वाचक शब्द बताओ :— ११ से २० तक, ३०, ४०, ५०, ६०, ७०, ८०, ९०, १००। (घ) अद् धातु के दसो लकारो के रूप लिखो। (ङ) जुहोत्यादिगण की विशेषताएँ लिखो।

५ वाक्य बनाओ :—एकादश, एकादशः, विंशति:, विंशतितम., शतम्, अत्ति, आदत्, अत्स्यति।

६ संधि करो —रामः + गच्छति। बालकः + वदति। नर. + हसति। देवः + याति। कृष्णः + जयति। छात्र: + वा। शिष्यः + भोजनम्। पुत्र. + दुग्धम्। कः + वा। कः + न।

७ संधि-विच्छेद करो —बालो वदति। नृपो वा। पुत्रो याति। शिष्यो भाषते।

शब्दकोष—५७५ + २५ = ६००] अभ्यास २४ (व्याकरण)

(क) संख्या (गिनती), कीर्ति (यश)। (२)। (ख) [अस् (होना)], प्रथ् (फैलना, यश आदि का) त्वर् (शीघ्रता करना), क्षुभ् (क्षुब्ध होना), स्पन्द् (फड़कना, हिलना), भ्रंश् (गिरना), भ्राज् (चमकना)। (६)। (ग) अद्यत्वे (आजकल). अत (इसलिए), शनै (धीरे), प्राय (अकसर), मुहु॰ (बारबार)। (५)। (घ) सहस्रम् (हजार), अयुतम् (१० हजार), लक्षम् (लाख), प्रयुतम् (१० लाख), नियुतम् (१० लाख), कोटि (करोड), अर्बुदम् (अरब), खर्वम् (१ खरब), नीलम् (१ नील), पद्मम् (१ पद्म), शङ्खम् (१ शङ्ख), महाशङ्खम् (१ महाशङ्ख)। (१२)।

सूचना—(क) सख्या, रमावत्। कीर्ति, मतिवत्। (ख) प्रथ—भ्राज्, सेवतेवत्।

व्याकरण (सख्याएँ, अस्, दिवादि॰, यत्वसधि)

१ अस् धातु के दसो लकारो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु॰ २७)।

❀ नियम १०३—(क) शतम्, सहस्रम्, अयुतम् आदि एक॰ मे ही आते है। कोटि स्त्रीलिंग है, शेष सब नपुसक॰। जैसे, शत सहस्र वा छात्रा, नरा, नार्य, गृहाणि। सख्यावाचक शब्द पहले होनेपर या विशेष्यरूप मे प्रयुक्त होनेपर ये शब्द द्वि॰, बहु॰ मे भी आते है। (ख) शतम् आदि के रूप एक॰ मे गृहवत् चलेगे। कोटि के मतिवत्। (ग) २१, ३१, ४१ आदि सख्याशब्द बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले। (देखो परिशिष्ट, सख्याशब्द) (१) विंशति, त्रिंशत् आदि के पूर्व एक, द्वि, त्रि आदि शब्द लगाकर क्रमश. ये संख्याएँ बनती हैं। (२) 'एक' शब्द सब स्थानोपर 'एक' ही रहता है। केवल एकादश मे दीर्घ होता है। एकविंशति। (३) द्वि, त्रि और 'अष्टन्' शब्दो को 'विंशति' आदि से पूर्व क्रमश द्वा, त्रयस्, अष्टा हो जाता है, केवल अशीति को छोडकर। (बाद मे सधि-नियम भी लगेगे)। द्वाविंशति, त्रयस्त्रिंशत्, अष्टादश। परन्तु द्व्यशीति., त्र्यशीति, अष्टाशीति ही होगे। (४) चतुर्, पच, षट् (ड्), सप्त, नव ये ऐसे ही रहते है। केवल सधिनियम लगेगे। १६ के लिए षोडश है। (५) २९, ३९ मे ९ के लिए 'नव' लगता है या अगली संख्या से पूर्व एकोन या ऊन लगाकर रूप बनते हैं।

नियम १०४—(दिवादिगण) (दिवादिभ्य॰ श्यन्) दिवादिगण की विशेषता यह है कि धातु और प्रत्यय के बीच में 'य' लगता है। धातु को गुण नहीं होता।

❀ नियम १०५—(भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि) भो., भगो, अघो. शब्द और अ या आ के बाद रु (नियम ९८) को य् होता है, बाद में अश् (स्वर, ३,४,५, ह य व र ल) हों तो। (यदि बाद में व्यजन हो तो य का लोप हो जाता है, स्वर बाद मे हो तो लोप ऐच्छिक है। य् का लोप होनेपर सधिकार्य नही होता। अ. या आ॰ + अश् = अ या आ + अश्, अर्थात् स् या विसर्ग नही रहता। देवा॰ + गच्छन्ति = देवा गच्छन्ति। ऐसे ही बाला हसन्ति, नरा आगच्छन्ति। राम इच्छति। क एष।

अभ्यास २४

१ उदाहरण-वाक्य—१ एता. सख्या. सन्ति, शत सहस्र लक्ष प्रयुत कोटिः पद्म शख महाशख च । २. अद्यत्वे यस्य समीपे धनमस्ति, तस्य कीर्ति. प्रथते । ३ सेनापति. त्वरते । ४. दुर्जन. प्राय क्षोभते । ५ मम नेत्र मुहु स्पन्दते । ६ सूर्यो भ्राजते। ७. एकविंशति , द्वाविंशतिः, त्रयस्त्रिंशत् , चतुश्चत्वारिंशत् , पञ्चपञ्चाशत् , षट्षष्टि , सप्तसप्तति., अष्टाशीतिः, नवनवति (एकोनशतम्) वा मनुष्या. । ८ राम. अस्ति, अस्तु, आसीत् , स्यात् , भविष्यति वा ।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ २१ मनुष्य, ३१ कन्याएँ, ४२ पुस्तकें, ५३ फल, ६४ फूल,७५ वस्त्र, ८६ विद्यालय और ९७ पाठशालाएँ है । २ २३ फल, ३४ फूल, ४५ पुस्तकें, ५६ वस्त्र, ६७ कन्याएँ, ७८ मनुष्य, ८९ दिन, ९८ वर्ष । ३ २ सौ, ३ सहस्र, १ हजार, १० हजार, १ लाख, १० लाख, १ करोड, १० करोड, १ अरब, १० अरब, १ खरब, १० खरब, १ नील, १० नील, १ पद्म, १० पद्म, १ शख, १० शख, १ महाशख । **(ख)** ४ आजकल धन ही धर्म और सत्य है । ५ राम की कीर्ति फैलती है । ६ इसकी आँख धीरे-धीरे फडक रही है । ७ वह प्राय क्षुब्ध हो जाता है । ८ कृष्ण बार-बार शीघ्रता करता है । ९ बालक घर के ऊपर है, अत वहाँ से गिरता है (भ्रग्) । १० सूर्य की किरणे चमकती है (भ्राज्) । **(ग)** ११. वह है । १२ मै हूँ । १३ तू भी है । १४ वह था । १५ तू भी था । १६ मै ही था । १७ वह वहाँ होगा । १८. तू भी वहाँ होगा । १९ मै यहाँ ही हूँगा । २० वह यहाँ होवे । २१. तू वहाँ होना । २२. मै यही होऊँ ।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) अहम् आसीत् , आसीः, आस्म ।	अहम् आसम् ।	धातुरूप
(२) अहम् असिष्यामि, भविष्यति ।	अह भविष्यामि ।	,,
(३) त्वम् अस, असे., अस्तु वा ।	त्वम् एधि, स्याः वा ।	,,

४ अभ्यास—(क) २ (ख) को लोट् , लङ् , विधिलिङ् मे बदलो । (ख) २ (ग) को द्विवचन और बहुवचन मे बदलो । (ग) अस् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो । (घ) १ से सौ तक पूरी गिनती सस्कृत मे बताओ । (ङ) दिवादिगण की विशेषता बताओ ।

५ वाक्य बनाओ—अस्ति, स्तः, अस्तु, एधि, आसीत् , आसन् , आसीः, आसम् , स्यात् , स्यु', स्याम । प्रथताम् , स्पन्देत, अभ्रशत, भ्राजिष्यते, त्वरते ।

६ संधि करो—देवा. + हसन्ति । नरा. + गच्छन्ति । छात्राः + लिखन्ति । कन्या + आगच्छन्ति । राम + ऐच्छत् । पुत्रा. + इच्छन्ति । शिष्याः + वदन्ति । बाल. + इच्छति । सः + आगच्छत् ।

७ सधि-विच्छेद करो—छात्रा हसन्ति । राम इच्छति । स एव । पुत्र आगच्छति । राम इव । कन्या इच्छन्ति । बाला एते । शिष्या अमी ।.नरा इमे । क एष । राम इति ।

शब्दकोष—६०० + २५ = ६२५] अभ्यास २५ (व्याकरण)

(क) सखि (मित्र), गाडिका (गाडी)। (२)। [(ख) ब्रू (बोलना)।] (ग) उच्चै (१ ऊपर, २ ऊँचा, ३ ऊँचे स्वर से), नीचै (१ नीचे, २ नीचा, ३ धीरे स्वर से), तारस्वरेण (उच्च स्वर से)। (३)। (घ) सुन्दरम् (सुन्दर), समीचीनम् (सुन्दर, अच्छा), शोभनम् (सुन्दर), मधुरम् (मीठा), शीतलम् (ठंडा), उष्णम् (गर्म), कोमलम् (कोमल), तीक्ष्णम् (१ तेज, २ तीखा)। स्वकीय (अपना), परकीय (पराया), त्वदीय (तेरा), मदीय (मेरा), भवदीय (आपका), तदीय (उसका), श्वेत (१ सफेद, २ स्वच्छ), हरित (हरा), नील (नीला), पीत (पीला), रक्त (लाल), कृष्ण (काला)। (२०)।

व्याकरण (सखि, ब्रू, स्वादि०, गुण, वृद्धि, सम्प्रसारण, सुलोपसन्धि)

१ सखि शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ३)।

२. ब्रू धातु के उभयपद के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २८)। लृट् मे ब्रू को वच् हो जाता है, अत. वक्ष्यति, वक्ष्यते आदि रूप बनेंगे।

*नियम १०६—दीर्घ, गुण, वृद्धि, संप्रसारण आदि के लिए यह विवरण-पत्र ठीक स्मरण कर लें। ऊपर मूल स्वर दिये गये है, उनके स्थान पर गुण, वृद्धि आदि कहने पर ऊपर के मूल स्वर के नीचे गुण आदि के सामने जो स्वर आदि दिये गये है, वे होंगे। आगे जहाँ भी गुण, वृद्धि, संप्रसारण आदि कहा जाय, वहाँ इस विवरण-पत्र के अनुसार कार्य करे। (रिक्त स्थानो पर वह कार्य नही होता)।

१ स्वर	अ, आ	इ, ई	उ, ऊ	ऋ, ॠ	लृ	ए	ऐ	ओ	औ
२. दीर्घ	आ	ई	ऊ	ॠ	–	–	–	–	–
३ गुण	अ	ए	ओ	अर्	अल्	ए	–	ओ	–
४ वृद्धि	आ	ऐ	औ	आर्	आल्	ऐ	ऐ	औ	औ
५. यण् (सन्धि)		य्	व्	र्	ल्	–	–	–	–
६. अयादि (,,)		–	–	–	–	अय्	आय्	अव्	आव्

७ संप्रसारण य् को इ, व् को उ, र् को ऋ, ल् को लृ। (यण् संधि का उलटा कार्य)

नियम १०७—(स्वादिगण) (स्वादिभ्य. श्नु) स्वादिगण की धातुओं की विशेषता यह है कि धातु और प्रत्यय के बीच में 'नु' विकरण लगता है। धातु को गुण नहीं होता। 'नु' को एक० परस्मै० मे गुण होता है। (देखो अभ्यास ४७ से ४९)।

* नियम १०८—(एतत्तदो सुलोपो०) एष. और स के स् अर्थात् विसर्ग (:) का लोप हो जाता है, बाद में कोई व्यंजन हो तो। (बाद मे अ हो तो 'ओऽ' होता है, नियम ९९। और कोई स्वर हो तो भी विसर्ग का लोप हो जाता है, नियम १०५)। सः + करोति = स करोति। इसी प्रकार स पठति, स लिखति। एष करोति।

अभ्यास २५

१. उदाहरण-वाक्य —१. स मदीयः त्वदीयश्च सखा अस्ति। २. स्वकीयं सखायं पश्य। ३ स्वकीयस्य सख्युः सुन्दरं मुखं पश्य। ४. सख्यौ विश्वासं कुरु। ५. स शोभनं, मधुरं च ब्रवीति, ब्रवीतु, ब्रूयात्, अब्रवीत्, वक्ष्यति वा। ६. अहम् उच्चैः तारस्वरेण च ब्रवीमि, अब्रवम्, वक्ष्यामि वा। ७ त्वं शनैः नीचैः वा ब्रवीषि, अब्रवीः, वक्ष्यसि वा। ८. स धर्मं ब्रूयात्। ९ अहं सत्यं ब्रवीमि, त्वमपि सत्यं ब्रूहि। १० स्वकीयं श्वेतं वस्त्रमानय, परकीयां रक्तां शाटिकां न आनय। ११ त्वदीयमेतत् कृष्णं पुस्तकम्, मदीयमेतत् पीतं वस्त्रम्, तदीयमिदं नीलं पुष्पम्, भवदीयमदो हरितं वस्त्रम्। १२. उष्णं शीतलं च जलमानय। १३. कोमलं शोभनं च ब्रूहि, न तु तीक्ष्णम्।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ वह उसका मित्र है। २. अपने मित्र को यहाँ साथ लाइए। ३. उसके मित्र को धन दो। ४ मेरे मित्र का यह कार्य कर दो (कृ)। ५ पराए मित्र पर विश्वास न करो। ६ उस मनुष्य का वस्त्र श्वेत है। ७ उस कन्या की साडी हरी है और इसकी लाल। ८ उसके नीले वस्त्र को लाओ। ९. मेरे पीले वस्त्र को न ले जाओ। १० अग्नि उष्ण होती है और जल शीतल। ११. फूल कोमल और सुन्दर है। १२ फल मीठा और अच्छा है। (ख) (ब्रू धातु) १३. वह ऊँचे स्वर से बोलता है। १४. मै धीरे बोलता हूँ। १५ तू तीखा बोलता है। १६. वह बोले। १७. तू बोल। १८ मै बोलूँ। १९. वह बोला। २०. तू बोला। २१. मै बोला। २२. वह बोलेगा। २३ तू बोलेगा। २४ मै बोलूँगा।

३. अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) तदीयं सखायं धनं वितर।	तदीयाय सख्ये धनं वितर।	३३, ३४
(२) तस्य कन्यायाः शाटिका हरितम्०।	तस्याः कन्यायाः शाटिका हरिता०।	३३
(३) त्वं ब्रवसि, अब्रवः, ब्रव।	त्वं ब्रवीषि, अब्रवीः, ब्रूहि।	धातुरूप
(४) स ब्रूष्यति, अब्रवत्, ब्रवेत्।	स वक्ष्यति, अब्रवीत्, ब्रूयात्।	,,

४. अभ्यास —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) सखि शब्द के पूरे रूप लिखो। (ग) ब्रू धातु (परस्मैपद) के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (घ) स्वादिगण की विशेषताएँ बताओ। (ड) किन स्वरो को दीर्घ, गुण, वृद्धि करने पर क्या होता है, बताओ। (च) सम्प्रसारण कहने से किसके स्थान पर क्या होगा, बताओ।

५ वाक्य बनाओ।—शोभनम्, कोमलम्, त्वदीयम्, भवदीयः, मदीयः, तदीया, श्वेतम्, रक्ता, ब्रवीति, ब्रवीमि, ब्रवीतु, ब्रूहि, वक्ष्यति, अब्रवीत्, अब्रवम्, ब्रूयात्, तार-स्वरेण।

६. सन्धि करो—सः + गच्छति। सः + पठति। सः + ब्रवीति। एषः + हसति। एषः + वदति।

७ सन्धि-विच्छेद करो —स हरिः। स शिवः। स रुद्रः। स करोति। एष गच्छति।

शब्दकोष—६२५ + २५ = ६५०] अभ्यास २६ (व्याकरण)

(क) कर्तृ (करनेवाला), हर्तृ (१ चुरानेवाला, २ नाशक) धर्तृ (धारक), श्रोतृ (सुननेवाला), वक्तृ (बोलनेवाला), नप्तृ (नाती), सवितृ (१ सूर्य, २ प्रेरक), अध्येतृ (पढनेवाला), गन्तृ (जानेवाला), द्रष्टृ (दर्शक), त्वष्टृ (बढई), धातृ (१ ब्रह्मा, २ धारक), विधातृ (१ ईश्वर, २ कर्ता), नेतृ (१ नेता, २ ले जानेवाला), निर्मातृ (बनानेवाला), दातृ (देनेवाला), द्वेष्टृ (द्वेषकर्ता), स्तोतृ (स्तुतिकर्ता), ज्ञातृ (जाननेवाला), भोक्तृ (१ खानेवाला, २ उपभोगकर्ता)। पाठ (पाठ), लेख (लेख), ग्रन्थ. (ग्रन्थ), भार. (बोझ)। (२४)। (ख) रुद् (रोना)। (१)

सूचना—(क) कर्तृ—भोक्तृ, कर्तृवत्। पाठ—भार, रामवत्।

व्याकरण (कर्तृ, रुद्, कर्मवाच्य, भाववाच्य, तुदादि०)

१ कर्तृ शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स० ५)।

२ रुद् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० स० ३०)।

नियम १०९—(तुदादिभ्य श) तुदादिगण की धातुओ की विशेषता यह है कि धातु और प्रत्यय के बीच मे 'अ' (भ्वादि० के तुल्य) लगता है। भ्वादि० मे धातु को गुण होता है, परन्तु तुदादि० में धातु को गुण सर्वथा नही होता। (देखो, अभ्यास ५, ५०, ५१)। जैसे, लिखति, तुदति, मिलति, क्षिपति, दिशति।

कर्मवाच्य और भाववाच्य

*नियम ११०—(क) संस्कृत मे ३ वाच्य होते है —१ कर्तृवाच्य, २ कर्मवाच्य ३ भाववाच्य। सकर्मक (कर्मयुक्त) धातुओ के दो वाच्यो मे रूप होते है, १ कर्तृवाच्य, २ कर्मवाच्य। अकर्मक (कर्म-रहित) धातुओ के रूप कर्तृवाच्य और भाववाच्य मे ही होते है, कर्मवाच्य मे नही। अकर्मक की साधारणतया पहचान यह है कि जिसमे किम् (किसको, क्या) का प्रश्न नही उठता। १ कर्तृवाच्य मे कर्ता मुख्य होता है, क्रिया कर्ता के ही अनुसार चलती है। कर्ता मे प्रथमा और कर्म मे द्वितीया। २ कर्मवाच्य मे कर्म मुख्य होता है। कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन और लिंग होगा। कर्ता के अनुसार कुछ नही। कर्मवाच्य की पहचान है, कर्ता मे तृतीया, कर्म मे प्रथमा, क्रिया कर्म के अनुसार। ३ भाववाच्य मे कर्ता मे तृतीया, कर्म होगा ही नहीं, क्रिया मे प्रथमपुरुष का एकवचन होगा। (ख) (सार्वधातुके यक्) कर्मवाच्य और भाववाच्य मे सार्वधातुक लकारो (अर्थात् लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) मे धातु और प्रत्यय के बीच मे 'य' लग जाता है। धातु का रूप सदा आत्मनेपद मे ही चलता है, धातु चाहे किसी पद की हो। लट् मे य नहीं लगेगा। धातु के साथ य लगाकर धातु के रूप 'सेव्' धातु के तुल्य होगे, या युध् के तुल्य (धातु० सं० ४४)। लट् मे इष्यते या स्यते आदि। गम् > गम्यते, गम्यताम्, अगम्यत, गम्येत, गमिष्यते।

अभ्यास २६

१ उदाहरण-वाक्य ।—१ मेरे द्वारा पुस्तक पढी जाती है—मया पुस्तकं पठ्यते । २ मया, त्वया, युष्माभिः, अस्माभिः, तेन, तैः, वा गृहं गम्यते । ३ मया फलं खाद्यते, मया फले खाद्येते, मया फलानि खाद्यन्ते । ४. जनकेन बालः दृश्यते, बालौ दृश्येते, बालाः दृश्यन्ते । ५ तेन अत्र भूयते । ६ पुस्तकस्य कर्त्रा लेखो लिख्यते, श्रोता हस्यते, गन्त्रा ग्रामो गम्यते, अध्येतृभिः पाठाः पठ्यन्ते, नप्त्रा भोजनं पच्येत, सवित्रा भास्येत, द्रष्टृभिः छात्राः दृश्यन्ते, त्वष्ट्रा धात्रा विधात्रा च नम्यते, नेत्रा जनाः नीयन्ताम्, स्तोतृभिः ज्ञातृभिश्च दाता सेव्यते, द्वेष्टा त्यज्यते, भोक्तृभिः भोजनं पच्यते खाद्यते च । ७ बालक उच्चैः रोदिति, अरोदीत्, रोदितु, रुद्यात्, रोदिष्यति वा । ८. बालकेन उच्चैः रुद्यते, अरुद्यत, रुद्यताम्, रुद्येत, रोदिष्यते वा ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ तेरे द्वारा, मेरे द्वारा और उनके द्वारा हँसा जाता है । २ पुस्तक के कर्ता द्वारा ग्रन्थ लिखा जाता है । ३. धन के हर्ता द्वारा धन ले जाया जाता है । ४ भार के धारणकर्ता द्वारा भार यहाँ लाया जाता है । ५. श्रोताओं के द्वारा हँसा जाता है । ६ वक्ता के द्वारा भाषण दिया जाता है (भाष्) । **(ख)** ७. नाती के द्वारा गुरु की सेवा की जावे । ८ सूर्य के द्वारा तपा जाए (तप्) । ९ अध्येता के द्वारा तीन ग्रन्थ पढे जाएँ । १० गाँवों को जानेवाले के द्वारा गाँवों को जाया जावे । ११ दर्शक के द्वारा दो छात्र देखे जावें । **(ग)** १२. नगर में बढई, नेता, दानी, दर्शक, श्रोता, द्वेषकर्ता, निर्माता, स्तुतिकर्ता, उपभोगकर्ता, ज्ञाता और पढनेवाले सभी लोग रहते हैं । **(घ)** १३ बालक रोता है । १४ तू रोता है । १५ मैं रोता हूँ । १६ वह रोवे । १७. तू रो । १८. मैं भी रोऊँ । १९. वह रोया । २०. तू रोया । २१. मैं रोया । २२. वह रोएगा । २३. तू भी रोएगा । २४ मैं नहीं रोऊँगा ।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) त्वया मया तैः हस्यन्ते ।	त्वया मया तैः हस्यते ।	११० (क)
(२) पुस्तकस्य कर्ता ग्रन्थ लिख्यन्ते ।	पुस्तकस्य कर्त्रा ग्रन्थः लिख्यते ।	११० (क)
(३) ग्रामान् गन्त्रा ग्राम गच्छेयुः ।	ग्रामान् गन्तृभिः ग्रामाः गम्येरन् ।	११० (क, ख)
(४) रोदति, रोदामि, रोदेत्, रोद ।	रोदिति, रोदिमि, रुद्यात्, रुदिहि ।	धातुरूप ।

४ अभ्यास —(क) २ (क) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लट् में बदलो । (ख) २ (ख) को लोट्, लङ्, लट् में बदलो । (ग) २ (घ) को बहुवचन बनाओ । (घ) रुद् धातु के दसों लकारों में रूप बताओ । (ङ) इन शब्दों के पूरे रूप लिखो :— कर्तृ, हर्तृ, धर्तृ, श्रोतृ, वक्तृ, अध्येतृ, गन्तृ, नेतृ, दातृ, ज्ञातृ, भोक्तृ । (च) तुदादिगण की विशेषता बताओ । (छ) कर्मवाच्य और भाववाच्य में कर्तृवाच्य से क्या अन्तर होता है, १० उदाहरण देकर समझाओ । (ज) इन धातुओं के कर्मवाच्य में दसों लकारों में रूप बनाओ :—पठ्, सेव्, नम्, गम्, नी, भाष् ।

५ वाक्य बनाओ ।—पठ्यते, सेव्यते, गम्यते, नस्यते, नीयते, नेष्यते, भाष्यते ।

शब्दकोष–६५० + २५ = ६७५] अभ्यास २७ (व्याकरण)

(क) पितृ (पिता), भ्रातृ (भाई), जामातृ (जवाँई), श्वशुर (श्वशुर), गानम् (गाना), वचनम् (वचन)। (६)। (ख) [दुह् (दुहना)], धा (१ धारण करना, २ रखना), मा (१ नापना, २ तोलना), हा (छोड़ना), अव + सा (१ नष्ट होना, २ नष्ट करना), नि + गॄ (निगलना), उद्+गॄ (१ उगलना, २ बोलना), जॄ (वृद्ध होना), शॄ (१ नष्ट होना, २ नष्ट करना), पॄ (१ पालन करना, २ पूर्ण करना), वृ (चुनना, छाँटना), स्तु (स्तुति करना), हु (हवन करना), मन्थ् (मथना) बन्ध् (बाँधना), भज् (१ भजन करना, २ सेवा करना), यज् (यज्ञ करना), वप् (१. बीज बोना, २ काटना), शप् (शाप देना), ग्रह् (लेना)। (१९)।

व्याकरण (पितृ, दुह्, कर्मवाच्य, भाववाच्य, रुधादि)

१. पितृ शब्द के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ६)। पितृवत् भ्रातृ, जामातृ।

२. दुह् धातु (उभय पद) के दसो लकारो के रूप स्मरण करो (देखो धातु० स० २९)

* नियम १११—(रुधादिगण) (रुधादिभ्य श्नम्) रुधादि० की विशेषता यह है कि धातु के प्रथम अक्षर के बाद न या न् विकरण जुड़ता है। धातु को गुण नही होता।

* नियम ११२—धातु से कर्मवाच्य या भाववाच्य बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले। सार्वधातुक लकारो (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) मे ही ये नियम लगते हैं। (क) धातु के साथ य लगता है। आत्मनेपद ही होता है। साधारणतया धातु मे अन्तर नही होता। जैसे—भूयते, पठ्यते, लिख्यते, रक्ष्यते। (ख) धातु को गुण नही होता। धातु मूलरूप मे रहती है। गच्छ्, पिब्, जिघ्र् आदि नही होता। (ग) (घुमास्थागापा०) आकारान्त धातुओ मे से इनके ही आ को ई हो जाता है—दा, धा, मा, स्था, गा, पा (पीना), हा (छोड़ना), सा। अन्यो को कुछ नही। जैसे, दीयते, धीयते, मीयते, स्थीयते, गीयते, पीयते, हीयते, सीयते। अन्यत्र ज्ञायते, स्नायते आदि। (घ) (रिङ्शयग्०) ह्रस्व ऋ अन्तवाली धातुओ को ऋ के स्थान पर 'रि' हो जाता है। जैसे कृ, हृ, धृ, भृ, के क्रियते, ह्रियते, ध्रियते, भ्रियते। परन्तु स्मृ > स्मर्यते। (ङ) दीर्घ ॠ अन्तवाली धातुओ को इर् होता है। पवर्ग प्रारम्भ मे हो तो ऊर्। गॄ > गीर्यते। जॄ > जीर्यते। शॄ > शीर्यते। तॄ > तीर्यते। परन्तु पॄ का पूर्यते। (च) (वचिस्वपि० ग्रहिज्या०) वच् आदि धातुओ को संप्रसारण होता है। (ॠ) वच् > उच्यते। यज् > इज्यते। वप् > उप्यते। स्वप् > सुप्यते। वह् > उह्यते। वद् > उद्यते। ग्रह् > गृह्यते। प्रच्छ् > पृच्छ्यते। वस् > उष्यते। (छ) ह्रस्व इ, उ को ई, ऊ हो जाता है। हु > हूयते, जि > जीयते, चि > चीयते। (ज) (अनिदितां हल०) धातु के बीच के न् का प्राय लोप होता है। मन्थ् > मथ्यते, बन्ध् > बध्यते, भ्रंश् > भ्रश्यते, स्रंस् > स्रस्यते। इनमे न् रहेगा, वन्द्यते, चिन्त्यते, निन्द्यते। (झ) चुरादि० और णिच् वाली धातुओ से इ (अय) का लोप होता है। चोर्यते, कथ्यते, भक्ष्यते।

अभ्यास २७

१ **उदाहरण-वाक्य**—१ पित्रा पुत्र उच्यते। २ भ्रात्रा भ्राता वन्द्यते। ३. जामात्रा श्वशुर: स्तूयते। ४ मया दुग्ध दुह्यते, दुह्यताम्, दुह्येत, अदुह्यत वा। ५ मया त्वया तेन तै: वा ग्रन्थ पठ्यते, लेखः लिख्यते, नगर रक्ष्यते, कन्या दृश्यते, धन लभ्यते, अजा नीयते, धन याच्यते। ६. अस्माभि युष्माभिश्च दान दीयते, वस्त्राणि वीयन्ते, तण्डुला: माषा यवाश्च नीयन्ते, गृहे स्थीयते, गान गीयते, जल पीयते, कार्य हीयते, शत्रुः अवसीयते। ७ तै कार्याणि क्रियन्ताम्, धनानि ह्रियन्ताम्, वस्त्राणि ध्रियन्ताम्, बालाश्च भ्रियन्ताम्, पाठाश्च स्मर्यन्ताम्। ८ तेन भोजन गीर्यते, शब्द. उद्गीर्यते, जल तीर्यते, कार्य पूर्यते, सखा म्रियते। ९ तेन वचनम् उच्यते, प्रात. इज्यते, बीजानि उप्यन्ते, भार. उह्यते, पुष्प गृह्यते, छात्र पृच्छ्यते। १०. मया रिपु जीयते, अग्नौ हूयते, फलानि चीयन्ते, दुग्ध मथ्यते, दुर्जन वध्यते, गुरु कथ्यते, भोजन भक्ष्यते।

२ **संस्कृत बनाओ**—**(क)** १. मेरे द्वारा पाठ पढा जाता है। २. तेरे द्वारा लेख लिखे जाते है। ३ राम के द्वारा दूध दुहा जाता है। ४ राजा के द्वारा नगर की रक्षा की जाती है। ५ शिष्य के द्वारा भार ले जाया जाता है। ६ मेरे, तेरे और राम के द्वारा दान दिया जाता है, जल पिया जाता है, पुस्तके रक्खी जाती है, वस्त्र नापा जाता है, गाने गाए जाते है, आश्रम मे रहा जाता है (स्था), घर छोडा जाता है, पाप नष्ट किये जाते है। **(ख)** ७ मेरे द्वारा खाना निगला जाए, वचन कहा जाए (उद्गॄ), अध्ययन पूर्ण किया जाए, तैरा जाए, कन्या छाँटी जाए। ८ उसके द्वारा कार्य किया जाय, वस्त्र हरण किये जाएँ, वचन कहा जाय। **(ग)** ९ तेरे द्वारा वस्त्र धारण किया गया, पाठ पूछा गया, शत्रु जीता गया, गुरु स्तुति किया गया, समुद्र मथा गया, प्रात.-काल हवन किया गया, फूल चुने गये, भोजन खाया गया, ईश्वर का चिंतन किया गया (चिन्त्), गुरु की वन्दना की गई। १० पिता के द्वारा वृद्ध हुआ जाता है, हरि का भजन किया जाता है (भज्), दुर्जन को शाप दिया जाता है, बीज बोया जाता है, बालक लिया जाता है (ग्रह्)। ११ भाई और जवाँई के द्वारा भोजन किया जाता है। **(घ)** १२ वह दूध दुहता है। १३ तू भी दूध दुहता है। १४ मै दूध नही दुहता हूँ। १५ वह दूध दुहे। १६. तू दूध दुह। १७ आज मै ही दूध दुहूँ। १८. उसने दूध दुहा। १९ मैने दूध दुहा। २० वह दूध दुहेगा, तू भी दुहेगा।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
(१) दायते, पायते, कृयते, त्रियते, वच्यते।	दीयते, पीयते, क्रियते, तीर्यते, उच्यते।	११२
(२) दोहति, अदोहत्, दोह्यिति, दोहेत्।	दोग्धि, अधोक्, धोक्ष्यति, दुह्यात्।	धातुरूप

४ **अभ्यास**—(क) २ (क) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो। (ख) २ (ख) को लट् और लङ् मे तथा २ (ग) को लोट् मे बदलो। (ग) २ (घ) को बहुवचन बनाओ। (घ) पितृ, भ्रातृ के पूरे रूप लिखो। (ङ) दुह् धातु के दसो लकारो मे रूप लिखो। (च) रुधादिगण की विशेषता बताओ।

शब्दकोष-६७५ + २५ = ७००] अभ्यास २८ (व्याकरण)

(क) गौ (१ गाय, २ बैल), भृत्य (नौकर), जन (मनुष्य), खल (दुष्ट), दुष्ट (दुष्ट), वेद (वेद), ऋग्वेद (ऋग्वेद), यजुर्वेद (यजुर्वेद), सामवेद (सामवेद), अथर्ववेद (अथर्ववेद), देव (देवता)। मित्रम् (मित्र), आभूषणम् (आभूषण)। शिला (पत्थर), गीता (भगवद्गीता), वार्ता (१ बात, २ समाचार)। (१६)। (ख) स्वप् (सोना), आस् (१ बैठना, २ होना)। अव + गम् (जानना), श्रु (सुनना), प्र + विश् (प्रविष्ट होना), आ+रुह् (१ चढना, २ उगना), उत् + तृ (१ पार होना, २ उत्तीर्ण होना), प्र + आप् (१ प्राप्त करना, २ प्राप्त होना), भुज् (१ खाना, २ रक्षा करना)। (९)।

व्याकरण (गो, स्वप्, प्रेरणार्थक धातुएँ, णिच् प्रत्यय, चुरादि०)

१ गो शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स० ७)।

२ स्वप् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो० धातु स० ३१)

नियम ११३—(०चुरादिभ्यो णिच्) चुरादिगणी धातु की विशेषता यह है कि धातु के अन्त मे णिच् (अय) लग जाता है। धातु मे नियम ११४ के तुल्य वृद्धि या गुण होता है। धातु मे अय लगाकर परस्मै० मे रूप भवतिवत्, आत्मने० मे सेवतेवत्।

नियम ११४—(हेतुमति च) प्रेरणार्थक धातु उसे कहते है, जहाँ कर्ता स्वय काम न करके दूसरे से काम कराता है। जैसे—पढना>पढवाना, लिखना>लिखवाना, जाना>भेजना। प्रेरणार्थक धातु मे शुद्ध धातु के अन्त मे णिच् (अर्थात् अय) लग जाता है। धातु के अन्त मे अय लगाकर परस्मै० मे रूप भवतिवत् और आत्मने० में सेवतेवत् चलेगे। धातु के अन्तिम इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ, को वृद्धि (अर्थात् क्रमश ऐ, औ, आर्) हो जाता है, बाद मे अयादिसधि भी। उपधा (अर्थात् अन्तिम अक्षर से पूर्व अक्षर) मे अ को आ तथा इ, उ, ऋ को क्रमश ए, ओ, अर् गुण हो जाता है। जैसे, कृ>कारयति, पठ्>पाठयति, लिख्>लेखयति। गम् का गमयति।

*नियम ११५—प्रेरणार्थक धातुओ के साथ मूल धातु के कर्ता मे तृतीया होती है, और कर्म मे पूर्ववत् द्वितीया ही रहती है, क्रिया कर्ता के अनुसार होती है। जैसे, शिष्य लेखं लिखति>गुरु शिष्येण लेखं लेखयति। नृप भृत्येन कार्यं कारयति।

नियम ११६—(गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थ०) इन अर्थोवाली धातुओ के प्रेरणार्थक रूप के साथ मूलधातु के कर्ता में तृतीया न होकर द्वितीया होती है—जाना, जानना, समझना, खाना (अद्, खाद्, भक्ष् को छोडकर), पढ़ना, अकर्मक धातुएँ, बोलना, देखना (दृश्), सुनना (श्रु), प्रवेश (प्रविश्), चढना (आरुह्), तरण (उत्तॄ), ग्रहण (ग्रह्), प्राप्ति (प्राप्), पीना, ले जाना (हृ), (नी वह् को छोडकर)। जैसे—बाल गृहं गच्छति>बालं गृह गमयति। शिष्यान् वेदम् अवगमयति। माता पुत्रमन्न भोजयति। गुरु छात्रं शास्त्रं पाठयति।

अभ्यास २८

१ उदाहरण वाक्य —१ गुरुः बालकेन लेख लेखयति। २. खल. दुष्टो वा भृत्येन धन चोरयति। ३ बालिका बाल स्वापयति। ४. हरि देवान् अमृत भोजयति। ५ आभूषण शिलायाम् आसयत्, अस्थापयत् वा। ६ पुत्र सत्य भाषयति। ७. पिता पुत्र चन्द्र दर्शयति। ८ मित्र वार्ता श्रावयति। ९ गुरु गृह प्रवेशयति। १० भृत्य वृक्षम् आरोहयेत्। ११. राम गङ्गाम् उत्तारयतु। १२ सज्जनम् अन्न ग्राहयिष्यति। १३ मित्र नगर प्रापयति। १४ भृत्येन भार ग्राममहारयत्। १५ चत्वारो वेदा', ऋग्वेद', यजुर्वेद', सामवेद., अथर्ववेदश्च। १६ गौ. स्वपिति, स्वपितु, स्वप्यात्, अस्वपत्, स्वप्स्यति वा। १७. गामानय। १८ गो दुग्धमेतत्। १९. गवि शिला न पातय।

२ सस्कृत बनाओ —**(क)** १ राम नौकर से काम कराता है। २ पिता पुत्र से लेख लिखवाता है। ३. गुरु शिष्य को गॉव मे भेजता है (गमय)। ४ दुष्ट धन चोरी करवाता है। ५ पुत्र को गीता समझाता है (अवगमय)। ६ मित्र को भोजन खिलाता है (भोजय)। ७ गुरु शिष्य को चारो वेद पढाता है। ८ पुत्र को शिला पर बैठाता है (आसय)। ९ भाई बालक को सुलाता है (स्वापय)। **(ख)** १० मित्र से धर्म कहवावे (भाषय)। ११ पिता पुत्र को सूर्य दिखावे (दर्शय)। १२ पिता को समाचार सुनावे (श्रावय)। १३ मित्र को घर मे प्रविष्ट करावे (प्रवेशय)। १४ दुष्ट को पेड पर चढावे (आरोहय)। १५. कृष्ण को यमुना पार करावे (उत्तारय)। १६ बालक को पुस्तक पकडावे (ग्राहय)। १७ नौकर पुत्र को गॉव पहुॅचावे। (प्रापय)। १८ नौकर से बोझ लिवा जावे (हारय)। **(ग)** १९ गाय सोती है। २० गाय को देखो। २१ गाय का दूध दुहता है। २२. गाय के लिए जल लाओ। २३ यह गाय का बच्चा (वत्स.) है। २४. गाय पर बोझ न रखो (स्थापय)। **(घ)** २५ वह सोता है। २६ तू सोता है। २७ मै सोता हूॅ। २८ वह सोवे। २९ तू सो। ३०. मै सोऊॅ। ३१. वह सोया। ३२ तू सोया। ३३ मै सोया। ३४ वह सोएगा।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) रामः भृत्य कार्य करोति।	राम भृत्येन कार्य कारयति।	११४, ११५
(२) शिष्येन ग्रामे गमयति।	शिष्य ग्राम गमयति।	११६, १५
(३) स्वपति, स्वपामि, स्वपेत्।	स्वपिति, स्वपिमि, स्वप्यात्।	धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (क) को लोट्, विधिलिङ्, लङ् मे बदलो। (ख) २ (ख) को लट्, लट्, लङ् मे बदलो। (ग) २ (घ) को बहुवचन बनाओ। (घ) गो शब्द के पूरे रूप लिखो। (ङ) स्वप् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (च) प्रेरणार्थक धातुओ मे से किन धातुओ के साथ मूलधातु के कर्ता मे तृतीया नही होती, सोदाहरण लिखो। (छ) चुरादिगण की विशेषता लिखो।

५ इन धातुओ के प्रेरणार्थक रूप बनाओ —पठ्, लिख्, गम्, दृश्, दुह्, स्वप्, प्र+आप्, चुर्, कथ्, भुज्, आस्, श्रु, भाष्, आरुह्, प्रविश्, उत्+तृ, ग्रह्, हृ, कृ, वृ, पत्।

शब्दकोष—७०० + २५=७२५] अभ्यास २९ (व्याकरण)

(क) भगवत् (भगवान्), भवत् (आप) (सर्वनाम)। श्रीमत् (श्रीमान्), धीमत् (बुद्धिमान्), बुद्धिमत् (विद्वान्), बलवत् (बलवान्), धनवत् (धनवान्), हिमवत् (हिमालय)। काल (१ समय, २ मृत्यु), समय (समय)। (१०)। (ख) हन् (१ मारना, २ हत्या करना)। विद् (जानना), या (जाना), वा (हवा चलना), भा (चमकना), स्ना (नहाना), पा (रक्षा करना)। यापि (समय बिताना), बुध् (जानना), शम् (शान्त होना), जन् (पैदा होना), दम् (दमन करना), घट् (काम मे लगना), क्रम् (चलना), गतवत् (गया)। (१५)।

सूचना—(क) भगवत्—हिमवत् तथा गतवत्, भगवत् के तुल्य।

व्याकरण (भगवत्, हन्, णिच् प्रत्यय, तनादि०)

१ भगवत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९)। सूचना—जिन शब्दो के अन्त मे मतुप् (मत् या वत्) प्रत्यय लगता है और जिन धातुओ के अन्त मे क्तवतु (तवत्) प्रत्यय लगता है, उनके रूप पुलिंग मे भगवत् के तुल्य ही चलगे।

२. हन् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० स० ३२)।

३. विद् और या के रूप परिशिष्ट मे देखो। या के तुल्य ही वा आदि।

नियम ११७—(तनादिकृञ्भ्य उ) तनादिगण की विशेषता यह है कि धातु और प्रत्यय के बीच मे 'उ' विकरण लगता है। धातु को गुण होता है। उ को परस्मै० एक० मे गुण होता है। (देखो अभ्यास २२, ५४)। जैसे, तनोति, तनुते।

*नियम ११८—मूलधातु से प्रेरणार्थक धातु बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले। (क) धातु से णिच् (अय) प्रत्यय लगता है। नियम ११४ के अनुसार वृद्धि या गुण। (ख) (मिता ह्रस्व) इन धातुओ के उपधा (अर्थात् उपान्त्य स्वर) के अ को आ नही होता। गम्, रम्, क्रम्, नम्, शम्, दम्, जन्, त्वर्, घट्, व्यथ्। गमयति, रमयति, क्रमयति, नमयति, शमयति, दमयति, जनयति, त्वरयति, घटयति, व्यथयति। अन्यत्र अ को आ होता है। पाठयति, कामयते। (ग) (०आतां पुङ् णौ) आकारान्त धातुओ के अन्त मे णिच् से पहले 'प्' और लग जाता है। जैसे, दा>दापयति, धा>धापयति, स्था>स्थापयति, या>यापयति, स्ना>स्नापयति। किन्तु पा (पीना) का पाययति होता है। पा और पाल् (रक्षा करना) का पालयति होता है। (घ) इन धातुओ के णिच् मे ये रूप होते है—ब्रू>वाचयति, अधि+इ>अध्यापयति (पढाना), हन्>घातयति (वध कराना), दुष्>दूषयति (दोष देना), रुह्>रोहयति, रोपयति (उगाना)। (ङ) चुरादिगण की धातुओ के रूप णिच् मे वैसे ही रहते हैं। (च) कर्मवाच्य और भाववाच्य मे णिजन्त धातु के अन्तिम इ (अय) का लोप हो जाता है। जैसे, पाठ्यते, कार्यते। ऐसे ही हार्यते, बोध्यते, भक्ष्यते, चोर्यते।

अभ्यास २९

१ उदाहरण-वाक्य :—१ गुरुः शिष्य नगर गमयति, बालक कथाभिः रमयति, शत्रून् शमयति दमयते च, कस्यापि दुख न जनयति, अध्ययनार्थं त्वरयति, कार्ये घटयति, कमपि न व्यथयति च । २ सज्जन. नृपेण दान दापयति, धन धापयति । ३. धीमान् पुस्तक स्थापयति । ४. बुद्धिमान् पठने काल समय वा यापयति । ५. धनवान् भृत्येन पुत्र स्नापयति । ६ भवन्त. शिष्यान् जल पाययन्ति । ७ भगवान् ससार पालयेत् । ८. गुरु. छात्र वेद वाचयति, अध्यापयति । ९ खल पशून् घातयिष्यति, सज्जनान् दूषयिष्यति च । १०. धीमद्भि. श्रीमद्भिश्च बाल पाठ्यते, भारः हार्यते, जनो बोध्यते, न च कदापि कस्यापि धन चोर्यते, कार्य क्रियते कार्यते च । ११ सिंह पशून् हन्ति, हन्तु, हन्यात्, अहन्, हनिष्यति वा । १२ स हिमवन्त गतवान् ।

२ सस्कृत बनाओ —(क) १ पिता पुत्र को गॉव भेजता है (गमय) । २. कवि गान से सबको प्रसन्न करता है (रमय) । ३ यति पापो का दमन करता है (दमय) । ४ राजा नौकर को काम मे लगाता है (घटय) और शीघ्रता कराता है (त्वरय) । ५. बुद्धिमान् विवाद शान्त कराता है (शमय), सबको सुख देता है (जनय) । ६. बलवान् धनवान् से धीमान् को धन दिलाता है । ७ गुरु शिष्य से पुस्तक यहाँ रखवाता है (धापय), शिष्य उन्हे रखता है (स्थापय) । (ख) ८ धीमान् अध्ययन मे समय बितावे । ९ पुत्र को जल पिलाओ । १० राज्य का पालन कराओ । ११ बालक को स्नान कराओ । १२ शिष्य को पढाओ । १३ पाठ बॅचवाओ (वाचय) । १४ शत्रु का वध कराओ । १५ वृक्षो को लगाओ (रोपय) । (ग) १६ वह शत्रु को मारता है (हन्), तू भी मारता है, मै भी मारता हूँ । १७ उसने शत्रु को मारा, तूने मारा, मैने मारा । १८. वह चोर को मारेगा, तू मारेगा, मै मारूँगा । १९ वह दुष्ट का वध करे । (घ) २० वह मुझको जानता है (विद्), मै उसे जानता हूँ । २१. वह हिमालय को जाता है (या) । २२ वायु चलती है (वा) । २३ सूर्य चमकता है (भा) । २४ आप नहाते है । २५ राजा रक्षा करता है (पा) ।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. गाययति, रामयति, दामयति, जानयति ।	गमयति,रमयति,दमयते, जनयति	११८(ख)
२ ब्रावयति, पापयति, हानयति ।	वाचयति, पाययति, घातयति ।	११८ (ग,घ)
३ हनति, हनामि, अहनत्, हस्यति ।	हन्ति, हन्मि, अहन्, हनिष्यति ।	धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (क) को लोट्, लङ्, लट् मे बदलो । (ख) २ (ख) को लट्, लङ्, लट मे बदलो । (ग) २ (ग) को बहुवचन बनाओ । (घ) २ (घ) को लोट्, लट् मे बदलो । (ङ) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो—भगवत्, भवत्, श्रीमत्, धीमत्, धनवत्, गतवत् । (च) हन् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो । (छ) तनादिगण की विशेषता बताओ । (ज) मूलधातु से प्रेरणार्थक धातु बनाने के लिए मुख्य नियम कौन से है, सोदाहरण बताओ ।

शब्दकोष ७२५ + २५=७५०] **अभ्यास ३०** (व्याकरण)

(क) भूभृत् (१ राजा, २ पर्वत), महीक्षित् (राजा), विपश्चित् (विद्वान्), मरुत् (वायु)। शुश्रूषा (१. सुनने की इच्छा, २ सेवा), चिकित्सा (इलाज), मीमांसा (१ गम्भीर विचार, २ मीमांसा दर्शन)। (७)। (ख) इ (जाना), उत् + इ (उदय होना), आ + इ (आना), अप+इ (दूर होना)। (४)। (ग) चित्, चन (दोनो किम् शब्द के साथ मिलकर अनिश्चय बोधक अव्यय), ह्य (विगत दिन), परह्य (विगत परसो), श्व (आगामी दिन), परश्व (आगामी परसो)। (६)। (घ) शुश्रूषु (सुनने का इच्छुक), चिकीर्षु (करने का इच्छुक), जिज्ञासु (जानने का इच्छुक), विवक्षु (बोलने का इच्छुक), जिघांसु (मारने का इच्छुक), दिदृक्षु (देखने का इच्छुक), पिपासु (प्यासा), तितीर्षु (तैरने का इच्छुक), (८)।

सूचना—(क) भूभृत्—मरुत्, भूभृत्वत्। शुश्रूषा—मीमांसा, रमावत्।

व्याकरण (भूभृत्, इ, सन् प्रत्यय, क्र्यादि०)

१ भूभृत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ८)।

२ इ धातु के दसो लकारो मे पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० स० ३३)

३ ह्य, श्व के अन्तर के लिए यह स्मरण ले, 'ह्यो गतेऽनागतेऽह्नि श्वः'।

*नियम ११९-(क्र्यादिभ्य श्ना) क्र्यादिगण की विशेषता यह है कि धातु और प्रत्यय के बीच मे 'ना' विकरण लगता है। उसको 'नी' भी हो जाता है। धातु को गुण नही होता। (देखो अभ्यास ५५ से ५७)। जैसे क्रीणाति, क्रीणीते।

* नियम १२०-(धातो कर्मण ०) इच्छा करना या चाहना अर्थ मे धातु से सन् (स) प्रत्यय लगता है, यदि इच्छा करनेवाला वही व्यक्ति हो तो। सन् लगनेपर धातु को द्वित्व हो जाता है। धातु के स्वरूप मे कुछ अन्तर भी हो जाता है। सन् प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी धातु के रूप भवतिवत् और आत्मनेपदी के सेवतेवत्। जैसे, गम्>जिगमिषति, जिगमिषतु, जिगमिषेत्, अजिगमिषत्, जिगमिषिष्यति। सन्नन्त प्रयोगवाली प्रचलित धातुएँ ये है—भू>बुभूषति। ब्रू>विवक्षति। श्रु>शुश्रूषते। कृ>चिकीर्षति। हृ>जिहीर्षति। तॄ>तितीर्षति। मृ>मुमूर्षति। ज्ञा>जिज्ञासते। पा>पिपासति। दा>दित्सति। धा>धित्सति। लभ्>लिप्सते। हन्>जिघांसति। दृश्>दिदृक्षते। पठ्>पिपठिषति। स्वप्>सुषुप्सति। ग्रह्> जिघृक्षति। जि>जिगीषति। कित्>चिकित्सति। भुज्>बुभुक्षते। मान्> मीमांसते। मुच्>मुमुक्षति। बध्>बीभत्सते।

* नियम १२१-(सनाशंसभिक्ष उ, अ प्रत्ययात्) सभी सन् प्रत्ययवाली धातुओ के अन्त मे उ या आ लगा देने से विशेषण और संज्ञा शब्द बन जाते हैं। उकारान्त के रूप गुरुवत् और आकारान्त के रूप रमावत् चलेगे। उ लगाने से 'वाला' अर्थ हो जाता है। 'आ' लगने से भाववाचक संज्ञा। उदाहरण ऊपर हैं।

अभ्यास ३०

१ **उदाहरण-वाक्य** :—१ भूभृत् कस्यचित् महीक्षितो राज्य जिगीषति । २. विवक्षु' विपश्चित् किञ्चिद् विवक्षति । ३ मरुद् वाति, इत. एति च । ४ विपश्चित् एति, सूर्य उदेति, शत्रु. अपैति । ५. जिज्ञासु भूभृत् परह्योऽत्र ऐत्, ह्योऽगच्छच्च । ६. शुश्रूषु' विपश्चित् श्व. एष्यति, परश्वो गमिष्यति च । ७ शुश्रूषुः गुरो शुश्रूषा कुर्यात् । ८. चिकित्सको जिघासुमपि चिकित्सति । ९. विपश्चिद् धर्म मीमासिष्यते । १० चिकीर्षुः कार्य चिकीर्षतु । ११ जिज्ञासु. धर्म जिज्ञासेत । १२ दिदृक्षु. महीक्षित दिदृक्षते । १३. पिपासु. जल पिपासति । १४ तितीर्षु गङ्गा तितीर्षति । १५ विपश्चित् तत्र एति, एतु, इयात् , ऐत् , एष्यति वा । १६ कस्मैचित् शुश्रूषा रोचते ।

२ **संस्कृत बनाओ** :—(क) १. बालक पढना चाहता है, बोलना चाहता है, सेवा करना चाहता है, कार्य करना चाहता है । २. शिष्य तैरना चाहता है, धर्म को जानना चाहता है, जल पीना चाहता है, दान देना चाहता है, वस्त्र धारण करना चाहता है, धन पाना चाहता है (लभ्) । ३ राजा (भूभृत्) शत्रु को मारना चाहता है (हन्), मरणासन्न (मुमूर्षु) को देखना चाहता है, धन लेना चाहता है (ग्रह्), राज्य जीतना चाहता है । ४. चिकित्सक मरणासन्न की चिकित्सा करना चाहता है (चिकित्स), भोजन खाना चाहता है (भुज्), सत्य पर विचार करना चाहता है (मीमास), पापो को छोडना चाहता है (मुच्) । (ख) ५. किसी को शुश्रूषा, किसी को चिकित्सा, किसी को धर्म की मीमासा, किसी को सत्य की जिज्ञासा अच्छी लगती है (रुच्) । ६ वह परसो आया था, कल गया । ७ मै कल जाऊँगा, परसो पुन' आऊँगा । ८ सुनने का इच्छुक सुनने की इच्छा करे, प्यासा जल पीना चाहे, जिज्ञासु जानना चाहे, तैरने का इच्छुक तैरना चाहे । (ग) (इ धातु) ९. सूर्य उदय होता है । १० वह आता है । ११. वह दूर हटता है । १२. वह जाता है । १३ मै जाता हूँ । १४. वह जावे । १५. तू जा । १६ मे जाऊँ । १७. वह गया । १८ मै गया । १९. तू गया ।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
(१) जिज्ञासति, शुश्रूषति, दिदृक्षति ।	जिज्ञासते, शुश्रूषते, दिदृक्षते ।	१२०
(२) बुब्रूषति, दिदासति, लिलप्सति ।	विवक्षति, दित्सति, लिप्सते ।	१२०

४ **अभ्यास** —(क) २ (क) को लोट् , लङ् , विधिलिङ् , लट् मे बदलो । (ख) २ (ग) को बहुवचन बनाओ । (ग) इनके पूरे रूप लिखो—भूभृत् , महीक्षित् , विपश्चित् , मरुत् । (घ) इ धातु के दसो लकरो मे पूरे रूप लिखो । (ङ) क्र्यादिगण की विशेषता बताओ । (च) सन् प्रत्यय लगाकर इन धातुओ के दसो लकारो के रूप लिखो :—ब्रू , श्रु, कृ,हृ,मृ, तॄ, पा, दा, धा,ज्ञा, पठ् , लभ् , दृश् , हन् , स्वप् , ग्रह् , जि, कित् , भुज् ।

५ **वाक्य बनाओ** —४. (च) की उपर्युक्त धातुओ के सन्नन्त रूप बनाकर उनमे अन्त मे उ और आ लगाकर उनका वाक्यो मे प्रयोग करो, जैसे विवक्षु., विवक्षा ।

शब्दकोष—७५०+२५=७७५] अभ्यास ३१ (व्याकरण)

(क) करिन् (हाथी), दण्डिन् (१ सन्यासी, २ दण्डधारी), विद्यार्थिन् (छात्र), शशिन् (चन्द्रमा), पक्षिन् (पक्षी), स्वामिन् (स्वामी). मन्त्रिन् (मंत्री), साक्षिन् (साक्षी), ज्ञानिन् (ज्ञानी), योगिन् (योगी), त्यागिन् (त्यागी), वाग्मिन् (चतुर वक्ता)। (१२)। (ख) पीड् (पीडा देना), प्र+क्षल् (धोना), पाल् (पालन करना), युज् (लगाना), प्र+ईर् (प्रेरणा देना) गण् (गिनना), मन्त्र् (मंत्रणा करना), रच् (बनाना), पूज् (पूजा करना), आ+श्लिष् (आलिंगन करना), [चुर् (चुराना), चिन्त् (सोचना), कथ् (कहना), भक्ष् (खाना)]। (१०)। (ग) पश्चात् (बाद मे, पीछे), पुनः (फिर), शीघ्रम् (शीघ्र)। (३)।

सूचना—(क) करिन्—वाग्मिन्, करिन् के तुल्य। (ख) पीड्—पूज्, चोरयतिवत्।

व्याकरण (करिन्, क्त प्रत्यय)

१. करिन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्दसख्या १०)।

२ पीड् आदि धातुओ के रूप चुर् धातु (देखो धातु० सख्या ६३) के तुल्य दोनो पदो मे चलगे। जैसे, पीडयति, प्रक्षालयति, पालयति, योजयति, प्रेरयति, गणयति, रचयति, पूजयति। आत्मनेपद मे 'अय' लगाकर सेवतेवत् रूप होगे। मन्त्रयते।

*नियम १२२–(क्तक्तवतू निष्ठा, निष्ठा) भूतकाल अर्थ मे क्त (त), क्तवतु (तवत्) कृत् प्रत्यय होते है। दोनो का क्रमश त, तवत् शेष रहता है। 'त' प्रत्यय कर्मवाच्य और भाववाच्य मे होता है। 'तवत्' प्रत्यय कर्तृवाच्य मे। सेट् ('इ' वाली) धातुओ मे बीच से इ लगता है, अनिट् (इ–नही वाली) धातुओ मे इ नही लगता है। धातु को गुण या वृद्धि नही होती। संप्रसारण होता है।

*नियम १२३ (क) क्त (त) प्रत्यय जब सकर्मक धातु से कर्मवाच्य मे होगा तो कर्म में प्रथमा, कर्ता मे तृतीया और क्रिया का लिंग, वचन और विभक्ति कर्म के अनुसार होगी, कर्ता के अनुसार नही। (ख) अकर्मक धातु से क्त (त) प्रत्यय होगा तो कर्ता मे तृतीया होगी। क्रिया मे नपुसकलिंग एकवचन ही रहेगा। (ग) 'त' प्रत्ययान्त क्रियाशब्द कर्म के अनुसार पुंलिंग होगा तो उसके रूप 'रामवत्' चलेगे, स्त्रीलिंग होगा तो रमावत्, नपुंसकलिंग होगा तो गृहवत्। जैसे, अहं पुस्तकम् अपठम् के स्थान पर मया पुस्तकं पठितम्। मया द्वे पुस्तके पठिते, पुस्तकानि पठितानि। मया ग्रन्थ. पठित., ग्रन्थौ पठितौ, ग्रन्थाः पठिता·। मया बाला दृष्टा, बालाः दृष्टा.। तेन हसितम्, तेन रुदितम्।

*नियम १२४–(गत्यर्थाकर्मक०) जाना, चलना अर्थ की धातुओ, अकर्मक धातुओं तथा श्लिष्, शी, स्था, आस्, वस्, जन्, रुह्, जॄ (वृद्ध होना) धातु से क्त प्रत्यय कर्तृवाच्य में भी होता है। अत. कर्ता मे प्रथमा और कर्म मे द्वितीया। जैसे, स गृहं गत.। स ग्रामं प्राप्तः। स भूत.। हरि. रमामाश्लिष्ट।

अभ्यास ३१

१ उदाहरण-वाक्य :—१ त्वया मया तेन युष्माभि अस्माभि वा पुस्तक पठितम्, पुस्तके पठिते, पुस्तकानि पठितानि। २. मया लेखो लिखित, विद्या पठिता, कथा श्रुता, पत्र पठितम्, भोजन खादितम्। ३ मया अस्माभि. वा लेखा लिखिताः, विद्या. पठिता., कथा श्रुता, पत्राणि पठितानि, भोजनानि खादितानि। ४. स ग्राम गत., स आगत., सोऽत्र स्थित., स सुप्त, स मृतः, राजा मित्रमाश्लिष्ट., स आसनम् अधिशयित, स आसित., सोऽत्र उषित, स जात., स वृक्षमारूढ., स जीर्ण.। ५. सिंहः करिण पीडयति। ६ स्वामी पादौ प्रक्षालयति, ज्ञानिन पालयति, कार्ये योजयति प्रेरयति च, पुस्तक रचयति च। ७. कथयताम्, चिन्तयताम्, भोजन भक्षयता च भवान्।

२ संस्कृत बनाओ :—(क) १. मैने एक पुस्तक पढी, दो पुस्तक पढी, तीन पुस्तके पढी। २. उसने खाना खाया। ३ मैने लेख लिखा। ४. मै हँसा। ५. वह रोया। ६. उसने पुस्तके चुराई। ७ मैने विद्या पढी। ८ उसने कन्या देखी। ९. वह विद्यालय को गया। १० वह बाद मे गाँव मे आया। ११. वह शीघ्र सोया। १२. पुत्र हुआ। १३. मै बैठा (आस्)। १४ राजा ने अपनी पत्नी का आलिगन किया (श्लिष्)। १५. मै वहाँ रहा (वस्)। १६. वह आसन पर सोया (शी)। १७. बालक पैदा हुआ (जन्)। १८. मै पर्वत पर चढा (रुह्)। १९. वह वृद्ध हुआ (जॄ)। २०. वह आया और मै गया। (ख) २१ विद्यार्थी योगी और त्यागी की पूजा करता है। २२. मन्त्री मन्त्रणा करता है। २३. हाथी दण्डधारियों को दु ख दे रहा है। २४. वह वस्त्रो को धोता है। २५. पिता पुत्रों का पालन करता है। २६. ज्ञानी वाग्मी को प्रेरणा देता है। २७. वह पक्षियों को फिर गिनता है। २८. विधि ने शशी को बनाया। २९. योगी सोचता है। ३० वाग्मी कथा कह रहा है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
(१) मया त्रीणि पुस्तकानि पठितम्।	मया त्रीणि पुस्तकानि पठितानि।	१२३
(२) तेन सुप्तम्, तेन गतम्, तेन आगतम्।	स सुप्त, स गत., स आगतः।	१२४

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् और लट् मे बदलो। (ख) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखोः—पीड्, प्रक्षाल्, पाल्, युज्, प्रेर्, गण्, मन्त्र्, रच्, पूज्। (ग) इन शब्दो के पूरे रूप लिखोः—करिन्, दण्डिन्, विद्यार्थिन्, स्वामिन्, मन्त्रिन्, ज्ञानिन्, योगिन्। (घ) क्त प्रत्यय लगाने पर कर्ता, कर्म और क्रिया मे कौन-सी विभक्ति और वचन होते है, १० उदाहरण देकर बताओ। (ङ) किन धातुओ के साथ क्त प्रत्यय होने पर कर्ता मे प्रथमा रहती है, सोदाहरण बताओ।

शब्दकोष ७७५+२५ = ८००] **अभ्यास ३२** (व्याकरण)

(क) आत्मन् (आत्मा), जीवात्मन् (जीवात्मा), परमात्मन् (परमात्मा), ब्रह्मन् (ब्रह्मा), द्विजन्मन् (१ ब्राह्मण, २ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य), अश्मन् (पत्थर), अध्वन् (मार्ग), यज्वन् (यज्ञकर्ता), अर्वन् (घोडा), पाप्मन् (पाप, पापी)। कथनम् (कहना), काष्ठम् (लकडी)। (१२)। (ख) सान्त्व् (सान्त्वना देना), खण्ड् (खण्डन करना), मण्ड् (मण्डन करना), तुल् (तोलना), घुष् (घोषणा करना), पुष् (पोषण करना), आ+लोक् (देखना), आ+लोच् (आलोचना करना), तृप् (तृप्त करना), तड् (मारना)। (१०)। (ग) ध्रुवम् (अवश्य), वरम् (अच्छा, श्रेष्ठ), तर्हि (तो)। (३)। सूचना—(क) आत्मन्—पाप्मन्, आत्मन् के तुल्य।

व्याकरण (आत्मन्, क्तप्रत्यय)

१. आत्मन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द स० ११)।

२ सान्त्व् आदि के रूप चोरयति के तुल्य। जैसे—सान्त्वयति, खण्डयति, मण्डयति, तोलयति, घोषयति, पोषयति, आलोकयति, आलोचयति, तर्पयति, ताडयति।

*नियम १२५—धातु से त और तवत् (तथा क्तिन्) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले। (देखो परिशिष्ट मे क्त प्रत्यय से बने रूप)। (१) धातु को गुण या वृद्धि नही होती। सेट् मे इ लगता है, अनिट् मे नही। सन्धिकार्य होगा। जैसे—कृ>कृत। हृत, धृत, भृत। पठितम्, लिखितम्। (२) (रदाभ्यां निष्ठातो न ०) र् या द् के बाद के त को न होता है, धातु के द् को भी न्। अर्थात् र्+त=र्ण। द्+त=न्न। दीर्घ ॠ को ईर् या ऊर् होगा। शॄ>शीर्ण, तॄ>तीर्ण, गॄ>गीर्ण, कॄ>कीर्ण, सकीर्ण, प्रकीर्ण, पॄ>पूर्ण, भिद्> भिन्न, छिद्>छिन्न, सद्>सन्न, प्रसन्न। (३) (द्यतिस्यति०) दो (दा), सा, मा, स्था इनके आ को इ होगा। दित, अवसित, परमित, स्थित। गा, पा, हा के आ को ई होगा। गीत, पीत, हीन। (४) (अनुदात्तोपदेश०) यम्, रम्, नम्, गम्, हन्, मन्, वन् और तनादिगणी धातुओ के म् और न् का लोप होता है। धातुओ के उपधा के न् का भी प्राय लोप होता है। गम्>गत, यम्>यत, सयत, रम्>रत, नम्>नत, प्रणत, हन्>हत, मन्>मत, समत, तन्>तत, वितत। जन्, सन्, खन् के न् को आ होगा। जात, सात, खात। बन्ध्>बद्ध, ध्वस्>ध्वस्त, स्रंस्>स्रस्त, दंश्>दष्ट। (५) (वचिस्वपि० ग्रहिज्या०) वच् आदि को संप्रसारण होता है। ब्रू या वच् >उक्त, स्वप्>सुप्त, यज्>इष्ट, वप्>उप्त, ग्रह्>गृहीत, व्यध्> विद्ध, प्रच्छ्>पृष्ट, आह्वे>आहूत, वह्>ऊढ, वद्>उदित, वस्>उषित। (६) इन धातुओ के ये रूप होते हैं—धा>हित, विहित, निहित। दा>दत्त, अस्>भूत, शुष्>शुष्क, पच्>पक्व। सह्>सोढ, अद्>जग्ध, क्षै>क्षाम।

अभ्यास ३२

१ उदाहरण-वाक्य —१ मया कार्यं कृतम् , मया गुरु सेवित , मया वस्त्र याचितम् , मया धन लब्धम् , मया कार्यम् आरब्धम् , मया मार्ग रुद्ध , मया भोजन भुक्तम् । २. मया काष्ठ भिन्न छिन्न च, नदी तीर्णा, परीक्षा उत्तीर्णा, अन्न कीर्णम् , कार्य पूर्णम् । ३ मया गान गीतम् , जल पीतम् । ४. मया दुष्ट हत , गुरु नत , नगर ध्वस्तम् । ५ स ग्राम गत , पुत्र· शयितः, नर उत्थित , शिष्य आसित., मुनि· उषितः, पुत्रो जातः, नृपः अश्वमारूढ , वृक्ष जीर्णः । ६ मया सुप्तम् , बीजम् उप्तम् , पुस्तक गृहीतम् , प्रश्न· पृष्ट , छात्र आहूत·, भार ऊढ·, कार्य विहितम् , भोजन पक्वम् , दु ख सोढम् । ७ द्विजन्मा आत्मान पोषयति, तर्पयति, आलोचयति च । ८ स तस्य कथन खण्डयति मण्डयति च ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ राम ने पुस्तक पढी । २. ब्रह्मा ने ससार का पालन किया और उसको धारण किया । ३ यज्ञकर्ता के वृक्ष काटा (खण्ड) । ४. कृष्ण ने फूल बिखेरे (कॄ), कार्य पूर्ण किया । ५ बालक उठा, शिष्य वहॉ रहा, पुत्र उत्पन्न हुआ, राम सोया (शी), गुरु वृद्ध हुआ, लडकी पर्वत पर चढी । ६ ब्राह्मण ने पत्थर फोडा । ७ घोडे ने अन्न खाया । ८ पाप नष्ट हुए । ९ मैने पुस्तक पढी, लेख लिखा, भोजन खाया, धन पाया, गगा पार की, परीक्षा उत्तीर्ण की । १० तूने गाना गाया, जल पिया, शत्रु को मारा, गुरु को प्रणाम किया, दुष्टको बॉधा । ११ उसने भूमि खोदी, यज्ञ किया, बीज बोया, पुस्तक ली, प्रश्न पूछा, भार ढोया और मुझे बुलाया । १२ मैने दान दिया, भोजन खाया । १३. पुत्र पैदा हुआ, फल पका, वृक्ष सूखा, वह उठा । **(ख)** १४ वह अवश्य शिष्य को सान्त्वना देता है । १५. वह ठीक ढग से (वरम्) मेरे कथन का मडन करता है और यह खडन करता है । १६. वह अन्न तोलता है । १७. वह घोषणा करता है । १८ वह पुत्र का पालन करता है ओर उसे देखता है । १९. द्विजन्मा अपनी आत्मा की आलोचना करता है । २० अन्न ससार को तृप्त करता है ।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१ बालकेन उत्थितम् , पुत्रेण जातम् ।	बालक उत्थित., पुत्रो जात. ।	१२४
२. वप्तम् , यष्टम , कीर्तम् , पूर्तम् ।	उप्तम् , इष्टम् , कीर्णम् , पूर्णम् ।	१२५

४ अभ्यास —(क) २ (क) को बहु० मे बदलो । (ख) २ (ख) को लोट् , लङ् , विधिलिङ् , लृट् मे बदलो । (ग) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो.—आत्मन् , ब्रह्मन् , द्विजन्मन् , अध्वन् , यज्वन् । (घ) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखो .—खण्ड् , तुल् , घुष् , पुष् , आलोक् , तड् । (ङ) इन धातुओ के क्त प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ —कृ, लभ् , रुध् , भुज् , कॄ , तॄ , पॄ , भिद् , छिद् , सद् , गा, पा, गम् , नम् , बन्ध् , वच् , वह् , ग्रह् , प्रच्छ् , धा, अस् , सह् , पच् ।

शब्दकोष—८०० + २५ = ८२५] अभ्यास ३३ (व्याकरण)

(क) राजन् (राजा), पूषन् (सूर्य), मूर्धन् (मस्तक), ग्रावन् (पत्थर), तक्षन् (बढई), उक्षन् (बैल)। नदी (नदी), नारी (स्त्री), पत्नी (स्त्री), जननी (माता), पृथ्वी (पृथ्वी), पुत्री (लडकी)। १२। (ख) कृत् (वर्णन करना), मन्त्र् (मन्त्रणा करना), तर्ज् (डराना), तर्क् (तर्क करना), आस्वद् (स्वाद लेना), गर्ह् (निन्दा करना), गवेष् (ढूँढना)। ७। (ग) सुष्ठु (अच्छा), स्वयम् (स्वयम्), मिथः (परस्पर), परस्परम् (परस्पर), जातु (कभी), कदापि (कभी)। ६।

सूचना—(क) राजन्—उक्षन्, राजन् के तुल्य। नदी–पुत्री, नदीवत्।

व्याकरण (राजन्, नदी, क्तवतु, चुरादिगणी धातुएँ)

१ राजन् और नदी शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द०, १२, १५)

२. कृत् आदि के रूप चोरयति के तुल्य। कीर्तयति, तर्जयति, तर्कयति, आस्वादयति, गर्हयति, गवेषयति। मन्त्रयते।

सूचना—लट् के रूप के साथ 'स्म' लगाने से भी भूतकाल का अर्थ होता है।

नियम १२६—क्तवतु प्रत्यय भूतकाल मे होता है। कर्तृवाच्य मे होता है, अत कर्ता के तुल्य क्रियाशब्द के लिंग, विभक्ति और वचन होगे। कर्ता मे प्रथमा होगी, कर्म मे द्वितीया, क्रिया कर्ता के तुल्य। धातु के रूप क्त प्रत्यय के तुल्य ही बनेंगे। (नियम १२५ लगेगा)। क्त प्रत्यय लगाकर जो रूप बनता है, उसी मे 'वत्' और जोड दे। जैसे—कृ>कृत, तवत् मे कृतवत्। तवत् प्रत्ययान्त के रूप पुलिंग मे भगवत् के तुल्य चलेंगे, स्त्रीलिंग मे ई लगाकर नदी के तुल्य और नपुसकलिंग मे जगत् (देखो शब्द० २६) के तुल्य। भूतकाल मे त या तवत् प्रत्यय लगाकर अनुवाद बनाना सरल होता है, अत इन उदाहरणो से नियमो की व्याख्या समझे। क्त प्रत्यय लगाने पर कर्म के लिंग, वचन और विभक्ति पर ध्यान दिया जायगा। कर्ता के लिंग आदि पर नही। क्तवतु प्रत्यय लगाने पर कर्ता के लिंगादि पर ध्यान देना होगा, कर्म पर नहीं।

भूतकाल गणरूप			क्त प्रत्यय			क्तवतु प्रत्यय		
१. स	पुस्तकम्	अपठत्।	तेन	पुस्तक	पठितम्।	स	पुस्तक	पठितवान्।
२. त्व	,,	अपठ.।	त्वया	,,	,,।	त्वम्	,,	,,।
३. अह	,,	अपठम्।	मया	,,	,,।	अह	,,	,,।
४. तौ	पुस्तके	अपठताम्।	ताभ्या	पुस्तके	पठिते।	तौ	पुस्तके	पठितवन्तौ।
५. युवाम्	,,	अपठतम्।	युवाभ्या	,,	,,।	युवाम्	,,	,,।
६. आवाम्	,,	अपठाव।	आवाभ्या	,,	,,।	आवाम्	,,	,,।
७. ते	पुस्तकानि	अपठन्।	तै.	पुस्तकानि	पठितानि।	ते	पुस्तकानि	पठितवन्त.।
८. यूय	,,	अपठत।	युष्माभि.	,,	,,।	यूय	,,	,,।
९. वय	,,	अपठाम।	अस्माभिः	,,	,,।	वय	,,	,,।

अभ्यास ३३

१ उदाहरण-वाक्य.—१. राजा गृह गतवान् , राजानौ गृह गतवन्तौ, राजानः गृह गतवन्तः । २. बालिका भोजन भुक्तवती, बालिके भुक्तवत्यौ, बालिकाः भुक्तवत्यः । ३. पत्र पृथ्व्या पतितवत् , पत्रे पतितवती, पत्राणि पतितवन्ति । ४ राजा मन्त्रयते, पूषा पोषयति, पुत्री तर्कयति । ५ नार्यौ मिथः मन्त्रयेते । ६. पुत्री जननी गवेषयति । ७. भुक्तवन्त त पश्य । ८. भुक्तवता तेन कार्य कृतम् । ९ भुक्तवते तस्मै वस्त्र देहि । १० भुक्तवति तस्मिन् स आगतवान् । ११ स पठति स्म, गच्छति स्म ।

२ सस्कृत बनाओ .—(क्तवतु प्रत्यय) (क) १. वह घर गया, वे दोनो घर गये, वे सब घर गये । २ वह लडकी यहाँ आई, वे दोनो आई, वे सब आई । ३. एक पत्ता पृथ्वी पर गिरा, दो फूल गिरे, तीन फल गिरे । ४. वह आया, वह हँसा, वह पढा, उसने लिखा, वह सोया, उसने देखा, उसने किया । ५. तू उठा, तू ठीक दौडा, तूने स्वय सेवा की, तूने खाया । ६. सोये हुए बालक को देखो, पढे हुए पाठ को फिर स्वय पढो । ७ खाना खाए हुए उस ब्राह्मण को एक फल दो । ८. जब वह खाना खा चुका तब (भुक्तवति तस्मिन्) मै उसके पास गया । ९. उसके चले जाने पर (गतवति तस्मिन्) मै यहाँ आया । १०. सूर्य (पूषन्) चमका । ११. शिर झुका । १२. पत्थर गिरा । १३. बढई आया । १४. बैल उठा । १५ नारी ने नदी देखी । १६. पुत्री जननी से बोली । (ख) १७. कवि राजा के गुणो का वर्णन करता है । १८ राजा मत्रियो से मत्रणा करता है । १९. राजा शत्रु को डराता है । २०. पुत्री तर्क करती है । २१. वह भोजन का स्वाद लेता है । २२. दुर्जन सज्जन की निन्दा करता है । २३. सज्जन सत्य को ढूँढता है ।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१. भोजन खादन् ब्राह्मण फल देहि ।	भुक्तवते ब्राह्मणाय फल देहि ।	१२६, ३३, ३५
२. स भोजनस्य आस्वादयति ।	स भोजनम् आस्वादयति ।	४

४. अभ्यास :—(क) २ (क) को क्त प्रत्यय लगाकर वाक्य बनाओ । (ख) २ (ख) को लोट् , लङ् , विधिलिङ् और लृट् मे बदलो । (ग) इन शब्दो के रूप लिखो—राजन् , पूषन् , मूर्धन् , ग्रावन् , तक्षन् । नदी, नारी, पत्नी, जननी, पुत्री, पृथ्वी । (घ) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखोः—कृत् , मन्त्र् , तर्ज् , आस्वद् , गर्ह् ।

शब्दकोष–८२५ + २५ = ८५०] **अभ्यास ३४** (व्याकरण)

(क) मति (बुद्धि), श्रुति (वेद), स्मृति (स्मृति), भूमि (भूमि), पङ्क्ति (पङ्क्ति), ओषधि (दवा), श्रेणि (कक्षा), अंगुलि, (अंगुली), प्रीति (प्रेम), अनुरक्ति (अनुराग), कान्ति (चमक), शान्ति (शान्ति), प्रकृति (स्वभाव, प्रकृति), भक्ति (भक्ति), शक्ति (शक्ति), मूर्ति (मूर्ति), पद्धति (मार्ग, विधि), समृद्धि (वृद्धि), समिति (सभा), सूक्ति (सुभाषित), नियति (भाग्य), व्यक्ति (मनुष्य), रात्रि (रात्रि), तिथि (तिथि)।२४। (ख) पठत् (पढता हुआ)।१।

सूचना—(क) मति—तिथि, मतिवत्।

व्याकरण (मति, पठत्, शतृ प्रत्यय, द्वितीया)

१ मति शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १४)।

२ पठत् शब्द के रूप स्मरण करो। शतृ प्रत्ययान्त शब्दो के रूप पु० मे पठत् के तुल्य चलेगे। प्रथमा एक० मे अन्त मे अन् रहेगा, जैसे पठन्, गच्छन्, आदि। शेष रूप भगवत् के तुल्य। (देखो परिशिष्ट मे शतृ प्रत्यय के रूप)।

३. अभ्यास ५ मे दिये गए द्वितीया के नियमो का पुन अभ्यास करो।

नियम १२७—(क) (लट. शतृशानचौ०) लट् के स्थान पर परस्मैपद मे शतृ और आत्मनेपद मे शानच् होता है। शतृ का अत् और शानच् का आन शेष रहता है। शतृ प्रत्ययान्त के लिंग, वचन, कारक कर्ता के तुल्य होते है। शतृप्रत्ययान्त शब्द के रूप पुं० मे पठत् के तुल्य होगे। जुहोत्यादि की धातुओ मे न् नही लगेगा। जैसे—ददत्, ददतौ, ददत। स्त्रीलिंग मे ई लगाकर नदी के तुल्य। नपु० मे जगत् के तुल्य रूप चलेगे। शतृ और शानच् क्रिया की वर्तमानता का बोध कराते है। जैसे—वह जा रहा है, वह जा रहा था, वह खा रहा था, स गच्छन् अस्ति आदि। (ख) शतृ प्रत्यय मे भी विकरण आदि होते है, अत शतृ प्रत्यय लगाकर रूप बनाने का अति सरल प्रकार यह है कि उस धातुके लट् के प्रथमपुरुष बहु० के रूप मे से अन्तिम इ और बीच के न् को हटा दे। इस प्रकार प्राय शतृ प्रत्ययवाला रूप बच जाता है। जैसे—भू—भवन्ति, शतृ—भवत्। अस्—सन्ति, सत्। गम्—गच्छन्ति, गच्छत्। पा—पिबन्ति, पिबत्। (ग) शतृ प्रत्ययान्त के बाद मे अर्थ के अनुसार अस् धातु का प्रयोग करो। जैसे—वर्तमान मे लट्, भूत मे लङ्, भविष्यत् मे लृट्। यथा—स गच्छन् अस्ति (वह जा रहा है)। तौ गच्छन्तौ स्त। अहं गच्छन् अस्मि। स गच्छन् आसीत्, भविष्यति वा। (घ) शतृ प्रत्ययान्त का स्त्रीलिंग बनाना —(१) (शप्श्यनोर्नित्यम्) भ्वादि०, दिवादि०, चुरादि०, तुदादि० की धातु के लट् प्र० पु० बहु० के रूप मे अन्त मे ई जोड दो। जैसे—गच्छन्ति से गच्छन्ती (जाती हुई), पठन्ती, पिबन्ती, दीव्यन्ती, तुदन्ती। (२) अदादि०, स्वादि०, क्र्यादि०, तनादि०, जुहोत्यादि० की धातु मे लट् प्र० पु० बहु० के रूप मे ई लगेगा, न् नही रहेगा। जैसे—रुदती, शृण्वती, क्रीणती, कुर्वती, ददती।

अभ्यास २४

१ उदाहरण-वाक्य —१ स गृह गच्छन् अस्ति, आसीत्, भविष्यति वा। २ तौ गृह गच्छन्तौ स्तः, आस्ताम् वा। ३ ते गृह गच्छन्तः सन्ति, आसन् वा। ४ त्व गच्छन् असि, आसी॰ वा। ५ अह गच्छन् अस्मि, आसम् वा। ६. बालिका गच्छन्ती अस्ति। ७ बालिके गच्छन्त्यौ स्त। ८ बालिका॰ गच्छन्त्य॰ सन्ति। ९ फल पतद् अस्ति। १०. फलानि पतन्ति सन्ति। ११ पठन्त बालक, लिखन्ती बालिका च पश्य। १२. पठता मया सर्प॰ दृष्ट। १३. खादते ब्राह्मणाय फल देहि। १४ धावत॰ अश्वात् नरः पतित। १५ पठत रामस्य मुख पश्य। १६ मयि पठति सति (जब मै पढ रहा था तब) गुरु आगत।

२ संस्कृत बनाओ —**(क)** १ राम आ रहा है। २ वे दोनो पढ रहे है। ३ वे सब लिख रहे है। ४ तू हँस रहा है। ५. तुम सब बैठ रहे हो। ६ मै देख रहा हूँ। ७. हम सब खेल रहे है। ८ रमा आ रही है। ९. प्रभा गा रही है। १० पत्ता गिर रहा है। **(ख)** ११ राम सोच रहा था। १२ कृष्ण पूछ रहा था। १३ वे सब जल पी रहे थे। १४. तू फूल सूँघ रहा था। १५ मै काम कर रहा था। १६ हम हँस रहे थे। **(ग)** १७ लिखते हुए बालक को देखो। १८. काम करते हुए मैने एक सुन्दर फल पाया। १९ पढती हुई बालिका को फूल दो। २०. दौडते हुए घोडे से शिष्य गिरा। २१. गीत गाती हुई कमला का भाव देखो। २२. जब मै लिख रहा था तब एक व्यक्ति मेरे पास आया। **(घ)** २३ श्रुति के पीछे स्मृति चलती है। २४ शक्ति, भक्ति, अनुरक्ति और प्रीति को शान्ति और समृद्धि के लिए चाहो। २५ सूक्ति को पढो, मूर्ति को देखो, समिति मे जाओ, ओषधि लाओ। २६ कक्षा के पास दो पक्ति मे दस व्यक्ति है। २७. सुन्दर पद्धति को अपनाओ (सेव्)।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. गमन्, पान्, घ्रान्, दृशन्।	गच्छन्, पिबन्, जिघ्रन्, पश्यन्।	१२७ ख
२ आगच्छती, गायती।	आगच्छन्ती, गायन्ती।	१२७ घ

४ अभ्यास —(क) २ (क) को भूतकाल मे बदलो। (ख) २ (ख) को वर्तमान मे बदलो। (ग) इन धातुओ के शतृ प्रत्यय के रूप तीनो लिंगो मे बनाओ :—पठ्, लिख्, गम्, आगम्, दृश्, हस्, पा, घ्रा, स्था, कृ, जि, दा, अस्, वद्, पच्, इष्, प्रच्छ्, कथ्। (घ) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो.—मति, श्रुति, भूमि, प्रकृति, शक्ति, रात्रि, पठत्, गच्छत्, लिखत्, पश्यत्।

शब्दकोष–८५० + २५ = ८७५] अभ्यास ३५ (व्याकरण)

(क) कुमारी (कुमारी), गौरी (पार्वती), मही (पृथ्वी), रजनी (रात्रि), कौमुदी (चाँदनी), प्राची (पूर्व), प्रतीची (पश्चिम), उदीची (उत्तर), महिषी (१ रानी २ भैंस), सखी (सखी), पुत्री (पुत्री), दासी (दासी), वापी (तालाब), कमलिनी (कमलिनी), पुरी (नगर), नगरी (नगर), वाणी (वाणी), सरस्वती (सरस्वती)। १८। [पार्वती, भागीरथी, जानकी, अष्टाध्यायी।] (ग) यदि (यदि), चेत् (१ यदि, २ तो), नो चेत् (नही तो), अन्यथा (नही तो), यतो हि (क्योकि), सकृत्, (एकबार), असकृत्, (अनेक बार)।७।

सूचना—(क) कुमारी—सरस्वती, नदीवत्।

व्याकरण (नदी, शतृ, शानच्, द्वितीया)

१. नदी शब्द के तुल्य कुमारी आदि के रूप चलाओ। (देखो शब्द० १५)।

२ अभ्यास ६-७ मे दिये द्वितीया के नियमो का पुनः अभ्यास करो।

नियम १२८—(क) (लट शतृशानचौ०) आत्मनेपदी धातुओं के लट् के स्थान पर शानच् (आन) हो जाता है। शानच् प्रत्यय होने पर शब्द के रूप पुंलिग में रामवत् चलेंगे। स्त्रीलिंग में अन्त मे आ लगाकर रमावत्, और नपुं० मे गृहवत् रूप चलेंगे। शानच् का आन शेष रहता है। शानच् प्रत्यान्त शब्दो का लिग, वचन और कारक कर्ता के तुल्य ही रहेगा। (देखो परिशिष्ट मे शानच् प्रत्यय)। (ख) शानच् प्रत्ययान्त के बाद अर्थ के अनुसार अस् धातु का प्रयोग करो, अर्थात् वर्तमान में लट् लकार, भूत मे लङ् और भविष्यत् मे लृट्। (ग) (आने मुक्) जिन धातुओं के अन्त मे अ विकरण लगता है, वहाँ पर अ और आन के बीच मे म् लग जाएगा। अर्थात् अ + आन=मान। जैसे—यजते>यजमान। वर्तते>वर्तमान। वर्धते>वर्धमान.। (घ) (ईदास) आस् धातु का शानच् होने पर आसीन रूप होता है।

सूचना—हिन्दी मे रहा वाले प्रयोगो (जा रहा है, जा रहा था, पढ़ रही थी) का अनुवाद शतृ या शानच् प्रत्यय लगाकर होता है, बाद मे अस् धातु का रूप। जैसे—पठन् अस्ति, सा याचमाना अस्ति, स पचमान आसीत्, भविष्यति वा।

नियम १२९—(लृट सद् वा) लृट् लकार को भी परस्मै० मे शतृ और आत्मने० मे शानच् होता है। लृट् का रूप बनाकर अन्त मे शतृ या शानच् लगावे। जैसे, स गमिष्यन् भविष्यति, पठिष्यन् भविष्यति। (वह जाता हुआ होगा, पढ़ता हुआ होगा)।

नियम १३०—शतृ और शानच् प्रत्ययान्त का सप्तमी मे समय-सूचक अर्थ हो जाता है। जिस समय मै पढ़ रहा था—मयि पठति सति। जब मै रो रहा था—मयि रुदति सति।

अभ्यास ३५

१ **उदाहरण-वाक्य** —१. छात्र वर्तमानोऽस्ति, आसीद् वा। २ कुमारी कार्यं कुर्वाणा अस्ति, आसीद् वा। ३. गौरी भोजन पचमाना अस्ति। ४ शिष्यः अधीयानः (पढ रहा) अस्ति। ५ पुत्री आसीना (बैठी हुई) अस्ति। ६. दासी भुजाना (भोजन खाती हुई) अस्ति। ७ अह श्व. प्रात· पठिष्यन्, कार्यं करिष्यन् भविष्यामि। ८ रुदन्त पुत्र त्यक्त्वा पिता गतः। ९. मयि गच्छति सति (जब मै जा रहा था तब) पिता आगतः। १० कुमार्य· महिष्यश्च सखीभि· दासीभिश्च सह वापी निकषा महीम् अधितिष्ठन्ति। ११. सखी शयाना (सोती हुई) अस्ति।

२. **संस्कृत बनाओ** —**(क)** १. उस छात्र ने एक बार पाठ पढा। २. राजा की पुत्री नदी के पास जा रही है। ३ कमलिनी वापी मे अत्यन्त शोभित हो रही है (शुभ्)। ४ रानी सखियोके साथ गोरी और सरस्वती की वन्दना कर रही है (वन्दमाना)। ५ नगरी के चारो ओर रजनी मे प्राची, प्रतीची, उदीची और दक्षिण दिशा मे कौमुदी फैल रही है (प्रसृ)। ६ गौरी की वाणी शिव को अच्छी लग रही है (रुच्)। ७ पार्वती और जानकी पृथ्वी पर बैठी हुई (आसीन) अष्टाध्यायी पढ रही है (अधि+इ)। (ख) ८ मै बैठा हुआ था। ९ तू पढ रहा था (अधि+इ)। १०. वह माँग रहा था। ११ कुमारी सो रही थी (शी)। १२ गौरी खाना खा-रही थी (भुज्)। १३. प्रभा हँस रही थी। १४ रानी हँसती हुई सखी को देख रही थी (ईक्षमाणा)। **(ग)** १५ मै जब लिख रहा था तब गौरी आई। १६ बालक जब रो रहा था, तब वह दासी आई। १७. कुमारी गाय का दूध दुहती है (दोग्धि)। १८ दासी रानी से धन माँग रही है। १९ सरस्वती पार्वती से प्रश्न पूछ रही है। २० दासी बकरी को गाँव मे ले जा रही है। २१. वह कल प्रात लिख रहा होगा। २२. तू कल घर जा रहा होगा। २३ पाप मत कर, नहीं तो रोएगा, क्योकि पाप से दु.ख होता है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१ अधीयती, शयन्ती, भुजती, आसन्।	अधीयाना, शयाना, भुजाना, आसीना।	१२८
२ महिष्या· धन याचते।	महिषी धन याचमाना अस्ति।	२१
३. दासी अजा ग्रामे नयन् अस्ति।	दासी अजा ग्राम नयन्ती अस्ति।	२१, १२७

४ **अभ्यास** —(क) २ (क) को भूतकाल मे बदलो। (ख) २ (ख) को वर्तमान मे बदलो। (ग) इन धातुओ के शानच् प्रत्यय के रूप तीनो लिगो मे बनाओ·—वृत्, पच्, भुज्, कृ, शी, ईक्ष्, वन्द्, रुच्, शुभ्, अधि+इ, आस्। (घ) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो:—नदी, कुमारी, पृथ्वी, गौरी, सखी, पुरी, पुत्री, वाणी।

शब्दकोष—८७५ + २५ = ९००] अभ्यास ३६ (व्याकरण)

(क) धेनु (गाय), रेणु (धूल), चञ्चु (चोंच), रज्जु (रस्सी), हनु (ठोडी)। सुलेख (सुलेख), परिणाम (परिणाम), क्रीडक (खिलाडी), अङ्क (अंक), अवकाश (छुट्टी), परीक्षा (परीक्षा), क्रीडा (खेल), सञ्चिका (कापी), मसी (स्याही), लेखनी (कलम), श्रेणी (कक्षा), मसीपात्रम् (दावात), वादनम् (बजे), पृष्ठम् (पृष्ठ), उत्तरम् (उत्तर), क्रीडाक्षेत्रम् (क्रीडाक्षेत्र), अनुशासनम् (अनुशासन)। २२। (ख) आस् (बैठना), उत्तीर्ण (उत्तीर्ण), उपस्थित (उपस्थित)।३।

सूचना—(क) धेनु—हनु, धेनुवत्।

व्याकरण (धेनु शब्द, तुमुन् प्रत्यय, द्वितीया)

१ धेनु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० सं० १६)।

२ आस् धातु के दसों लकारों में रूप स्मरण करो। (देखो धातु० सं० ३४)।

३ अभ्यास ८ में दिए हुए तृतीया के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

नियम १३१—(१) (तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम्) को, के लिए अर्थ को प्रकट करने के लिए धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है। तुमुन् का तुम् शेष रहता है। यह अव्यय होता है, अतः इसका रूप नहीं चलेगा। जैसे—पठितुम् (पढ़ने को), लेखितुम् (लिखने को), स्नातुम् (नहाने को)। (२) इच्छार्थक धातुओं, शक् आदि धातुओं तथा पर्याप्त अर्थ के शब्दों और समय वाचक शब्दों के साथ भी तुमुन् होता है।

नियम १३२—तुमुन् (तुम्) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर लें। ये नियम तृच् (तृ), तव्यत् (तव्य), में भी लगेंगे। (१) धातु को गुण होता है, अर्थात् अन्तिम इ या ई को ए, उ या ऊ को ओ, ऋ या ॠ को अर् तथा उपधा (उपान्त्य) के इ, उ, ऋ को क्रमशः ए, ओ, अर् होता है। जैसे—जि-जेतुम्, भू-भवितुम्, कृ-कर्तुम्। इसी प्रकार हर्तुम्, धर्तुम्, लेखितुम्, रोदितुम्, शोचितुम्। (२) सेट् धातुओं के बीच में इ आता है, अनिट् में नहीं। उदाहरण उपर्युक्त हैं। (३) धातु के अन्तिम च् और ज् को क् होता है, द् को त्, भ् को ब्, ध् को द्। जैसे—पच्-पक्तुम्, भुज्-भोक्तुम् छिद्-छेत्तुम्, रुध्-रोद्धुम्, लभ्-लब्धुम्। (४) धातु के अन्तिम च्छ् और श् तथा भ्रस्ज्, सृज्, मृज्, यज्, राज्, भ्राज्, के ज् के स्थान पर ष् होकर ष्टुम् हो जाता है। जैसे-प्रच्छ्-प्रष्टुम्। प्रविश्-प्रवेष्टुम्। स्रष्टुम्, यष्टुम्। (५) ए और ऐ अन्तवाली धातुओं को आ हो जाता है। गै-गातुम्, त्रै-त्रातुम्, आह्वे-आह्वातुम्। (६) धातु के अन्तिम म् को न् हो जाता है। गम्-गन्तुम्, रम्-रन्तुम्। (७) इन धातुओं के ये रूप होते हैं:—सह्-सोढुम्, वह्-वोढुम्, सृज्-स्रष्टुम्, दृश्-द्रष्टुम्, आरुह्-आरोढुम्, दह्-दग्धुम्।

नियम १३३—(तुं काममनसोरपि) तुम् के म् का लोप हो जाता है, बाद में काम या मनस् (इच्छार्थक) शब्द हो तो। जैसे-वक्तुकामः, वक्तुमनाः (बोलने का इच्छुक)।

अभ्यास ३६

१ **उदाहरण-वाक्य** —१. अह कार्य कर्तुमिच्छामि। २ स लेख लेखितुम्, पुस्तक पठितुम्, गृह गन्तु, शत्रु हन्तु, गुरु वन्दितु, भोजन खादितुम् इच्छति। ३ अह कार्य कर्तु शक्नोमि, पठितु च जानामि। ४. एष समय: कालो वा पठितुम्। ५. स वक्तुकामः वक्तुमना: वा अस्ति। ६. राम: अत्र आस्ते, आस्ताम्, आसीत, आस्त, आसिष्यते वा।

२ **संस्कृत बनाओ** —(क) १ खाने के लिए घर जाओ। २. पढने के लिए विद्यालय जाओ। ३ बालक कौवे की चोच को छूना चाहता है। ४. यह भोजन का समय है। ५ रमा लिख और पढ सकती है। ६ कृष्ण खाना खाने के लिए, पाठ पढने के लिए, लेख लिखने के लिए, काम करने के लिए, गाय दुहने के लिए, भार ढोने के लिए, गाय (धेनु) लाने के लिए और रस्सी जलाने के लिए वहॉ जाता है। ७ वृक्ष पर चढने के लिए, दु ख सहन करने के लिए, गाय देखने के लिए, प्रश्न पूछने के लिए, यज्ञ करने के लिए, पुत्र की रक्षा करने के लिए, गाना गाने के लिए और शत्रु को जीतने के लिए तुम यहॉ आना। ८ वह पढने का इच्छुक है, खाने का इच्छुक है और गाने का भी इच्छुक है (काम या मना)। **(ख)** ९. इस कक्षा मे २० छात्र और ८ छात्राऍ उपस्थित है और ४ छात्र अनुपस्थित है। १०. विद्यालय मे गुरु छात्रो और छात्राओ से प्रश्न पूछते है, वे उत्तर देते है। ११. दस बजे विद्यालय की पढाई आरम्भ होती है। १२ छात्र अपने मित्रो के साथ कक्षा मे बैठते है, लेख लिखते है और पुस्तक पढते है। १३ कुछ छात्र परीक्षा मे उत्तीर्ण होते है और कुछ अनुत्तीर्ण। १४ कुछ खिलाडी क्रीडाक्षेत्र मे गेद खेल रहे है। १५ दावात मे स्याही है। १६. अपनी लेखनी से चार पृष्ठ लिखो। १७ अनुशासन का पालन करो। **(ग)** १८ वह धूलि पर बैठता है। १९. तू बैठता है। २० मै बैठता हूँ। २१ वह बैठा। २२ तू बैठा। २३. मै बैठा। २४ वह बैठेगा। २५ वह बैठे।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. लिखितुम्, दुग्धुम्, सहितुम्, प्रच्छितुम्।	लेखितुम्, दोग्धुम्, सोढुम्, प्रष्टुम्।	१३१
२. पठितुमना:, पठितुकाम।	पठितुमना:, पठितुकाम:।	१३३

४ **अभ्यास** :—(क) २ (ग) को बहुवचन मे बदलो। (ख) आस् धातु के दसो लकारो मे रूप लिखो। (ग) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो—धेनु, रेणु, रज्जु। (घ) तुमुन् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के नियमो को सोदाहरण बताओ। (ङ) इन धातुओ के तुमुन् प्रत्यय के रूप बनाओ :—कृ, हृ, धृ, पठ्, लिख्, गम्, भुज्, सह्, वह्, सृज्, दृश्, रुह्, दह्, लभ्, हन्, गै, आह्वे।

शब्दकोष—१०० + २५=१२५] अभ्यास ३७ (व्याकरण)

(क) वधू (बहू), चमू (सेना), तनू (शरीर), जम्बू (जामुन), श्वश्रू (सास)। व्याघ्र (बाघ), ऋक्ष (रीछ), शूकर (सूअर), वृक (भेडिया), शृगाल (गीदड), शश (खरगोश), वानर. (बन्दर), मृग (हिरन), नकुल, (न्योला), अश्व. (घोडा), वृषभ (बैल), उष्ट्र (ऊँट), गर्दभ (गधा), महिष (भैंसा), कुक्कुरः (कुत्ता), मार्जार. (बिलाव), अज (बकरा), मूषक (चूहा), एडका (भेड)। २४। (ख) शी (सोना)। १। सूचना—(क) वधू—श्वश्रू, वधूवत्।

व्याकरण (वधू, शी, क्त्वा प्रत्यय, तृतीया)

१. वधू शब्द के पूरे रूप स्मरण करो (देखो शब्द स० १७)।

२ शी धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ३५)।

३. अभ्यास ९ मे दिए तृतीया के नियमो का पुनः अभ्यास करो।

नियम १३४—(१) (समानकर्तृकयो. पूर्वकाले) 'पढकर' 'लिखकर' आदि 'कर' या 'करके' के अर्थ मे 'क्त्वा' प्रत्यय होता है। क्त्वा का 'त्वा' शेष रहता है। क्रिया का कर्ता एक ही होना चाहिए। त्वा अव्यय होता है, अत इसका रूप नही चलता। जैसे, भोजनं खादित्वा विद्यालयं गच्छति। (२) (अलखल्वो०) निषेधार्थक अलम् या खलु बाद मे हो तो धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है। जैसे—अलं कृत्वा, कृत्वा खलु (मत करो)। अलंहसित्वा (मत हँसो)। देखो अभ्यास ३८ भी।

नियम १३५—क्त्वा (त्वा) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले। (१) धातु को गुण या वृद्धि नही होती। सेट् धातुओं मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। जैसे, पठित्वा, हसित्वा, कृत्वा, हृत्वा, धृत्वा, लिखित्वा, रुदित्वा, जित्वा, चित्वा, भूत्वा। (२) नियम १२५ के (१) (३) (४) (५) यहाँ पर भी लगेंगे। जैसे (१) हत्वा, लब्ध्वा, रुद्ध्वा। (३) दित्वा, सित्वा, मित्वा, स्थित्वा। (४) गत्वा, रत्वा, यत्वा, नत्वा, मत्वा, हत्वा, बद्ध्वा। जन् आदि मे 'इ' भी लगता है—जनित्वा, सात्वा—सनित्वा, खात्वा—खनित्वा। (५) उक्त्वा, सुप्त्वा, इष्ट्वा, उप्त्वा, गृहीत्वा, विद्ध्वा, पृष्ट्वा, हूत्वा, ऊढ्वा, उदित्वा, उषित्वा। (३) नियम १३२ के (३), (४) यहाँ भी लगते है। (३) पक्त्वा, भुक्त्वा। (४) पृष्ट्वा, दृष्ट्वा, इष्ट्वा, सृष्ट्वा। (४) गा, पा के आ को ई हो जाता है—गीत्वा, पीत्वा,। अन्यत्र आ रहता है। ज्ञात्वा, त्रात्वा। (५) दीर्घ ऋ को ईर् होता है, तॄ>तीर्त्वा, कॄ>कीर्त्वा, पॄ मे ऊर् होता है>पूर्त्वा। (६) कम्, क्रम्, चम्, दम्, भ्रम्, श्रम्, के दो-दो रूप होते है। एक इ बीच मे लगाकर, दूसरा अम् को 'आन्' बनाकर। जैसे—कमित्वा—कान्त्वा, क्रमित्वा—क्रान्त्वा, शमित्वा—शान्त्वा आदि। (७) इन वस्तुओ के ये रूप होते है। दा>दत्त्वा, धा>हित्वा, हा (छोडकर)>हित्वा, अद्> जग्ध्वा, दह्>दग्ध्वा।

अभ्यास ३७

१ **उदाहरण-वाक्य**—१. राम स्नात्वा, पाठ पठित्वा, लेख लिखित्वा, भोजन भुक्त्वा, विद्यालय गच्छति । २ कृष्ण आसने स्थित्वा, मित्र दृष्ट्वा, तं प्रश्न पृष्ट्वा, स्वय च किञ्चिद् उक्त्वा लिखति । ३. शिष्यः आसने शेते, शेताम्, शयीत, अशेत, शयिष्यते वा ।

२. **संस्कृत बनाओ**—(क) १ कृष्ण स्नान करके, पुस्तक पढकर, लेख लिखकर, पाठ स्मरण कर और भोजन करके प्रतिदिन पाठशाला जाता है । २. राजा की सेना शत्रुओ को जीतकर और उन्हे बाँधकर राजा के पास लाती है । ३ बहू काम करके, भोजन पकाकर और सास को खिलाकर स्वय खाती है । ४ गुरु सत्य बोलकर, धर्म करके, यज्ञ करके, दूध पीकर और छात्रो को पढाकर जीवन बिताता है । ५. सास दान देकर, मन्त्र जपकर, गाना गाकर, अधर्म को छोडकर और सत्य को जानकर सुखपूर्वक रहती है । ६ बालक रोकर, भूमि खोदकर और डडा लेकर दौडता है । ७. भृत्य नदी को पार करके, भार सिर पर ढोकर ले जाता है । **(ख)** ८ राम ने वन मे एक व्याघ्र, दो रीछ, तीन सूअर, चार भेडिए, पाँच गीदड और छः मृग देखे । ९ नगर मे बहुत से घोडे, बैल, ऊँट, भैसे, कुत्ते, बिल्ली तथा गधे है । १० मत हँसो, मत रोओ, विवाद मत करो । ११ कुत्ता आँख से काना है । १२. घोडा पैर से लँगडा है । १३. खरगोश स्वभाव से सरल होता है । १४ ऐसे कुत्ते से क्या लाभ जो रक्षा न करे । **(ग)** (शी धातु) १५. वह सोता है । १६ मै सोता हूँ । १७ वह सोवे । १८ तू सो । १९ मै सोऊँ । २० वह सोया । २१ तू सोया । २२. मै सोया । २३. वह सोएगा । २४. तू सोएगा । २५ मै सोऊँगा ।

३	अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१	बन्ध्वा, यजित्वा, वक्त्वा, दुहित्वा ।	बद्ध्वा, इष्ट्वा, उक्त्वा, दुग्ध्वा ।	१३५
२	दात्वा, ग्रहीत्वा, तरित्वा, वहित्वा ।	दत्त्वा, गृहीत्वा, तीर्त्वा, ऊढ्वा ।	१३५

४ **अभ्यास**—(क) २ (ग) को बहुवचन बनाओ । (ख) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो—वधू, चमू, तनू । (ग) शी धातुके दसो लकारो के रूप लिखो । (घ) क्त्वा प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के नियमो को सोदाहरण लिखो । (ङ) इन धातुओ के क्त्वा प्रत्यय के रूप लिखो—कृ, गम्, पठ्, लिख्, खन्, वच्, स्वप्, ग्रह्, वह्, दृश्, प्रच्छ्, गा, तृ, कृ, दा, धा, क्रम्, भ्रम् ।

शब्दकोष ९२५ + २५ = ९५०] अभ्यास ३८ (व्याकरण)

(क) वाच् (वाणी), शुच् (शोक), त्वच् (त्वचा), ऋच् (वेद की ऋचा)। कोकिल (कोयल), मयूर (मोर), हंस (हस), शुक (तोता), चातक (चातक), चक्रवाक (चकवा), खंजन (खजन), कपोत (कबूतर), टिट्टिभ (टिटिहरी), चिल्ल (चील), काक (कौआ), वायस (कौआ), कुक्कुट (मुर्गा), गृध्र (गीध), बक (बगुला), उलूक (उल्लू), श्येन. (बाज)। सारिका (मैना), वर्तिका (१ बत्तख, २ बत्ती), चटका (चिड़िया)। २४। (घ) स्वच्छ (स्वच्छ)।१।

व्याकरण (वाच्, हु, ल्यप्, चतुर्थी)

१ वाच् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो० शब्द स० १८)।

२ हु धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३६)।

३ अभ्यास १० मे दिए चतुर्थी के नियमो का पुन. अध्ययन करो।

नियम १३६—(समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्) धातु से पूर्व कोई अव्यय, उपसर्ग या च्विप्रत्यय हो तो क्त्वा के स्थान पर ल्यप् (य) हो जाता है। धातु से पहले नञ् (अ) हो तो नही। ल्यप् का 'य' शेष रहता है। ल्यप् अव्यय होता है, अत इसके रूप नही चलते। जैसे, प्रलिख्य, प्रगम्य, स्वीकृत्य। परन्तु अकृत्वा, अगत्वा। ल्यप् प्रत्यय का वही अर्थ है जो क्त्वा का है अर्थात् करके।

नियम १३७—ल्यप् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले :—
(१) साधारणतया धातु अपने मूल रूप मे रहती है। गुण या वृद्धि नही होती है। इ भी बीच मे नही लगता। जैसे—आलिख्य, सपठ्य, आनीय। (२) धातु के अन्त मे आ, ई, ऊ हो तो वह उसी रूप मे रहता है। जैसे—प्रदाय, उत्थाय, निधाय, निलीय, विक्रीय, आनीय, अनुभूय, स्थिरीभूय। (३) (ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्) ह्रस्व अ, इ, उ, ऋ के बाद ल्यप् से पहले 'त्' और लग जाता है, अर्थात् 'त्य' होता है। जैसे—आगत्य, अधीत्य, विजित्य, संश्रुत्य, प्रस्तुत्य, प्रकृत्य, प्रहृत्य। (४) दीर्घ ॠ को ईर् हो जाता है और पृ मे ऊर्। जैसे–उत्तीर्य, अवतीर्य, विकीर्य, प्रपूर्य। (५) (वचिस्वपि०) वच् आदि को सप्रसारण होता है। वच्>प्रोच्य, वद्>अनूद्य, वस्>अध्युष्य, स्वप्>प्रसुप्य, ह्वे>आहूय, ग्रह्>सगृह्य, प्रच्छ्>आपृच्छ्य। (६) णिजन्त धातुओ के 'इ' का लोप हो जाता है, विचारि>विचार्य। प्रहार्य, उत्तार्य, उत्थाप्य, प्रदर्श्य, संचिन्त्य। (७) (ल्यपि लघुपूर्वात्) उपधा मे ह्रस्व हो तो इ को अय् होता है, विगणय्य, प्रणमय्य, विरचय्य। (८) (वा ल्यपि) गम् आदि के म् का लोप विकल्प से होता है और हन् आदि के न् का लोप नित्य होता है। (लोप होने पर बीच मे त्)। आगम्य—आगत्य, प्रणम्य—प्रणत्य। हन्>आहत्य, तन्>वितत्य, मन्>अनुमत्य।

अभ्यास ३८

१ **उदाहरण-वाक्य** —१. पाठ सपठ्य, लेखम् उल्लिख्य, सुखम् अनुभूय, परीक्षाम् उत्तीर्य रामोऽत्रागतः। २ रामम् आहूय, सम्यग् विचार्य गुरु पृष्टवान्। ३ वाचम् उच्चार्य, शुच सत्यज्य, वेदम् अधीत्य, ऋच प्रोच्य, गुरु प्रात'। ४ छात्र. अग्नौ जुहोति, जुहुयात्, अजुहोत्, होष्यति वा।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) (ल्यप्) १ गुरुजी को जल लाकर दो। २ श्रम से पढकर, परीक्षा उत्तीर्ण कर अग्रिम श्रेणी मे पढो। ३. राजा शत्रु का सहार करके, दुष्ट पर प्रहार कर, गुणियो का उपकार कर, पापियो का अपकार कर, सुख का अनुभव कर ब्राह्मणो को दान देता है। ४ वणिक् अन्न और पुस्तक बेचकर, धन सग्रह कर, दान देकर, अपनी अभिलाषाओ को पूर्ण कर सुख से सोता है। ५ बालक उठकर, गुरु को प्रणाम कर, सुन्दर वचन उच्चारण कर, विद्यालय मे आकर ऋचा पढता है। ६. शिष्य रात्रि मे सोकर, प्रात उठकर, अन्य छात्रो को उठाकर, स्नान कर, हवन कर, भोजन कर, पुस्तक लेकर पढने के लिए जाता है। ७ वह सायकाल खेलकर और घूमकर, पूजाकर, भोजन कर, ऋचा पढकर सोता है। ८ शोक को छोडकर वाणी कहो। **(ख)** ९ कोयल और कौए की त्वचा काली होती है। १० मोर नाचकर, हस चलकर, तोता बोलकर, चातक मेघ की ओर देखकर, खजन उडकर (उड्डीय), कबूतर, चील, बगुला और बाज अपनी क्रीडा से मन को हरते हैं। ११ मैना बोलती है, बत्तक इधर आती है, चिडिया उडती है (उड्डयते), उल्लू चिल्लाता है (क्रन्द्), गीध देखता है, मुर्गा भागता है, चकवा रात्रि मे रोता है, टिटिहरी उडती है। **(ग)** १२ वह अग्नि मे हवन करता है। १३. तू हवन करता है। १४. मै हवन करता हूँ। १५ वह हवन करे। १६ तू हवन कर। १७. उसने हवन किया। १८ मैने हवन किया। १९ वह हवन करेगा। २० मै हवन करूँगा।

३. अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ आदत्य, अधीय, उत्तीर्त्वा।	आदाय, अधीत्य, उत्तीर्य।	१३७
२. आह्वाय, सहृय, उपकृय।	आहूय, सहृत्य उपकृत्य।	१३७

४ **अभ्यास** —(क) २ (ग) को बहुवचन बनाओ। (ख) हु धातु के दसो लकारो के रूप लिखो। (ग) वाच्, शुच्, त्वच्, ऋच् के पूरे रूप लिखो (घ) इन धातुओ के ल्यप् प्रत्यय के रूप बनाओ—अनुभू, उपकृ, सस्कृ, सहृ, आहृ, प्रहृ, अधि + इ, आनी, उत्तृ, अवतृ, सगम्, आदा, उत्था, अनुवद्, अधिवस्, आह्वे, आहन्, विचारि, उत्थापि।

शब्दकोष—९५०+२५ = ९७५] अभ्यास ३९ (व्याकरण)

(क) सरित् (नदी), योषित् (स्त्री), तडित् (बिजली), विद्युत् (बिजली)। दन्त (दाँत), ओष्ठ (ओष्ठ), अधर. (नीचे का ओष्ठ), स्कन्ध (कन्धा), कण्ठ (गला), स्तन. (स्तन), कर. (हाथ), नख (नाखून)। नासिका (नाक), ग्रीवा (गर्दन), जिह्वा (जीभ), नाभि (नाभि), बुद्धि· (बुद्धि), मुष्टि (मुट्ठी)।। बाहु (भुजा, हाथ)। शीर्षम् (शिर), ललाटम् (माथा), उर·स्थलम् (छाती), हृदयम् (हृदय), उदरम् (पेट), अङ्गम् (अग)। २५।

व्याकरण (सरित्, भी, तव्यत्, अनीयर्, चतुर्थी)

१. सरित् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो (देखो शब्द० १९)।

२. भी धातु के दसो लकारो मे पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ३७)।

३ अभ्यास ११ मे दिए चतुर्थी के नियमो का पुनः अभ्यास करो।

नियम १३८—(तव्यत्तव्यानीयर·) 'चाहिए' अर्थ में तव्यत् और अनीयर् प्रत्यय होते है। इनका क्रमश तव्य और अनीय शेष रहता है। तव्य और अनीय भाववाच्य और कर्मवाच्य में होते है। (१) जब ये कर्मवाच्य मे होगे तो कर्म के अनुसार इनका लिंग, वचन और कारक होगा, कर्ता मे तृतीया होगी और कर्म मे प्रथमा। जैसे—तेन त्वया मया अस्माभि वा पुस्तकानि पठितव्यानि, पठनीयानि वा। (२) जब भाववाच्य मे तव्य और अनीय होगे तो इनमे नपुसक० एकवचन ही रहेगा, कर्ता मे तृतीया होगी। जैसे—तेन हसितव्यम्। तव्य और अनीय प्रत्ययान्त शब्द के रूप पु० मे रामवत्, स्त्रीलिंग मे रमावत् और नपु० मे गृहवत् होगे।

नियम १३९—'तव्य' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए देखो नियम १३२। जैसे—पठितव्य, लेखितव्य, कर्तव्य, हर्तव्य। रूप बनाने का सरल उपाय यह भी है कि तुम् के स्थान पर तव्य लगा दो।

नियम १४०—'अनीय' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले। ल्युट् (अन), अच् (अ), अप् (अ), मे भी ये नियम लगेंगे। (१) साधारणतया धातुओ मे कोई अन्तर नहीं होता। धातु मूलरूप में रहती है। बीच मे इ नहीं लगता। गम्>गमनीय, हसनीय, यजनीय, वचनीय। पा>पानीय, दानीय, स्थानीय आदि। (२) धातु के अन्तिम और उपधा के इ, उ, ऋ को क्रमश ए, ओ, अर् हो जाता है और अन्तिम ई, ऊ, ॠ को भी क्रमशः ए, ओ, अर् होते हैं। जैसे—जि>जयनीय, चयनीय, हवनीय, स्तवनीय, करणीय, हरणीय, स्मरणीय, लेखनीय, शोचनीय, कर्षणीय। (३) धातु के अन्तिम ए और ऐ को आ होता है। गै>गानीय, आह्वे>आह्वानीय।

अभ्यास ३९

१. उदाहरण-वाक्य —१. मया पाठ पठनीयः पठितव्यो वा । २ मया अस्माभिः वा पाठौ पठनीयौ, पाठा पठनीया. । ३ मया त्वया अस्माभि वा कार्य कर्तव्य करणीय वा, कार्याणि करणीयानि । ४ त्वया हसनीयम् । ५ मया सरित् योषिद् वा दर्शनीया, द्रष्टव्या वा । ६ शिष्य. गुरो बिभेति, बिभेतु, अबिभेत्, बिभीयात्, भेष्यति वा ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) (तव्यत्, अनीयर्) १. मुझे लेख लिखना चाहिए । २. मुझे हॅसना चाहिए । ३ तुम्हे काम करना चाहिए । ४ मुझे पाठ स्मरण करना चाहिए । ५ तुम्हे गाना गाना चाहिए । ६. स्त्री को पढना चाहिए, गाना गाना चाहिए, दान देना चाहिए और हवन करना चाहिए । ७ नदी मे स्नान करना चाहिए ८. विद्युत् से डरना चाहिए । (ख) ९ उस स्त्री की नाक, ओष्ठ, दाँत और अधर मुझे अच्छे लगते है (रुच्) । १० हृदय की शुद्धि से बुद्धि शुद्ध होती है । ११ हाथ दान से, जीभ सत्यभाषण से, बुद्धि सुविचार से, बाहु बल से, हृदय दया से, कण्ठ सुन्दर स्वर से शोभित होता है । १२. उन्नत कधा, उन्नत वक्ष.स्थल, उन्नत ललाट और उन्नत स्तन शोभित होते है। १३. इस पुरुष की नाभि, नाखून, उदर और शिर सुन्दर है । (ग) १४. पिता को नमस्कार । १५ बालक को स्वस्ति कहता हूँ । १६. मै इस कार्य के लिए समर्थ और पर्याप्त हूँ । १७. स्त्री को आभूषण अच्छा लगता है । १८. राम दुष्ट पर क्रोध, द्रोह, ईर्ष्या और असूया करता है । १९. सुख और शान्ति के लिए स्त्री को प्रसन्न रखो (प्रसादय) । (घ) २०. वह पिता से डरता है, डरे, डरा या डरेगा । २१. मै सिंह से डरता हूँ, डरा या डरूँगा । २२ तू चोर से डरता है, डरा या डरेगा ।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	१. अह लेख लेखनीयम् ।	मया लेखः लेखनीय. ।	१३८
	२. विद्युता भेतव्यः ।	विद्युतः भेतव्यम् ।	१३८, ४७

४. अभ्यास—(क) २ (क) को बहुवचन बनाओ । (ख) २ (घ) को बहु० बनाओ । (ग) भी धातु के दसो लकारो के रूप लिखो । (घ) सरित्, योषित्, विद्युत्, तडित् के पूरे रूप लिखो । (ङ) इन धातुओ के तव्यत् और अनीयर् लगाकर रूप बनाओ—कृ, पठ्, लिख्, गम्, हृ, पा, दा, गै, जि, चि । (च) चतुर्थी किन स्थानो पर होती है, सोदाहरण लिखो ।

शब्दकोष ९७५ + २५ = १०००] अभ्यास ४० (व्याकरण)

(क) वारि (जल)। हस्त (हाथ), अगुष्ठ (अगूठा), केश (बाल), मलम् (शौच), मूत्रम् (लघुशका), रक्तम् (खून), मासम् (मास), आननम् (मुँह), पृष्ठम् (पीठ)। शिखा (चोटी), जघा (जघा), अगुलि (अँगुली), कटि (कमर),। १४। (ख) आदा (लेना), प्रदा (देना)। अभिधा (कहना), अपिधा (ढकना), विधा (करना), परिधा (पहनना), निधा (रखना), श्रद्धा (श्रद्धा करना)। ८। (ग) सुरभि (सुगन्धित), शुचि (स्वच्छ, पवित्र), मनोहारिन् (मनोहर)। ३।

सूचना—वारि, सुरभि, शुचि, मनोहारिन् , वारि के तुल्य।स० मे मनोहारिन् होगा।

व्याकरण (वारि, दा, धा, यत् , अच् , अप् , पचमी)

१ वारि शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २१)।
२ दा, धा धातु के दसो लकारो के रूप स्मरण करो (देखो धातु० ३८-३९)।
३ अभ्यास १२ मे दिये पचमी के नियमो का पुन अभ्यास करो।

नियम १४१—(अचो यत्) 'चाहिये' या 'योग्य' अर्थ मे आ, इ, ई, उ, ऊ अन्तवाली धातुओ से यत् प्रत्यय होता है। यत् का 'य' शेष रहता है। यत् प्रत्यय कर्मवाच्य और भाववाच्य मे होता है। लिग, वचन आदि के लिए देखो नियम १३८। अर्थात् कर्मवाच्य मे कर्म के तुल्य लिग, वचन, विभक्ति। कर्ता मे तृतीया, कर्म मे प्रथमा। भाववाच्य मे कर्ता मे तृतीया, क्रिया मे नपु० एकवचन। मया, त्वया अस्माभि. वा जल पेयम्। पुस्तकानि देयानि। मया स्थेयम्। दान देयम्।

नियम १४२—(ईद्यति) यत् (य) प्रत्यय लगाने पर (१) आ को ए हो जाता है, दा>देयम् , गा>गेयम् , स्था>स्थेयम् , मा>मेयम् , पा>पेयम् , हा>हेयम्। (२) इ ई को ए हो जाता है, चि>चेयम् , जि>जेयम् , नी>नेयम्। (३) उ, ऊ को ओ होकर अव् हो जाता है। श्रु>श्रव्यम् , हु>हव्यम् , भू>भव्यम् , सु>सव्यम्।

नियम—१४३—(१) (पचाद्यच्) पच् आदि प्राय सभी धातुओ से अच् प्रत्यय होता है। अच् का अ शेष रहता है। अच् प्रत्यय लगाने से सज्ञा शब्द बन जाते है। धातु को गुण होता है। पुलिग रहता है। रामवत् रूप होगे। पच्>पच , दिव्>देव , कृ>कर (हाथ), नद्>नद (बडी नदी), चुर्>चोर , युध्>योध। (२) (एरच्) इ अन्तवाली धातुओ से अच् (अ) प्रत्यय होता है। गुण होकर अय् हो जायगा। चि>चय। जि>जय। नी>नय। आश्रि>आश्रय। ऐसे ही प्रश्रय , विनय , प्रणय।

नियम १४४—(ऋदोरप्) ॠ, उ या ऊ अन्तवाली धातुओ से अप् (अ) प्रत्यय होता है। गुण होता है, पुलिग होगा। कॄ>कर , गॄ>गर , यु>यव , भू>भव। स्तु>स्तव , पू>पव।

अभ्यास ४०

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ मया त्वया अस्माभि॰ वा सुरभि वारि पेयम्, दान देयम्, गान गेयम्, शत्रु जेय, यश श्रव्यम्, कीर्ति श्रव्या। २ मया त्वया वा पुस्तकानि देयानि, पापानि दुःखानि च हेयानि। ३ तेन मया वा विद्या अध्येया, शिक्षा देया, कीर्ति॰ गेया। ४ स धन ददाति प्रददाति वा, विद्याम् आददाति च। ५. स शिष्येभ्य धन ददाति, ददातु, दद्यात्, अददात्, दास्यति वा। ६ स पुस्तक दधाति, वाचम् अभिदधाति, कर्णौ अपिदधाति पिदधाति वा, कार्य विदधाति, शुचि वस्त्र परिदधाति, पुस्तकम् आसने निदधाति, धर्मे श्रद्दधाति च।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) (यत् प्रत्यय) १ मुझे स्वच्छ जल पीना चाहिए। २ तुम्हे दान देना चाहिए। ३ उसे यहाँ रहना चाहिए (स्था)। ४ हम सबको गाना गाना चाहिए, शत्रु जीतना चाहिए, गुरु से विद्या पढनी चाहिए, पाप छोडने चाहिएँ। **(ख)** ५. अपने शरीर के सभी अगो को स्वच्छ रक्खो (स्थापि)। ६ अपने हाथ, पाँव, मुँह, बाल, नाक, कान, आँख, जीभ, त्वचा, अगुलि, अगूठा, नाखून, नाभि, पेट, कमर, जीभ और जघा को स्वच्छ ओर सुन्दर रखो। ७ शरीर मे रक्त, मास और अस्थियाँ होती है। ८ शिक्षा कल्याण और कीर्ति के लिए होती है। **(ग)** ९. वह गाँव से आता हुआ सुगन्धित फूल वृक्ष से तोडता है (आदा)। १० स्वच्छ जल देता है (प्रदा)। ११. मनोहर वचन कहता है (अभिधा)। १२ स्वच्छ वस्त्र से नाक बन्द करता है (अपिधा)। १३ गाँव से आकर यहाँ काम करता है (विधा)। १४ स्वच्छ वस्त्रो को पहनता है (परिधा)। १५ पत्ते पर फूल रखता है (निधा)। १६ गुरु पर श्रद्धा करता है। **(घ)** १७ बालक चोर से डरता है। १८ योधा शत्रु से मित्र को बचाता है। १९. राम गुरु से विद्या पढता है। २०. ज्ञान के बिना (ऋते) मुक्ति नही होती।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१. अह शुचिः जल पेयम्।	मया शुचि जल पेयम्।	१४१, ३३
२. चोरेण बिभेति। गुरुणा अधीते।	चोराद् बिभेति। गुरो॰ अधीते।	४७, ४८

४ **अभ्यास** —(क) २ (ग) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लट् मे बदलो। (ख) वारि, सुरभि, शुचि के नपु॰ के पूरे रूप लिखो। (ग) दा, धा के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (घ) इनके यत् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—दा, धा, गै, हा, स्था, चि, जि, नी, श्रु, हु, भू। (ङ) अच् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—जि, नी, श्रि, चि। (च) अप् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—कृ, गृ, यु, भू, स्तु, पू, रु, द्रु।

शब्दकोष १०००+२५=१०२५] अभ्यास ४१ (व्याकरण)

(क) दधि (दही), अस्थि (हड्डी), अक्षि (आँख)। अक्षः (पासा, जुए की गिट्टी), तरङ्ग (तरंग), पङ्क (कीचड), नाविकः (मल्लाह), धीवर (धीवर, मछुआ), मत्स्य (मछली), मकर (मगर), कच्छपः (कछुआ), दर्दुरः (मेढक), तडाग (तालाब), कूप (कुँआ)। बिन्दु (बूँद)। नौका (नाव)। तटम् (तट, किनारा), सैकतम् (नदी का रेतीला किनारा), जालम् (जाल), कमलम् (कमल)। २०। (ख) दिव् (१ जुआ खेलना, २ चमकना), सिव् (सीना), अस् (फेंकना), अभ्यस् (अभ्यास करना), निरस् (छोडना, निकालना)।५।

सूचना—(क) दधि—अक्षि, दधिवत्। (ख) दिव्—निरस्, दिव् के तुल्य।

व्याकरण (दधि, दिव्, घञ्, पंचमी)

१. दधि शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २२)।

२. दिव् धातु के दसों लकारों में पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४०)।

३. अभ्यास १३ में दिये पंचमी के नियमों का पुनः अभ्यास करो।

नियम १४५—(भावे, अकर्तरि च कारके०) धातु के अर्थ में या कर्ता को छोडकर अन्य कारक का अर्थ बताने के लिए घञ् प्रत्यय होता है। घञ् का 'अ' शेष रहता है। घञन्त शब्द पुंलिंग होता है। जैसे—हस्>हासः (हँसी), पाकः (पकना)। घञन्त के साथ कर्म में षष्ठी होती है, जैसे—भोजनस्य पाकः, रामस्य हासः।

नियम १४६—घञ् (अ) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर लें—(१) धातु के अन्तिम इ, उ, ऋ को क्रमशः ऐ, औ, आर् वृद्धि हो जाती है और धातु की उपधा के अ, इ, उ, ऋ को क्रमशः आ, ए, ओ, अर् होते हैं। धातु के अन्तिम ई, ऊ, ॠ को भी क्रमशः ऐ, औ, आर् होते हैं। जैसे—पठ्>पाठः, लिख्>लेखः, रुध्>रोधः, श्रि>श्रायः, भू>भावः। हस्>हासः। कृ>कारः, प्रकार, विकार, उपकार, अपकार। हृ>हार, प्रहार, आहार, संहार, विहारः, उपहार आदि। अध्यायः, उपाध्याय, संस्कार। (२) (चजोः कु घिण्ण्यतोः) च् को क् और ज् को ग् हो जाता है। पच्>पाक, शुच्>शोकः, भज्>भाग, यज्>याग, भुज्>भोगः, रुज्>रोग। त्यज्>त्याग। (३) इन धातुओं के ये रूप होते हैं—रञ्ज्>राग, अनुराग, विराग, उपराग। मृज्>मार्ग, अपामार्गः। चि>काय, निकायः। नि+इ>न्याय। हन्>घात, आघात, उपघात। घञ् के कुछ अन्य रूप—१. युज्>योग, वियोग संयोग, प्रयोग, उपयोग। २ चर्>चार, आचार, विचार, प्रचार, संचार। ३. वद्>वाद, विवाद, आशीर्वाद, संवाद, प्रवाद, अपवाद, अनुवाद। ४ नम् >प्रणाम, परिणाम। ५ भुज्>भोग, उपभोग, संभोग, आभोगः। ६ दिश् >देश, विदेश, उपदेश, सन्देश, निर्देश, आदेश, उद्देश, प्रदेश। (देखो परिशिष्ट)

अभ्यास ४१

१ **उदाहरण-वाक्य**—१. शुचि दधि भक्षयति। २ दध्नः घृत भवति। ३. अक्ष्णा पश्यति। ४. अस्थिषु त्वग् भवति। ५. अक्षैः दीव्यति, दीव्यतु, अदीव्यत्, दीव्येत्, देविष्यति। ६. वस्त्राणि सीव्यति। ७. शत्रौ इषुम् अस्यति, शास्त्रम् अभ्यस्यति, पापिन निरस्यति।

२ **संस्कृत बनाओ**।—**(क)** १. दही अच्छी है। २. दही लाओ, दही से घी होता है। ३ ऑख से देखो। ४ ऑख मे जल है। ५. वह ऑख से काना है। ६ हड्डी पर मास और त्वचा है। ७ हड्डियो मे शक्ति है। **(ख)** ८ नदी मे मछलियॉ, कछुए ओर मगर है। ९ नदी के तट पर रेत और कीचड है। १० तालाब मे धीवर जाल डालकर (प्रक्षिप्य) मछलियॉ पकडता है (आदा)। ११ गगा की तरगे सुन्दर है। १२ कुएँ मे मेढक है। १३. जल की बूँदे गिर रही है। १४ नाविक नौका से नदी को पार कर रहा है (तॄ)। १५ नदीके रेतीले भाग मे छात्र खेल रहे है। १६. जल मे कमल शोभित हो रहे है। **(ग)** १७. वह पासो से जुआ खेल रहा है। १८ तू जुआ खेलता है। १९ उसने जुआ खेला। २०. मैने जुआ नही खेला। २१. तू जुआ न खेल। २२. वह जुआ नही खेलेगा। २३ वह वस्त्र सीता है। २४ मै बाण फेकता हूँ। २५ वह धनुर्विद्या का अभ्यास करता है (अभ्यस्)। २६. वह शत्रु को नगर से निकालता है (निरस्)। **(घ)** २७ पाप से दुःख होता है। २८ अधर्म से बचो (विरम्)। २९. वह पुत्र को पास से हटाता है। ३०. राम के अतिरिक्त कोई आ रहा है। ३१. बल से बुद्धि श्रेष्ठ है (गरीयसी)। ३२. गुरु के पास से शिष्य आता है। ३३. वह धन से धान्य को बदलता है। ३४. चोर राजा से छिप रहा है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१. दधिनः, अक्षिणा, अक्षिणि।	दध्नः, अक्ष्णा, अक्ष्णि।	शब्दरूप
२. मतिः बलेन गरीयसी।	मतिरेव बलाद् गरीयसी।	५४

४. **अभ्यास** —(क) २ (ग) को बहुवचन बनाओ। (ख) दधि, अस्थि, अक्षि, के पूरे रूप लिखो। (ग) दिव्, सिव्, अस् के दसो लकारो मे रूप लिखो (घ) पचमी किन स्थानो पर होती है, सोदाहरण लिखो। (ङ) इन धातुओ के घञ् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ :—पठ्, लिख्, विक्र, आह्व, आधृ, भृ, पच्, शुच्, भज्, भुज्, युज्, रुज्, त्यज्, उपदिश्, वस्, हस्, हन्, वद्, अधि+इ, प्रणम्।

५ **वाक्य बनाओ** —पाठः, प्रहारः, भागः, भोगः, सयोगः, त्यागः, आघातः, ऋते, त्रायते, निवारयति, जायते, प्रतियच्छति, अधीते, विरमति।

शब्दकोष १०२५+२५ = १०५०] **अभ्यास ४२** (व्याकरण)

(क) मधु (१ शहद, २ मीठा), दारु (लकड़ी), जानु (घुटना), अम्बु (जल), वस्तु (वस्तु), वसु (धन), अश्रु (आँसू), जतु (लाख), श्मश्रु (दाढ़ी), त्रपु (रॉगा), सानु (पर्वत की चोटी), तालु (तालु)। १२। (ख) नृत् (नाचना), व्यध् (बींधना, मारना), पुष् (पुष्ट करना), शुष् (सूखना), तुष् (सतुष्ट होना), श्लिष् (१ चिपकना, २ आलिगन करना), तृप् (तृप्त होना), रञ्ज् (१ प्रसन्न होना, २ लगाना), शुध् (शुद्ध होना)। ९। (घ) स्वादु (स्वादिष्ट), बहु (बहुत), होतृ (हवन करनेवाला), रक्षितृ (रक्षाकर्ता)। ४।

सूचना—(क) मधु—तालु, मधुवत्। (ख) नृत्—शुध्, दिव् के तुल्य।

व्याकरण (मधु, नृत्, तृच्, षष्ठी)

१. मधु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २३)।

२. नृत् धातु के दसो लकारो मे पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४१)।

३ अभ्यास १४ मे दिए षष्ठी के नियमो का पुन अभ्यास करो।

४ कर्तृ शब्द नपु० के प्रथमा द्वितीया मे ये रूप होगे:—शेष पुलिग कर्तृवत्।

कर्तृ	कर्तृणी	कर्तॄणि	प्र०	सक्षिप्तरूप	ऋ	ऋणी	ॠणि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०		,,	,,	,,	द्वि०

नियम १४७—(ण्वुल्तृचौ) धातु से 'वाला' (कर्ता) अर्थ मे तृच् प्रत्यय होता है। तृच् का 'तृ' शेष रहता है। जैसे—कर्तृ (करनेवाला), हर्तृ (हरनेवाला), इसी प्रकार सहर्ता, धर्ता, उपकर्ता आदि। कर्ता के अनुसार इसके लिग, विभक्ति और वचन होते हैं। पुलिंग मे इसके रूप कर्तृ शब्द (शब्दरूप स० ५) के तुल्य चलेगे। स्त्रीलिग मे अन्त मे 'ई' लगाकर नदी के तुल्य। नपु० मे उपर्युक्त रूप से रूप चलेगे। प्राय. सभी धातुओ से तृच् प्रत्यय लगता है। तृच् प्रत्ययान्त के साथ कर्म मे षष्ठी होती है। जैसे—पुस्तकस्य कर्ता, हर्ता, धर्ता वा। धातु को गुण होता है।

नियम १४८—तृच् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले — (१) नियम १३२ (१) से (७) पूरा लगेगा। रूप बनाने का सरल उपाय यह है कि तुम् के साथ पर तृ लगाने से तृच् प्रत्ययान्त रूप बन जाता है। (१) (२) धातु को गुण होता है। जैसे—कृ>कर्तुम्>कर्तृ, हृ>हर्तुम्>हर्तृ। इसी प्रकार भर्तृ, धर्तृ, लेखितृ पठितृ, रोदितृ आदि। (३) भोक्तृ, पक्तृ, छेत्तृ। (४) यष्टृ, प्रष्टृ, स्रष्टृ प्रवेष्टृ। (५) गातृ, दातृ, धातृ, विधातृ, ज्ञातृ, आह्वातृ। (६) गन्तृ, रन्तृ, यन्तृ, उपयन्तृ। (७) सोढृ, वोढृ, स्रष्टृ, द्रष्टृ।

अभ्यास ४२

१ **उदाहरण-वाक्य** '—१. स्वादु मधु भक्षय । २. इद दारु इहानय । ३. पर्वतस्य सानुनि सानौ वा वृक्षोऽस्ति । ४ ईश्वरः जगत• कर्ता, धर्ता, सहर्ता चास्ति । ५ ईश्वरस्य प्रकृतिः जगत कर्त्री, धर्त्री, सहर्त्री चास्ति । ६. ब्रह्म जगतः कर्तृ, धर्तृ, सहर्तृ चास्ति । ७. कन्या नृत्यति, नृत्यतु, अनृत्यत्, नृत्येत्, नर्तिष्यति वा । ८. नृप• शत्रु शरैः विध्यति, पिता पुत्र पुष्यति, रोगिण शरीर शुष्यति, मम मन• तुष्यति तृप्यति च, पत्नी पति श्लिष्यति, मम मन कार्ये रज्यति, मन• सत्येन शुध्यति ।

२ **सस्कृत बनाओ** '—(क) १ स्वादिष्ट मधु खाओ । २. इस लकडी को लाओ । ३. घुटना पृथ्वी पर रखो । ४. बहुत जल न पिओ । ५ उस वस्तु को उठाओ । ६ बहुत धन चाहो । ७. तुम्हारे ऑसू गिर रहे है । ८ लाख यहाँ लाओ । ९ दाढी स्वच्छ करो । १० रॉगा चिपकता है (श्लिष्) । ११ पर्वत की चोटी पर चढो । १२. तालु मे बाण लगा (विद्ध) । **(ख)** १३ ईश्वर ससार का कर्ता धर्ता हर्ता है । १४ ब्रह्म सृष्टि का कर्ता धर्ता हर्ता है । १५. ग्रन्थ का रचयिता ग्रन्थ बनाता है (रच्) । १६. जेता शत्रुओ को जीतता है । १७ रक्षक रक्षा करता है । १८ धन का लेनेवाला धन लेता है । १९. हर्ता धन चुराता है । २०. भर्ता पत्नी का पालन करता है । **(ग)** २१ नटी नाचती है । २२. कन्या नाची । २३. मोर नाचेगा । २४ भूपति मृग को बाणो से बीधता है । २५ माता पुत्र को पालती है । २६. वृक्ष सूख रहा है । २७ ब्राह्मण सुस्वादु भोजन से सतुष्ट होता है । २८ राम भरत का आलिंगन करते है । २९. मनुष्य धन से तृप्त नही होता है । ३०. मेरा मन पढने मे लगता है (रञ्ज्) । **(घ)** ३१. लकडी के लिए वृक्ष पर जाता है । ३२. बालक माता का स्मरण करता है । ३३. कमल के ऊपर, नीचे, आगे, पीछे भौरे है (भ्रमर) । ३४ कालिदास कवियो मे सर्वश्रेष्ठ है ।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१, दारुम्, अम्बुम्, वस्तुम्, अश्रुम् ।	दारु, अम्बु, वस्तु, अश्रूणि ।	शब्दरूप
२. बालक' मातर स्मरति ।	बालकः मातु• स्मरति ।	६२

४ **अभ्यास** '—(क) २ (ग) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लृट् मे बदलो । (ख) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो—मधु, दारु, वस्तु, वसु, स्वादु (नपु०), बहु (नपु०) । (ग) इन धातुओके दसो लकारो मे पूरे रूप लिखो—नृत्, पुष्, शुष्, तुष्, तृप् । (घ) इन धातुओ के तृच् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—कृ, हृ, धृ, गम्, पठ्, जि, चि, हन्, मन्, पच्, भुज्, युज्, छिद्, भिद्, प्रच्छ्, सृज्, गा, दा, सह, वह, दृश ।

शब्दकोष—१०५० + २५ = १०७५] **अभ्यास ४३** (व्याकरण)

(क) पयस् (१ जल, २ दूध), यशस् (यश), वचस् (वचन), तपस् (तपस्या), शिरस् (शिर), वासस् (वस्त्र), सरस् (तालाब), नभस् (आकाश), अम्भस् (जल), सदस् (सभा), वक्षस् (छाती), स्रोतस् (स्रोत)। यानम् (सवारी), स्थानम् (स्थान), उपकरणम् (साधन), आवरणम् (आवरण, ढक्कन), संस्करणम् (१ शुद्धि, २ पुस्तकादि का संस्करण), प्रकरणम् (प्रकरण)। १८। (ख) नश् (नष्ट होना), मुह् (मोहित होना), करणम् (करना), हरणम् (हरना), मरणम् (मरना), भजनम् (भजन करना), पानम् (पीना)। ७।

सूचना—(क) पयस्—स्रोतस्, पयस् के तुल्य। (ख) नश्—मुह्, दिव् के तुल्य।

व्याकरण (पयस्, नश्, ल्युट्, ण्वुल्, षष्ठी)

१ पयस् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो (देखो शब्द० २४)।

२. नश् धातु के दसो लकारो मे पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ४२)।

३ अभ्यास १५ मे दिए षष्ठी के नियमो का पुनः अभ्यास करो।

नियम १४९—(१) (ल्युट् च) भाववाचक शब्द बनाने के लिए धातु से ल्युट् (अन) प्रत्यय होता है। ल्युट् के यु को 'अन' हो जाता है। अनप्रत्ययान्त शब्द नपुसक लिग होते है। धातु को गुण होता है। ल्युट् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए नियम १४० देखें। गम्>गमनम् (जाना)। इसी प्रकार पठनम् (पढना), यजनम्। भजनम्। कृ>करणम्, हरणम्, भरणम्, मरणम्, रोदनम्, शोचनम्। (२) (करणाधिकरणयोश्च) करण और अधिकरण अर्थ मे भी ल्युट् (अन) होता है। यानम् (जिससे जाते है, सवारी), स्थानम् (जिसपर या जहाँ बैठते हैं), उपकरणम् (जिससे काम करते है, साधन), आवरणम् (जिससे ढकते है)।

नियम १५०—(ण्वुल्तृचौ) 'करने वाला' या 'वाला' अर्थ मे ण्वुल् प्रत्यय होता है। ण्वुल् के वु को 'अक' हो जाता है। नियम १४६ (१) के तुल्य धातु को वृद्धि होगी। कर्ता के अनुसार इसके लिग होगे। पुलिग मे रामवत्, स्त्रीलिंग में 'इका' अन्त मे होगा, रमावत् रूप होगे। नपु० मे ज्ञानवत्। जैसे—कृ>कारकः (करनेवाला), कारिका, कारकम्। पाठक, लेखक, हारक, सहारक, धारक, मारक, उपकारकः, अपकारक, सेवक। (१) आकारान्त धातु में बीच मे 'य' लग जाएगा। दा>दायक, सुखदायक.। धा>धायक, विधायकः। पा>पायक.। इनके ये रूप होगे—हन्>घातक, जन्>जनक, शम्>शमकः, गम्>गमक, यम्>यमक, वध्>वधक।

अभ्यास ४३

१ उदाहरण-वाक्य —१ बाल॰ पय॰ पिबति। २ जगत् नश्यति। ३ मूर्खस्य मन॰ मुह्यति। ४. पिता पुत्रे स्निह्यति। ५ पयस॰ पान, वचस॰ कथन, तपस॰ आचारण, शिरसः प्रक्षालनम्, वाससः धारणम्, नभस॰ दर्शनम्, सदसि भाषण, स्रोतसि स्नान कुरु। ६ ईश्वर जगतः कारक धारक॰ हारकश्चास्ति। ७ ईश्वरस्य प्रकृति॰ जगत कारिका, धारिका, हारिका चास्ति। ८ ब्रह्म जगतः कारक, धारक, हारक चास्ति।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ जल पियो। २. यश की इच्छा करो। ३ मधुर वचन बोलो। ४ तप करो। ५ अपना सिर उठाओ। ६ कपडे पहनो। ७ तालाब मे स्नान करो। ८. आकाश की ओर देखो। ९ सभा मे शान्त बैठो। १०. दूध का पीना, वचन का कहना, तप का करना, शिर का धोना, वस्त्रो का पहनना, नभ का देखना, जल का लाना, वक्ष स्थल का उठना (उत्थान), सोते का बहना। ११ लेख का लिखना, पुस्तक का पढना, भोजन का खाना, ईश्वर का स्मरण, कार्य का करना, धन का हरण, मनुष्य का मरना, बालक का उठना, कन्या का सोना, चोर का रात्रि मे जागना ये विविध कार्य है। १२ यश मे रुचि, तालाब मे नहाना, सभा मे बैठना अच्छा है। १३ यान पर चढो। १४ अपने स्थान पर बैठो। १५ भोजन के उपकरण लाओ। १६ शय्या पर आवरण डालो (स्थापय)। **(ख)** १७ ईश्वर ससार का कारक, धारक, हारक है। १८ नियति जगत् की कर्त्री, धर्त्री, हर्त्री है। १९ रसोइया भोजन बनाता है। २० रक्षक रक्षा करता है। २१ गायिका गाती है। २२ राम के समीप, गॉव से दूर, मनुष्य है। २३. राम के तुल्य श्याम है। २४ बालक का कुशल हो। **(ग)** २५ प्रलय मे ससार नष्ट होता है। २६ वृक्ष नष्ट हुआ। २७ दुष्ट नष्ट हो। २८. मूर्ख मोहित होता है। २९ गुरु शिष्य से स्नेह रखता है।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ पिबनम्, पश्यनम्, उत्तिष्ठनम्।	पानम्, दर्शनम्, उत्थानम्।	१४९
२ यशसम्, तपसम्। यशे, सरे।	यश, तप॰। यशसि, सरसि।	शब्दरूप

४ अभ्यास —(क) २ (ग) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो। (ख) इन शब्दो के पूरे रूप लिखो—पयस्, यशस्, वचस्, तपस्, शिरस्, वासस्, सरस्, नभस्, सदस्। (ग) नश् और मुह् के दसो लकारो के रूप लिखो। (घ) इन धातुओ के ल्युट् और ण्वुल् प्रत्यय के रूप बनाओ —कृ, हृ, धृ, भृ, पठ्, लिख्, गम्, दृश्, पा, स्था, दा, या, स्ना, ज्ञा, शी, भज्, भुज्, मुच्, रुद्, रुह्, वद्, खन्। (ङ) षष्ठी किन स्थानो पर होती है, सोदाहरण लिखो।

शब्दकोष—१०७५ + २५=११००] अभ्यास ४४ (व्याकरण)

(क) शर्मन् (सुख), वर्मन् (कवच), ब्रह्मन् (१ ब्रह्म, २ वेद), वेश्मन् (घर), सद्मन् (घर), पर्वन् (१ पर्व, त्यौहार, २ गाँठ), भस्मन् (भस्म, राख), जन्मन् (जन्म), लक्ष्मन् (चिह्न), वर्त्मन् (मार्ग), चर्मन् (चमडा)। बुध (विद्वान्), आतपत्रम् (छाता)। १३। (ख) भ्रम् (घूमना), शम् (शान्त होना), दम् (१ दमन करना, २ संयम करना), क्लम् (थकना), हृष् (प्रसन्न होना), लुभ् (लोभ करना)। ६। (घ) प्रिय (प्रिय), कृश (दुबला, पतला), सुकर (सरल), दुष्कर (कठिन), सुलभ (सुलभ), दुर्लभ (दुर्लभ)। ६।

सूचना—शर्मन्—चर्मन्, शर्मन् के तुल्य। (ख) भ्रम्—लुभ्, दिव् के तुल्य।

व्याकरण (शर्मन्, भ्रम्, क, खल्, सप्तमी)

१. शर्मन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो (देखो शब्द० २५)।

२. भ्रम् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ४३)।

३ अभ्यास १६ मे दिए सप्तमी के नियमो का पुन अभ्यास करो।

नियम १५१—(१) (इगुपधज्ञाप्रीकिर क) जिन धातुओ की उपधा मे इ, उ, या ऋ हो उनसे तथा ज्ञा, प्री और कृ धातु से क प्रत्यय होता है। क प्रत्यय का 'अ' शेष रहता है। धातु को गुण नहीं होगा। धातु के अन्तिम 'आ' का लोप होता है। 'वाला' अर्थ मे क प्रत्यय होता है। जैसे, बुध्>बुध (जाननेवाला, विद्वान्), लिख्>लिख (लेखक), कृश्>कृश (निर्बल), ज्ञा>ज्ञ (ज्ञाता), प्री>प्रिय (प्रिय), कृ>किर (बखेरनेवाला)। (२) (आतश्चोपसर्गे) उपसर्ग पहले हो तो आकारान्त धातु से क प्रत्यय होता है। आ का लोप हो जाएगा। जैसे—प्र + ज्ञा>प्रज्ञ, प्राज्ञ', विज्ञ, सुज्ञ, अभिज्ञ, आ + ह्वा>आह्व, प्रह्व। (३) (आतोऽनुपसर्गे क, सुपि स्थ) उपसर्ग-भिन्न कोई शब्द पहले हो तो भी आकारान्त से क प्रत्यय होता है। आ का लोप हो जाएगा। जैसे—सुख + दा>सुखद, दु खद', त्रा>आतपत्रम्, गोत्रम्, पुत्रः। पा>द्विप, गोप., महीपः, पादपः। स्था>समस्थ, द्विष्ठ, आसनस्थ, वृक्षस्थ।

नियम १५२—(ईषद्दु सुषु०) ईषत्, दु या सु पहले हो तो धातु से खल् (अ) प्रत्यय ही होता है, कठिन या सरल अर्थ मे। जैसे—ईषत्कर', दुष्कर', सुकर., दुर्लभ', सुलभ, दुर्गमः, सुगम, दुर्जय, सुजय', दु सह।

अभ्यास ४४

१ उदाहरण-वाक्य —१. प्रियाय प्राज्ञाय शर्म । २ वर्म धारय । ३ स्वकीये वेश्मनि सद्मनि वा निवसामि । ४ सता वर्त्मना गच्छामि । ५ भस्मनि बाल॰ पतितः । ६. मम पुत्रस्य जन्म रविवारेऽभवत् । ७. बुध॰ भ्राम्यति, पुत्र॰ शाम्यति, प्राज्ञ॰ इन्द्रियाणि दाम्यति, पथिक क्लाम्यति, सज्जनः हृष्यति, बाल मोदकाय लुभ्यति । ८. दुःख सुलभम्, सुखम् दुर्लभम् ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ अपना कल्याण चाहो । २ सुलभ कवच पहनो । ३ ब्रह्म ससार को बनाता है । ४ घर मे सुख से रहो । ५ रास्ते मे मत खेलो । ६ सज्जनो के मार्ग से चलो । ७ आज अमावस्या का पर्व है । ८. यति भस्म मे रमता है । ९ तुम्हारा जन्म कब हुआ था । १० शत्रु के दु॰सह बाणो का चिन्ह मेरे शरीर पर है । ११ यति मृग के चर्म पर बैठता है । १२ मेरी धर्म मे श्रद्धा है । १३. वसन्त मे बहुत फूल और फल होते है । १४ सायकाल घूमने के लिए जाऊँगा । १५ कृश मनुष्य पर दया करो । १६ वर्षा मे छाता वर्षा से बचाता है । १७ प्राज्ञ सुकर और दुष्कर सभी कर्मो को करता है । (ख) १८ बुद्धिमान् लोग प्रियजनो के साथ घूमते है । १९. वह भ्रमण करता है । २० तूने भ्रमण किया । २१ मै भ्रमण करूँ । २२ वह शान्त होता है । २३ बुद्धिमान् इन्द्रियो का दमन करता है । २४ तू थकता है । २५ मै प्रसन्न होता हूँ । २६ मूर्ख लोभ करते है ।

३	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
	१ शर्माणम्, वर्माणम्, सद्मनि ।	शर्म, वर्म, सद्मनि ।	शब्दरूप
	२ वर्षाया आतपत्र वर्षया त्रायते ।	वर्षासु आतपत्र वर्षाभ्य त्रायते ।	४७,८९
	३ इन्द्रियाणा दाम्यति ।	इन्द्रियाणि दाम्यति ।	४

४ अभ्यास — (क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो । (ख) इनके पूरे रूप लिखो—शर्मन्, वर्मन्, ब्रह्मन्, वर्त्मन्, जन्मन्, चर्मन् । (ग) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखो—भ्रम्, शम्, दम्, हृष्, लुभ् । (घ) इन धातुओ के क प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—लिख्, बुध्, कृश्, ज्ञा, प्री, कृ । (ङ) इनके खल् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—सुगम्, सुकृ, दुष्कृ, सुजि, दुर्जि, सुलभ्, दुर्लभ् ।

४ वाक्य बनाओ —शर्मणे, पर्वणि, जन्मना, भ्राम्यति, हृष्यति, सुकर॰, दुर्लभः ।

शब्दकोष-११०० + २५ = ११२५] अभ्यास ४५　　(व्याकरण)

(क) जगत् (संसार), वियत् (आकाश)। गति (गति), बुद्धि (बुद्धि), धृति (धैर्य), कृति (कार्य), नति (१ नमस्कार, २ झुकना), भूति (ऐश्वर्य), उक्तिः (कथन), इष्टि (१ यज्ञ, २ इच्छित), वृत्ति (१ व्यवहार, २ आजीविका), प्रवृत्ति॰ (१ झुकाव, २ लगना), मुक्ति (मोक्ष), युक्ति (युक्ति), संसृति॰ (संसार)। पण्डितंमन्य (अपने को पंडित माननेवाला), शाकाहारिन् (शाकाहारी), निरामिष-भोजिन् (शाकाहारी), मांसाहारिन् (मांसाहारी)। १९। (ख) युध् (लडना), उद् + डी (उडना), दीप् (१ जलना, २. दीप्त होना), क्लिश् (दु खित होना)। ४। (ग) पचत् (पकाता हुआ), पतत् (गिरता हुआ)। २।

सूचना—(क) जगत्—वियत्, जगत् के तुल्य। (ख) युध्—क्लिश् युध् के तुल्य।

व्याकरण (जगत्, युध, क्तिन्, अण्, णिनि, सप्तमी)

१ जगत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द॰ २६)।

२ युध् धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु॰ ४४)।

३. अभ्यास १७ मे दिए सप्तमी के नियमो का पुन॰ अभ्यास करो।

नियम १५३—(स्त्रियां क्तिन्) धातुओ से क्तिन् प्रत्यय होता है। क्तिन् का 'ति' शेष रहता है। 'ति' प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिंग ही होते है। इनसे भाववाचक सज्ञा बनती है। जैसे—कृ>कृति (करना), धृति, स्तुति भूति। गुण या वृद्धि नही होगी। संप्रसारण होगा। 'ति' प्रत्यय लगाकर धातुओ से रूप बनाने के लिए नियम १३५ (१) से (६) देखे। (१) कृति, हृति, धृति, चिति, भूति। (२) स्थिति, भित्ति, गति, मति, यति, रति, नति, उक्ति, सुप्ति, इष्टि। (३) पक्ति, भुक्ति, मुक्ति। (४) गीति, पीति। (५) कीर्ति, पूर्ति। (६) कान्ति, क्रान्ति, भ्रान्ति, शान्ति, श्रान्ति।

नियम १५४—(कर्मण्यण्) कोई कर्मवाचक पद पहले हो तो धातु से अण् (अ) प्रत्यय होता है। धातु को वृद्धि होती हे। जैसे—कुम्भ करोतीति—कुम्भकारः। भाष्यकार, सूत्रधार, तन्तुवायः।

नियम १५५—(१) (नन्दिग्रहि॰) 'वाला' अर्थ मे धातु से णिनि (इन्) प्रत्यय होता है। धातु को वृद्धि होगी। करिन् के तुल्य रूप चलेगे। जैसे—निवसतीति> निवासी, प्रवासी, स्था>स्थायी, कृ>उपकारी, अपकारी, अधिकारी। इसी प्रकार, द्वेषी, अभिलाषी, सचारी। (२) (सुप्यजातौ॰) कोई शब्द पहले तो धातु से णिनि (इन्) प्रत्यय होता है, स्वभाव अर्थ मे। भुज्>उष्णभोजी (गर्म खाने के स्वभाववाला), आमिषभोजी, निरामिषभोजी, मिथ्यावादी, मनोहारी, अग्रयायी, अनुगामी, मित्रद्रोही, शाकाहारी, मासाहारी। (३) (आत्ममाने खश्च) अपने आपको समझने अर्थ मे, णिनि और खश् (अ) दोनो प्रत्यय होते हैं। म् भी शब्द के बाद लगता है। जैसे—पण्डितंमानी, पण्डितमन्य।

अभ्यास ४५

१ उदाहरण-वाक्य—१ ब्रह्मणः जगत् उद्भवति जगत कर्ता ब्रह्म वा। २ वियति पक्षिणः उड्डीयन्ते। ३ पुष्पाणि पतन्ति सन्ति (गिर रहे हैं)। ४ ओदन पचत् अस्ति (भात पक रहा है)। ५ योधः युध्यते, पक्षी उड्डीयते, उदडीयत वा, अग्नि. दीप्यते, दुष्टः क्लिश्यते। ६ मम धर्मे बुद्धिः, कर्मणि प्रवृत्ति अस्ति। ७ स पडित-मन्य' पडितमानी वा अस्ति। ८ अह शाकाहारी, निरामिषभोजी वा अस्मि।

२ सस्कृत बनाओ—(क) १ जगत् सुन्दर है। २ जगत् मे बहुत से मनुष्य मूर्ख और पापी है। ३ आकाश मे बहुत से पक्षी है। ४ आकाश स्वच्छ है। ५. फल पक रहा है। ६ पत्ता गिर रहा है। ७ गुरु की गति, मनुष्य की मति, धीर की धृति, कवि की कृति, भद्र की भूति, उदार की उक्ति, इष्ट की इष्टि, वीर की वृत्ति, पुरुष की प्रवृत्ति, योग की युक्ति, मुमुक्षु की मुक्ति। ८ ससृति मे धर्म मे प्रवृत्ति, विद्या मे गति, मुक्ति के विषय मे मति, विपत्ति मे धृति सब मे नहीं होती। ९ पति पत्नी मे स्नेह करता है। १० छात्र छात्र से स्नेह करता है। ११ गुरु के जाने पर शिष्य आया। १२ धर्मों मे आर्यधर्म श्रेष्ठ है। १३ पर्वतो मे हिमालय श्रेष्ठ है। १४. अर्जुन धनुर्विद्या मे कुशल, पटु, निपुण, और दक्ष है। १५ राजा शत्रुओ पर बाण फेकता है। **(ख)** १६ वीर युद्ध करता है। १७. मै युद्ध करता हूँ। १८ तूने युद्ध किया। १९ हस आकाश मे उडता है। २०. अग्नि दीप्त होती है। २१ मूर्ख दु खित होता है। **(ग)** २२ वह अपने आपको पडित समझता है। २३ मै शाकाहारी हूँ। २४ वह मासाहारी है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१ गुरो' गते सति।	गुरौ गते सति।	७७, ३३
२. हस वियते उड्डयति।	हस वियति उड्डीयते, उड्डयते वा।	शब्दरूप, धातुरूप

४ अभ्यास—(क) २ (ख) को लोट्, लड्, विधिलिङ्, लट् मे बदलो। **(ख)** इन शब्दो के रूप लिखो—जगत्, वियत्, पचत् (नपु०), पतत् (नपु०)। मति, बुद्धि, धृति, कृति, उक्ति, वृत्ति। (ग) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखो—युध्, डी, दीप्, क्लिश्। (घ) इन धातुओ से क्तिन् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—कृ, हृ, धृ, गम्, रम्, नम्, स्था, गा, पा, स्वप्, यज्, कम्, शम्। (ङ) सप्तमी किन स्थानो पर होती है, सोदाहरण लिखो।

५ वाक्य बनाओ—जगति, जगताम्, वियति, युक्ति। युध्यते, योत्स्यते, उड्डीयते, उदडीयत, उड्डयिष्यते, अदीप्यत, दीपिष्यते, क्लिश्यते, क्लेशिष्यते।

शब्दकोष—११२५ + २५ = ११५०] अभ्यास ४६ (व्याकरण)

(क) नामन् (नाम), प्रेमन् (प्रेम), धामन् (धाम, घर), व्योमन् (आकाश), सामन् (सामवेद), हेमन् (सोना), दामन् (रस्सी), लोमन् (बाल)। ८। (ख) जन् (पैदा होना), सपद् (होना, पूर्ण होना), उत्पद् (उत्पन्न होना), विद् (होना), मन् (मानना)। ५। (ग) निर्विघ्नम् (निर्विघ्न), निष्कारणम् (बिना कारण के), यथाशक्ति (शक्तिभर), आबालवृद्धम् (बालक से वृद्ध तक)। ४। (घ) यावत् (१ जितना, २ जबतक), तावत् (१ उतना, २ तबतक), कियत् (कितना), इयत् (इतना), अनुकूल (अनुकूल), प्रतिकूल (विपरीत), निर्द्वन्द्व (निर्विघ्न), निर्जन (जनरहित)।८।

सूचना—(क) नामन्—लोमन्, नामन के तुल्य। (ख) जन्—मन्, युध् के तुल्य।

व्याकरण (नामन्, जन्, अव्ययीभाव समास)

१ नामन् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २७)।

२. जन् धातु के दसो लकारो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४५)।

नियम १५६—(समास) (१) दो या अधिक शब्दो को मिलाने या जोडने को समास कहते हैं। समास का अर्थ है संक्षेप। समास करने पर समास हुए शब्दो के बीच की विभक्ति (कारक) नही रहती। समस्त (समासयुक्त) शब्द एक शब्द हो जाता है, अन्त में विभक्ति लगती है। समास के तोडने को 'विग्रह' कहते हैं। जैसे—राज्ञ पुरुष (राजा का पुरुष) विग्रह है, राजपुरुष (राजपुरुष) समस्तपद है, बीच के कारक षष्ठी का लोप हुआ है। (२) समास के छ भेद है —१. अव्ययीभाव, २ तत्पुरुष, ३ कर्मधारय, ४ द्विगु, ५ बहुव्रीहि, ६ द्वन्द्व।

नियम १५७—(अव्ययीभाव) (अव्यय विभक्तिसमीप०) अव्ययीभाव समास की पहचान यह है कि इसमे पहला शब्द अव्यय (उपसर्ग या निपात) होगा। बाद का शब्द कोई संज्ञा शब्द होगा। अव्ययीभाव समासवाले शब्द नपु० एक० मे ही रहते है, उनके रूप नहीं चलते। अव्ययीभाव समास के समस्तपद और विग्रह पद मे अन्तर होता है, क्योकि किसी विशेष अर्थ मे अव्यय शब्द आता है। १ सप्तमी के अर्थ मे 'अधि'—हरौ>अधिहरि। २ समीप अर्थ मे 'उप' कृष्णस्य समीपे>उपकृष्णम्। ऐसे ही उपकूलम्, उपगगम्, उपयमुनम्। ३ अभाव अर्थ मे 'निर्' जनानामभावो>निर्जनम्। निर्विघ्नम्, निर्द्वन्द्वम्। निर्मक्षिकम्। ४ पीछे अर्थ में अनु, रथस्य पश्चात्>अनुरथम्। अनुहरि। ५ प्रत्येक अर्थ मे प्रति 'गृहं गृहं प्रति>प्रतिगृहम्। ६ अनुसार अर्थ मे 'यथा' शक्तिमनतिक्रम्य>यथाशक्ति। यथेच्छम्, यथाकामम्। ७ साथ ओर सदृश अर्थ मे सह का 'स' सचक्रम्। ८ तक अर्थ मे 'आ' आसमुद्रम्। आबालवृद्धम्। ९ बाहर अर्थ मे 'बहि.' बहिर्वनम्, बहिर्ग्रामम्। १० समीप या ओर अर्थ मे 'अनु' अनुकूलम्। ११. विपरीत अर्थ में 'प्रति' प्रतिकूलम्। अपने रूढ अर्थ मे अनुकूल प्रतिकूल विशेषण होते हैं।

अभ्यास ४६

१ उदाहरण-वाक्य —१. मम नाम देवदत्तोऽस्ति । २ गुरु. शिष्ये प्रेम करोति । ३. व्योम्नि पक्षिणः विद्यन्ते । ४ हेम्नः आभूषण सपद्यते । ५ मातु पुत्र. जायते, जायेत, अजायत, जनिष्यते, उत्पत्स्यते वा । ६ स आत्मान प्राज्ञ मन्यते, अमन्यत, मस्यते वा । ७. स यथाशक्ति साम अगायत् । ८ निष्कारण प्रतिकूल न आचर । ९. निर्जने निर्द्वन्द्व निर्विघ्न तावत् पठ, यावत् इयत् कार्य न सपद्यते । १० यावन्तो जना ग्रामे सन्ति, तावन्त. सर्वेऽपि आबाल्वृद्धम् इयत्काल यावत् सुखिन. सन्ति ।

२ सस्कृत बनाओ—(क) १ तुम्हारा नाम क्या है ? २ मेरा नाम कृष्ण है । ३. सज्जन सब पर प्रेम करता है । ४ प्रेम से प्रेम उत्पन्न होता है । ५ मेरे घरमे आबाल-वृद्ध सब यथाशक्ति कार्य करते है । ६ हमारे विद्यालय मे जितने छात्र है, उतनी ही छात्राएँ है । ७. वहाँ कितने छात्र, कितनी छात्राएँ, कितने फल और कितनी पुस्तके है । ८. जितने फल, जितने फूल वहाँ है, उतने ही फल और फूल यहाँ भी है । ९ तब तक काम करो, जब तक गुरु जी आवे । १०. उतने समय तक वहाँ मत रहो । ११. निष्कारण विवाद न करो । १२ निर्जन मे भी अनुकूल और प्रतिकूल प्राणी मिल जाते है । १३. राम मेरे अनुकूल है । १४ रावण मेरे प्रतिकूल है । १५ आकाश मे पक्षी है । १६ श्याम साम गाता है । १७ यह सोने का आभूषण है । १८ रस्सी लाओ । १९. बाल धोओ । **(ख)** २०. बच्चा पैदा होता है । २१ पुत्र पैदा हुआ । २२ विद्या से ज्ञान होता है (सपद्) । २३ वह वहाँ है । २४. वह अपने आपको मूर्ख समझता है ।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्धवाक्य	नियम
१. प्रेमात् प्रेम. जायते ।	प्रेम्ण. प्रेम जायते ।	शब्दरूप
२ यावान् छात्रा , तावन्त बालिकाः ।	यावन्त छात्रा तावत्य. बालिका. ।	,
३ अनुकूल प्रतिकूल प्राणिन. ।	अनुकूला. प्रतिकूला. प्राणिनः ।	३३

४ अभ्यास —(क) २ (ख) के लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो । (ख) इन शब्दो के रूप लिखो—नामन् , प्रेमन् , व्योमन् , हेमन् । (ग) इन धातुओ के दसो लकारो मे रूप लिखो—जन् , सपद्, विद्, मन् । (घ) समास किसे कहते है ? कितने समास है । नाम लिखो । (ङ) अव्ययीभाव समास की पहचान सोदाहरण लिखो ।

५ समास करो.—कृष्णस्य समीपे । जनानाम् अभाव' । रथस्य पश्चात् । द्वार द्वार प्रति । शक्तिम् अनतिक्रम्य । चक्रेण सहितम् । गगायाः समीपम् ।

शब्दकोष—११५० + २५=११७५] अभ्यास ४७ (व्याकरण)

(क) मनस् (मन), चेतस् (चित्त), तमस् (अन्धकार), उरस्, (छाती), तेजस् (तेज), रजस् (१ धूल २ रजोगुण), वयस् (आयु), रक्षस् (राक्षस), ओजस् (तेज), छन्दस् (वेद के छन्द), रहस् (एकान्त), एनस् (पाप), अहस् (पाप)। हविष् (हवि), सर्पिष् (घी), ज्योतिष् (१ ज्योति, २ तारे), रोचिष् (तेज), धनुष् (धनुष), चक्षुष् (आँख), राजपुरुष (राजकर्मचारी) सोम (१ चन्द्रमा, २ सोमरस), मूर्तिपूजा (मूर्तिपूजा)। २२। (ख) सु (१ नहाना, २ नहवाना, ३ रस निकालना)। १। (घ) ईश्वरभक्त (ईश्वर का भक्त), विद्याहीन (मूर्ख)। २।

सूचना—(क) मनस्—अहस्, मनस् के तुल्य। हविष्—रोचिष्, हविष् के तुल्य।

व्याकरण (मनस्, हविष्, सु, तत्पुरुष)

१. मनस् और हविष् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २८ क, ख)।

२. सु धातु के दसों लकारोंमें रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४६)।

नियम १५८—(तत्पुरुष) तत्पुरुष समास उसे कहते है जहाँ पर दो या अधिक शब्दों के बीच से द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी या सप्तमी विभक्ति का लोप होता है। समास होने पर बीच की विभक्ति का लोप हो जायगा। जिस विभक्ति का लोप होगा, उसी विभक्ति के नाम से वह तत्पुरुष समास कहा जायगा, जैसे—द्वितीया तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष समास आदि। (उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुष) इसमे बाद वाले पद का अर्थ मुख्य होता है। जैसे—(१) द्वितीया—कृष्णम् आश्रितः—कृष्णाश्रितः। दुःखमतीतः—दुःखातीतः। भयं प्राप्तः—भयप्राप्तः। (२) तृतीया—बाणेन आहतः—बाणाहतः। खड्गेन हतः—खड्गहतः। नखैः भिन्नः—नखभिन्नः। हरिणा त्रातः—हरित्रातः। विद्यया हीनः—विद्याहीनः। ज्ञानेन शून्यः—ज्ञानशून्यः। मात्रा सदृशः—मातृसदृशः। पित्रा तुल्यः—पितृतुल्यः। एकेन ऊनम्—एकोनम्, आदि। (३) चतुर्थी—यूपाय दारु—यूपदारु। गवे हितम्—गोहितम्। भूताय बलिः—भूतबलिः। द्विजाय इदम्—द्विजार्थम्। स्नानाय इदम्—स्नानार्थम्। भोजनार्थम्। (४) पंचमी—चोराद् भयम्—चोरभयम्। पापाद् मुक्तः—पापमुक्तः। प्रासादात् पतितः—प्रासादपतितः। वृक्षपतितः, अश्वपतितः, रोगमुक्तः, शत्रुभयम्, राजभयम्। (५) षष्ठी—राज्ञः पुरुषः—राजपुरुषः। ईश्वरस्य भक्तः—ईश्वरभक्तः। शिवभक्तः, विष्णुभक्तः, देवपूजकः। मूर्त्याः पूजा—मूर्तिपूजा। देवपूजा। सुवर्णकुण्डलम्, विद्यालयः, देवालयः, देवमन्दिरम्। (६) सप्तमी—शास्त्रे निपुणः—शास्त्रनिपुणः। विद्यानिपुणः, युद्धनिपुणः। जले लीनः—जललीनः। जलमग्नः। कार्ये चतुरः—कार्यचतुरः। कार्यदक्षः।

शब्दकोष--११७५+२५=१२००] अभ्यास ४८ (व्याकरण)

(क) स्वर्णकार (सुनार), लौहकार (लोहार), चर्मकार (चमार), घट (घडा), कुम्भकार (कुम्हार), मालाकार (माली), कर्णधार (मल्लाह), चित्रकार (चित्रकार), तैलिक (तेली), महत्तर (मेहतर), रजक (धोबी), तन्तुवाय (जुलाहा), भारवाह (मजदूर), शिल्पिन् (कारीगर), स्वर्णम् (सोना), लौहम् (लोहा), चक्रम् (१ चक्र, २ चाक), चित्रम् (चित्र), तैलम् (तेल), पादत्राणम् (१ जूता, २ चप्पल), समार्जनी (झाडू)। २१। (ख) आप् (पाना), प्राप् (पाना), समाप् (१ पाना, २ समाप्त करना), व्याप् (व्याप्त होना)। ४।

व्याकरण (आप्, कर्मधारय, द्विगु समास)

१ आप् धातु के दसो लकारो मे पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४७)।

नियम १५९—(तत्पुरुष. समानाधिकरण कर्मधारय) विशेषण और विशेष्य का जो समास होता है, उसे कर्मधारय समास कहते है। विशेषण शब्द पहले रहेगा, विशेष्य बाद मे। कर्मधारय मे दोनो पदो मे एक ही विभक्ति रहती है। जैसे-- नील कमलम्—नीलकमलम्। नीलम् उत्पलम्—नीलोत्पलम्। कृष्ण सर्प. —कृष्णसर्प। महान् चासौ देव—महादेव। महान् चासौ आत्मा—महात्मा। (१) एव (ही) के अर्थ मे —मुखमेव कमलम्—मुखकमलम्। चरण एव कमलम्—चरणकमलम्। इसी प्रकार मुखचन्द्र, करकमलम्, पादपद्मम्, नयन-कमलम्। (२) सुन्दर के अर्थ मे 'सु' और कुत्सित के अर्थ मे 'कु' लगता है। सुन्दर पुरुष—सुपुरुष। कुत्सित पुरुष—कुपुरुष। कुपुत्र, कुनारी, कुदेश। (३) इव (तरह) के अर्थ मे—घन इव श्याम—घनश्याम.। पुरुष व्याघ्र इव—पुरुषव्याघ्र.। नरसिंह, नृसिंह। चन्द्रसदृश मुखम्—चन्द्रमुखम्। चन्द्रमुखी।

नियम १६०—(सख्यापूर्वो द्विगु) कर्मधारय का ही उपभेद द्विगु समास है। जब कर्मधारय समास मे प्रथम शब्द सख्या वाचक हो तो वह द्विगु समास होता है। अधिकतर यह समाहार (एकत्र या समूह) अर्थ मे होता है। जैसे--त्रयाणां लोकाना समाहार—त्रिलोकम् (तीनो लोको का समूह)। इसी प्रकार त्रिभुवनम्। चतुर्णां युगानां समाहार—चतुर्युगम्। पञ्चाना पात्राणां समाहार—पञ्च-पात्रम्। समाहार अर्थ मे समास मे एकवचन ही रहता है, अन्य वचन नही। समास होने पर नपुंसक लिंग या स्त्रीलिंग शब्द बन जाते है—जैसे--त्रिलोकम्, त्रिलोकी, चतुर्युगम्, चतुर्युगी, शताना अब्दानां समाहार—शताब्दी, दशवर्षम्, दशाब्दी।

अभ्यास ४८

१ उदाहरण-वाक्य—१ स्वर्णकार. स्वर्णेन आभूषणानि रचयति। २. लौहकार लौहेन पात्राणि रचयति। ३. चर्मकार. चर्मणा पादत्राण (जूता), कुम्भकार. घट, मालाकार. माला, चित्रकार चित्र, महत्तर समार्जन्या स्वच्छता, तन्तुवाय वस्त्र, शिल्पी खट्वाम् (खाट), रजकः वस्त्राणा स्वच्छता करोति। ४ नर कर्मण यश आप्नोति, आप्नोतु, आप्नोत्, आप्नुयात्, आप्स्यति वा। ५ प्राज्ञ सत्येन सुख प्राप्नोति। ६. छात्र कार्य समाप्नोति, फल च समाप्नोति। ७ ईश्वर त्रिलोक व्याप्नोति।

२ सस्कृत बनाओ—(क) १ सुनार सोने से सुन्दर और बहुमूल्य आभूषण बनाता है। २ लोहार लोहे को पीटता है (ताडयति)। ३ चमार चमड से एक जूता बनाता है। ४ कुम्हार चाक पर मिट्टी से (मृत्तिका) घडा बनाता है। ५ माली फूलो से माला बनाता है। ६ कर्णधार नौका को नदी के पार ले जाता है। ७ चित्रकार एक नारी का सुन्दर चित्र बनाता है। ८ तेली तिलो से तेल निकाल रहा है (निष्कासयति)। ९ धोबी वस्त्रो को धोता है (प्रक्षालयति)। १० जुलाहा वस्त्रो को बनाता है। ११ भारवाहक भार को ढोता है (नी, वह्)। १२ महादेव काले सॉप को धारण करते है। १३ तालाब मे नीलकमल खिल रहा है। १४ ससार मे सुपुरुष न्यून और कुपुरुष अधिक है। १५ नारी के मुखकमल को देखो। **(ख)** १६ वह धन पाता है। १७. मै यश पाता हूँ। १८ तू पुस्तक पाता है। १९ वह विद्या पावे। २० मै धन पाऊँ। २१. तू सुख पा। २२ वह शान्ति पावेगा। २३ मै ज्ञान पाऊँगा। २४ तूने यश पाया। २५ मैने सुख पाया। २६ मै कार्य को समाप्त करता हूँ। २७ ईश्वर त्रिलोक, त्रिभुवन और चतुर्युगो मे व्याप्त है।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ अप्राप्नो., अप्राप्नुवम्।	प्राप्नोः, प्राप्नवम्।	९६
२ त्रिलोकेषु, त्रिभुवनेषु, चतुर्युगषु।	त्रिलोके, त्रिभुवने, चतुर्युगे।	१६०

४ अभ्यास.—(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लट् मे बदलो। (ख) आप्, प्राप्, समाप् के परस्मैपद के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (ग) कर्मधारय और द्विगु समास किसे कहते है, सोदाहरण लिखो।

५ समास करो.—नील कमलम्। महान् चासौ देवः। धीर. पुरुष। घन इव श्याम.। पाद. एव पद्मम्। कुत्सित पुरुष.। त्रयाणा लोकाना समाहार.। शतानाम् अब्दाना समाहार.।

६ विग्रह बताओ—कृष्णसर्प, करकमलम्, नीलोत्पलम्, सुपुरुषः, पुरुषव्याघ्रः, चन्द्रमुखम्। त्रिभुवनम्, पचपात्रम्, चतुर्युगी, पचयोजनम।

शब्दकोष—१२०० + २५ = १२२५] अभ्यास ४९ (व्याकरण)

(क) नापित (नाई), तक्षक. (बढ़ई), क्षुर (उस्तरा), सौचिक (दर्जी), रजक. (रंगरेज), व्याध (शिकारी) प्रतिहार (द्वारपाल), कहार (कहार), वधक (कसाई), वामन (बौना), वंचक (ठग), तुन्दिल (पेटू), ऐन्द्रजालिक (मदारी), सुधाजीविन् (पुताई करनेवाला), द्वारम् (द्वार), सौधम् (महल), सुधा (१ अमृत, २ सफेदी), सूचिका (सूई), खट्वा (खाट), आसन्दिका (कुर्सी)। पीताम्बर (कृष्ण)। २०। (ख) शक् (सकना), श्रु (सुनना), वप् (१ बोना, २ काटना)। ३। (ग) सविनयम् (सविनय), सादरम् (सादर)।२।

व्याकरण (शक् , बहुव्रीहि समास)

१. शक् (प०) धातु के दसों लकारों में पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ४८)।

*नियम १६१—(अनेकमन्यपदार्थे) (अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहि) जिस समास में अन्य पद के अर्थ की प्रधानता होती है, उसे बहुव्रीहि समास कहते है। बहुव्रीहि समास होने पर समासयुक्त पद स्वतन्त्ररूप से अपना अर्थ नहीं बताते, अपितु वे विशेषण के रूप में काम करते हैं और किसी अन्य वस्तु का बोध विशेष्यरूप में कराते हैं। बहुव्रीहि की पहचान है कि अर्थ करने पर जहाँ जिसको, जिसने, जिसका, जिसमें आदि अर्थ निकले। बहुव्रीहि के साधारणतया तीन भेद होते हैं—(१) समानाधिकरण (२) सहार्थक (३) व्यधिकरण। (१) समानाधिकरण—दोनों पदों में प्रथमा विभक्ति ही रहती है। अन्य पदार्थ कर्ता को छोड़कर कर्म करण आदि कोई भी हो सकता है। जैसे—(क) कर्म—प्राप्तम् उदकं य स =प्राप्तो-दकः। (ख) करण—हता शत्रव येन स.=हतशत्रु (राजा)। इसी प्रकार उत्तीर्ण-परीक्षः (छात्र), कृतकृत्य. (मनुष्य)। (ग) संप्रदान—दत्तं भोजनं यस्मै स. = दत्तभोजन. (भिक्षुक)। (घ) अपादान—पतितं पर्णं यस्मात् स = पतित-पर्ण. (वृक्ष)। (ङ) संबन्ध—पीतम् अम्बरं यस्य स. = पीताम्बर· (कृष्ण)। इसी प्रकार दशानन (रावण), चतुरानन. (ब्रह्मा), चतुर्मुख, पद्मयोनि.। (च) अधिकरण—वीरा पुरुषा यस्मिन् स. = वीरपुरुषः (ग्राम)। (२) (तेन सहेति तुल्ययोगे) साथ अर्थ में बहुव्रीहि। जैसे—पुत्रेण सहितः—सपुत्र. (पुत्र के साथ)। इसी प्रकार सानुज, साग्रज, सबान्धवः, सविनयम्, सादरम्, सानुरोधम्। सह या सहित के अर्थ में स पहले लगेगा। (३) व्यधिकरण—दोनों पदों में भिन्न विभक्ति होने पर भी बहुव्रीहि। जैसे—धनुः पाणौ यस्य स.—धनुष्पाणि.।

अभ्यास ४९

१ उदाहरण-वाक्य:—१. नापितः क्षुरेण केशान् वपति। २. तक्षकः खट्वाम् आसन्दिका च रचयति। ३ सौचिकः सूचिकया वस्त्राणि सीव्यति। ४. रजकः वस्त्राणि रजयति (रगता है)। ५ धनुष्पाणिः व्याधः मृगान् हन्ति। ६ प्रतिहारः सौधस्य द्वार रक्षति। ७ वधकः पशून् हन्ति। ८. सुधाजीवी सुधाभिः सौध लिम्पति (पोतता है)। ९ रामः कार्य कर्तुं शक्नोति, शक्नोतु, शक्नुयात्, अशक्नोत्, शक्ष्यति वा। १० कृष्णः पितुः कथन शृणोति, शृणोतु, शृणुयात्, अशृणोत्, श्रोष्यति वा।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ नाई उस्तरे से मनुष्य के बाल काटता है। २. बटई एक खाट और तीन कुर्सियाँ बनाता है। ३ दर्जी सूई से चार वस्त्रो को सीता है। ४ रगरेज इन सब वस्त्रो को रगता है। ५. शिकारी बाण से व्याघ्र को मारता है। ६. द्वारपाल राजा के महल के द्वार की रक्षा करता है। ७. कहार घडे से पानी भरता है (हृ)। ८ कसाई पशुओ को मारता है। ९. बौना व्यक्ति हँस रहा है। १० ठग सज्जन को ठगता है (वञ्चयति)। ११ पेटू अधिक भोजन खाता है। १२ मदारी अपना जादू (इन्द्रजालम्) दिखाता है। १३ पुताई करनेवाला सफेदी से मेरे मकान को पोतता है। १४ मै पीताम्बर कृष्ण और चतुरानन को सादर सविनय प्रणाम करता हूँ। १५. मै अपने बडे भाई, छोटे भाई और पुत्रो के साथ इस नगर मे रहता हूँ। १६. सत्यनिष्ठ और धर्मनिष्ठ राम धनुष्पाणि वन मे घूमते है। (ख) १७. वह कार्य कर सकता है। १८ मै पढ सकता हूँ। १९. वह उठ सकेगा। २० तू लिख सका। २१. वह सुनता है। २२ मै सुनूँ। २३. तू सुन। २४. वह सुनेगा। २५. मैने कुछ नही सुना।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. अह पाठ शक्नोमि।	अह पठितु शक्नोमि।	१३१
२. स उत्थान शक्नोति। लेख शक्नोषि।	उत्थातु शक्ष्यति। लेखितुम् अशक्नोः।	१३१

४ अभ्यास—(क) २ (ख) का लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लृट् मे बदलो। (ख) शक् और श्रु धातु के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (ग) बहुव्रीहि समास किसे कहते है, सोदाहरण लिखो।

५. समास करो:—पीतम् अम्बर यस्य सः। दश आननानि यस्य सः। बान्धवैः सहितः। सत्ये निष्ठा यस्य सः। पतित पुष्प यस्मात् सः। विनयेन सहितम्।

६ विग्रह बताओ—चतुराननः, पद्मयोनिः, चतुर्मुखः, दत्तभोजनः। सविनयम्, सादरम्, सानुजः, साग्रजः, धर्मनिष्ठः, ज्ञाननिष्ठः, सत्यव्रतः।

शब्दकोष–१२२५+२५=१२५०] अभ्यास ५० (व्याकरण)

(क) अग्रज (बडा भाई), अनुज (छोटा भाई), पितामह (दादा), मातामह (नाना), प्रपितामह (परदादा), पितृव्य (चाचा), मातुल (मामा), पौत्र (पोता), प्रपौत्र (परपोता), श्वशुर (ससुर), श्याल (साला), देवर (देवर)। भगिनी (बहन), स्वसृ (बहन)। १४। (ख) मृ (मरना), नुद् (प्रेरणा देना), उपदिश् (उपदेश देना), आदिश् (आज्ञा देना), सदिश् (संदेश देना), क्षिप् (फेंकना), कृ (फैलाना), उद्गृ (१ उगलना, २ बोलना), निगृ (निगलना), सृज् (बनाना), विसृज् (छोडना)। ११। सूचना '—नुद्—सृज्, तुद् के तुल्य।

व्याकरण (मृ, द्वन्द्व समास)

१ मृ (आ०) धातु के दसो लकारो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५४)

२. अग्रज आदि के स्त्रीलिंग-बोधक शब्द ये होते हैं—कहीपर अन्त मे आ लगेगा, कही पर 'ई'। अग्रजा (बडी बहिन), अनुजा (छोटी बहिन), पितामही (दादी), मातामही (नानी), प्रपितामही (परदादी), पितृव्या (चाची), मातुलानी (मामी), पौत्री (पोती), प्रपौत्री (परपोती), श्वश्रू (सास), श्याली (साली)।

नियम १६२—(चार्थे द्वन्द्व) (उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्व) जहाँ पर दो या अधिक शब्दो का इस प्रकार समास हो कि उसमे च (और) अर्थ छिपा हुआ हो तो वह 'द्वन्द्व' समास होता है। द्वन्द्व समास मे दोनो पदो का अर्थ मुख्य होता है। द्वन्द्व समास की पहचान है कि जहाँ अर्थ करने पर बीच मे 'और' अर्थ निकले। द्वन्द्व समास साधारणतया तीन प्रकार का होता है.—१ इतरेतर, २ समाहार, ३ एकशेष। (१) इतरेतर—जहाँ पर बीच मे 'और' का अर्थ होता है तथा शब्दो की सख्या के अनुसार अन्त मे वचन होता है, अर्थात् दो वस्तुएँ हो तो द्विवचन, बहुत हो तो बहुवचन। प्रत्येक शब्द के बाद विग्रह मे च लगता है। जैसे–रामश्च कृष्णश्च = रामकृष्णौ (राम और कृष्ण)। इसी प्रकार सीतारामौ, उमाशकरौ, रामलक्ष्मणौ, भीमार्जुनौ। पत्र च पुष्पं च फल च–पत्रपुष्पफलानि। (२) समाहार—जहाँ पर कई शब्दो के समाहार (समूह, एकत्रस्थिति) का बोध होता है। समाहार द्वन्द्व मे समस्तपद के अन्त मे प्राय नपुंसक लिंग एकवचन होता है। जैसे—हस्तौ च पादौ च–हस्तपादम् (हाथ ओर पैर)। दधि च घृत च तयोः समाहार –दधिघृतम् (दही, घी)। इसी प्रकार गोमहिषम्, व्रीहियवम्, शीतोष्णम्। (३) एकशेष—जहाँ समान आकार वाले पदो मे से एक बचा रहे ओर अर्थ के अनुसार उसमे द्विवचन या बहुवचन हो। जैसे—वृक्षश्च वृक्षश्च=वृक्षौ। पितरौ।

अभ्यास ५०

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ अद्यत्वे मम गृहेऽह, ममाग्रजोऽनुश्च, पितरौ, पितामह, पितामही, तिस्रो भगिन्यश्च सन्ति । २ अत्र रामकृष्णयो चित्रे वर्तेते । ३. पत्रपुष्पफलानि उद्याने सन्ति । ४ दधिघृत प्रतिदिन भोजनीयम । ५ शीतोष्ण सदा सोढव्यम् । ६ सर्वदा पितरौ पूजनीयौ । ७ दुष्ट. रोगेण म्रियते, म्रियताम्, अम्रियत, म्रियेत, मरिष्यति वा । ८. गुरु. शिष्य धर्ममुपदिशति, कार्य कर्तुम् आदिशति च । ९. रामो वचनम् उद्गिरति, भोजन च निगिरति । १० ईश सृष्टि सृजति, पापानि विसृजति ।

२ **सस्कृत बनाओ** —(क) १ राम के माता-पिता, भाई और बहने यहाँ रहती है । २ मेरा बडा भाई और छोटा भाई तथा बडी बहन और छोटी बहन विद्यालय मे पढती है । ३ मेरे दादा और दादी वृद्ध है । ४ मेरे मामा, मामी, नाना और नानी प्रयाग मे रहती है । ५. मेरी पत्नी, मेरे साले, साली, स्वसुर और सास काशी मे रहते है । ६ मेरे पुत्र, पुत्रियाँ, पौत्र, पौत्रियाँ, प्रपौत्र और प्रपौत्रियाँ तथा जमाता और नाती विद्यालय और विश्वविद्यालय मे पढते है । ७ मेरे चाचा और चाची पटना (पाटलिपुत्र) मे रहती है । ८ रमा के देवर व्यापार करते है । ९ राम-लक्ष्मण आते है । १० सीता-राम हँसते है । ११ भीम-अर्जुन युद्ध मे जाते है । १२. फल-फूल लाओ । १३ दही घी खाओ । १४ गाय-भैस पालो । १५. धान-जौ बोओ । १६. सर्दी-गर्मी सहो । (ख) १७ चोर मरता है । १८. पापी मरा । १९. दुर्जन मरेगा । २०. पिता पुत्र को पढने के लिए प्रेरणा देता है, आदेश देता है और सदेश देता है । २१ गुरु शिष्य को अहिसा का उपदेश देता है । २२ राम बाण फेकता है । २३ बालक धूल फैलाता है । २४ बालक भोजन उगलता है । २५ जादूगर पत्थर निगलता है । २६. कवि काव्य को बनाता है । २७ वह घर छोडता है ।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ पितरः, दधिघृतानि, गोमहिषौ ।	पितरौ, दधिघृतम्, गोमहिषम् ।	१६२
२. मरति, अमरत्, मरिष्यते ।	म्रियते, अम्रियत, मरिष्यति ।	धातुरूप

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे बदलो । (ख) मृ धातु के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो । (ग) द्वन्द्व समास किसे कहते है, सोदाहरण लिखो ।

५ **समास करो** —रामश्च कृष्णश्च । हरिश्च हरश्च । भीमश्च अर्जुनश्च । पुष्पाणि च फलानि च । हस्तौ च पादौ च । दधि च घृत च । माता च पिता च ।

६ **विग्रह बनाओ** —पितरौ, गोमहिषम्, शीतोष्णम्, रामलक्ष्मणौ ।

शब्दकोष—१२५० + २५ = १२७५] अभ्यास ५१ (व्याकरण)

(क) पाचक (रसोइया), मोदक (लड्डू), अपूपः (पूआ), सूप· (दाल), शाक· (साग), कृशर (खिचडी)। रोटिका (रोटी), शर्करा (शक्कर), सिता (चीनी), सूत्रिका (सेवई)। लप्सिका (हलुआ), शष्कुली (पूरी)। भक्तम् (भात), पायसम् (खीर), मिष्टान्नम् (मिठाई), पक्वान्नम् (पकवान), नवनीतम् (मक्खन), घृतम् (घृत), लवणम् (नमक), तक्रम् (मट्ठा)। २०। (ख) मुच् (छोडना), लुप् (नष्ट करना), विद् (प्राप्त करना), लिप् (लीपना), सिच् (सींचना)। ५।

सूचना—मुच्—सिच्, मुच् के तुल्य।

व्याकरण (मुच्, एकशेष, अलुक्, नञ् समास)

१. मुच् धातु के दोनो पदो मे दसो लकारो मे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ५५)

नियम १६३—(एकशेष) जब उद्देश्य के रूप मे प्रथम मध्यम और उत्तम पुरुष मे से दो या तीन एकत्र हो जाते है, वहाँ पर क्रिया का रूप निम्नलिखित रूप से रक्खा जाएगा। (क) प्रथम पु० + प्रथम पु० = क्रिया प्रथम पुरुष होगी। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। जैसे—राम कृष्ण और देव पढते हैं—राम· कृष्ण. देवश्च पठन्ति। राम रमा च पठत। (ख) प्रथम पु० + मध्यम पु० = क्रिया मध्यम पुरुष होगी। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। वह और तू पढते हो—स त्व च पठथ। तौ त्वं च लिखथ। स यूय च गच्छथ। अर्थात् प्रथम पु० और मध्यम पु० मे मध्यम पु० शेष रहता है। (ग) यदि उत्तम पुरुष साथ मे होगा तो उत्तम पुरुष ही शेष रहेगा। वचन कर्ता की सामूहिक संख्या के अनुसार। तू और मै पढते हैं—त्वम् अह च पठाव। स त्वम् अह च पठाम.। अहं युवां च पठाम.।

नियम १६४—(नञ् समास) 'नही' अर्थ वाले नञ् का जब दूसरे शब्दके साथ समास होता है तो उसे नञ् समास कहते है। यदि बाद मे व्यञ्जन रहता है तो नञ् का 'अ' रहेगा। यदि कोई स्वर बाद में होगा तो अन् रहेगा। जैसे–न ब्राह्मण — अब्राह्मण। इसी प्रकार अस्वस्थ·, अन्याय, अप्रिय, असुन्दर.। न उपस्थित·— अनुपस्थित। इसी प्रकार अनुचित., अनागत·, अनुदार, अनीश्वरवादी।

नियम १६५—(अलुक् समास) कुछ स्थानों पर बीच की विभक्ति का लोप नहीं होता है, उसे अलुक् समास कहते हैं। जैसे–परस्मैपदम्, आत्मनेपदम्, युधिष्ठिर·, सरसिजम्, मनसिज· (कामदेव)।

अभ्यास ५१

१ उदाहरण-वाक्य—१ अहं प्रतिदिनं रोटिकां, भक्तं, सूपं, शाकं, घृतं, दुग्धं दधि च खादामि। २ पर्वदिवसे लप्सिकां सूत्रिकां शष्कुलीः पायसं मिष्टान्नं पक्वान्नं नवनीतं च खादामि। ३ संन्यासी गृहं मुञ्चति, मुञ्चतु, अमुञ्चत्, मुञ्चेत्, मोक्ष्यति, मुञ्चते, मुञ्चताम्, अमुञ्चत, मुञ्चेत, मोक्ष्यते वा। ४ मद्यपानं बुद्धिं लुम्पति। ५ रामो धनं विन्दति। ६ भृत्यो गृहं लिम्पति। ७ मालाकारः उद्यानं सिञ्चति। ८. स तौ च गच्छन्ति। ९ स त्वं च पठथ। १० स त्वम् अहं च लिखामः।

२ संस्कृत बनाओ—(क) १ रसोइया प्रतिदिन दाल, भात, साग और रोटी बनाता है (पच्)। २ मैं प्रतिदिन दूध, घी, दही, मट्ठा, शक्कर, चीनी और मक्खन खाता हूँ। ३ आज मेरे घर लड्डू, पूए, हलुआ, सेवईं, खीर, पूरी, मिठाई और पकवान बने हैं (पक्वानि)। ४ दही, खिचडी और साग में नमक डालो (क्षिप्)। ५ अनीश्वरवादी न बनो, अनुचित कार्य न करो, अनुदार न हो, अप्रिय न हो, अन्याय न करो, अस्वस्थ न रहो। ६ विद्यालय में अनुपस्थित न रहो (भू)। ७ सरोवर में सरसिज है। ८ राम और रमा पढते हैं। ९ कृष्ण और तुम लिखते हो। १० वह, तू और मैं हँसते हैं। ११ वह और तुम दोनों जाते हो। १२ तुम दोनों और हम दोनों विद्यालय जाते हैं। (ख) १३. यति घर छोडता है। १४ मैं दुर्गुणों को छोडता हूँ। १५ तू अधर्म को छोडता है। १६ राम ने राज्य छोडा। १७ सुरापान बुद्धि को नष्ट करता है। १८ मैं धन पाता हूँ (विद्)। १९ सेवक घर लीपता है। २० माली वृक्ष सींचता है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१ कृष्णः त्वं च लिखतः।	कृष्णः त्वं च लिखथः।	१६३
२ स त्वमहं च हसथ।	स त्वमहं च हसामः।	१६३

४ अभ्यास—(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ् में बदलो। (ख) मुच् धातु के दोनों पदों के दसों लकारों के रूप लिखो। (ग) नञ् समास के १० उदाहरण बताओ। (घ) अलुक् समास के ५ उदाहरण बताओ।

५ वाक्य बनाओ—प्रथम, मध्यम और उत्तम पुरुष को इकट्ठे रखते हुए १० वाक्य बनाओ।

६ रिक्त स्थानों को भरो—(कोष्ठगत धातु के लट्, लोट्, लङ् के रूप) १. स त्वं च (पठ्)। २ स अहं च (लिख्)। ३ त्वमहं च (गम्)। ४ अहं युवां च (हस्)। ५ मुनिः गृहं (मुच्)। ६ पापं बुद्धिं (लुप्)। ७ भृत्यो वृक्षं (सिच्)।

शब्दकोष–११७५ + २५ = १२००] अभ्यास ५२ (व्याकरण)

(क) विद्यावत् (विद्वान्), सानुमत् (पर्वत), भास्वत् (सूर्य), ज्ञानवत् (ज्ञानी), मतिमत् (बुद्धिमान्), गुणवत् (गुणवान्), गरुत्मत् (गरुड), सूद (रसोइया), आपण (दूकान, बाजार), तण्डुल (चावल), गोधूम (गेहूँ), चणक (चना), यव (जौ), माष (उडद), मसूर (मसूर), सर्षप (सरसों), सक्तु (सत्तू), अवलेह (चटनी), पलाण्डु (प्याज), धान्यम् (धान), सन्धितम् (अचार), लशुनम् (लहसुन)। २२। (ख) रुध् (रोकना), भिद् (काटना), छिद् (काटना)। ३।

सूचना—रुध्—छिद्, रुध् के तुल्य।

व्याकरण (रुध्, तद्धित मतुप् प्रत्यय)

१ रुध् धातु के दोनों पदों के दसो लकारों मे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ५६)

नियम १६६—(तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्) युक्त या 'वाला' अर्थ मे मतुप् प्रत्यय होता है। मतुप् का 'मत्' शेष रहता है। यदि शब्द के अन्त मे या उपधा मे अ, आ, या म् होता है तो मत् को वत् हो जाता है। (कुछ स्थानो पर नही।) मत् प्रत्ययान्त के रूप पुलिंग मे भगवत् (शब्द २९) के तुल्य चलेगे। स्त्रीलिंग मे ई लगाकर नदी के तुल्य और नपु० मे जगत् के तुल्य। जैसे—धन से युक्त या धन-वाला—धनवान्। इसी प्रकार गुणवान्, ज्ञानवान्, विद्यावान्, धीमान्, श्रीमान्, मतिमान्, बुद्धिमान् आदि। स्त्रीलिंग मे—धनवती, गुणवती, ज्ञानवती, विद्यावती, धीमती, श्रीमती, बुद्धिमती आदि।

अनुवादार्थ कतिपय निर्देश

नियम १६७—(क) हिन्दी के 'जी' के लिए संस्कृत मे महोदय, महाभाग या महाशय शब्द लगाओ। जैसे—गाधीजी—गांधीमहोदय, जवाहरलालनेहरूमहाभाग, श्री पन्तमहोदय। (ख) व्यक्तिवाचक, नगर आदि के वाचक शब्द उसी रूप मे रहेंगे। व्यक्तिवाचक के अन्त मे महोदय, नामक, आख्य आदि लगाकर रूप बनाओ। नगरवाची के अन्त मे नगर शब्द लगेगा, देशवाची के अन्त मे देश शब्द। जैसे—कानपुरनगरे, लखनऊनगरे, इगलैण्डदेशे, अमेरिकादेशे, लन्दननगरे। आक्सफोर्डविश्वविद्यालये आदि। राममूर्तिनामक मल्ल। जटोपेकनामक द्रुततमधावक। (ग) उपनामसूचक शब्दों के साथ 'उपाह्व' शब्द, स्थानवाचक के साथ 'स्थानम्' शब्द, देशवासी के लिए 'देशीय', गाडी के लिए 'यानम्' आदि लगाकर वाक्य बनाओ। मालवीयोपाह्व, पन्तोपाह्व, नालन्दास्थाने, पंचनददेशीय (पंजाबी), बगदेशीय (बगाली), धूम्रयानम् (रेलगाडी), मोटरयानम्, मोटर-साइकिलयानम्।

अभ्यास ५२

१ उदाहरण-वाक्य —१ भास्वान् सानुमतः शिखरे द्योतते। २. विद्यावन्तो मतिमन्तो ज्ञानवन्तश्च सर्वत्रादरं लभन्ते। ३ सूदः आपणात् तडुल गोधूम चणकान् यवान् माषान् मसूरान् सर्षपान् च आनयति। ४. दुर्जन सज्जनस्य मार्गं रुणद्धि, रुणद्धु, अरुणत्, रुन्ध्यात्, रोत्स्यति वा। ५. गान्धिमहोदया., नेहरुमहाभागा, पन्त-महाशयाश्च देशस्य पूज्या जना सन्ति। ६ लखनऊनगरे उत्तरप्रदेशस्य विधानसभा अस्ति। ७ पञ्चनददेशीया छात्रा अपि अत्र पठन्ति। ८ नृपः शत्रोः शिर भिनत्ति छिनत्ति च।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ विद्वान्, मतिमान् और ज्ञानवान् अपने ज्ञान से देश का उपकार करते है। २ सूर्य पर्वत पर चमक रहा है। ३ गरुड आकाश मे उडता है। ४ बाजार से चावल, गेहूँ, चना, जौ, उडद, मसूर, सरसो और धान लाओ। ५ प्याज और ल्हसुन मत खाओ, यदि खाओ तो कम खाओ। ६ मुझे भोजन के साथ अनार और चटनी अच्छी लगती है। ७ धनवती स्त्रियाँ सुख से रहती है। ८ गुणवती और ज्ञानवती स्त्रियाँ अपने बालको को स्वय पढाती है। ९. गाधीजी महापुरुष थे। १० पण्डित जवाहरलाल नेहरू जी भारतवर्ष के प्रधान मत्री है। ११ श्री कन्हैयालाल-माणिकलाल मुशी जी उत्तरप्रदेश के राज्यपाल थे। १२ कानपुर, लखनऊ, प्रयाग और वाराणसी मे जनसख्या अधिक है। १३ रेलगाडी और मोटर बहुत तेज चलती है। (ख) १४ वह मार्ग रोकता है। १५ तू मुझे रोकता है। १६ मै दुष्ट को रोकता हूँ। १७ राम ने रावण को रोका। १८. पिता पुत्र को असत्य भाषण से रोके। १९. योधा शस्त्र से शत्रुओ को काटता है। २० वह वृक्ष काटता है।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ रोधति, अरोधत्, रोधेत्।	रुणद्धि, अरुणत्, रुन्ध्यात्।	धातुरूप
२ छेदति, भेदति।	छिनत्ति, भिनत्ति।	धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लट् मे बदलो। (ख) रुध् धातु के दोनो पदो के दसो लकारो के रूप लिखो। (ग) मतुप् प्रत्यय लगाकर १० नए शब्द बनाओ और उनका प्रयोग करो।

५ वाक्य बनाओ —(इनको अन्त मे लगाकर पाँच पाँच वाक्य बनाओ)— महोदय, महाभाग, महाशय, नामक, आख्य., नगरे, देशे, उपाह्व., देशीय, यानम्।

शब्दकोष—१३००+२५ = १३२५] अभ्यास '१२ (व्याकरण)

(क) गुणिन् (गुणी), धनिन् (धनी), ज्ञानिन् (ज्ञानी), सुकृतिन् (१ विद्वान्, २ पवित्रात्मा), दन्तिन् (हाथी), ब्रह्मचारिन् (ब्रह्मचारी), गृहिन् (गृहस्थी), संन्यासिन् (संन्यासी), कुशलिन् (सकुशल), दूरदर्शिन् (दूरदर्शी), अत्याचारिन् (अत्याचारी), शिखरिन् (पर्वत)। दुराचार (दुराचारी), गृहस्थ (गृहस्थी), वानप्रस्थ (वानप्रस्थी), धनिक (धनिक), मायिक (जादूगर)। १७। (ख) भुज् (१ पालन करना, २ खाना)। १। (ग) पुन (फिर), भूय (फिर), अन्यत्र (और जगह), सर्वत्र (सब जगह)। ४। (घ) तृषित (प्यासा), क्षुधित (भूखा), दुःखित (दुखित)। ३।

सूचना—गुणिन्—शिखरिन्, करिन् के तुल्य।

व्याकरण (भुज्, तद्धित इनि, ठन्, इतच् प्रत्यय)

१ भुज् धातु के दोनो पदो के दसो लकारो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५७)

*नियम १६८—(भुजोऽनवने)—भुज् धातु के दो अर्थ होते है—रक्षा करना और भोजन करना। रक्षा करने अर्थ मे केवल परस्मैपदी है। भोजन, उपभोग आदि अर्थों मे केवल आत्मनेपद मे रूप चलेगे। राजा पृथ्वी भुनक्ति। राम भोजनं भुङ्क्ते।

नियम १६९—(अत इनिठनौ) अकारान्त शब्दो से युक्त या 'वाला' अर्थ मे शब्द के अन्त मे इनि और ठन् (तद्धित) प्रत्यय होते है। इनि का इन् शेष रहता है। जैसे—गुण>गुणिन् (गुणयुक्त, गुणवाला), धन>धनिन्। इसी प्रकार ज्ञानिन्, दन्तिन् आदि। इन् प्रत्ययान्त के रूप पुलिंग मे करिन् के तुल्य (शब्द० १०) चलेगे। स्त्रीलिंग मे ई लगाकर नदी के तुल्य। ठन् प्रत्यय का 'इक' शेष रहता है। जैसे—धन>धनिक, दण्ड>दण्डिक, माया>मायिक।

नियम १७०—(तदस्य संजातं०) युक्त अर्थ मे कुछ शब्दो मे इतच् प्रत्यय होता है। इतच् का 'इत' शेष रहता है। जैसे—तारका>तारकित (तारो से युक्त), क्षुधित (भूखा), पिपासित (प्यासा), कुसुमित, पुष्पित (फूलो से युक्त), दुःखित (दुःख-युक्त), अकुरित (अकुरयुक्त)।

सूचना—(निर्देश चिह्न) लेखादि मे शुद्ध बोध के लिए कतिपय सकेतो का प्रयोग किया जाता है। उनके नाम तथा निर्देश-चिह्न ये है :—

१. अल्पविराम ,	२ अर्धविराम ;	३. पूर्णविराम ।
४ प्रसगसमाप्ति चिह्न ॥	५ प्रश्नबोधक चिह्न ?	६ विस्मयादिबोधक चिह्न !
७. समास (योजक) चिह्न -	८ व्यवच्छेदक चिह्न —	९. उद्धरण चिह्न " "
१०. निर्देशचिह्न :—	११. कोष्ठचिह्न ( ) [ ]	१२. धनचिह्न +
१३. पर्यायचिह्न =	१४ त्रुटिनिर्देशचिह्न ∧	१५ इतिभवतिचिह्न >

अभ्यास ५२

१ **उदाहरण- वाक्य** —१ गुणिन: धनिन: ज्ञानिन: कुशलिनः दूरदर्शिनश्च सर्वेऽपि अस्मिन् नगरे वसन्ति। २ ब्रह्मचारिण वानप्रस्थाः सन्यासिनश्च अस्मिन् आश्रमे सन्ति। ३. गृहिणो गृहे वर्तन्ते। ४ अत्याचारिणा दुराचारिणा च सगति कदापि न कुरु। ५ एष जनो दु:खित: क्षुधितश्चास्ति। ६ राजा पृथ्वी भुनक्ति भुनक्तु अभुनक् भुञ्ज्यात् भोक्ष्यति वा। ७ बालको भोजन भुड्क्ते भुड्क्ताम अभुड्क्त भुञ्जीत भोक्ष्यते वा। ८. अह भोजन भुञ्जे भुञ्जीय वा।

२ **संस्कृत बनाओ** —(क) १ गुणी धनी और ज्ञानी ससार मे सुखी रहते है। २ ब्रह्मचारी वानप्रस्थ और सन्यासी सुकृती होते है। ३ इस गृहस्थ के घर एक दन्ती है। ४. दूरदर्शी जन शान्ति पाते है। ५ अत्याचारी और दुराचारी सब जगह दु खित होते है। ६ धनिक प्रायः सकुशल रहते है। ७ जादूगर जादू (माया) दिखा रहा है। ८ यह पथिक बहुत प्यासा है। ९ यह अतिथि बहुत भूखा है। १० बार-बार सत्य बोलो और धर्म करो। ११ यहॉ से हटो (अपसृ) और दूसरी जगह जाकर बैठो। १२. यह वन कुसुमित और सुरभित है। १३ यह वृक्ष अकुरित हो रहा है। १४ आकाश तारो से युक्त है। (ख) (भुज् धातु) १५ राजा राज्य की रक्षा करता है। १६ सेनापति ने राष्ट्र की रक्षा की। १७ हम अपने राष्ट्र भारतवर्ष की रक्षा करे। १८ वह भोजन खाता है। १९ तू फल खाता है। २० मै मिठाई खाता हूँ। २१ उसने हलुआ खाया। २२ वह पकवान खावे।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ राजा राज्यस्य भुनक्ति।	राजा राज्य भुनक्ति।	४
२ भोजति, अभोजत्।	भुनक्ति, अभुनक्।	धातुरूप
३ भोजते, भोजसे, अभोजत्।	भुड्क्ते, भुड्क्षे अभुड्क्त।	धातुरूप

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लृट् मे बदलो। (ख) भुज् धातु के दोनो पदो के दसो लकारो के रूप लिखो। (ग) तद्धित इनि, ठन् और इतच् प्रत्यय लगाकर पॉच-पॉच शब्द बनाओ। (घ) निदेश चिह्नो को उदाहरण देकर समझाओ।

५ **वाक्य बनाओ** —भुनक्ति, अभुनक्, भुञ्ज्यात्, भुड्क्ते, भुड्क्ष्व, भुञ्जीरन्। ब्रह्मचारिण:, गृहिणाम्, वानप्रस्था:, सन्यासिनाम्। पुन:, भूय:, अन्यत्र, सर्वत्र।

६ **रिक्त स्थान भरो** —(लट्, लोट्, लङ्, लृट् लकार)—१. अह भोजन (भुज्) २ त्व भक्त (भुज्)। ३ ते मोदकान् (भुज्)। ४ भूपति: भूमि (भुज्)। ५ वय भारतवर्ष (भुज्)।

शब्दकोष—१३२५ + २५ = १३५०] अभ्यास ५४ (व्याकरण)

(क) आम्र (आम), रसाल (आम), दाडिम (अनार), पनस (कटहल), जम्बीर (नीबू), उदुम्बर (गूलर), अश्वत्थ (पीपल), निम्ब (नीम), पूग (सुपारी), बिल्व (बेल), वाताद (बादाम)। द्राक्षा (अंगूर), बदरी (बेर), कदली (केला), कदलीफलम् (केला), नारिकेलफलम् (नारियल), सेवफलम् (सेव), नारगफलम् (नारगी, सतरा), आम्रलम् (अमरूद)। १९। (ख) तन् (फैलाना)। १। (ग) तूष्णीम् (चुप), अकस्मात् (अचानक), नित्यम् (नित्य), शीघ्रम् (शीघ्र), पश्चात् (बाद मे)। ५।

सूचना—आम्र—वाताद, वृक्ष अर्थ मे रामवत्, फल अर्थ मे गृहवत्।

व्याकरण (तन्, अपत्यार्थक तद्धित प्रत्यय अण्)

१ तन् धातु के दोनो पदो मे दमो लकारो के रूप स्मरण करो (देखो धातु० ५८)।

सूचना—आम्र आदि शब्द वृक्षवाचक होने पर पु० होते है। फलवाचक होने पर नपु०। अन्त मे फलम् लगाकर भी फलवाचक बनाते हे। जैसे—आम्र (आम का पेड), आम्रम् या आम्रफलम् (आम) आदि।

नियम १७१—(तस्यापत्यम्) अपत्य पुत्र या पुत्री दोनो को कहते है। अपत्य अर्थ मे शब्द के बाद प्राय अण् (अ) प्रत्यय लगता है। अण् का अ शेष रहता है। शब्द के सर्वप्रथम स्वर को वृद्धि होती है, अर्थात् अ को आ, इ ई को ऐ, उ ऊ को औ, ऋ को आर्, अन्तिम उ को ओ होगा। जैसे—वसुदेव का पुत्र—वासुदेव (कृष्ण)। पाण्डु के पुत्र पाण्डव, कुरु के पुत्र कौरव, पृथा (कुन्ती) के पुत्र पार्थ। रघु का पुत्र राघव, पुत्र का पुत्र-पौत्र, शिव का शैव, विष्णु का वैष्णव, इनके रूप राम की तरह चलेंगे। स्त्रीलिग मे ई लगाकर नदी के तुल्य।

नियम १७२—(अत इञ्) अकारान्त शब्दो से (कुछ शब्दो को छोडकर) अपत्य अर्थ मे अन्त मे इञ् प्रत्यय होता है। इञ् का इ शेष रहता है। शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि। हरि के तुल्य रूप चलेंगे। जैसे—दशरथ का पुत्र—दाशरथि (राम)। दक्ष का दाक्षि, सुमित्रा का सौमित्रि (लक्ष्मण), द्रोण का द्रौणि (अश्वत्थामा)।

नियम १७३—(दित्यदित्या०) कुछ शब्दो से अपत्य अर्थ मे अन्त मे 'य' प्रत्यय लगता है। शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि। रामवत् रूप चलेंगे। जैसे-दिति के पुत्र दैत्य, अदिति के पुत्र आदित्य, प्रजापति>प्राजापत्य, गर्ग>गार्ग्य। वत्स>वात्स्य।

नियम १७४—(स्त्रीभ्यो ढक्) स्त्रीलिग शब्दो से अपत्य अर्थ मे अन्त मे 'एय' लगता है (कुछ शब्दो को छोडकर)। शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि। जैसे-कुन्ति के पुत्र-कौन्तेय (युधिष्ठिर आदि), माद्री के पुत्र—माद्रेय (नकुल, सहदेव), राधा का-राधेय (कर्ण), द्रौपदी के द्रौपदेय, गगा का गागेय, विनता का वैनतेय (गरुड)।

अभ्यास ५४

१ उदाहरण-वाक्य —१ आम्राः दाडिमाः पनसा उदुम्बरा अश्वत्था निम्बाः बिल्वाश्च उद्याने सन्ति। २ अहम् आम्राणि, दाडिमानि, सेवफलानि, नारंगफलानि, पनसानि, पूगानि, वातादानि, द्राक्षाफलानि, कदलीफलानि च प्रायः भोजनस्य पश्चात् भक्षयामि। ३. तूष्णीं तिष्ठ। ४. सोऽकस्माद् आगत.। ५ दाशरथेः, वासुदेवस्य, पाण्डवाना, कौरवाणा, सौमित्रे, राधेयस्य च एतानि चित्राणि सन्ति। ६ स वस्त्राणि तनोति, तनोतु, अतनोत्, तनुयात्, तनिष्यति च।

२ संस्कृत बनाओ .—(क) १ मेरे गॉव मे आम, अनार, कटहल, नीबू, गूलर, पीपल, नीम, सुपारी, बेल, केला, बेर और नारियल के पेड है। २ भोजन के बाद फल खाओ। ३ वह प्रायः आम, सेव, अनार, सतरा, कटहल, नीबू, बेल, बादाम, अगूर, केला, नारियल और सुपारी खाता है। ४ ये आम, सेव, अगूर और केले बहुत मधुर है। ५. बेर, गूलर और अमरूद कम खाओ। ६ सेव, बादाम, केला, सतरा स्वास्थ्य-लाभ के लिए बहुत उत्तम है। ७. यहॉ चुप बैठो। ८ गुरु जी अकस्मात् आ गए। ९ व्यायाम, सध्या और अध्ययन नित्य करो। १० मेरी पुस्तक शीघ्र लाओ। ११ भोजन के बाद विद्यालय जाना। १२ महाभारत के युद्ध मे वासुदेव, तीनो कुन्ती के पुत्र, दोनो माद्री के पुत्र, राधा के पुत्र कर्ण, द्रोण-पुत्र अश्वत्थामा तथा द्रौपदी के पुत्र थे। १३ सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण दाशरथि राम के साथ वन मे गए। **(ख)** १४ वह वस्त्र फैलाता है। १५. तू ज्ञान को फैलाता है। १६ मै धर्म को फैलाता हूँ। १७ वह विद्या को फैलावे। १८ तूने सत्य को फैलाया। १९ वह अपनी विद्या को फैलावेगी। २० मै गुणो को फैलाऊँगा।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ कौन्तय., माद्री, राधि., द्रौणः।	कौन्तेयाः, माद्रेयौ, राधेय., द्रौणि.।	१७२,१७४
२ तनति, तनतु, तनेत्।	तनोति, तनोतु, तनुयात्।	धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को बहुवचन बनाओ। (ख) तन् धातु के दोनो पदो के दसो लकारो के पूरे रूप लिखो। (ग) इन शब्दो के पुत्रवाचक शब्द बनाओ— वसुदेव, दशरथ, पाण्डु, कुरु, पुत्र, द्रोण, सुमित्रा, दिति, अदिति, प्रजापति, गर्ग, कुन्ति, पृथा, रघु, राधा, द्रौपदी, गगा, विनता।

५ वाक्य बनाओ —आम्र., आम्रम्, दाडिम., दाडिमम्, नारिकेलः, नारिकेल-फलम्। तूष्णीम्, अकस्मात्, नित्यम्, शीघ्रम्, पश्चात्। तनोति, तनोतु, अतनोत्, तनुयात्।

शब्दकोष-१३५० + २५ = १३७५] अभ्यास ५५ (व्याकरण)

(क) कंचुक: (कुर्ता), उत्तरीय (१ चादर, २ दुपट्टा), कम्बल (कम्बल), नीशार (रजाई), पादयाम (पायजामा), तूल (रूई)। शाटिका (साडी), शय्या (बिस्तर, खाट), रशना (कमरबंद), उपानत (जूता), उष्णीषम् (पगडी), अंगप्रोक्षणम् (अंगोछा), शिरस्कम् (टोपी), अधोवस्त्रम् (धोती), मुखप्रोक्षणम् (रूमाल), कटिसूत्रम् (करधनी, मेखला), उपधानम् (तकिया), अवगुंठनम् (घूँघट)। १८।
(ख) क्री (खरीदना), विक्री (बेचना), बन्ध् (बाँधना), मन्थ् (मथना), अश् (खाना), मुष् (चुराना), क्लिश् (दुःख देना)। ७।

सूचना—(क) कंचुक—तूल, रामवत्। (ख) क्री—क्लिश्, क्री के तुल्य।

व्याकरण (क्री (उ०), अन्य तद्धितप्रत्यय, जात, भव आदि)

१ क्री धातु के दोनों पदों के दसों लकारों के पूरे रूप स्मरण करो (दे० धातु ६०)

नियम १७५—(तत्र जातः, तत्र भवः) उत्पन्न होना या होना अर्थ में अण् आदि प्रत्यय होते हैं। (१) कुछ शब्दों के अन्त में अ प्रत्यय लगता है। प्रथम स्वर को वृद्धि। जैसे—स्रुघ्ने जातः स्रौघ्नः (स्रुघ्ननिवासी)। मथुरा में उत्पन्न—माथुर। कान्यकुब्ज में उत्पन्न—कान्यकुब्ज.। सिन्धु (१ समुद्र, २ सिन्ध प्रान्त) में होनेवाला—सैन्धव: (१ नमक, २ अश्व)। (२) कुछ शब्दों के अन्त में इक लगता है। प्रथम स्वर को वृद्धि। मासे भवः—मासिक., षाण्मासिक। वर्ष> वार्षिक, काल> कालिक, तात्कालिक। प्रातःकालीन, सायंकालीन आदि 'कालीन' वाले प्रयोग भी प्रचलित हैं, अतः प्रयोग किया जा सकता है, पर व्याकरणानुसार शुद्ध नहीं हैं। (३) (सायंचिर०) कुछ शब्दों के अन्त में 'तन' जुड़ता है। जैसे—अद्यतन. (आज का), पुरातन (पुराना), सायंतन: (सायंकालीन), चिरन्तन (पुराना), इदानीतन. (अब का)।

नियम १७६—(तदधीते तद्वेद) पढ़ने वाला या पढ़ानेवाला या जाननेवाला अर्थ में अ या इक अन्त में लगता है। प्रथम स्वर को वृद्धि। जैसे—वेद पढ़नेवाला या वेदज्ञ—वैदिक.। पुराण> पौराणिक., तर्क> तार्किक., न्याय> नैयायिकः। व्याकरण> वैयाकरणः।

नियम १७७—(तेन प्रोक्तम्) पुस्तक-निर्माण अर्थ में रचयिता के नाम के बाद अ या ईय लगता है। प्रथमस्वर को वृद्धि। जैसे—ऋषि-रचित> आर्ष। मनुरचित> मानव, पाणिनि-रचित> पाणिनीय (अष्टाध्यायी), वाल्मीकि-रचित> वाल्मीकीय (रामायण)।

नियम १७८—(तस्येदम्) 'उसका यह' अर्थात् सम्बन्ध अर्थ बताने में अ या इक अन्त में लगता है। प्रथम स्वर को वृद्धि। जैसे—दिन सम्बन्धी> दैनिक, अहन्> आह्निक (दिन का), देव-सम्बन्धी> दैव। शरद्-सम्बन्धी> शारद। लोक-सबन्धी> लौकिक, भूत-संबन्धी> भौतिक।

अभ्यास ५५

१ उदाहरण-वाक्य —१. मम समीपे कञ्चुकः, अधोवस्त्रम्, अङ्गप्रोक्षणम्, उत्तरीयं, उपानत् च सन्ति, परन्तु उष्णीषं शिरस्कं च न स्तः। २ सैन्धवम् आनय (१. घोडा लाओ। २. नमक लाओ)। ३. इदानीन्तनाः छात्रा पुरातनछात्रवत् न गुरुभक्ताः सन्ति। ४. पाणिनीयाम् अष्टाध्यायीम् अवश्यं पठ। ५. स वस्त्राणि क्रीणाति, क्रीणातु, अक्रीणात्, क्रीणीयात्, क्रेष्यति वा। ६ स पुस्तकविक्रेता पुस्तकानि विक्रीणीते। ७ स चौरं बध्नाति दधि मथ्नाति, भोजनम् अश्नाति दुर्जनं क्लिश्नाति, कस्यापि धनं च न मुष्णाति।

२ संस्कृत बनाओ :—(क) १ तुम अपने वस्त्र कुर्ता धोती, पायजामा, कम्बल, रजाई, पगडी टोपी, अगोछा, रुमाल और तकिया स्वच्छ रखो। २ कुर्ता और धोती पहनो (धारय)। ३ स्त्री अपनी साडी और मेखला पहनती है और घूँघट नीचे करती है। ४ अपना जूता या चप्पल पैर मे पहनो। ५. सैन्धव लाओ। ६ छात्रो की प्रति-वर्ष त्रैमासिक षाण्मासिक और वार्षिक परीक्षा होती है। ७ आजकल के मनुष्यो मे सत्य, प्रेम, अहिंसा और धर्म पुराने लोगो के तुल्य नही है। ८. वैदिक धर्म सनातन, पुरातन और चिरन्तन है। ९ इस सभा मे वैदिक, स्मार्त, पौराणिक, धार्मिक, वैया-करण, साहित्यिक, नैयायिक, मीमांसक तथा अन्य विद्वान् बैठे है। १० चारो वेद, धर्मशास्त्र, उपनिषद्, वाल्मीकीय रामायण, व्यासरचित महाभारत, गीता, पाणिनीय अष्टाध्यायी अवश्य पढो। ११. दैनिक कार्य प्रतिदिन करो। १२ नैतिक, लौकिक और पारलौकिक सुख चाहो। (ख) १३. वह फल खरीदता है। १४ तू वस्त्र खरीदता है। १५. मै पुस्तक खरीदता हूँ। १६ वह वस्त्र बेचता है। १७. पुस्तक-विक्रेता पुस्तक बेचता है। १८ राजा पापी को बॉधता है। १९. चोर धन चुराता है और दु:ख देता है। २०. हरि समुद्र मे अमृत को मथता है।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. क्रयति, विक्रयति, बन्धति।	क्रीणाति, विक्रीणीते, बध्नाति।	धातुरूप
२ समुद्रात् सुधा मन्थति।	सुधा समुद्रं मथ्नाति।	२१, ,,

४. अभ्यास :—(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लृट् मे बदलो। (ख) क्री धातु के दोनो पदो मे दसो लकारो के रूप लिखो। (ग) उत्पन्न या होना अर्थ मे इनके तद्धित शब्द बनाओ—मथुरा, सुघ्न, मास, वर्ष, प्रातःकाल, सायकाल, पुरा, सायम्, इदानीम्।

५ वाक्य बनाओ :—वैयाकरणः, तार्किकः, साहित्यिकः, आर्षः, शारदः, दैवः, लौकिकः, भौतिकः, दैनिकम्, क्रीणाति, विक्रीणीते, अश्नाति।

शब्दकोष-१३७५ + २५ = १४००] अभ्यास ५६ (व्याकरण)

(क) फेनिल (साबुन), दर्पण (शीशा), अलङ्कार (आभूषण), हार (मोती की माला), कर्णपूर (कनफूल), नूपुर (पाजेब)। मेखला (करधनी), प्रसाधनी (कंघी), वेणिका (वेणी), सौभाग्यवती (सधवा, पतियुक्त), विधवा (विधवा)। सिन्दूरम् (सिन्दूर), अंजनम् (काजल), गन्धतैलम् (इत्र), तिलकम् (तिलक), अंगुलीयकम् (अंगूठी), केयूरम् (बाजूबन्द), ग्रैवेयकम् (हँसुली), कुण्डलम् (कान की बाली), कंकणम् (कंकण), कण्ठाभरणम् (कण्ठा), नासाभरणम् (बुलाक)। २२। (ख) ग्रह् (लेना), संग्रह् (संग्रह करना), अनुग्रह् (अनुग्रह करना)। ३।

सूचना—(क) फेनिल—नूपुर, रामवत्। (ख) ग्रह्—अनुग्रह्, ग्रह् के तुल्य।

व्याकरण (ग्रह्, त्व, ता, ष्यञ्, इमनिच् प्रत्यय)

१ ग्रह् धातु के दोनों पदों में दसों लकारों के रूप स्मरण करो (देखो धातु ६१)

नियम १७९—(तेन तुल्यं क्रिया चेद् वतिः, तत्र तस्येव) तुल्य या सदृश अर्थ को बताने के लिए शब्द के बाद 'वत्' प्रत्यय लगता है। जैसे-ब्राह्मण के तुल्य—ब्राह्मणवत्। इसी प्रकार क्षत्रियवत्, वैश्यवत्, शूद्रवत्। रामशब्द के तुल्य> रामवत्, भवति के तुल्य>भवतिवत्।

नियम १८०—(तस्य भावस्त्वतलौ) भाव (हिन्दी 'पन') अर्थ में शब्द के अन्त में त्व और ता लगते हैं। त्व प्रत्ययान्त के रूप नपुंसक लिंग में ही चलेंगे, गृहवत्। ता प्रत्ययान्त के रूप रमा के तुल्य। जैसे-लघु>लघुत्व, लघुता (हलका या छोटापन), गुरु से गुरुत्व, गुरुता, (भारीपन)। इसी प्रकार ब्राह्मणत्व, क्षत्रियत्व, शूद्रत्व, विद्वस्>विद्वत्त्वम्, विद्वत्ता। दीनता, हीनता, मूर्खता, खिन्नता, दुष्टता।

नियम १८१—(गुणवचनब्राह्मणादिभ्य०) गुणवाचक और ब्राह्मण आदि शब्दों से भाव अर्थ में ष्यञ् अर्थात् य प्रत्यय अन्त में लगता है। शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि होती है, अन्तिम अ का लोप। जैसे-शूर>शौर्य (शूरता), सुन्दर>सौन्दर्य, धीर>धैर्य, सुख>सौख्य, कवि>काव्य, ब्राह्मण>ब्राह्मण्य, विदग्ध>वैदग्ध्य, विद्वस्>वैदुष्य।

नियम १८२—कुछ शब्दों के अन्त में ष्यञ् अर्थात् य या अ प्रत्यय स्वार्थ (अर्थात् उसी अर्थ) में होते हैं। जैसे-बन्धु>बान्धव (दोनों का अर्थ भाई है)। प्रज्ञ> प्राज्ञ, रक्षस्>राक्षस। करुणा>कारुण्य, चतुर्वर्ण>चातुर्वर्ण्य, सेना>सैन्य, समीप>सामीप्य, त्रिलोक>त्रैलोक्य।

नियम १८३—(पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा) कुछ शब्दों से भाव अर्थ में शब्द के अन्त में 'इमन्' लगता है। अन्तिम अक्षर या टि का लोप हो जाता है। ऋ को र् होता है। जैसे-लघु>लघिमा (लघुता), गुरु>गरिमा, महत्>महिमा, मृदु>म्रदिमा, अणु>अणिमा।

अभ्यास ५६

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ सौभाग्यवती स्त्री हार नूपुर कंकण सिन्दूर तिलक कण्ठाभरण च धारयति। २ फेनिलेन वस्त्राणि प्रक्षालय। ३ मनुष्येषु एकतः (एक ओर) विद्वत्ता, शौर्य, धैर्य, सौख्य, सौन्दर्य, गुरुत्व च दृश्यते, अपरतः (दूसरी ओर) दीनता, हीनता, खिन्नता, मूर्खता, भीरुत्व, कुरूपत्व च दृश्यते। ४ गुणाना गरिमा, अणोः अणिमा, लघूना लघिमा, मृदूना म्रदिमा, महता महिमा च सर्वत्र दृश्यते। ५ ब्राह्मणः धन गृह्णाति, गृह्णातु, अगृह्णात्, गृह्णीयात्, ग्रहीष्यति वा। ६ धनिक धन संगृह्णाति, पुत्र च अनुगृह्णाति।

२ **संस्कृत बनाओ** —(क) १ वह सुन्दर स्त्री ग्रीवा मे मोती की माला, कान मे कनफूल, नाक मे बुलाक, हाथ मे कंकण और बाजूबन्द, भाल पर तिलक, आँख मे काजल और पैर मे पाजेब धारण किए हुए है। २ सौभाग्यवती नारियाँ सभी अलकारो को धारण करती है, विधवा स्त्रियाँ नही। ३ वह नारी साबुन से अगो को धोकर दर्पण मे मुँह देखती है और कघी से वेणी को गूँथती है (बन्ध्)। ४ सिन्दूर सौभाग्य का चिह्न है। ५. स्त्रियाँ मेखला, हँसुली, कुडल भी पहनती है और इत्र लगाती है (निक्षिप्)। ६ ब्राह्मणवत् विद्वान् बनो, क्षत्रियवत् नीरोग बनो, वैश्यवत् धनी-बनो और शूद्रवत् परिश्रमी बनो। ७ ससार मे एक ओर दीनता, हीनता, मूर्खता, दुष्टता, रोग, शोक है, दूसरी ओर विद्वत्ता, सौख्य, शान्ति, सौन्दर्य और साधुता है। ८ चातुर्वर्ण्य प्राचीन परम्परा है। ९ त्रैलोक्य मे गुणो की गरिमा, प्रेम की प्रियता, अहिंसा की महिमा सदा रही है। (ख) १०. वह धन लेता है। ११ तू पुस्तक लेता है। १२ मै फल लेता हूँ। १३. मनुष्य धन सग्रह करता है। १४. गुरु शिष्य पर अनुग्रह करता है।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ विद्वानता, महानता, बुद्धिमानता।	विद्वत्ता, महत्ता, बुद्धिमत्ता।	१८०
२ शौर्यता, धैर्यता।	शौर्य (शूरता), धैर्य (धीरता)।	१८१
३ सौन्दर्यता, सामीप्यता।	सौन्दर्य (सुन्दरता), सामीप्य (समीपता)	१८१

४ **अभ्यास** —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लृट् मे बदलो। (ख) ग्रह् धातु के दोनो पदो के दसो लकारो के रूप लिखो। (ग) त्व ता प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—विद्वस्, महत्, धीमत्, दीन, हीन। (घ) ष्यञ् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—शूर, धीर, सुन्दर, ब्राह्मण, कवि, सुख, विद्वस्। (ङ) इमनिच् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—लघु, गुरु, महत्, मृदु, अणु।

शब्दकोष—१८००+२५=१८२५] अभ्यास ५७ (व्याकरण)

(क) आयात (देशान्तर से आगत), निर्यात (देश से बाहर गया हुआ), विनिमय (बदलना), पत्रवाहक (डाकिया), उत्कोच (घूस), कुसीद (सूद), अभियोग (मुकदमा), वकील (वकील), न्यायाधीश (जज), न्यायालय (कोर्ट), दीनार (अशर्फी), आपण (दुकान), पण (पैसा), वादी (मुद्दई), प्रतिवादी (मुद्दालेह), आणकम् (आना), रूप्यकम् (रुपया), रजतम् (चाँदी), उपनेत्रम् (चश्मा), काष्ठपट्टम् (तख्त)। २०। (ख) ज्ञा (जानना), प्रतिज्ञा (प्रतिज्ञा करना), अवज्ञा (तिरस्कार करना), अनुज्ञा (आज्ञा देना), अभिज्ञा (पहचानना)। ६।

सूचना—(क) आयात—पण, रामवत्। (ख) ज्ञा—अभिज्ञा, ज्ञा के तुल्य।

व्याकरण (ज्ञा, तद्धित प्रत्यय त, त्र, था, दा, धा, मात्र)

१ ज्ञा धातु के दोनों पदों में दसों लकारों के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ६२)। सूचना—प्रति + ज्ञा के रूप आत्मनेपद में ही चलते हैं।

नियम १८४—(पञ्चम्यास्तसिल्) पंचमी विभक्ति के स्थान पर 'त' प्रत्यय होता है। जैसे—कस्मात् > कुत (कहाँ से)। इसी प्रकार यत, तत, इत, परित, अभित, समन्तत, अत, अग्रत, सर्वत, उभयत। मत्त (मुझसे), त्वत्त (तुझसे), अस्मत्त (हमसे), युष्मत्त (तुमसे)।

नियम—१८५—(सप्तम्यास्त्रल्) सप्तमी के स्थान पर 'त्र' प्रत्यय होता है। जैसे—कस्मिन् > कुत्र। इसी प्रकार अत्र, यत्र, तत्र, सर्वत्र, अन्यत्र (दूसरी जगह), बहुत्र (बहुत स्थानों पर)।

नियम १८६—(प्रकारवचने थाल्) 'प्रकार' अर्थ में सर्वनाम शब्दों से 'था' प्रत्यय होता है। जैसे—तेन प्रकारेण—तथा (उस प्रकार से)। इसी प्रकार यथा, सर्वथा, उभयथा (दोनों प्रकार से), अन्यथा (अन्य प्रकार से, नहीं तो)। इत्थम्, कथम् में था की जगह थम् लगता है।

नियम १८७—(सर्वैकान्यकिंयत्तदः काले दा) सर्व आदि शब्दों से समय अर्थ में 'दा' प्रत्यय होता है। जैसे—सर्वदा, सदा, एकदा (एक बार), अन्यदा (कभी), कदा, यदा, तदा। इदम् का इदानीम् (अब) रूप होता है।

नियम १८८—(संख्याया विधार्थे धा) संख्यावाची शब्दों से प्रकार अर्थ में 'धा' प्रत्यय होता है। जैसे—एकधा (एक प्रकार से), द्विधा, त्रिधा, चतुर्धा, पंचधा, बहुधा (अनेक बार, प्राय), शतधा, सहस्रधा।

नियम १८९—(प्रमाणे द्वयसच्०) प्रमाण अर्थ में अर्थात् नाप, तोल आदि अर्थ में शब्द से 'मात्र' प्रत्यय होता है। जैसे, हाथभर—हस्तमात्रम्, मुट्ठीभर—मुष्टिमात्रम्। कमर तक—कटिमात्रम्, घुटनेतक—जानुमात्रम्।

अभ्यास ५७

१. उदाहरण-वाक्य —१ देशस्योन्नत्यै आयातो निर्यातश्च आवश्यकौ स्त । २ उत्कोचस्य आदान प्रदान च द्वयमपि पापम् अस्ति । ३ इतस्ततो न भ्रम । ४. बहुधा विचार्य कार्य कर्तव्यम् । ५ अस्मिन् सरसि जानुमात्र जलमस्ति । ६ स धर्म जानाति, जानातु, अजानात्, जानीयात्, ज्ञास्यति, जानीते, जानीताम्, अजानीत, जानीत, ज्ञास्यते वा । ७ स प्रतिजानीते यत्सदा सत्य वक्ष्यति । ८ राजा चोरम् अवजानाति । ९. पिता पुत्रम् अनुजानाति । १० अह त्वामभिजानामि ।

२ संस्कृत बनाओ —(क) १ आयात ओर निर्यात से देश के व्यापार की उन्नति होती है ओर वस्तुओ का विनिमय होना है । २ डाकिया पत्र लाया । ३ घूस लेना और देना दोनो ही महापाप हे । ४ कोर्ट मे जज के सम्मुख वकील तर्क कर रहा है । ५ वादी ने प्रतिवादी पर अभियोग लगाया (कृ) । ६ धनिक निर्धन से धन और सूद दोनो लेता है । ७ एक रुपये मे १०० नए पैसे, १६ आने, ४ चवन्नियॉ, २ अठन्नियॉ होती हे । ८ चॉदी, सोना, अशर्फी, रत्न बहुमूल्य वस्तुएँ है । ९ वह प्राध्यापक चश्मा पहनते हे । १० तख्त यहॉ रखो । ११. इधर उधर (इतस्तत) न दौडो । १२ कहॉ से आते हो ? १३ छात्र मुझसे और तुमसे विद्या पढता है । १४ विद्यालय के दोनो ओर, गॉव के चारो ओर, जल है । १५ सत्य बोलो, नही तो पापी होगे । १६ पाठ को दो बार, तीन बार, चार बार, पॉच बार, दस बार पढो । १७ मुट्ठीभर अन्न है । १८ कमर तक जल हे । १९ एक हाथ भर कपडा है । (ख) २० वह राम को जानता है । २१. तू धर्म को जानता है । २२. मै सत्य को जानता हूॅ । २३. वह प्रतिज्ञा करता है कि मै कभी झूठ न बोलूॅगा । २४ मूर्ख दीनो का तिरस्कार करता है । २५ गुरु शिष्य को आज्ञा देता है । २६ दुष्यन्त शकुन्तला को पहचानता हे ।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१ विद्यालस्य उभयत., ग्रामस्य परित. ।	विद्यालयमुभयत, ग्राम परितः ।	१४, १७,
२ जानति, जानतु, अजानत् ।	जानाति, जानातु, अजानात् ।	धातुरूप
३. स प्रतिजानाति ।	स प्रतिजानीते ।	धातुरूप

४ अभ्यास —(क) २ (ख) को लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लट् मे बदलो । (ख) ज्ञा धातु के दोनो पदो मे दसो लकारो मे रूप लिखो । (ग) इन प्रत्ययो को लगाकर पॉच-पॉच रूप बनाओ और वाक्यो मे प्रयोग करो—त., त्र, था, दा, धा, मात्र ।

५ वाक्य बनाओ .—जानीहि, प्रतिजानीष्व, अवजानाति, अनुजानीहि । मत्तः, त्वत्तः, अस्मत्तः, युष्मत्त., उभयत., सर्वतः, अन्यत्र, सर्वत्र, एकदा, सदा, त्रिधा, बहुधा, शतधा, मुष्टिमात्रम्, कटिमात्रम्, जानुमात्रम् ।

शब्दकोष—१४२५ + २५ = १४५०] अभ्यास ५८ (व्याकरण)

(क) ऋतु (ऋतु), वसन्त (वसन्त), ग्रीष्म (गर्मी), वर्षा (वर्षा), शरद् (शरद्), हेमन्त (हेमन्त), शिशिर (शिशिर)।७। (ख) कृश (निर्बल), प्रिय (प्रिय), कटु (कडवा), लघु (छोटा, हलका), बहु (अधिक), भीरु (डरपोक), मृदु (कोमल), दीर्घ (बडा), ह्रस्व (छोटा), महत् (बडा), अल्प (छोटा, थोडा), प्रशस्य (अच्छा), उदार (दानी), कृपण (कृपण), प्राचीन (पुराना), नूतन (नया), कोमल (कोमल), विशाल (बडा)। १८।

व्याकरण (तरप् , तमप् प्रत्यय)

नियम १९०—(द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ) तुलनात्मक विशेषण —जब दो की तुलना की जाती है और उनमे से एक की विशेषता या न्यूनता बताई जाती है तो विशेषण के आगे तरप् या ईयसुन् प्रत्यय होता है। तरप् का तर और ईयसुन् का ईयस् शेष रहता है। तर प्रत्यय लगाने पर पुलिग मे राम, स्त्रीलिंग मे रमा, और नपु० मे गृह के तुल्य रूप चलेगे। ईयस् लगाने पर पुलिग मे अन्त मे ईयान्, ईयांसौ, ईयास , प्रथमा। ईयासम्, ईयांसौ, ईयस , द्वितीया मे लगेगा। स्त्रीलिग में अन्त मे ई लगाकर नदी के तुल्य और नपु० मे मनस् के तुल्य रूप चलेगे। जिससे विशेषता दिखाई जाती है, उसमे पचमी होती है (देखो नियम ५४)। जैसे—राम श्याम से पटु है—राम श्यामात् पटुतर , पटीयान् वा। इसी प्रकार लघु > लघुतर , लघीयान्। महत् > महत्तर , महीयान्। विद्वस् > विद्वत्तर ।

नियम १९१—(अतिशायने तमबिष्ठनौ) बहुतो मे से एक की विशेषता बताने पर तमप् या इष्ठन् होता है। तमप् का तम और इष्ठन् का इष्ठ शेष रहता है। दोनो के रूप पुं० मे रामवत्, स्त्री० मे रमावत्, नपु० मे ज्ञानवत् चलेगे। जिनसे विशेषता बताई जाती है, उनमे षष्ठी या सप्तमी होगी। (देखो नियम ६४)। जैसे—कवियो मे कालिदास श्रेष्ठ है—कवीनां कविषु वा कालिदास श्रेष्ठ। छात्राणा छात्रेषु वा राम पटुतम पटिष्ठ वा। विद्वस् > विद्वत्तम ।

इस पाठ मे दो की तुलना मे 'तर' और बहुतो की तुलना मे 'तम' प्रत्यय का प्रयोग करे।

अभ्यास ५८

१ **उदाहरण-वाक्य** —१ षड् ऋतवः सन्ति, वसन्त, ग्रीष्मादयः। २ देवदत्तः यज्ञदत्तात् पटुतरः, कृशतरः, लघुतर, भीरुतरः, मृदुतर चास्ति। ३ कालिदासः कवीना कविषु वा बुद्धिमत्तमः, पटुतम, योग्यतमश्चासीत्। ४ कृष्णः छात्राणा छात्रेषु वा पटुतमः। ५ रमा कमलायाः पटुतरा। ६ श्यामा छात्रासु पटुतमा अस्ति।

२ **संस्कृत बनाओ** —१ एक वर्ष मे ६ ऋतुएँ होती है, वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त, शिशिर। २ वसन्त ऋतु को ऋतुराज कहते है। ३ वसन्त मे सभी वृक्ष और लताएँ फलफूल से युक्त होती है। ४ ग्रीष्मऋतु मे धूप (आतपः) बहुत उग्र होती है। ५ वर्षा ऋतु मे वृष्टि अधिक होती है। ६ शरद् ऋतु से ठण्ड (शीत) शुरू होती है। ७ हेमन्त ऋतु मे ठण्ड बढती है। ८ शिशिर मे हिम (हिमम्) गिरता है, ठण्ड अत्यधिक होती है। ९. राम शिवदत्त से अधिक चतुर, पटु, कृश और लघु है। १०. मुझे धनिक से विद्वान् प्रियतर है। ११. धन से विद्या प्रशस्यतर है। १२. विद्या से भी बुद्धि प्रशस्यतर है। १३ हरिश्चन्द्र रामचन्द्र से छोटा है और देवदत्त रामचन्द्र से बडा है। १४ वैदिक धर्म सारे धर्मो से प्राचीन है। १५ साम्यवाद सबसे नया वाद (वादः) है। १६ हरिश्चन्द्र सबसे बडा दानी था। १७. राजाओ मे दुर्योधन सबसे अधिक कृपण था। १८ परमाणु सबसे छोटा होता है। १९ नवग्रहो मे सूर्य सबसे बडा ग्रह (ग्रहः) है। २० स्त्री का स्वर मृदुतम होता है। २१ खरगोश सबसे अधिक डरपोक होता है। २२ सरस्वती सबसे अधिक विदुषी (विद्वत्तमा) है। २३ ग्रीष्म ऋतु मे दिन सबसे बडा होता है और शिशिर मे रात्रि सबसे बडी होती है। २४ गुड सबसे अधिक मधुर होता है और विष सबसे अधिक कटु होता है।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१. रामः शिवदत्तेन अधिक चतुरतरः।	रामः शिवदत्तात् चतुरतरः।	५४
२. वैदिकधर्मः सर्वधर्मात् प्राचीनः।	वैदिकधर्मः सर्वधर्मेषु प्राचीनतमः।	६४

४ **अभ्यास** —(क) इन शब्दो से तरप् और तमप् प्रत्यय लगाकर रूप बनाओ—पटु, गुरु, लघु, मृदु, कटु, मधुर, प्रिय, ह्रस्व, दीर्घ, महत्, अल्प, कृपण, उदार, प्राचीन, नवीन, दुष्ट, हीन, नीच।

५. **वाक्य बनाओ** —पटुतरः, लघुतरः, प्रियतरः, दुष्टतर, महत्तरः, पटुतमः, गुरुतमः, मधुरतमः, कटुतमः, प्राचीनतमः, नवीनतमः।

शब्दकोष—१४५० + २५=१४७५] अभ्यास ५९ (व्याकरण)

(क) वासर (दिन), रविवार (रविवार), सोमवार (सोमवार), मंगलवार (मंगलवार), बुधवार (बुधवार), बृहस्पतिवार (बृहस्पतिवार), शुक्रवार (शुक्रवार), शनिवार (शनिवार)। मास (महीना), चैत्र (चैत्र), वैशाख (वैशाख), ज्येष्ठ (ज्येष्ठ), आषाढ (आषाढ), श्रावण (श्रावण), भाद्रपद (भाद्रपद) आश्विन (आश्विन), कार्तिक (कार्तिक), मार्गशीर्ष (मार्गशीर्ष), पौष (पूष), माघ (माघ), फाल्गुन (फाल्गुन)। २१। (ख) बाढ (अच्छा), युवन् (छोटा), उरु (बडा), स्थूल (मोटा)। ४।

व्याकरण (तद्धित ईयस् . इष्ठ प्रत्यय)

नियम १९२—(अजादी गुणवचनादेव, टे) ईयस् और इष्ठ के विषय में दो बातें स्मरण रक्खें। (१) ईयस् और इष्ठ गुणवाचक शब्दों के ही साथ लगते है, सब प्रकार के शब्दों के साथ नही। तर, तम सब स्थानो पर लगते हैं। (२) ईयस् और इष्ठ लगाने पर शब्द के अन्तिम स्वर का लोप हो जाएगा, यदि अन्त मे व्यञ्जन है तो उस व्यञ्जन और उससे पहले के स्वर, दोनो का लोप होगा। जैसे—पटु, लघु आदि मे उ हटेगा, महत् मे अत् हटेगा। पटु > पटीयान्, पटिष्ठ। लघु > लघीयान्, लघिष्ठ। महत् > महीयान्, महिष्ठ।

नियम १९३—(स्थूलदूर०, प्रियस्थिर०) निम्नलिखित शब्दो से ईयस् और इष्ठ प्रत्यय करने पर ये रूप होते हैं। ठीक स्मरण कर लें। कोष्ठगतशब्द शेष रहता है। सभी शब्दों के तर और तम वाले भी रूप बनेंगे।

प्रशस्य	(श्र)	श्रेयान्	श्रेष्ठ	गुरु	(गर्)	गरीयान्	गरिष्ठ
वृद्ध, प्रशस्य	(ज्य)	ज्यायान्	ज्येष्ठ	दीर्घ	(द्राघ्)	द्राघीयान्	द्राघिष्ठ
अन्तिक	(नेद्)	नेदीयान्	नेदिष्ठ	बहु	(भू)	भूयान्	भूयिष्ठ
बाढ	(साध)	साधीयान्	साधिष्ठ	युवन्	(कन्)	कनीयान्	कनिष्ठ
स्थूल	(स्थू)	स्थवीयान्	स्थविष्ठ	पटु	(पट्)	पटीयान्	पटिष्ठ
दूर	(दू)	दवीयान्	दविष्ठ	लघु	(लघ्)	लघीयान्	लघिष्ठ
प्रिय	(प्र)	प्रेयान्	प्रेष्ठ	महत्	(मह्)	महीयान्	महिष्ठ
स्थिर	(स्थ)	स्थेयान्	स्थेष्ठ	मृदु	(म्रद्)	म्रदीयान्	म्रदिष्ठ
उरु	(वर्)	वरीयान्	वरिष्ठ	बलिन्	(बल्)	बलीयान्	बलिष्ठः

इस पाठ मे दो की तुलना मे 'ईयस्' और बहुतो की तुलना मे 'इष्ठ' का प्रयोग करे।

अभ्यास ५९

१ उदाहरण-वाक्य —१ सप्ताहे सप्त दिनानि भवन्ति (रविवारः सोमवारादयः)। २. एकस्मिन् वर्षे द्वादश मासाः भवन्ति चैत्रः वैशाखादयः। ३ जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। ४. श्रेयान् स्वधर्मो विगुण परधर्मात् स्वनुष्ठितात्। ५. रामो लक्ष्मणात् ज्यायान् आसीत्, शत्रुघ्नश्च भरतात् कनीयान् आसीत्। ६ पाण्डवाना युधिष्ठिरो ज्येष्ठः सहदेवश्च कनिष्ठो भ्राता बभूव।

२ संस्कृत बनाओ —१ एक सप्ताह में सात दिन होते हैं, रविवार, सोमवार मगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार। २ एक वर्ष में बारह मास होते हैं, चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष पौष, माघ और फाल्गुन। ३ विद्या धन से बडी है (गुरु)। ४. मेरा घर तुम्हारे घर से दूर है (दूर)। ५ भीम अर्जुन से स्थूल है। ६. अर्जुन भीम से धनुर्विद्या में चतुर है (पटु)। ७ हिंसा से अहिंसा प्रशस्यतर है। ८ यह मार्ग उस मार्ग से लम्बा है (दीर्घ)। ९ कृष्ण मेरा बडा भाई है और राम छोटा। १० रमा विष्णु की प्रेयसी है। ११. सीता का शरीर फूल से भी कोमल था (मृदु)। १२ वेद सारे धर्मग्रन्थों में श्रेष्ठ है। १३ कालिदास कवियों में श्रेष्ठ है। १४ कौरवों में दुर्योधन सबसे बडा भाई था। १५ पाण्डवों में सहदेव सबसे छोटा भाई था। १६ सारी पुस्तकों में मुझे गीता प्रिय है (प्रिय)। १७. ईश्वर सबसे अधिक समीप (अन्तिक), सबसे अधिक दूर, सबसे उत्तम (बाढ), सबसे स्थूल, सबसे लघु, सबसे महान्, सबसे बडा (गुरु), सबसे विशाल (उरु) सबसे स्थिर, सबसे बडा (वृद्ध), सबसे प्रिय, सबसे बलवान (बलिन्) और सबसे अधिक (बहु) कोमल है (मृदु)।

३ अशुद्ध	शुद्ध	नियम
१. ज्येयान्, दूरीयान्, प्रियेयान्।	ज्यायान्, दवीयान्, प्रेयान्।	१९३
२ बहीयान्, बहिष्ठ, गुरिष्ठ।	भूयान्, भूयिष्ठ, गरिष्ठः।	१९३
३. जेष्ठः, कनेष्ठः, वरेष्ठः।	ज्येष्ठः, कनिष्ठः, वरिष्ठः।	१९३

४ अभ्यास —(क) इन शब्दों से ईयस् और इष्ठ लगाकर रूप बनाओ :— प्रिय, स्थिर, उरु, गुरु, वृद्ध, दीर्घ, युवन्, अन्तिक, बाढ, स्थूल, प्रशस्य, पटु, लघु, मृदु, महत्, बहु।

५ वाक्य बनाओ —श्रेयान्, श्रेष्ठः, प्रेयान्, प्रेयसी, प्रेष्ठः, ज्यायान्, ज्येष्ठः, कनीयान्, कनिष्ठः, भूयासः, भूयिष्ठम्, गरिष्ठः, वरिष्ठः।

शब्दकोष—१४७५ + २५=१५००] अभ्यास ६० (व्याकरण)

(ऊ) अजा (बकरी), कोकिला (कोयल), मूषिका (चुहिया), प्रिया (प्रिय स्त्री, स्त्री)। प्रेयसी (स्त्री), बुद्धिमती (बुद्धिमती), तपस्विनी (तपस्विनी), मानिनी (मानवाली), तरुणी (युवती), किशोरी (कम आयु की कन्या), ब्राह्मणी (ब्राह्मणी), क्षत्रिया (क्षत्रिय स्त्री), वैश्या (वैश्य स्त्री), शूद्रा (शूद्र स्त्री), युवति (युवती), मृगी (हिरनी), सिंही (शेरनी), सर्पिणी (साँपिन), मार्जारी (बिल्ली), इन्द्राणी (इन्द्र की स्त्री), भवानी (दुर्गा), आचार्या (प्रिंसिपल स्त्री), आचार्यानी (आचार्य की स्त्री), राज्ञी (रानी), श्रीमती (ऐश्वर्ययुक्त स्त्री)। २५।

व्याकरण (स्त्रीप्रत्यय)

नियम १९४—(अजाद्यतष्टाप्) शब्दों को स्त्रीलिंग बनाने में साधारणतया अन्त में 'आ' या 'ई' लगता है। कुछ मुख्य नियम यहाँ दिए जाते हैं—शब्द के अन्तमें अ हो तो साधारणतया अन्त में टाप् अर्थात् 'आ' जुड़ जाता है। जैसे–बाल-बाला, प्रथम—प्रथमा, द्वितीय–द्वितीया, कृपण—कृपणा, दीन—दीना, अज—अजा, कोकिल—कोकिला, क्षत्रिय—क्षत्रिया, वैश्य—वैश्या, शूद्र—शूद्रा।

नियम १९५—(प्रत्ययस्थात्कात्०) अन्त में अक हो तो उसे 'इका' हो जाता है। जैसे–बालक—बालिका, पाचिका, गायिका, साधिका, अध्यापिका, मूषिका।

नियम १९६—(उगितश्च) जिन प्रत्ययों में से उ या ऋ का लोप होता है, उनमें अन्त के ङीप् अर्थात् ई लगेगा। जैसे–मतुप्, शतृ, क्तवतु, ईयसुन् प्रत्यय वाले शब्द। यथा–श्रीमत् > श्रीमती। इसी प्रकार बुद्धिमती, विद्यावती। गच्छत् > गच्छन्ती। इसी प्रकार पठन्ती, लिखन्ती, हसन्ती। गतवत् > गतवती। इसी प्रकार पठितवती, उक्तवती। श्रेयस् > श्रेयसी। इसी प्रकार गरीयसी, प्रेयसी, ज्यायसी, भूयसी।

नियम १९७—(ऋन्नेभ्यो ङीप्) शब्द के अन्त में ऋ या न् होगा तो ङीप् अर्थात् ई लगेगा। जैसे–कर्तृ > कर्त्री। इसी प्रकार हर्त्री, धर्त्री, भर्त्री, कवयित्री, विधात्री। दण्डिन् > दण्डिनी। इसी प्रकार तपस्विनी, मानिनी, मनोहारिणी, कामिनी।

नियम १९८—(षिद्गौरादिभ्यश्च) गौर आदि शब्दों के अन्त में ई लगता है। गौर—गौरी। नर्तक—नर्तकी। मातामह—मातामही। पितामह—पितामही। इसी प्रकार कुमारी, किशोरी, तरुणी, सुन्दरी।

नियम १९९—(जातेरस्त्री०, पुंयोगा०) जातिवाचक शब्दों से तथा स्त्री (पत्नी) अर्थ कहने में ई लगता है। जैसे–ब्राह्मण की स्त्री—ब्राह्मणी। इसी प्रकार शूद्री, गोपी आदि। मृग—मृगी। इसी प्रकार हरिणी, सिंही, व्याघ्री, हंसी, मार्जारी।

नियम २००—इन शब्दों के स्त्रीलिंग में ये रूप होते हैं—इन्द्र—इन्द्राणी, भव—भवानी, रुद्र—रुद्राणी, मातुल—मातुलानी, उपाध्याय—उपाध्यायानी, आचार्य—आचार्यानी, आचार्या। पति—पत्नी, युवन्—युवति, श्वशुर—श्वश्रू, राजन्—राज्ञी, विद्वस्—विदुषी।

अभ्यास ६०

१ उदाहरण-वाक्य—१ अस्या नगर्यां ब्राह्मण्य क्षत्रिया वैश्या शूद्राश्च नार्यो वसन्ति। २ अस्मिन् उद्याने मनोहारिण्य कुमार्य तरुण्य सुन्दर्यो राज्ञ्य युवतय. ससुख भ्रमन्ति। ३ गुरुकुलस्य आचार्या बालिकाः पाठयति, आचार्यानी आचार्य सेवते।

२ संस्कृत बनाओ—१ महात्मा गाधी बकरी का दूध पीते थे। २ सरोजिनी नायडू भारत की कोकिला थी। ३ कोयल मधुर स्वर से गाती है। ४ बिल्ली चूहो और चुहियो को खाती है। ५ इस कक्षा मे मनोरमा सर्वप्रथम है, सुशीला द्वितीय और शान्ति तृतीय है। ६ ब्राह्मण ब्राह्मणी से, क्षत्रिय क्षत्रिया से, वैश्य वैश्य स्त्री से, शूद्र शूद्र स्त्री से विवाह करते है। ७ बालिका हॅसती है, गायिका गाती है, अध्यापिका पढाती है। ८ वे बालिकाएँ पढ रही है, हॅस रही है, लिख रही है और जल पी रही है। ९. छोटी बहन, प्रेयसी स्त्री, श्रेयसी सिद्धि, गुरुतर क्रिया। १० वह बालिका पढ चुकी है, लिख चुकी है, खा चुकी है। ११ यह मानिनी मनोहारिणी कामिनी अब दण्डिनी तपस्विनी हो गई है। १२ प्रकृति जगत् की कर्त्री धर्त्री और हर्त्री है। १३. कवयित्री कविता करती है (रच्)। १४ मेरी माता, पत्नी, बहिन, मामी, दादी, नानी आजकल यहॉपर ही है। १५ सुन्दर कुमारी किशोरी तरुणी स्त्रियो का सौन्दर्य किसके मन को नही हरता। १६ वन मे मृग मृगी के साथ, सिह सिही के साथ, व्याघ्र व्याघ्री के साथ घूमते है। १७ इन्द्राणी, भवानी, आचार्यानी और आचार्या सदा पूज्य है। १८. विदुषी स्त्री रानी और गुरुपत्नी (उपाध्यायानी) के साथ आ रही है। १९ गोपियॉ कृष्ण के साथ खेल रही है। २०. हॅसती हुई कुमारी ने सामने आती हुई नववधू को देखा।

३ अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य	नियम
१ अजी, बालका, मूषका, श्रीमता।	अजा, बालिका, मूषिका, श्रीमती।	१९४-१९६
२ मृगा, इन्द्रा, रुद्रा, भवा।	मृगी, इन्द्राणी, रुद्राणी, भवानी।	१९९-२००
३. पतिनी, श्वशुरी, विद्वानी।	पत्नी, श्वश्रू, विदुषी।	२००

४ अभ्यास—इन शब्दो के स्त्रीलिंग शब्द बनाओ—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, अज, मृग, हस, कोकिल, मूषक, तपस्विन्, मानिन्, मनोहारिन्, कुमार, किशोर, सुन्दर, इन्द्र, आचार्य, भव, रुद्र, पति, युवन्, श्वशुर, राजन्, विद्वस्।

५ वाक्य बनाओ—ब्राह्मणी, पत्नी, तरुणी, सुन्दरी, आचार्या, आचार्यानी, विदुषी, श्वश्रू, युवति., बुद्धिमती, गायिका, कनीयसी।

व्याकरण

आवश्यक—निर्देश

१ जिन शब्दो और धातुओ के तुल्य अन्य शब्दो और धातुओ के रूप चलते है, उनके रूपो के सामने उनका सक्षिप्तरूप दिया गया है। सक्षिप्तरूप का भाव यह है कि उस प्रकार के सभी शब्दो या धातुओ के अन्त मे वह अश रहेगा। अतः उस प्रकार से चलनेवाले सभी शब्दो और धातुओ के अन्त मे सक्षिप्तरूप लगाकर रूप बनावे। सक्षिप्त रूपो को शुद्ध स्मरण कर ले।

२ शब्दो और धातुओ के रूप के साथ अभ्यासो की सख्याएँ दी गई है। उसका भाव यह है कि उस शब्द या धातु का प्रयोग उस अभ्यास मे हुआ है और उस प्रकार से चलनेवाले शब्द या धातु भी उसी अभ्यास मे दिए हुए है। सक्षिप्तरूप लगाकर उन शब्दो या धातुओ के रूप चलाइए।

३ सक्षेप के लिए निम्नलिखित सकेतो का उपयोग किया गया है :—

(क) शब्दरूपो मे प्रथमा आदि के लिए उनके प्रथम अक्षर रक्खे गए है, जैसे— प्र० = प्रथमा, द्वि० = द्वितीया, तृ० = तृतीया, च०=चतुर्थी, प० = पचमी, ष० = षष्ठी, स० = सप्तमी, स० = सबोधन।

(ख) पु० = पुलिग, स्त्री०=स्त्रीलिग, नपु० = नपुसक लिग। एक० = एकवचन, द्वि० = द्विवचन, बहु० = बहुवचन। प्रत्येक शब्द या धातु के रूप मे ऊपर से नीचे की ओर प्रथम पक्ति एकवचन की है, दूसरी द्विवचन की और तीसरी बहुवचन की। जो शब्द किसी विशेष वचन मे ही चलते है, उनमे उसी वचन के रूप है।

(ग) धातुरूपो मे प्र०पु० या प्र० = प्रथम पुरुष (अन्यपुरुष), म०पु० या म० = मध्यमपुरुष, उ०पु० या उ० = उत्तमपुरुष। प० = परस्मैपद, आ० = आत्मनेपद, उ० = उभयपद।

४ सर्वनाम शब्दो का सबोधन नही होता, अतः उनके रूप सबोधन मे नही होते।

५ सक्षिप्तरूपो मे न को ण हो जाता है, यदि वह र् या ष् के बाद होता है। यदि र् या ष् के बाद और न के पहले अट् (स्वर, ह य व र), कवर्ग, पवर्ग, आ, न्, बीच मे हो तो भी न को ण हो जाएगा। सक्षिप्तरूपो मे न ही रक्खा गया है, वही सर्वसाधारण है। जैसे, रामका तृतीया एक० मे एन, ष० बहु० मे आनाम्। (देखो नियम १६)।

(१) शब्दरूप-संग्रह (क)

(१) राम (राम) अकारान्त पुलिंग शब्द				(१) राम (संक्षिप्तरूप) (देखो अभ्यास १,८)		
राम:	रामौ	रामाः	प्र०	अ	औ	आः
रामम्	,,	रामान्	द्वि०	अम्	,,	आन्
रामेण	रामाभ्याम्	रामैः	तृ०	एन	आभ्याम्	ऐ:
रामाय	,,	रामेभ्यः	च०	आय	,,	एभ्यः
रामात्	,,	,,	प०	आत्	,,	,,
रामस्य	रामयो	रामाणाम्	ष०	अस्य	अयो	आनाम्
रामे	,,	रामेषु	स०	ए	,,	एषु
हे राम !	हे रामौ	हे रामाः	स०	अ	औ	आः

(२) हरि (विष्णु) इकारान्त पु०				(२) हरि (संक्षिप्तरूप) (देखो अभ्यास ८)		
हरिः	हरी	हरयः	प्र०	इः	ई	अयः
हरिम्	,,	हरीन्	द्वि०	इम्	,,	ईन्
हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
हरये	,,	हरिभ्यः	च०	अये	,,	इभ्यः
हरेः	,,	,,	प०	एः	,,	,,
हरेः	हर्योः	हरीणाम्	ष०	,,	योः	ईनाम्
हरौ	,,	हरिषु	स०	औ	,,	इषु
हे हरे !	हे हरी !	हे हरयः !	स०	ए	ई	अयः

(३) सखि (मित्र) इकरान्त पु०			
सखा	सखायौ	सखायः	प्र०
सखायम्	,,	सखीन्	द्वि०
सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः	तृ०
सख्ये	,,	सखिभ्यः	च०
सख्युः	,,	,,	प०
,,	सख्योः	सखीनाम्	ष०
सख्यौ	,,	सखिषु	स०
हे सखे	हे सखायौ	हे सखायः	स०

सूचना—
सखि शब्द के तुल्य और कोई शब्द नहीं चलता है। (देखो अभ्यास २५)

(४) गुरु (गुरु) उकारान्त पु०

गुरुः	गुरू	गुरवः	प्र०
गुरुम्	,,	गुरून्	द्वि०
गुरुणा	गुरुभ्याम्	गुरुभिः	तृ०
गुरवे	,,	गुरुभ्यः	च०
गुरोः	,,	,,	प०
,,	गुर्वोः	गुरूणाम्	ष०
गुरौ	,,	गुरुषु	स०
हे गुरो	हे गुरू	हे गुरवः	स०

(४) गुरु (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० ९)

उ	ऊ	अवः
उम्	,,	ऊन्
उना	उभ्याम्	उभिः
अवे	,,	उभ्यः
ओः	,,	,,
,,	वोः	ऊनाम्
औ	,,	उषु
ओ	ऊ	अवः

(५) कर्तृ (करनेवाला) ऋकारान्त पु०

कर्ता	कर्तारौ	कर्तारः	प्र०
कर्तारम्	,,	कर्तॄन्	द्वि०
कर्त्रा	कर्तृभ्याम्	कर्तृभिः	तृ०
कर्त्रे	,,	कर्तृभ्यः	च०
कर्तुः	,,	,,	प०
,,	कर्त्रोः	कर्तॄणाम्	ष०
कर्तरि	,,	कर्तृषु	स०
हे कर्तः	हे कर्तारौ	हे कर्तारः	स०

(५) कर्तृ (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० २६)

आ	आरौ	आरः
आरम्	,,	ॠन्
रा	ऋभ्याम्	ऋभिः
रे	,,	ऋभ्यः
उः	,,	,,
,,	रोः	ॠणाम्
अरि	,,	ऋषु
अः	आरौ	आरः

(६) पितृ (पिता) ऋकारान्त पु०

पिता	पितरौ	पितरः	प्र०
पितरम्	,,	पितॄन्	द्वि०
पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः	तृ०
पित्रे	,,	पितृभ्यः	च०
पितुः	,,	,,	प०
,,	पित्रोः	पितॄणाम्	ष०
पितरि	,,	पितृषु	स०
हे पितः	हे पितरौ	हे पितरः	स०

(६) पितृ (संक्षिप्त रूप) (देखो अ० २७)

आ	अरौ	अरः	प्र०
अरम्	,,	ॠन्	द्वि०

शेष कर्तृवत् (देखो शब्द० ५)।

(७) गो (गाय या बैल) ओकारान्त पु०, स्त्री०

गौः	गावौ	गावः	प्र०
गाम्	,,	गाः	द्वि०
गवा	गोभ्याम्	गोभिः	तृ०
गवे	,,	गोभ्यः	च०
गोः	,,	,,	प०
,,	गवोः	गवाम्	ष०
गवि	,,	गोषु	स०
हे गौः	हे गावौ	हे गावः	स०

सूचना—साधारणतया (द्यो शब्दको छोडकर) अन्य कोई शब्द गो शब्द के तुल्य नहीं चलता। (देखो अभ्यास २८).

(८) भूभृत् (राजा, पर्वत) तकारान्त पु०

भूभृत्	भूभृतौ	भूभृतः	प्र०
भूभृतम्	,,	,,	द्वि०
भूभृता	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भिः	तृ०
भूभृते	,,	भूभृद्भ्यः	च०
भूभृतः	,,	,,	प०
,,	भूभृतोः	भूभृताम्	ष०
भूभृति	भूभृतोः	भूभृत्सु	स०
हे भूभृत्	हे भूभृतौ	हे भूभृतः	स०

(८) भूभृत् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ ३०)

त्	तौ	तः
तम्	,,	,,
ता	द्भ्याम्	द्भिः
ते	,,	द्भ्यः
तः	,,	,,
,,	तोः	ताम्
ति	,,	त्सु
त्	तौ	तः

(९) भगवत् (भगवान्) तकारान्त पु०

भगवान्	भगवन्तौ	भगवन्तः	प्र०
भगवन्तम्	,,	भगवतः	द्वि०
भगवता	भगवद्भ्याम्	भगवद्भिः	तृ०
भगवते	,,	भगवद्भ्यः	च०
भगवतः	,,	,,	प०
,,	भगवतोः	भगवताम्	ष०
भगवति	,,	भगवत्सु	स०
हे भगवन्	हे भगवन्तौ	हे भगवन्तः	स०

(९) भगवत् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० २९)

आन्	अन्तौ	अन्तः
अन्तम्	,,	अतः
ता	द्भ्याम्	द्भिः
ते	,,	द्भ्यः
तः	,,	,,
,,	तोः	ताम्
ति	,,	त्सु
अन्	अन्तौ	अन्त

सूचना—शतृप्रत्ययान्त पठत् आदि के प्र० एक० मे आन् के स्थान पर अन् लगेगा, शेष पूर्ववत्।

(१०) करिन् (हाथी) इन्नन्त पु० | (१०) करिन् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३१)

करी	करिणौ	करिणः	प्र०	ई	इनौ	इनः
करिणम्	,,	,,	द्वि०	इनम्	,,	,,
करिणा	करिभ्याम्	करिभिः	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
करिणे	,,	करिभ्यः	च०	इने	,,	इभ्यः
करिणः	,,	,,	पं०	इनः	,,	,,
,,	करिणोः	करिणाम्	ष०	,,	इनोः	इनाम्
करिणि	,,	करिषु	स०	इनि	,,	इषु
हे करिन्	हे करिणौ	हे करिणः	सं०	इन्	इनौ	इनः

(११) आत्मन् (आत्मा) अन्नन्त पु० | (११) आत्मन् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३२)

आत्मा	आत्मानौ	आत्मानः	प्र०	आ	आनौ	आनः
आत्मानम्	,,	आत्मनः	द्वि०	आनम्	,,	अनः
आत्मना	आत्मभ्याम्	आत्मभिः	तृ०	अना	अभ्याम्	अभिः
आत्मने	,,	आत्मभ्यः	च०	अने	,,	अभ्यः
आत्मनः	,,	,,	पं०	अनः	,,	,,
,,	आत्मनोः	आत्मनाम्	ष०	,,	अनोः	अनाम्
आत्मनि	,,	आत्मसु	स०	अनि	,,	असु
हे आत्मन्	हे आत्मानौ	हे आत्मानः	सं०	अन्	आनौ	आनः

(१२) राजन् (राजा) अन्नन्त पु० | (१२) राजन् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३३) (सूचना—अन् भाग के स्थान पर) (देखो नियम १६, ७५)

राजा	राजानौ	राजानः	प्र०	आ	आनौ	आनः
राजानम्	,,	राज्ञः	द्वि०	आनम्	,,	नः
राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः	तृ०	ना	अभ्याम्	अभिः
राज्ञे	,,	राजभ्यः	च०	ने	,,	अभ्यः
राज्ञः	,,	,,	पं०	नः	,,	,,
,,	राज्ञोः	राज्ञाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
राज्ञि, राजनि	,,	राजसु	स०	नि, अनि	,,	असु
हे राजन्	हे राजानौ	हे राजानः	सं०	अन्	आनौ	आनः

(१३) रमा (लक्ष्मी) आकारान्त स्त्री० — (१३) रमा (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३, ७)

रमा	रमे	रमाः	प्र०	आ	ए	आः
रमाम्	,,	,,	द्वि०	आम्	,,	,,
रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः	तृ०	अया	आभ्याम्	आभिः
रमायै	,,	रमाभ्यः	च०	आयै	,,	आभ्यः
रमायाः	,,	,,	पं०	आयाः	,,	,,
,,	रमयोः	रमाणाम्	ष०	,,	अयोः	आनाम्
रमायाम्	,,	रमासु	स०	आयाम्	,,	आसु
हे रमे	हे रमे	हे रमाः	सं०	ए	ए	आः

(१४) मति (बुद्धि) इकारान्त स्त्री० — (१४) मति (संक्षिप्तरूप) (देखो अ ३, ८)

मतिः	मती	मतयः	प्र०	इः	ई	अयः
मतिम्	,,	मतीः	द्वि०	इम्	,,	ईः
मत्या	मतिभ्याम्	मतिभिः	तृ०	या	इभ्याम्	इभिः
मत्यै, मतये	,,	मतिभ्यः	च०	यै, अये	,,	इभ्यः
मत्याः, मतेः	,,	,,	पं०	याः, एः	,,	,,
,, ,,	मत्योः	मतीनाम्	ष०	,, ,,	योः	ईनाम्
मत्याम्, मतौ	,,	मतिषु	स०	याम्, औ	,,	इषु
हे मते	हे मती	हे मतयः	सं०	ए	ई	अयः

(१५) नदी (नदी) ईकारान्त स्त्री० — (१५) नदी (संक्षिप्तरूप) (देखो अ ३, ९)

नदी	नद्यौ	नद्यः	प्र०	ई	यौ	यः
नदीम्	,,	नदीः	द्वि०	ईम्	,,	ईः
नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः	तृ०	या	ईभ्याम्	ईभिः
नद्यै	,,	नदीभ्यः	च०	यै	,,	ईभ्यः
नद्याः	,,	,,	पं०	याः	,,	,,
,,	नद्योः	नदीनाम्	ष०	,,	योः	ईनाम्
नद्याम्	,,	नदीषु	स०	याम्	,,	ईषु
हे नदि	हे नद्यौ	हे नद्यः	सं०	इ	यौ	यः

(१६) **धेनु (गाय)**		उकारान्त स्त्री०		(१६) धेनु (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३६)		
धेनुः	धेनू	धेनवः	प्र०	उः	ऊ	अवः
धेनुम्	,,	धेनूः	द्वि०	उम्	,,	ऊः
धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः	तृ०	वा	उभ्याम्	उभिः
धेन्वै, धेनवे	,,	धेनुभ्यः	च०	वै, अवे	,,	उभ्यः
धेन्वाः, धेनोः	,,	,,	पं०	वाः, ओः	,,	,,
,, ,,	धेन्वोः	धेनूनाम्	ष०	,, ,,	वोः	ऊनाम्
धेन्वाम्, धेनौ	,,	धेनुषु	स०	वाम्, औ	,,	उषु
हे धेनो	हे धेनू	हे धेनवः	सं०	ओ	ऊ	अवः

(१७) **वधू (बहू)**		ऊकारान्त स्त्री०		(१७) वधू (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३७)		
वधूः	वध्वौ	वध्वः	प्र०	ऊः	वौ	वः
वधूम्	,,	वधूः	द्वि०	ऊम्	,,	ऊः
वध्वा	वधूभ्याम्	वधूभिः	तृ०	वा	ऊभ्याम्	ऊभिः
वध्वै	,,	वधूभ्यः	च०	वै	,,	ऊभ्यः
वध्वाः	,,	,,	पं०	वाः	,,	,,
,,	वध्वोः	वधूनाम्	ष०	,,	वोः	ऊनाम्
वध्वाम्	,,	वधूषु	स०	वाम्	,,	ऊषु
हे वधु	हे वध्वौ	हे वध्वः	सं०	उ	वौ	वः

(१८) **वाच् (वाणी)**		चकारान्त स्त्री०		(१८) वाच् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ३८)		
वाक्-ग्	वाचौ	वाचः	प्र०	क्, ग्	चौ	चः
वाचम्	,,	,,	द्वि०	चम्	,,	,,
वाचा	वाग्भ्याम्	वाग्भिः	तृ०	चा	ग्भ्याम्	ग्भिः
वाचे	,,	वाग्भ्यः	च०	चे	,,	ग्भ्यः
वाचः	,,	,,	पं०	चः	,,	,,
,,	वाचोः	वाचाम्	ष०	,,	चोः	चाम्
वाचि	,,	वाक्षु	स०	चि	,,	क्षु
हे वाक्-ग्	हे वाचौ	हे वाचः	सं०	क्, ग्	चौ	चः

(१९) सरित् (नदी) तकारान्त स्त्री० (१९) सरित् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ ३९)

सरित्	सरितौ	सरित.	प्र०	त्	तौ	त
सरितम्	,,	,,	द्वि०	तम्	,,	,,
सरिता	सरिद्भ्याम्	सरिद्भि.	तृ०	ता	द्भ्याम्	द्भि.
सरिते	,,	सरिद्भ्य.	च०	ते	,,	द्भ्य.
सरित	,,	,,	प०	त	,,	,,
,,	सरितो	सरिताम्	ष०	,,	तो·	ताम्
सरिति	,,	सरित्सु	स०	ति	,,	त्सु
हे सरित्	हे सरितौ	हे सरित	स०	त्	तौ	त

(२०) गृह (घर) अकारान्त नपु० (२०) गृह (संक्षिप्तरूप) (देखो अ २, ६)

गृहम्	गृहे	गृहाणि	प्र०	अम्	ए	आनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
गृहेण	गृहाभ्याम्	गृहै	तृ०	एन	आभ्याम्	ऐ
गृहाय	,,	गृहेभ्य.	च०	आय	,,	एभ्य
गृहात्	,,	,,	प०	आत्	,,	,,
गृहस्य	गृहयो.	गृहाणाम्	ष०	अस्य	अयो.	आनाम्
गृहे	,,	गृहेषु	स०	ए	,,	एषु
हे गृह	हे गृहे	हे गृहाणि	स०	अ	ए	आनि

(२१) वारि (जल) इकारान्त नपु० (२१) वारि (संक्षिप्तरूप) (दे० अ. ४०)

वारि	वारिणी	वारीणि	प्र०	इ	इनी	ईनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
वारिणा	वारिभ्याम्	वारिभि	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
वारिणे	,,	वारिभ्य.	च०	इने	,,	इभ्यः
वारिण	,,	,,	प०	इन.	,,	,,
,,	वारिणोः	वारीणाम्	ष०	,,	इनो.	ईनाम्
वारिणि	,,	वारिषु	स०	इनि	,,	इषु
हे वारि, वारे	हे वारिणी	हे वारीणि	स०	इ, ए	इनी	ईनि

(२२) दधि (दही) इकारान्त नपुं० (२२) दधि (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० ४१)

दधि	दधिनी	दधीनि	प्र०	इ	इनी	ईनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
दध्ना	दधिभ्याम्	दधिभिः	तृ०	ना	इभ्याम्	इभिः
दध्ने	,,	दधिभ्यः	च०	ने	,,	इभ्यः
दध्नः	,,	,,	पं०	नः	,,	,,
,,	दध्नोः	दध्नाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
दध्नि,दधनि	,,	दधिषु	स०	नि,अनि	,,	इषु
हे दधि,-धे	दधिनी	दधीनि	सं०	इ, ए	इनी	ईनि

(२३) मधु (शहद) उकारान्त नपुं० (२३) मधु (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० ४२)

मधु	मधुनी	मधूनि	प्र०	उ	उनी	ऊनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
मधुना	मधुभ्याम्	मधुभिः	तृ०	उना	उभ्याम्	उभिः
मधुने	,,	मधुभ्यः	च०	उने	,,	उभ्यः
मधुनः	,,	,,	पं०	उनः	,,	,,
,,	मधुनोः	मधूनाम्	ष०	,,	उनोः	ऊनाम्
मधुनि	,,	मधुषु	स०	उनि	,,	उषु
हे मधु,-धो	हे मधुनी	हे मधूनि	सं०	उ, ओ	उनी	ऊनि

(२४) पयस् (दूध, जल) असन्त नपुं० (२४) पयस् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० ४३)

पयः	पयसी	पयांसि	प्र०	अः	असी	आंसि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
पयसा	पयोभ्याम्	पयोभिः	तृ०	असा	ओभ्याम्	ओभिः
पयसे	,,	पयोभ्यः	च०	असे	,,	ओभ्यः
पयसः	,,	,,	पं०	असः	,,	,,
,,	पयसोः	पयसाम्	ष०	,,	असोः	असाम्
पयसि	,,	पयस्सु,पयःसु	स०	असि	,,	अःसु
हे पयः	हे पयसी	हे पयांसि	सं०	अः	असी	आंसि

(२५) **शर्मन् (सुख)** अन्नन्त नपु० — (२५) शर्मन् (संक्षिप्तरूप) देखो अ. ४४)

शर्म	शर्मणी	शर्माणि	प्र०	अ	अनी	आनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
शर्मणा	शर्मभ्याम्	शर्मभिः	तृ०	अना	अभ्याम्	अभिः
शर्मणे	,,	शर्मभ्यः	च०	अने	,,	अभ्यः
शर्मणः	,,	,,	प०	अनः	,,	,,
,,	शर्मणोः	शर्मणाम्	ष०	,,	अनोः	अनाम्
शर्मणि	,,	शर्मसु	स०	अनि	,,	असु
हे शर्म,शर्मन्	हे शर्मणी	हे शर्माणि	स०	अ,अन्	अनी	आनि

(२६) **जगत् (संसार)** तकारान्त नपु० — (२६) जगत् (संक्षिप्तरूप) (देखो अ ४५)

जगत्	जगती	जगन्ति	प्र०	अत्	अती	अन्ति
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
जगता	जगद्भ्याम्	जगद्भिः	तृ०	अता	अद्भ्याम्	अद्भिः
जगते	,,	जगद्भ्यः	च०	अते	,,	अद्भ्यः
जगतः	,,	,,	प०	अतः	,,	,,
,,	जगतोः	जगताम्	ष०	,,	अतोः	अताम्
जगति	,,	जगत्सु	स०	अति	,,	अत्सु
हे जगत्	हे जगती	हे जगन्ति	स०	अत्	अती	अन्ति

(२७) **नामन् (नाम)** अन्नन्त नपु० — (२७) नामन् (संक्षिप्तरूप (देखो अ. ४६)

नाम	नाम्नी,नामनी	नामानि	प्र०	अ	नी,अनी	आनि
,,	,, ,,	,,	द्वि०	,,	,, ,,	,,
नाम्ना	नामभ्याम्	नामभिः	तृ०	ना	अभ्याम्	अभिः
नाम्ने	,,	नामभ्यः	च०	ने	,,	अभ्यः
नाम्नः	,,	,,	प०	नः	,,	,,
,,	नाम्नोः	नाम्नाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
नाम्नि,नामनि	,,	नामसु	स०	नि,अनि	,,	असु
हे नाम,नामन्	हे नाम्नी,नामनी	हे नामानि	स०	अ, अन्	नी,अनी	आनि

(२८) (क) **मनस् (मन)** असन्त नपु० — (२८) (क) मनस् (सक्षिप्तरूप) (देखो अ० ४७)

मन.	मनसी	मनासि	प्र०	अ'	असी	आसि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
मनसा	मनोभ्याम्	मनोभि	तृ०	असा	ओभ्याम्	ओभिः
मनसे	,,	मनोभ्यः	च०	असे	,,	ओभ्यः
मनस.	,,	,,	प०	अस.	,,	,,
,,	मनसो.	मनसाम्	ष०	,,	असो.	असाम्
मनसि	,,	मन.सु	स०	असि	,,	अ.सु
हे मन'	हे मनसी	हे मनासि	स०	अ.	असी	आसि

(२८) (ख) **हविष् (हवि)** इषन्त नपु० — (२८) (ख) हविष् (सक्षिप्तरूप) (देखो अ० ४७)

हविः	हविषी	हवींषि	प्र०	इ.	इषी	ईंषि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
हविषा	हविर्भ्याम्	हविर्भिः	तृ०	इषा	इर्भ्याम्	इर्भिः
हविषे	,,	हविर्भ्यः	च०	इषे	,,	इर्भ्य.
हविषः	,,	,,	प०	इष	,,	,,
,,	हविषो'	हविषाम्	ष०	,,	इषो.	इषाम्
हविषि	,,	हवि'षु	स०	इषि	,,	इ षु
हे हवि'	हे हविषी	हे हवींषि	स०	इः	इषी	ईंषि

(२९) (क) **सर्व (सब)** सर्वनाम पु० — (२९) (क) सर्व (सक्षिप्तरूप) (देखो अ० १०)

सर्वः	सर्वौ	सर्वे	प्र०	अः	औ	ए
सर्वम्	,,	सर्वान्	द्वि०	अम्	,,	आन्
सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वे'	तृ०	एन	आभ्याम्	ऐः
सर्वस्मै	,,	सर्वेभ्य.	च०	अस्मै	,,	एभ्यः
सर्वस्मात्	,,	,,	प०	अस्मात्	,,	,,
सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्	ष०	अस्य	अयोः	एषाम्
सर्वस्मिन्	,,	सर्वेषु	स०	अस्मिन्	,,	एषु

(२९) **(ख) सर्व** (नपु०)

सवम्	सर्वे	सर्वाणि
,,	,,	,,
सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः

शेष पुलिंग के तुल्य (देखो २९, क)

(२९) (ख) सर्व (संक्षिप्तरूप) (देखो अ. ११)

प्र०	अम्	ए	आनि
द्वि०	,,	,,	,,
तृ०	एन	अभ्याम्	ऐ

शेष पुलिंग के तुल्य (देखो २९, क)।

---

(२९) **(ग) सर्व (सब)** स्त्रीलिंग

सर्वा	सर्वे	सर्वा.
सर्वाम्	,,	,,
सर्वया	सर्वाभ्याम्	सवाभि
सर्वस्यै	,,	सर्वाभ्य
मर्वस्या	,,	,,
,,	मर्वयो	मर्वासाम्
सर्वस्याम्	,,	सर्वासु

(२९) (ग) सर्व (संक्षिप्तरूप) (देखो अ० १२)

प्र०	आ	ए	आ.
द्वि०	आम्	,,	,,
तृ०	अया	आभ्याम्	आभिः
च०	अस्यै	,,	आभ्य.
प०	अस्या.	,,	,,
ष०	,,	अयो.	आसाम्
स०	अस्याम्	,,	आसु

---

(३०) **पूर्व (प्रथम, पूर्व)** देखो (अ १०-१२)

सूचना—पूर्व के तीनो लिंगोमे रूप सर्व के तुल्य चलेंगे। देखो उपर्युक्त २९, क, ख, ग। (संक्षिप्तरूप लगाओ)

---

(३२) **एतत् (यह)** (देखो अ १०-१२)

(क) पुलिंग—एष एतौ एते प्र०

शेष सर्व या तत् (पुलिंग) के तुल्य।

(ख) नपु०—एतत् एते एतानि प्र०

,, ,, ,, द्वि०

शेष सर्व या तत् (नपु०) के तुल्य।

(ग) स्त्री०—एषा एते एता. प्र०

शेष सर्व (स्त्री०) के तुल्य।

(३१) **तत् (वह)** (देखो अ १०-१२)

(क) पुलिंग—स. तौ ते प्र०

शेष सर्व (पुलिंग) के तुल्य।

(ख) नपु०—तत् ते तानि प्र०

,, ,, ,, द्वि०

शेष सर्व (नपु०) के तुल्य।

(ग) स्त्री०—सा ते ताः प्र०

शेष सर्व (स्त्री०) के तुल्य।

सूचना—तीनो लिंगो मे नपु० एक० को छोडकर सर्वत्र तत् का 'त' ही शेष रहता है, उसीके रूप चलेंगे।

(३३) यत् (जो) (देखो अ. १०–१२)

(क) पुलिंग—

यः	यौ	ये	प्र०

शेष सर्व (पु०) के तुल्य।

(ख) नपु०—

यत्	ये	यानि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०

शेष सर्व (नपु०) के तुल्य।

(ग) स्त्री०—

या	ये	याः	प्र०

शेष सर्व (स्त्री०) के तुल्य।

सूचना—शेष स्थानो पर 'य' के रूप होगे।

(३४) किम् (कौन) (देखो अ० १०–१२)

(क) पु०—

कः	कौ	के	प्र०

शेष सर्व (पु०) के तुल्य

(ख) नपु०—

किम्	के	कानि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०

शेष सर्व (नपु०) के तुल्य।

(ग) स्त्री०—

का	के	काः	प्र०

शेष सर्व (स्त्री०) के तुल्य।

सूचना—शेष स्थानो पर 'क' के रूप चलेगे।

---

(३५) युष्मद् (तू) (देखो अ० १६)

त्वम्	युवाम्	यूयम्	प्र०
त्वाम्	,,	युष्मान्	द्वि०
त्वा	वाम्	वः	
त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः	तृ०
तुभ्यम्	,,	युष्मभ्यम्	च०
ते	वाम्	व.	
त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्	प०
तव	युवयोः	युष्माकम्	ष०
ते	वाम्	वः	
त्वयि	युवयो.	युष्मासु	स०

(३६) अस्मद् (मैं) (देखो अ० १७)

अहम्	आवाम्	वयम्
माम्	,,	अस्मान्
मा	नौ	न.
मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
मह्यम्	,,	अस्मभ्यम्
मे	नौ	नः
मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
मम	आवयो.	अस्माकम्
मे	नौ	नः
मयि	आवयोः	अस्मासु

---

(३७) (क) इदम् (यह) (पु०)
(देखो अ० १३)

अयम्	इमौ	इमे	प्र०
इमम्	,,	इमान्	द्वि०
अनेन	आभ्याम्	एभि	तृ०
अस्मै	,,	एभ्यः	च०
अस्मात्	,,	,,	प०
अस्य	अनयोः	एषाम्	ष०
अस्मिन्	,,	एषु	स०

(३७) (ख) इदम् (यह) नपु० (देखो अ० १४)।

इदम्	इमे	इमानि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०

शेष पुलिंग के तुल्य
(देखो ३७ क)।

(३७) (ग) इदम् (स्त्री०) (देखो अ १५)

इयम्	इमे	इमाः	प्र०
इमाम्	,,	,,	द्वि०
अनया	आभ्याम्	आभिः	तृ०
अस्यै	,,	आभ्यः	च०
अस्याः	,,	,,	प०
,,	अनयोः	आसाम्	ष०
अस्याम्	,,	आसु	स०

(३८) (क) अदस् (वह) पु० (देखो अ. १३)

असौ	अमू	अमी
अमुम्	,,	अमून्
अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः
अमुष्मै	,,	अमीभ्यः
अमुष्मात्	,,	,,
अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्
अमुष्मिन्	,,	अमीषु

(३८) (ख) अदस् नपु० (देखो अ. १४)

अदः	अमू	अमूनि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०
अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः	तृ०
अमुष्मै	,,	अमीभ्यः	च०
अमुष्मात्	,,	,,	प०
अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्	ष०
अमुष्मिन्	,,	अमीषु	स०

(३८) (ग) अदस् स्त्री० (देखो अ. १५)

असौ	अमू	अमूः
अमूम्	,,	,,
अमुया	अमूभ्याम्	अमूभिः
अमुष्यै	,,	अमूभ्यः
अमुष्याः	,,	,,
,,	अमुयोः	अमूषाम्
अमुष्याम्	,,	अमूषु

(३९) एक (एक) (देखो अ० १८)

पुलिंग	नपुसक०	स्त्रीलिंग	
एकः	एकम्	एका	प्र०
एकम्	,,	एकाम्	द्वि०
एकेन	एकेन	एकया	तृ०
एकस्मै	एकस्मै	एकस्यै	च०
एकस्मात्	एकस्मात्	एकस्याः	प०
एकस्य	एकस्य	,,	ष०
एकस्मिन्	एकस्मिन्	एकस्याम्	स०

केवल एकवचन मे रूप चलते हैं।

(४०) द्वि (दो) (देखो अ० १९)

पुलिंग	नपु०, स्त्री०
द्वौ	द्वे
,,	,,
द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
,,	,,
,,	,,
द्वयोः	द्वयोः
,,	,,

सूचना—केवल द्विवचन मे रूप चलेगे।

(४१) त्रि (तीन) (देखो अ० २०) (४२) चतुर् (चार) (देखो अ० २१)

पुं०	नपुं०	स्त्री०		पुं०	नपुं०	स्त्री०
त्रयः	त्रीणि	तिस्रः	प्र०	चत्वारः	चत्वारि	चतस्रः
त्रीन्	,,	,,	द्वि०	चतुरः	,,	,,
त्रिभिः	त्रिभिः	तिसृभिः	तृ०	चतुर्भिः	चतुर्भिः	चतसृभिः
त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	च०	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
,,	,,	,,	पं०	,,	,,	,,
त्रयाणाम्	त्रयाणाम्	तिसृणाम्	ष०	चतुर्णाम्	चतुर्णाम्	चतसृणाम्
त्रिषु	त्रिषु	तिसृषु	स०	चतुर्षु	चतुर्षु	चतसृषु

सूचना—३ से १८ तक की संख्याओं के रूप केवल बहुवचन में ही चलते हैं।

---

(४३) पञ्चन् (पाँच) (४४) षष् (छः) (४५) सप्तन् (सात) (४६) अष्टन् (आठ)

	पञ्चन्	षष्	सप्तन्	अष्टन्	अष्टन्
प्र०	पञ्च	षट्	सप्त	अष्ट	अष्टौ
द्वि०	,,	,,	,,	,,	,,
तृ०	पञ्चभिः	षड्भिः	सप्तभिः	अष्टभिः	अष्टाभिः
च०	पञ्चभ्यः	षड्भ्यः	सप्तभ्यः	अष्टभ्यः	अष्टाभ्यः
पं०	,,	,,	,,	,,	,,
ष०	पञ्चानाम्	षण्णाम्	सप्तानाम्	अष्टानाम्	अष्टानाम्
स०	पञ्चसु	षट्सु	सप्तसु	अष्टसु	अष्टासु

---

(४७) नवन् (नौ) (४८) दशन् (दस) (४९) कति (कितने) (५०) उभ (दोनों)

	नवन्	दशन्	कति	उभ पुं०	उभ नपुं०, स्त्री०
प्र०	नव	दश	कति	उभौ	उभे
द्वि०	,,	,,	,,	,,	,,
तृ०	नवभिः	दशभिः	कतिभिः	उभाभ्याम्	उभाभ्याम्
च०	नवभ्यः	दशभ्यः	कतिभ्यः	,,	,,
पं०	,,	,,	,,	,,	,,
ष०	नवानाम्	दशानाम्	कतीनाम्	उभयोः	उभयोः
स०	नवसु	दशसु	कतिषु	,,	,,

सूचना—पञ्चन् से दशन् तक के लिए देखो अभ्यास २२।

शब्दरूप-संग्रह (ख)

(५१) पति (पति) इकारान्त पु०				(५३) विद्वस् (विद्वान्) सकारान्त पु०		
पतिः	पती	पतयः	प्र०	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः
पतिम्	,,	पतीन्	द्वि०	विद्वांसम्	,,	विदुषः
पत्या	पतिभ्याम्	पतिभिः	तृ०	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
पत्ये	,,	पतिभ्यः	च०	विदुषे	,,	विद्वद्भ्यः
पत्युः	,,	,,	प०	विदुषः	,,	,,
,,	पत्योः	पतीनाम्	ष०	,,	विदुषोः	विदुषाम्
पत्यौ	,,	पतिषु	स०	विदुषि	,,	विद्वत्सु
हे पते	हे पती	हे पतयः	स०	हे विद्वन्	हे विद्वांसौ	हे विद्वांसः

(५२) **भूपति (राजा)** शब्द के पूरे रूप हरि (देखो शब्द सं० २) के तुल्य चलेंगे।

(५४) चन्द्रमस् (चन्द्रमा) सकारान्त पु०				(५५) श्वन् (कुत्ता) नकारान्त पु०		
चन्द्रमाः	चन्द्रमसौ	चन्द्रमसः	प्र०	श्वा	श्वानौ	श्वानः
चन्द्रमसम्	,,	,,	द्वि०	श्वानम्	,,	शुनः
चन्द्रमसा	चन्द्रमोभ्याम्	चन्द्रमोभिः	तृ०	शुना	श्वभ्याम्	श्वभिः
चन्द्रमसे	,,	चन्द्रमोभ्यः	च०	शुने	,,	श्वभ्यः
चन्द्रमसः	,,	,,	प०	शुनः	,,	,,
,,	चन्द्रमसोः	चन्द्रमसाम्	ष०	,,	शुनोः	शुनाम्
चन्द्रमसि	,,	चन्द्रमस्सु	स०	शुनि	,,	श्वसु
हे चन्द्रमः	हे चन्द्रमसौ	हे चन्द्रमसः	स०	हे श्वन्	हे श्वानौ	हे श्वानः

(५६) युवन् (युवक) पु० (श्वन् के तुल्य रूप)				(५७) लक्ष्मी (लक्ष्मी) ईकारान्त स्त्रीलिंग		
युवा	युवानौ	युवानः	प्र०	लक्ष्मीः	लक्ष्म्यौ	लक्ष्म्यः
युवानम्	,,	यूनः	द्वि०	लक्ष्मीम्	,,	लक्ष्मीः
यूना	युवभ्याम्	युवभिः	तृ०	लक्ष्म्या	लक्ष्मीभ्याम्	लक्ष्मीभिः
यूने	,,	युवभ्यः	च०	लक्ष्म्यै	,,	लक्ष्मीभ्यः
यूनः	,,	,,	प०	लक्ष्म्याः	,,	,,
,,	यूनोः	यूनाम्	ष०	,,	लक्ष्म्योः	लक्ष्मीणाम्
यूनि	,,	युवसु	स०	लक्ष्म्याम्	,,	लक्ष्मीषु
हे युवन्	हे युवानौ	हे युवानः	स०	हे लक्ष्मि	हे लक्ष्म्यौ	हे लक्ष्म्यः

(५८) स्त्री (स्त्री) ईकारान्त स्त्री०

स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः	प्र०
स्त्रियम्, स्त्रीम्	,,	,,-स्त्रीः	द्वि०
स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः	तृ०
स्त्रियै	,,	स्त्रीभ्यः	च०
स्त्रियाः	,,	,,	प०
,,	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्	ष०
स्त्रियाम्	,,	स्त्रीषु	स०
हे स्त्रि	हे स्त्रियौ	हे स्त्रियः	स०

(५९) श्री (लक्ष्मी) ईकारान्त स्त्री०

प्र०	श्रीः	श्रियौ	श्रियः
द्वि०	श्रियम्	,,	,,
तृ०	श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभिः
च०	श्रियै, श्रिये	,,	श्रीभ्यः
प०	श्रियाः, श्रियः	,,	,,
ष०	,, ,,	श्रियोः	श्रीणाम्, श्रियाम्
स०	श्रियाम्, श्रियि	,,	श्रीषु
स०	हे श्रीः	हे श्रियौ	हे श्रियः

(६०) धनुष् (धनुष) षकारान्त नपु०

धनुः	धनुषी	धनूंषि	प्र०
,,	,,	,,	द्वि०
धनुषा	धनुर्भ्याम्	धनुर्भिः	तृ०
धनुषे	,,	धनुर्भ्यः	च०
धनुषः	,,	,,	प०
,,	धनुषोः	धनुषाम्	ष०
धनुषि	,,	धनुष्षु	स०
हे धनुः	हे धनुषी	हे धनूंषि	स०

(६१) ब्रह्मन् (ब्रह्म, वेद) नपु०

सूचना—ब्रह्मन् के रूप शर्मन् शब्द (देखो शब्द सं० २५) के तुल्य चलेंगे।

(६२) अप् (जल) स्त्रीलिंग

सूचना—अप् शब्द के रूप केवल बहुवचन में ही चलते हैं। प्रथमा आदि के रूप क्रमशः ये हैं—आपः, अपः, अद्भिः, अद्भ्यः, अद्भ्यः, अपाम्, अप्सु, हे आपः।

(६३) भवत् (आप) सर्वनाम पुं०

प्र०	भवान्	भवन्तौ	भवन्तः
द्वि०	भवन्तम्	,,	भवतः
तृ०	भवता	भवद्भ्याम्	भवद्भिः
च०	भवते	,,	भवद्भ्यः
प	भवतः	,,	,,
ष०	,,	भवतोः	भवताम्
स०	भवति	,,	भवत्सु
स०	हे भवन्	हे भवन्तौ	हे भवन्तः

सूचना—भवत् शब्द के रूप पुंलिंग में भगवत् (शब्द सं० ९) के तुल्य चलते हैं। स्त्रीलिंग में ई अन्त में लगाकर 'भवती' शब्द के रूप नदी (शब्द सं० १५) के तुल्य चलेंगे। नपुंसक० में रूप प्रायः नहीं चलता।

(६४) यावत् (जितना) सर्वनाम

सूचना—यावत् शब्द के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं। संबोधन नहीं होगा। पुंलिंग में भवत् (शब्द सं० ६३) के तुल्य, स्त्रीलिंग में ई लगाकर यावती के रूप नदी (शब्द सं० १५) के तुल्य और नपुंसक लिंग में जगत् (शब्द सं० २६) के तुल्य रूप चलेंगे।

(२) संख्याएँ

१ एक, एकम्, एका
२ द्वौ, द्वे, द्वे
३ त्रय, त्रीणि, तिस्र
४ चत्वारः, चत्वारि, चतस्र.
५ पञ्च
६ षट्
७ सप्त
८ अष्ट, अष्टौ
९ नव
१० दश
११ एकादश
१२ द्वादश
१३ त्रयोदश
१४ चतुर्दश
१५ पञ्चदश
१६ षोडश
१७ सप्तदश
१८ अष्टादश
१९ नवदश
एकोनविंशति
२० विंशतिः
२१ एकविंशति.
२२ द्वाविंशति.
२३ त्रयोविंशति
२४ चतुर्विंशति.
२५ पञ्चविंशतिः
२६ षड्विंशतिः
२७ सप्तविंशतिः
२८ अष्टाविंशतिः
२९ नवविंशति.
एकोनत्रिंशत्

३० त्रिंशत्
३१ एकत्रिंशत्
३२ द्वात्रिंशत्
३३ त्रयस्त्रिंशत्
३४ चतुस्त्रिंशत्
३५ पञ्चत्रिंशत्
३६ षट्त्रिंशत्
३७ सप्तत्रिंशत्
३८ अष्टात्रिंशत्
३९ नवत्रिंशत्
एकोनचत्वारिंशत्
४० चत्वारिंशत्
४१ एकचत्वारिंशत्
४२ द्विचत्वारिंशत्
द्वाचत्वारिंशत्
४३ त्रिचत्वारिंशत्
त्रयश्चत्वारिंशत्
४४ चतुश्चत्वारिंशत्
४५ पञ्चचत्वारिंशत्
४६ षट्चत्वारिंशत्
४७ सप्तचत्वारिंशत्
४८ अष्टचत्वारिंशत्
अष्टाचत्वारिंशत्
४९ नवचत्वारिंशत्
एकोनपञ्चाशत्
५० पञ्चाशत्
५१ एकपञ्चाशत्
५२ द्विपञ्चाशत्
द्वापञ्चाशत्
५३ त्रिपञ्चाशत्
त्रयःपञ्चाशत्
५४ चतु पञ्चाशत्

५५ पञ्चपञ्चाशत्
५६ षट्पञ्चाशत्
५७ सप्तपञ्चाशत्
५८ अष्टापञ्चाशत्
अष्टपञ्चाशत्
५९ नवपञ्चाशत्
एकोनषष्टिः
६० षष्टि.
६१ एकषष्टि.
६२ द्विषष्टि, द्वाषष्टि.
६३ त्रिषष्टि.
त्रय षष्टि.
६४ चतु.षष्टि.
६५ पञ्चषष्टि
६६ षट्षष्टि
६७ सप्तषष्टि.
६८ अष्टषष्टिः
अष्टाषष्टिः
६९ नवषष्टि.
एकोनसप्ततिः
७० सप्तति.
७१ एकसप्ततिः
७२ द्विसप्तति.
द्वासप्तति.
७३ त्रिसप्तति.
त्रय सप्तति
७४ चतुःसप्ततिः
७५ पञ्चसप्ततिः
७६ षट्सप्तति
७७ सप्तसप्ततिः
७८ अष्टसप्तति.
अष्टासप्ततिः

७९ नवसप्तति
एकोनाशीति
८० अशीति.
८१ एकाशीति
८२ द्व्यशीति
८३ त्र्यशीति
८४ चतुरशीति
८५ पञ्चाशीतिः
८६ षडशीति
८७ सप्ताशीति.
८८ अष्टाशीति.
८९ नवाशीति
एकोननवति
९० नवति
९१ एकनवति
९२ द्विनवति
द्वानवति
९३ त्रिनवति
त्रयोनवति
९४ चतुर्नवति
९५ पञ्चनवति
९६ षण्णवति
९७ सप्तनवति.
९८ अष्टनवति
अष्टानवति
९९ नवनवति.
एकोनशतम्
१०० शतम् ।

१ हजार—सहस्रम् । १० हजार—अयुतम् । १ लाख—लक्षम् । १० लाख—नियुतम्, प्रयुतम् । १ करोड—कोटि । १० करोड—दशकोटि. । १ अरब—अर्बुदम् । १० अरब—दशार्बुदम् । १ खरब—खर्वम् । १० खरब—दशखर्वम् । १ नील—नीलम् । १० नील—दशनीलम् । १ पद्म—पद्मम् । १० पद्म—दशपद्मम् । १ शंख—शंखम् । १० शंख—दशशंखम् । १ महाशंख—महाशंखम् ।

सूचना—१ (क) १०१ आदि सख्याओ के लिए अधिक शब्द लगाकर सख्या शब्द बनावे । जैसे, १०१ एकाधिक शतम् । १०२ द्व्यधिक शतम् आदि । (ख) २०० आदि के लिए दो आदि सख्यावाचक शब्द पहले रखकर बाद मे 'शती' रखे, या शत पहले रखकर द्वयम्, त्रयम् आदि रखे । जैसे–२०० द्विशती, शतद्वयम् । ३०० त्रिशती, शतत्रयम्, ४०० चतुःशती, ५०० पञ्चशती, ६०० षट्शती, ७०० सप्तशती (हिन्दी, सतसई) आदि ।

२ त्रि (३) से लेकर १८ (अष्टादशन्) तक सारे शब्दो के रूप केवल बहुवचन मे चलते है । दशन् से अष्टादशन् तक दशन् के तुल्य ।

३ एकोनविंशति से नवविंशति तक सारे शब्द एकवचनान्त स्त्रीलिंग है । इनके रूप एकवचन मे ही चलते है । इकारान्त विंशति, षष्टि, सप्तति, अशीति, नवति तथा जिसके अन्त मे ये हो उनके रूप मति के तुल्य चलेगे । तकारान्त त्रिंशत्, चत्वारिंशत्, पञ्चाशत् के रूप सरित् के तुल्य (शब्द स० १९) चलेगे ।

४ शतम्, सहस्रम्, अयुतम्, लक्षम्, नियुतम्, प्रयुतम् आदि शब्द सदा एकवचनान्त नपुसक है । गृहवत् एक० मे रूप चलेगे । कोटि के मतिवत् ।

५ सख्येय शब्द (प्रथम, द्वितीय आदि) बनाने के लिए अभ्यास २३ का व्याकरण देखो ।

(३) धातुरूप-संग्रह

आवश्यक-निर्देश

(१) संस्कृत की सारी धातुओं को १० विभागों में बाँटा गया है। उन्हें 'गण' कहते हैं, अतः १० गण हैं। धातु और तिङ् (ति, तः अन्ति आदि) प्रत्यय के बीच में होनेवाले अ, उ, नु आदि को 'विकरण' कहते हैं। इनके आधार पर ही ये गण बनाए गए हैं। ये विकरण लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में ही होते हैं, लृट् आदि अन्य लकारों में नहीं। अतः गण के कारण अन्तर भी लट् आदि चार लकारों में ही होते हैं।

(२) १० गणों की मुख्य विशेषताएँ और लट् आदि लकारों के संक्षिप्त रूप आगे पृष्ठ १४२-१४४ पर दिए गए हैं। उनको सावधानी से स्मरण कर लें। लट् आदि में सभी धातुओं में वे संक्षिप्त रूप लगेंगे। उन्हें लगाकर लट् आदि के रूप चलावें।

(३) प्रत्येक गण में तीन प्रकार की धातुएँ होती हैं। इनके नाम और पहचान ये हैं :—(क) परस्मैपदी (ति, तः आदि), (ख) आत्मनेपदी (ते, एते आदि), (ग) उभयपदी (दोनों प्रकार के रूप)।

(४) पुस्तक में प्रयुक्त सभी धातुओं के पाँच लकारों के रूप अकारादि क्रम से 'संक्षिप्त धातुकोष' में दिए गए हैं। (पृष्ठ १९०-२००)। संक्षिप्त रूप अन्त में लगाकर उनके रूप चलावें।

संक्षिप्त रूप (भ्वादिगण)

परस्मैपद—लट्				आत्मनेपद—लट्		
अति	अतः	अन्ति	प्र०पु०	अते	एते	अन्ते
असि	अथः	अथ	म०पु०	असे	एथे	अध्वे
आमि	आवः	आमः	उ०पु०	ए	आवहे	आमहे
लोट्				लोट्		
अतु	अताम्	अन्तु	प्र०पु०	अताम्	एताम्	अन्ताम्
अ	अतम्	अत	म०पु०	अस्व	एथाम्	अध्वम्
आनि	आव	आम	उ०पु०	ऐ	आवहै	आमहै
लङ् (धातु से पहले अ या आ लगेगा)				लङ् (धातु से पहले अ या आ लगेगा)		
अत्	अताम्	अन्	प्र०पु०	अत	एताम्	अन्त
अः	अतम्	अत	म०पु०	अथाः	एथाम्	अध्वम्
अम्	आव	आम	उ०पु०	ए	आवहि	आमहि
विधिलिङ्				विधिलिङ्		
एत्	एताम्	एयुः	प्र०पु०	एत	एयाताम्	एरन्
एः	एतम्	एत	म०पु०	एथाः	एयाथाम्	एध्वम्
एयम्	एव	एम	उ०पु०	एय	एवहि	एमहि

१० गणों की मुख्य विशेषताएँ

सूचना—लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् इन चार लकारों में ही विकरण लगते हैं।

सं०	गण-नाम	विकरण	मुख्य विशेषताएँ
१	भ्वादिगण	शप् (अ)	(१) लट् आदि में धातु और प्रत्यय के बीच में 'अ' लगेगा। (२) धातु के अन्तिम स्वर को गुण होगा, अर्थात् इ ई को ए, उ ऊ को ओ, ऋ ॠ को अर् होगा। धातु के अन्तिम अक्षर से पूर्व इ को ए, उ को ओ, ऋ को अर् होगा। (३) गुण होने के बाद धातु के अन्तिम ए को अय्, ओ को अव् हो जाता है।
२	अदादिगण	शप् का लोप	(१) धातु और प्रत्यय के बीच में कोई विकरण नहीं लगेगा। धातु से केवल ति, त, आदि लगेंगे। (२) लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में धातु को एक० में गुण होता है, अन्यत्र नहीं।
३	जुहोत्यादिगण	(विकरण कुछ नहीं)	(१) धातु और प्रत्यय के बीच में लट् आदि में कोई विकरण नहीं लगता। (२) लट् आदि में धातु को द्वित्व होगा। (३) लट् आदि में धातु को एक० में गुण होता है, अन्यत्र नहीं।
४	दिवादिगण	श्यन् (य)	(१) धातु और प्रत्यय के बीच में लट् आदि में 'य' लगता है। (२) धातु को लट् आदि में गुण नहीं होता। (३) लट् आदि में गुण होता है।
५	स्वादिगण	श्नु (नु)	(१) लट् आदि में धातु और प्रत्यय के बीच में 'नु' लगता है। (२) धातु को गुण नहीं होता। (३) नु को पर० एक० में प्राय. 'नो' होता है।
६	तुदादिगण	श (अ)	(१) लट् आदि में धातु और प्रत्यय के बीच में 'अ' लगता है। (२) लट् आदि में धातु को गुण नहीं होता। (३) लट् आदि में धातु को गुण होगा।
७	रुधादिगण	श्नम् (न)	(१) लट् आदि में धातु के प्रथम स्वर के बाद 'न' लगता है। (२) इस न को कभी न् हो जाता है। (३) लट् आदि में धातु को गुण नहीं होता।
८	तनादिगण	उ	(१) लट् आदि में धातु और प्रत्यय के बीच में 'उ' लगता है। (२) इस उ को एक० आदि में ओ हो जाता है।
९	क्र्यादिगण	श्ना (ना)	(१) लट् आदि में धातु और प्रत्यय के बीच में 'ना' विकरण लगता है। (२) इसको कभी नी और कभी न् हो जाता है। (३) धातु को गुण नहीं होता। (४) परस्मैपद लोट् म० पु० एक० में व्यजनान्त धातुओं में 'हि' के स्थान पर 'आन' लगता है।
१०	चुरादिगण	णिच् (अय)	(१) सभी लकारों में धातु के बाद णिच् (अय) लगता है। (२) धातु के अन्तिम इ ई को ऐ, उ ऊ को औ, ऋ ॠ को आर् वृद्धि होती है। उपधा के अ को आ, इ को ए, उ को ओ और ऋ को अर् होता है। (३) कथ्, गण्, रच् आदि कुछ धातुओं में उपधा के अ को आ नहीं होता।

लृट् आदि लकारों के संक्षिप्त रूप

(१) १० लकारों के नाम और अर्थ पृष्ठ १ पर आवश्यक-निर्देश में दिये गये हैं। वहाँ देखें।

(२) धातु रूपों में लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लिट् और लुङ् इन ६ लकारों के पूरे रूप दिये हैं। लृट्, लुट्, आशीर्लिङ् और लृङ् इन चारों लकारों के केवल प्रारम्भिक रूप दिए गये हैं। इन चार लकारों में सभी गणों में एक ढंग से ही रूप चलते हैं। अतः इनके संक्षिप्त रूप स्मरण करने से सभी धातुओं के इन लकारों में रूप स्वयं सरलता से चलाये जा सकते हैं। उदाहरणार्थ भू और सेव् धातु के दसों लकारों के रूप दिये गये हैं।

(३) सूचना—सेट् धातुओं में कोष्ठ में निर्दिष्ट इ लगेगा। अनिट् में नहीं। सेट् और अनिट् का विवरण पृष्ठ २०० पर दिया गया है। इ के बाद स् को ष् हो जाएगा।

संक्षिप्त रूप

परस्मैपद				आत्मनेपद		
लृट् (सेट् में इ लगेगा)				लृट् (सेट् में इ लगेगा)		
(इ) स्यति	(इ) स्यतः	(इ) स्यन्ति	प्र०	(इ) स्यते	(इ) स्येते	(इ) स्यन्ते
(इ) स्यसि	(इ) स्यथः	(इ) स्यथ	म०	(इ) स्यसे	(इ) स्येथे	(इ) स्यध्वे
(इ) स्यामि	(इ) स्यावः	(इ) स्यामः	उ०	(इ) स्ये	(इ) स्यावहे	(इ) स्यामहे
लुट् (सेट् में इ लगेगा)				लुट् (सेट् में इ लगेगा)		
(इ) ता	(इ) तारौ	(इ) तारः	प्र०	(इ) ता	(इ) तारौ	(इ) तारः
(इ) तासि	(इ) तास्थः	(इ) तास्थ	म०	(इ) तासे	(इ) तासाथे	(इ) ताध्वे
(इ) तास्मि	(इ) तास्वः	(इ) तास्मः	उ०	(इ) ताहे	(इ) तास्वहे	(इ) तास्महे
आशीर्लिङ्				आशीर्लिङ् (सेट् में इ लगेगा)		
यात्	यास्ताम्	यासुः	प्र०	(इ) सीष्ट	(इ) सीयास्ताम्	(इ) सीरन्
याः	यास्तम्	यास्त	म०	(इ) सीष्ठाः	(इ) सीयास्थाम्	(इ) सीध्वम्
यासम्	यास्व	यास्म	उ०	(इ) सीय	(इ) सीवहि	(इ) सीमहि
लृङ् (धातु से पहले अ। सेट् में इ)				लृङ् (धातु से पहले अ। सेट् में इ)		
(इ) स्यत्	(इ) स्यताम्	(इ) स्यन्	प्र०	(इ) स्यत	(इ) स्येताम्	(इ) स्यन्त
(इ) स्यः	(इ) स्यतम्	(इ) स्यत	म०	(इ) स्यथाः	(इ) स्येथाम्	(इ) स्यध्वम्
(इ) स्यम्	(इ) स्याव	(इ) स्याम	उ०	(इ) स्ये	(इ) स्यावहि	(इ) स्यामहि
लिट् (सेट् में इ लगेगा)				लिट् (सेट् में इ लगेगा)		
अ	अतुः	उः	प्र०	ए	आते	इरे
(इ) थ	अथुः	अ	म०	(इ) से	आथे	(इ) ध्वे
अ	(इ) व	(इ) म	उ०	ए	(इ) वहे	(इ) महे

लुङ् के संक्षिप्त रूप

सूचना—लुङ् लकार सात प्रकार का होता है, अतः उसके ७ भेद हैं। प्रत्येक भेद के संक्षिप्त रूप नीचे दिये हैं। आगे धातुरूपों में लुङ् के आगे संख्या से इसका निर्देश किया गया है कि वह लुङ् का कौन-सा भेद है।

लुङ् (१ स्-लोप वाला भेद) परस्मैपद — **लुङ् (१ स्-लोप वाला भेद) आ० पद**

त्	ताम्	उः (अन्)	प्र० पु०
ः	तम्	त	म० पु०
अम्	व	म	उ० पु०

सूचना—यह भेद आत्मनेपद में नहीं होता।

